with N= total majority carrier concentration, D= total cell thickness, E_{go} = energy bandgap at 0°K, ΔE_g = carrier concentration dependent energy bandgap narrowing, suffix i refers to various possible phonons of energy E_p, suffix j refers to deferent indirect bandgap E_g, which may be active in phonon absorption, E_{gd} = direct bandgap energy, A, C, β, γ are constants and other parameters have their usual meanings. These above given formulae are taken from reference/5-8/.

RESULT AND DISCUSSION

For numerical calculations the values of doping for front, base and back regions are taken to be as 10^{19}, 10^{16} and 10^{19} per unit volume respectively, the values of τ_0 for these three regions are assumed to be 1, 5 and 1 μ sec respectively, the thickness of the respective regions are 0.25 μm, 150 μm and 0.5 μm, and the front surface recombination velocity is 10^3 cm/sec. The values of the temperature coefficient (α) of open circuit voltage at different illumination levels is given in the table 1.

Table 1 : The coefficient at various illumination levels

Illumination levels (Suns)	0.01	0.1	1	10	10^2	10^3	10^4	10^5
α (mV/°C)	-2.351	-2.153	-1.951	-1.732	-1.479	-1.231	-0.965	0.605

It is very much clear from the table 1 that V_{oc} decreases with increasing the cell temperature which is expected because of the tendency of the extrinsic semiconductor to become intrinsic in character due to the shifting of Fermi-levels lying either above or below the intrinsic level towards the middle of the bandgap. The decrease in V_{oc} at one sun

illumination is found to be -1.951 mV/°C, which is in good agreement with the experimental value -2.15 mV/°C of Mandelkorn and Lamneck/1/. It can also be seen that the degradation effect of V_{oc} with increasing the cell temperature at low injection condition is greater than that at high injection conditions. This variation of V_{oc} can be explained using carrier concentration dependent bandgap shrinkage phenomenon/4/. As the illumination level is increased the energy bandgap shrinkage becomes lesser and lesser dependent of temperature and finally at very high illumination level it becomes independent of temperature, which is in turn lowers down intrinsic carrier concentration. Hence less reduction in V_{oc} with increasing cell temperature occurs.

From practical stand point this study helps one to design the silicon solar cells at high sun light concentration to increase their performance.

REFERENCE

1. J. Mandelkorn and Lamneck, J. H ; 11th IEEE Photo. Spec. Conf., NASA-TMX-71723, 1975.
2. A Sinha and S K Chattopadhyaya, Solid State Electronics, Vol. 22, pp. 849-852. 1979.
3. J. G Fossum and E L Burgess, 12th IEEE Photo. Spec Conf, Baton Rouge, LA, 1976.
4. R. V. Singh and C. M. Singal, Open Circuit Voltage Across two Junctions in n^+-p-p^+ Solar cells under high Illumination Level. Solar Cells, Vol. 8, pp. 97-123, 1983
5. R N. Hall, Solid State Electronics, Vol. 24, pp. 595-616, 1981.
6. W Shockley and W. T. Read, Jr., Phys. Rev , Vol. 87, pp 835-842, 1952.
7. H P. D. Lanyon and R. A. Tuft, IEEE Trans. Electron Devices, Vol. ED-26, pp. 1014-1018, 1979.
8. K. Rajkanan, R Singh and J. Shewchuu, Solid State Electronics. Vol. 22, pp. 793-795, 1979.

—o—

Jour. U. P. Govt. College Acad Soc. 1984-85, Vol., 1 P. 60-62
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० ६०-६२

PITCH ANGLE DIFFUSION

S. K. Khare, S. C. Sah, Megh Singh, Shobha Agrawal, V. N. Sharma

Deptt. of Physics, Govt. Raza Post Graduate College, Rampur

सारांश

[विहित निर्देशांक में अक्षनति कोणीय - विसरण का सिद्धांततः अध्ययन किया गया है। अपने श्रेष्ठ सन्निकटन का प्रयोग करके विषुवतीय अक्षनति कोणों 'अल्फा जीरो' के विविध मानों के लिये प्रवेशित नवविसरण विहित निर्देशांक 'जेड' का परिकलन प्रस्तुत किया गया है।]

ABSTRACT

[Pitch angle diffusion in canonical Coordinate has been theoretically studied. Calculations for the introduced new diffusion canonical coordinate Z have been made and they are reported for various values of equatorial pitch angle $\propto_c$ using an excellent approximation]

INTRODUCTION

The atmospheric scattering of radiation belt electrons involves diffusion in both pitch angle and energy, aswell as deceleration. The emperical result of Wave particle interactions is the pitch angle life time that varies strongly with L but only moderately with energy for radiation belt electrons. Proton pitch angle diffusion presumably caused by electromagnetic ion cyclotron waves is believed to play an important role in the dynamics of radiation belt protons having energy $E \leqslant 400$ Kev. (Schulz and Lanzerotti, 1974). Pitch angle dependence of radial diffusion of Mev protons and effects of drift resonance brodening have been studied and some emperical estimates at constt. M & J $=0$ have been made (Khare & Sharma, 1980). Excellent approximation for T (y) given by Davidson (1976) has been manipulated by schulz (1977) to yield equally excellent approximation for the Fokker-planck transport-coeffi-

*Govt. Post graduate College Jaiharikhal (Dehradun)

cients associated with synchrotron loss in a dipole field. Calcutated values for full bounce period for 1 Mev proton over arbitrary pitch angles have been presented (Khare & Sharma, 1982-83). The equation for pitchangle diffusion (at constt. particle energy and shell parameter L) in a dipole field can be transformed into canonical form by the introduction of a new coordinate called Z (Schulz, 1981). In this paper calculations for the introduced new diffusion canonical coordinate Z have been made for various values of equatorial pitch angles α_o.

THEORY

It is a well known result in magnetospheric physics that the phase space density (averaged over gyration, bounce and drift) evoles according to the equation.

$$\frac{d\bar{f}}{dt} = \frac{1}{x T(y)} \frac{\delta}{\delta x} \left[x T(y)\, D_{xx} \frac{\delta \bar{f}}{\delta x} \right] + \bar{s} \quad \text{----------} \quad (1)$$

in presence of (1) pitch angle diffusion at fixed particle energy E and shell parameters and (ii) a distributed source $\bar{S}$ (Lyons etal, 1972 Schulz & Lanzerotti, 1974). The diffusion coordinate X is the cosine of equatorial pitch angle α_o in this formulation and the factor $T(y)$ is well approximated (Davidson, 1976) by the formula

$$T(y) = T(o) - [T(o) - T(1)]\, y^{\frac{3}{4}} \quad \text{---------} \quad (2)$$

Where $T(0) = 1.3801730$, $T(1) = \left(\frac{\pi}{6}\right) 2^{\frac{1}{2}} = 0.7404805$ and

$$y \equiv \sin \alpha o \equiv (1 - x^2)^{\frac{1}{2}}$$

The purpose of present work is to introduce a new diffusion coordinate called Z, in terms of which equation (1) can be solved without further approximation over the entire range of X for selected forns of

$D_{zz} \equiv [x T(y)]^2 D_{xx}$. The new coordinate is defined by the equation

$$z = Z(y) = \int_0^x x' T(y')\, dx' = \int'_y y' T(y')\, dy'$$

$$\simeq \tfrac{1}{2}(1-y^2)\, T(o) - \tfrac{4}{11}[T(o) - T(1)]\,(1 - y^{\frac{11}{4}}) \quad \text{-----------} \quad (3)$$

It follows from (1) & (3) that

$$\delta\bar{f}/\delta t = \delta/\delta z\, [D_{zz}\, \delta\bar{f}/\delta z] + \bar{S} \quad \text{----------} \quad (4)$$

with D_{zz} defined as above. This last form of the diffusion equation is cononical in the sense that there is no intervening Jacobian factor that fails to commute with $\delta/\delta z$.

RESULTS & DISCUSSION

By the use of equatien (2) calculations for the function T (y) have been made for various values of equatorial pitchangles α_o. These calcutated values of T (y) have been used in equation (3) inorder to calculate the new introduced diffusion canonical coordinate Z. These values for various values of equatorial pitchangles α_o have been reported in the table 1. From the results it has been found that the canonical coordinate Z is variable corresponding to the equatorial pitch angle α_o. Moreover, it varies sharply from $\alpha_o = 20°$ to $60°$

TABLE I

S. N.	α_o	= T (y)	Z.
1-	0°	1.380	0.4574
2-	20°	4.825	0.3888
3-	40°	3.006	0.2412
4-	60°	2.405	0.0966
5-	80°	2.187	0.0112

REFERENCES

1- DAVIDSON, G. T. 1976 J. Gesphys. Ref 81, 4029

2- KHARE, S. K. & SHARMA, V. N. 1980 Research Journal Himalya Shodh Parishad Gopeshwar. 1 49

3- KHARE, S. K. & SHARMA, V. N. 1982-83 Journal of Scientific Res B H. U. Varanasi 33 (2) (In press)

4- LYONS, L. R. THORNE, R. M. KENNEL, C. F. 1972 J. Geophy S. Res. 77 3455

5- SCHULZ, M. 1977 Report SAMSO-TR-77-52 U.S.A.

6- SCHULZ, M. 1981 Report SD-TR-81-69 U.S.A.

7- SCHULZ, M. & LANZEROTTI, L. J. 1974 Particle diffusion in Radiation Belts (Springer-verlag)

—(•)—

Jour. U. P. Govt College Acad ·Soc. 1984-85, Vol., 1 P. 63-66
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १६८४-८५, खंड-१, पृ० ६३-६६

ON THE NON-OCCURENCE OF TRIGGERED EMISSIONS IN TVLF EXPERIMENT

*V. N. Sharma, Megh Singh, S. C. Sah, S.·K. Khare,

सारांश

[तरंग-कण युग्मन हेतु अवशोषण-परिक्षेत्र पर बल दिया गया है। कला-उत्क्रमण काल में प्रवर्तित उत्सर्जन-अननुवर्तन व्याख्या हेतु अल्तशूलर (१६७४) की भांति ही विसॅलर (सीटीबाज) क्षोभित इलेक्ट्रान वितरण फलन से तीव्रता-आश्रय का विश्लेषण किया गया है।]

ABSTRACT

[Emphasis has been placed for the wave-particle coupling upon the cross-section for absorption, the intensity dependence from the whistler perturbed electron distribution function has been analysed in the same manner as by Altshuler (1974) to explain the non occurrence of triggered emissions at the time of a phase reversal.]

INTRODUCTION

The importance of wave particle interaction in the magnetosphere as well as the role played by resonant electrons have drawn the attention of many theorists and experimentalists for extensive monitorings, and intensive studies. Waves of major interest to magnetospheric physics have frequencies ranging from well below the proton gyrofrequency to somewhat above the electron gyrofrequency. The problem at hand concerns the interaction of the whistlar mode waves, ($\omega < \omega_c$ i.e. the radiation frequency of the wave ω is considered to be less than ω_c, the precision frequency) with the trapped spiralling high energy electrons having energy of the order of mega electron volts.

*Govt. Post-Graduate College, Jaiharikhal (Dahra Dun)

Previously this problem has been treated (Kennel and Petschek, 1966) by solving the linearized, Vlasov-Maxwell equations for a plasma of ions and electrons.

Intrinsic bandwidth of cyclotron resonance in the geomagnetic field has been studied by schulz (1972). Altshu.er (1974) has explained the amplification mechanism, and attacked the problem of intensity saturation Schulz, 1974).

To observe the effect of phase changes of a whistler-mode wave in wave-particle interactions in the magnetosphere Controlled experiments were performed with the transportable very low frequency (TVLF) transmitter facility. Among the most-interesting results of the controlled TV Phase reversal experiment (Koons etal. 1976) are the wave magnetic field saturation level at 3.5 pT, and nonoccurrence of triggered emissions at the time of a phase-reversal. In this paper, with particular emphasis on the intensity dependence of cross-section for absorption and emission at resonance a view point to explain the non occurrance of triggered emission by analysing whistler-perturbed electron distribution function has been presented.

THEORY

If the population density of upper state N_2 is greater than the population density of lower state N_1, the stimulated emission dominates the abosorption, and the signal grows according to exp(gx), where x is the propagation direction and the gaing is simply (Altshuler, 1974)

$$g = \sigma_0 \quad (N_2 - N_1) \quad cm^{-1} \qquad \ldots\ldots (1)$$

σ_0 is the cross-section for absorption and emission at resonance,

However if the fields ($\vec{E}$, $\vec{B}$) associated with the whistler in the magnetoplasma rest frame are ($\vec{E}$, $\vec{B}$) in the moving frame, the cross-section is corrected by

$$\sigma = \sigma vac \frac{E'^2}{E' \; B'-} \qquad \ldots (2)$$

and we write the equation (23) for g by altshular (1974) as

$$g = \frac{2\pi^2 c\hbar}{m} \left(\frac{\sigma}{\sigma vac}\right)^2 \int_0^\infty \sigma_0 T \left[\frac{\delta f}{\delta v_t} - \frac{\delta f}{\delta v_z} \frac{v_t}{(v_t + v_z)}\right]_{v_z = v_R} dv_t \qquad \ldots. (3)$$

to study the role of cross-section, and decay constant (width). In equation (3) m is mass of electron, Γ is the radiative damping, v_t is the transverse velocity of the electron, v_z is the longitudinal speed along the magnetic field taken in z -direction, v_p is the phase velocity of whistler radiation and is equal to $\frac{c}{n}$ where index of refraction n for the whistler wave propagation along the field line is given by

$$n^2 = 1 + \frac{\omega_p^2}{\omega(\omega_C - \omega)}$$

where ω_p is the plasma frequency, f is the electron distribution function and v_R is the resonance velocity defined by

$$\omega_c = \left(1 + \frac{v_R}{v_p}\right)\omega$$

RESULTS AND DISCUSSION :

A decrease in transverse velocity due to a radiative emission process would necessarilly cause an increase in longitudinal speed, and a requirement for gain is the greater population density of upper level. To explain the non-occurrence of triggered emission at the time of a phase-reversal in controlled TVLF experiment, a numerical example would help to illustrate the use of present work. For parameters (Koons etal. 1976) $N = 345\ Cm^{-3}$, index of refraction for 6.6 KHz wave propagating parrallel to the geomagnetic field is 13.8. i.e. wave length 3090 metres, $V_{\parallel} = 7.3 \times 10^7$ m/sec, characteristic pitch angle for the interaction is 30 degrees, and wave magnetic field at the saturation level $B_W = 3.5$ pT (milli Gamma). We have obtained the linear growth rate $y = 0.2\,\tilde{\omega}$ for magnetospheric plasma, where $\tilde{\omega}$ is the particle bounce (or trapping) frequency. As a check, assuming no change in electron distribution function for the non-occurrence of triggered emissions, the correction factor for the cross-section

$$\frac{E'^2}{E'\ B'} = \frac{\omega_c}{\omega_n} = \left. \frac{\left(1 + \frac{v_z}{v_p}\right)}{n} \right|_{v_z = v_R} \qquad \text{...... (4)}$$

at the resonance has been considered to control the Lorentz finite line width (decay constant), and in turn, the radiative reaction characteristic time. For the measured linear growth rate of the wave $Y = 30\ Sec^{-1}$, our preliminary calculations show that the line shape characterised by

intrinisic band width=26 HZ, the small damping constant obtained is of the order of 10^{-2}.

REFERENCES

1— Altshular, S. J. Geophys. Res. 79,3791 (1974)

2— Kennel, C. F. & Petschek, H. E. J. Geophys Res. 71, 1 (1966)

3— Koons, H C. Dazcy, M. H. Dowden, R. I. & Amon, L. E, S. A controlled VLF phase-reversal expt. in the magnetosphere, Report SAMSO—TR—76—218 (1976)

4— Schulz, M. Phys Fluids 15, 2248 (1972)

5— Schulz, M. Aerospace report ATR—74 (7420)—1 (1974)

—(o)—

Jour U. P. Govt. College Acad Soc. 1984-85, Vol. 1 P. 67-70
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १६८४-८५ खंड-१, पृ० ६७-७०

RECENT ADVANCEMENT IN SOLAR CELLS : A REVIEW

S. C. Sah & S. K. Khare

Department of Physics, Govt. Raza P. G. College, Rampur

सारांश

[सोलर सैल में हुई हाल की प्रगति को देखते हुऐ एक समीक्षा की गई है।]

ABSTRACT

[Review has been done in the light of recent advancements in solar cells]

Conventional energy resources such as fossil fuels will be exhausted in near future due to the continuous increase in worldwide energy demand. So the development and use of alternative energy sources have become a matter of great concern. Recently researcn and development of low cost-flat panel solar cells, thin film solar cells have increased a lot as it can convert the solar energy to electrical energy with high efficiency and can provide power at low cost. Moreover it is free from pollution. In near future the cost of solar power plants will be economically feasible for large scale use of solar energy.

First solar cell was developed by Chapin, Fuller and Pearson in 1954 using a diffused si-pn Junction. Raynolds, Lavis Antes and Marburger developed cds cell (1954) J. Mandelkorn and J. H. Lanoneck Jr. proposed fabrication of back surface field (BSF) solar cell (1972), which has much larger output than conventional cells. The front surface is made in the normal way but the back of the cell has a very heavily doped region instead of having a metalic ohmic contact. J. Lindmayer and J. F. Allison (1972) presented a model for an improved solar cell ''The Violet Cell'' which is fabricated with reduced surface doping concentration and smaller junction depth. It has a much higher spectral response in

the violet region (hv > 2.75ev.). Arndt. Allison, Haynos and Moulenoerg Jr. (1975) made a ''Textured Cell'' having Pyramidial surfaced produced by anisotropical etching of <100> oriented Si surfaces. Antireflection quoting on cell reduces the overall refelection to a few percent which enhances efficiently upto 15%. In 1979 T. I. Chappell proposed ''V-grove multijunction solar cell''. Anisotropical etching of <100> Si has been used in this type of solar cell. For a 50 μm. thick diode, the effective optical thickness is over 250μm. This results in greater collection efficiency (>93%). This cell is expected to have more than 20% conversion efficiency. The concept of a BSF & textured cell are combined resulting in a development of a new cell ''Tandan-junction solar cell'' (IDS) by S. Y. Chiang, B. G. Garbajal & G. F. Wakefield (1978-79). This device behaves like a BJT using much thinner base material. Its efficiency is also expected more than 20%.

A novel configuration having both junction and metallization perpendicular to the cell is the ''Vertical junction solar cell. The diffusions and metal contacts are embeded in deeply etched grooves normal to the surface formed by anisotropic etching < 110 > Si. The measured results are open circuit voltage Voc=590mv JSc=33mA/Cm², temperature coefficients -2.07mV/°C and fill factor (FF)=0.80 under one sun AM 1 conditions. This gives an experimental efficiency of 15.6%. Under high solar concentration as 500 Suns (using concerntrator systems) Voc has observed as high as 770 mV. This temperature cofficient has increased to -1.45 mV/OC (Frank, Goodrich, and Kaplow-1980).

Hetrojunction solar cells have been also proposed for n-Indium Tinoide/p-Inp solar cell, efficiency of 14% under AM 2 Condition was obtained by Harsha-Backmann etal. (1977). Its conversion efficiency ranges from 12 to 15%. For a GoAS hetroface solar cell vander plas, James et.al. (1978) obtained Voc as 1.13 volts, a max. power output 10.7 W and an efficiency of 23.3% at 50°C.

Mocn et. al. (1978) used a combination of AlGaAs and Si cell with spectral spliting filter and found the following results under 165 Suns and AM 1.5 conditions for Si and AlGaAs cell.

Cell	Voc (mV)	(PW)	Efficiency	FF
Si (Eg/1.1 ev)	730	.915	11.1%	.725
AlGaAs (Eg=1.61 eV)	1025	1.44	17.4%	.825

The combined efficiency has been obtained 28.5% at 50°C

The metal Insulator Semiconductor (MIS) Solar Cells have also been develcped. A new approach using a thick metal MIS grid pattern with the semi conductor between the grid fingers covered by a transparent layer of a dielectric has been given by Halen, Mertens etc. (1978). At Am-1 conditions efficiencies upto 18% have been obtained by Green, Godfrey et. al. (1980) for a Si MIS cell and Thomes, Norman et. al. (1980) for a MIS/Inversion layer cell.

In a thin film solar cell the active semiconductor layer of polycrystallins or disordered film (film of Cds, Si, GaAs, Inp, CdTe etc.) is deposited or formed on electrically active or passive substrate (Glass, cermamic, plastic, metal, graphite etc.) by various methods as vapour growth, evaporation plasma and plating. A 9.15% efficiency has been achieved by Barnett, Bragagnolo etc. (1978) in thin film Cds/Cu2s solar Cells. A 1 Cm' CuInSi, cell demonstrated Voc=.416 V Isc=37.2 mA/Cm^2, FF=.65, Effi.=10% (Buildhaupt et. al. (1981) Cdte, Inp, $Zn3p_2$, Cds MIS, Cu. Si, Ins, Wse_2 $ZnSiAs_2$ which have high optical absorption coefficients have also been tried for thin films. Thin films shows considerable potential due to low cost material & low cost processing. There is wide scope for exploration of other novel suitable material for thin film cells.

Thus inspite of considerable work done during last two years, only Si solar cells/pannels can be produced in large scale. While GaAs cells are yet to be available in mass production. Bicolour cells were also proposed (Barthelemy-1981) But it may require further ten years work on multicolor cells. Now the major effort towards lowering the costs of cells/pannels, using cheap material as a substrate. Recently work is being done in (solar grade Si) poly crystalline Si as a substrates on which a thin film of Si grown. Development in techniques for growing potentially low cost solar grade Si is under progress. In this direction studies can be carried out for simplified purification coupled with an adequate crystallization processes. The aptitude of the various ceramics and flexible organic polymers can be examined as the cheap substrate. Work can also be carried out in the development of low cost silane as a raw material for production of amorphous solar cell. In long range still more impure materials may be used to get crystallized substrates.

Many crystal growing techniques such as Ignot technique, Ribbon technique, thin film techniques may give acceptable materials. Various

ribbon techniques as 'ultrafast quenching' ribbon from cylinder, ribbon to ribbon, ribbon from powder are in developmental stages. Research is certainly to be pursued on all these techniques.

REFERENCES

1. Chappel T. I — 1979 — I. E. E. Trans. Electron Devices. — ED—26 1091
2. Chiang S. Y, et. al. — 1979 — —do— — ED—26 1365
3. Frank R. I., Goodrich J. L. and Kaplow R. — 1980 — GOMAC Conf Houston.
4. Harsha K. S. S., et. al. — 1977 — Applied physics letter 30 — 645
5. Moon R. L., James L. W. et. al — 1978 — Conf. rec. 13th IEEE photovoltage special conf. IEEE N York, — 859
6. Barnett A. M. et. al. — 1978 — Conf. rec 13th IEEE photovoltage special conf IEEE N. York. — 419
7. Green M. A.. Godfrey R. B et. al — (Conf. rec 14th) as above. — 684
8. Buldhaupt L F Mickelsen R. A. & Chen W. S. — Proceedings Cds/Cu2s and cds/Cu Ternery photovoltic cells subcontractors in depth Review meeting SERI report No. SER/Cp—613—1232 — 1—15
9. SZe, S. M. — 1981 — Physics of Semiconductor Devices. — Willy Eastern Ltd

—:o:—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1984-85, Vol. 1 P. 71-73
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसायटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१ पृ० ७१-७३

समाकल रूपान्तरों के लिये सार्वीकृत प्रमेय

नरोत्तम जोशी

गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय जयहरिखाल (लैंसडाउन), गढ़वाल (उ०प्र०)

सारांश

[प्रस्तुत प्रपत्र में समाकल रूपान्तरों का मेलिन रूपान्तर से सम्बन्ध प्रदर्शित करने वाले सार्वीकृत प्रमेय दिये गये हैं।]

ABSTRACT

[In the present note generalized theorms are given showing relationship of integral transforms with Mellin transform.]

१. प्रस्तावना

अष्टि के स्वरूपानुसार, समाकल रूपान्तरों की एक बड़ी संख्या को दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता हैं, जो निम्न प्रकार से परिभाषित हैं –

$$T_1[f(t);p] = p\int_0^\infty K(pt)\, f(t)\, dt \tag{1.1}$$

तथा

$$T_2[f(t);p] = \frac{1}{p}\int_0^\infty K\left(\frac{t}{p}\right) f(t)\, dt \tag{1.2}$$

शोधकर्ताओं द्वारा समय-समय पर विभिन्न समाकल रूपान्तरों के लिये मेलिन रूपान्तर से सम्बन्ध प्रदर्शित करने वाले प्रमेय प्रस्तुत किये गये हैं। उदाहरणार्थ, श्रीवास्तव[3], श्रीवास्तव एवं पंडा[4]। हमने भी शोध-प्रबन्ध[2] में इस प्रकार के प्रमेय प्रस्तुत किये हैं।

इस प्रपत्र में हम ऐसे सार्वीकृत प्रमेय प्रस्तुत कर रहे हैं, जो समाकल रूपान्तरों एवं मेलिन रूपान्तर में सम्बन्ध प्रदर्शित करते हैं।

संकेत रूप में, हमने फलन f(t) के मेलिन रूपान्तर को M[f(t);p] द्वारा प्रदर्शित किया है।

२. सार्वीकृत प्रमेय

प्रमेय 2.1 यदि

$$\phi(p) = T_1 [\, f(t);\, p\,] \qquad (2.1)$$

तथा lf (t) एवं lϕ(t)l के मेलिन रूपान्तरों का अस्तित्व हो तो

$$M[\phi(p);s] = M[K(p);s+1 \quad M[f(t);-s] \qquad (2.2)$$

दशर्ते कि lf(t)l का T_1—रूपान्तर अस्तित्व में हो तथा निहित समाकल परम अभिसारी हों।

उपपत्ति. समीकरण (2.1) से,

$$M[\phi(p);s = \int_0^\infty p^{s-1} \phi(p)\, dp$$

$$= \int_0^\infty p^s \left\{ \int_0^\infty K(pt) f(t)\, dt \right\} dp \qquad (2.3)$$

समाकल (2.3) में समाकलन के क्रम को परिवर्तित करने पर तथा साधारण चर परिवर्तन से हम पाते हैं

$$M[\phi(p);s] = \int_0^\infty p^s K(p)\, dp \int_0^\infty t^{-s-1} f(t)\, dt$$

$$= M[K(p);s+1] \quad M[f(t);-s] \qquad (2.4)$$

चूंकि समी० (2.3) में निहित t-समाकल परम अभिसारी है, यदि lf(t)l का T_1-रुपान्तर अस्तित्व में हो, अतः समाकल (2.3) परम अभिसारी होगा, यदि समी० (2.3) का p-समाकल अभिसारी हो तथा t^{-s-1} f t), L(o ,∞) वर्ग का हो। इन परिस्थितियों में, समी० (2.3) मे समाकलन के क्रम में परिवर्तन डि ला वाले पूसां के प्रमेय [1, पृ० 504] के अनुसार वैध है।

प्रमेय २.२ यदि

$$\phi(p) = T_2 [\, f(t);\, p\,] \qquad (2.5)$$

तथा lf(t) एवं lϕ(t)l के मेलिन रूपान्तर अस्तित्व में हों, तो

$$M[\phi(p);s] = M[K(p);s+1] \quad M[f(t);s] \qquad (2.6)$$

बशर्ते कि $|f(t)|$ का T_3-रूपान्तर अस्तित्व में हो तथा निहित समाकल परम अभिसारी हों।

इस प्रमेय की उपपत्ति प्रमेय 2.1 के ही समान है, अतः इसे नहीं दिया जा रहा है।

संदर्भ

1- ब्रामिविच, टी० जे० आई ए० - An Introduction to the Theory of Infinite Series, सेंट मार्टिन्स प्रेस, न्यूयार्क, 1955.

2- जोशी, एन०-पी-एच० डी० थीसिस, कुमायूं विश्वविद्यालय, 1979.

3- श्रीवास्तव एच० एम०-Math. Z., 1971, 11, 263, 273.

4- श्रीवास्तव, एच० एम० एवं पंडा, रेखा-Nederl. Akad. Wetensch. Proc. Ser. A 81 = Indag. Math., 1978, 40, 118-131, and 132-144.

()—()

साहित्य, मानविकी
एवं
वाणिज्य वर्ग

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1984-85, Vol. 1 P. 1-6
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० १-६

कालिदास और कमल

डॉ० भवानीदत्त काण्डपाल

संस्कृत विभाग, राजकीय महाविद्यालय अगस्त्य मुनि

सारांश

[राष्ट्र कवि कालिदास के मानस पटल पर राष्ट्रीय पुष्प कमल की कितनी गहरी छाप थी, उनका कमल के प्रति अन्य वनस्पतियों की अपेक्षा कितना अधिक अनुराग था, उन्होंने कितनी कलात्मकता से मुख, नेत्र, हस्त, पाद आदि शरीरावयवों का कमल के साथ सादृश्य प्रस्तुत किया है कितनी बारीकी से सूर्य, चन्द्र, भ्रमर, सरोवर, गज, हंस आदि का कमल के साथ साहचर्य प्रकट किया है तथा वे कौन से कारण हैं जिन्होंने महाकवि कालिदास में कमल के प्रति इतना अधिक अनुराग जगाया आदि विभिन्न विन्दुओं पर इस शोध-लेख में गम्भीरता से विचार किया गया है।]

ABSTRACT

[Kalidas was deeply influenced by the national flower 'lotus'. He, very beautifully and artistically, has compared various human organs with the lotus and shown the association of sun, moon etc. with it. In the present paper this aspect of Kalidasa's poetry has been explained and illustrated. The factors which enabled the poet to employ lotus for various poetical uses have also been brought to light.]

संस्कृत के मूर्धन्य कवि कालिदास को भारतीय भावनाओं से जुड़े हुए कमल पुष्प ने अत्यधिक आकर्षित किया है। उनके साहित्य में उपलब्ध विविध कमल-वर्णन-प्रसंगों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि उनका कमल से चिरसाहचर्य रहा है, कमल की विशिष्टताओं का उन्होंने सूक्ष्मातिसूक्ष्म निरीक्षण किया है एवं उनके मानस पटल पर कमल ने अमिट छाप छोड़ी है। तभी तो वे अपनी काव्यकृतियों में यत्र-तत्र कमल के रक्त, श्वेत, नील रंगों का होने, शेवाल से अनुविद्ध होने, पाले से जल जाने, चक्रवाक द्वारा खाये जाने, मन्द पवन से झूम उठने, रमणियों का कर्णाभूषण बनने, मछलियों की गति से चंचलित होने, हेमन्त ऋतु में सूख जाने, तापशामक उपचार के रूप में प्रयुक्त होने, सरोवर तट पर उगने आदि सही-सही तथ्यों का उद्घाटन कर सकने में समर्थ हुए हैं[1]। कालिदास के साहित्य में उल्लिखित वनस्पतियों के निम्नांकित आकलन से यह स्पष्ट हो जायेगा कि कालिदास को कमल से कितना अधिक अनुराग था :—

वनस्पति उल्लेख

कमल–२४८	वार	तिन्तिणी–१	वार	शाल–३	वार	काश–५	वार
आम्र–५७	,,	तिलक–४	,,	शाल्मलि–२	,,	कीचक–५	,,
अशोक–३७	,,	देवदारु–८	,,	शिरीष–५	,,	कुंकुम–३	,,
मन्दार–६	,,	नमेरु–४	,,	सरल–३	,,	बुरबक–१०	,,
पारिजात–७	,,	नक्तमाल–१	,,	सल्लकी–२	,,	कुश–१७	,,
अगुरु–६	,,	नारिकेल–२	,,	सप्तच्छद–३	,,	कुसुम्भ–१	,,
अर्जुन–६	,,	पलाश–५	,,	अतिमुक्त–१२	,,	कूर्पासक–३	,,
असन–१	,,	पाटल–२	,,	कुन्द–१०	,,	केतकी–६	,,
अक्ष–४	,,	प्रियाल–१	,,	ताम्बूल–३	,,	जपा–१	,,
अक्षोट–१	,,	पूग–३	,,	द्राक्षा–१	,,	तिल–१	,,
इंगुदी–४	,,	प्लक्ष–३	,,	विम्ब–६	,,	दूर्वा–७	,,
उदुम्बर–१	,,	वकुल–५	,,	नबमालिका–१४	,,	धान्य–३३	,,
कदम्ब–१४	,,	बीजपूरक–३	,,	मरिच–१	,,	निचुल–१	,,
कर्णिकार–७	,,	भूर्जपत्र–४	,,	मालती–५	,,	बन्धुजीव–३	,,
कुटज–३	,,	मधूक–२	,,	यूथिका–२	,,	मुस्ता–३	,,
कोविदार–१	,,	लवंग–२	,,	श्यामा–६	,,	यव–६	,,
खर्जूर–२	,,	लवली–१	,,	अर्क–१	,,	वेतस–११	,,
चम्पक–१	,,	लोध्र–७	,,	इक्षु–४	,,	शरकाण्ड–६	,,
जम्बू–४	,,	वट–१	,,	उसीर–२	,,	शिलीन्ध्र–१	,,
तमाल–३	,,	विकंकत–१	,,	एला–२	,,	शेफालिका–२	,,
ताड़–६	,,	शमी–४	,,	कदली–६	,,	शैवाल–५	,,

उक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि महाकवि कालिदास की दृष्टि कमल पुष्प पर जितनी रमी है उतनी अन्य किसी भी वृक्ष, लता या पुष्प पर नहीं रमी।

महाकवि ने कमल का सर्वाधिक उपयोग मानव शरीर एवं उसके मुख, नेत्र, हस्त, पाद आदि सभी शरीरावयवों की आभा, आकृति तथा कोमलता आदि विभिन्न विशेषताओं को अभिव्यंजित करने के लिए किया है। तपस्या करती हुई पार्वती का कांचनपद्मनिर्मित वपु, कुमार कार्तिकेय का मन्दाकिनी में विकसित कमल सदृश गात्र, राजमहिषी धारिणी की मृणाल कोमल देह आदि वर्णन-प्रसंगों में सम्पूर्ण शरीर के लिए कमल का सादृश्य प्रस्तुत किया गया है[2]। पारसीक देश में रघु के आक्रमण से मुरझाए हुए यवनियों के मुख-पद्म, वन में परित्यक्ता सीता का परिम्लान मुखारविंद, रघुवंश के राजा नल का नलिनाभ वक्त्र, तपःनिरता पार्वती का कमलश्री सम्पन्न मुख, विवाह का दृश्य देख रही रमणियों के सहस्रपत्र सदृश मुख, शिव के समीप स्थित पार्वती का पुण्डरीक आनन, गोद में

बैठे कुमार का पार्वती द्वारा चूमा जाता हुआ मुख-पद्म, शिव के सम्मुख उपस्थित देवताओं के हिम से मुरझाये हुए कमल सदृश मुख, कुमार के वीरता भरे शब्द सुन रहे देवताओं के विकसित मुखारविंद, वरुणास्त्र प्रहार करने के पश्चात् कुमार का मुस्कान युक्त वक्त्र-कमल, शरद रूपी नव वधू का विकच-पद्म-मनोज्ञ-वक्त्र, शिशिर ऋतु में घरों के भीतर बैठी हुई युवतियों के कनक-कमल-कान्त मुख, वसन्त ऋतु में रमणियों के बेल-बूटे चीते हुए हेमाम्बुरुह वक्त्र, राजा के सम्मुख स्थित मालविका का अर्द्ध-विकच पंकज सदृश मुख मंडल आदि प्रसंगों में मुख के सादृश्य के लिए कमल को ग्रहण किया गया है।[3] नील कमल की नीलाभा एवं पंखुड़ियों की नेत्र सदृश विशिष्ट आकृति से आकृष्ट होकर महाकवि ने दिलीप के निवातपद्म चक्षुओं की स्थिरता, अज के पद्माभ चक्षुओं की रमणीयता, विष्णु के पुण्डरीक अक्षों की विकचता, निषध के कुशेशय अक्षों की सरसता, उमा के नीलोत्पल नयनों की चंचलता, निशा-रमणी के सरोज-नयनों की संवृतता, इन्द्र के अम्भोज-नेत्रों की बहुलता, कुमार के कोकनद अक्षों की अरुणाभा, हरिणों के उत्पल नेत्रों की चटुलता, शरद रमणी के नीलोत्पल अक्षों की सुभगता, प्रजागरित युवतियों के पद्म-नेत्रों की विपाटलता आदि वर्णन-प्रसंगों में आंखों के सादृश्य हेतु कमल को ग्रहण किया है[4] । हस्त एवं पादों की कोमलता और रक्ताभा को अभिव्यंजित करने के लिए इन्दुमती-स्वयंवर में उपस्थित राजा के कुशेशय कर, पुत्र को गोद में उठाती हुई पार्वती के पाणिसरोरुह, शिव के साथ खेलते हुए कुमार के पाणिपद्म, कान्त-संसक्ता रमणियों के कर-कमल, एवं राजा के समीप स्थित मालविका के कमल-हस्तों[5] के साथ-साथ झुके हुए राजाओं से सुशोभित रघु के पाद-पद्म, सीता के मौन पड़े हुए नूपुरों वाले चरणारविंद, पार्वती के अलक्तक से रंजित पाद सरोरुह, अवलाओं के लाक्षारस रंजन योग्य चरण-कमल, रमणियों के नूपुर मुखरित पादाम्बुज, मालविका का अशोक को विकसित करता हुआ चरण-अम्बुरुह[6] आदि स्थलों में चरणों के लिए कमल का सादृश्य उपस्थित किया गया है।

मुखोच्छवास की गन्ध में कमल-गन्ध की रुचिरता का अनुभव करते हुए महाकवि ने दिलीप और सुदक्षिणा के मुख की कमल की सी मधुर गन्ध, अज के मुख की पद्म की सी रुचिर गन्ध, पार्वती के मुख की पंकज की सी पावन गन्ध, उर्वशी के मुखोच्छवास की पुण्डरीक की सी मादक गन्ध, रमणियों के मुख की अब्ज की सी मदिर गन्ध आदि सादृश्य प्रस्तुत किए हैं[7] । इसके साथ ही हथिनी द्वारा कमल के पराग में बसा हुआ सुगन्धित जल अपनी सूँड से निकालकर हाथी को पिलाये जाने, चक्रवाक द्वारा आधा कुतरा हुआ सुगन्धित कमल-खण्ड चक्रवाकी को भेंट किये जाने, अवन्ति देश में कमल-आमोद-मैत्री-कषाय प्रातःकालीन शिप्रावात के बहने, कण्वाश्रम में अरविंद की सुरभि को वहन करने वाले रुचिर पवन द्वारा शरीरावयवों को स्पर्श किए जाने आदि प्रसंगों में भी कमल-गन्ध का उल्लेख हुआ है[8] । कमल के पुष्पों में सूर्य की किरणों से आने वाली विकचता का सूक्ष्म निरीक्षण करके महाकवि ने कल्पना की है कि सूर्य कमलिनी का प्रियतम है। उसका स्पर्श पाकर कमलिनी खिल उठती है, दिन में ही अचानक मेघ घिर आने पर मुरझा जाती है, चन्द्र का स्पर्श उसे विकसित नहीं कर पाता[9] सूर्य भी नित्य प्रातः अपनी प्रेयसी कमलिनी के कमल-मुख के अश्रु-विन्दुओं को पोंछने के लिये आ जाता है [मेघ १/४३] कमलिनी के सूर्य के समान ही कुमुदिनी का प्रियतम चन्द्र है[10] । कमल विकास सम्बन्धी इस कवि प्रौढ़ोक्ति में कुछ वैज्ञानिक तथ्य भी है। वनस्पति विज्ञान के प्रसिद्ध ग्रन्थ "वेल्थ आफ इंडिया" में वनस्पति-विशेषज्ञों ने भी स्वीकार किया है कि कमल की कुछ प्रजातियां ऐसी हैं जिनके कोशों का विकास सूर्य के ताप से होता है, जिससे वे रात्रि के शीतल वातावरण में सिकुड़ जाते हैं तथा दूसरी प्रजाति ऐसी भी है जिसके दलों में शीतलता से ताजगी आती है[11] ।

महाकवि ने विविध प्रसंगों में सरोवर, भ्रमर, गज और हंस से भी कमल के सान्निध्य का उल्लेख किया है। सरोवर कमल का आश्रय है, कमल से ही उसकी शोभा होती है, जल-तल घट जाने पर कमल दण्ड ऊपर खड़े रह जाते हैं, कमल के पराग से जलाशय रंग जाते हैं, सरोवर तटों पर भी कमल उगे रहते हैं[12]। भ्रमर कमलों का रसलुब्ध प्रेमी है। कमल-वसति में मंडराता रहता है, कमलों से मधु लेता है, कमल-कोशों में सोया रहता है परन्तु कमल के दल रहित हो जाने पर उसे छोड़कर मयूर पक्षों में शरण लेता है[13]। हाथी कमलों का विध्वंसक है। सरोवर में प्रवेश करके कमलिनियों को रौंद देता है और उन्हें उखाड़ फेंक कर जल-क्रीड़ा करता है[14]। हंस को कमलिनियों से अनुराग है, विस-किसलय उसका पाथेय है, कमलिनी की छाया में वह आँख मूँद कर विश्राम करता है[15]।

इसके साथ ही वक्षजोपम्य भ्रमरयुक्त पंकज, मुख-ज्योतिर्मण्लोपम्य कमल प्रभामंडल, शिरोपम्य कमल पुष्प, दन्तोपम्य विसांकुर, धूम एवं व्योमोपम्य नीलोत्पल, यश मत्स्य एवं कैलाश श्रृंगोपम्य कुमुद आदि पर भी महाकवि की दृष्टि रमी है[16]।

कविवर कालिदास के कमल के प्रति विशेष अनुराग के निम्नलिखित कारण प्रतीत होते हैं :-

(१) भव्याकृति :—

कमल नामक वनस्पति अपने सम्पूर्ण अवयवों में एक मोहक आकृति लिये होती है। अरवी की पत्तियों के समान अण्डाकार इसकी पत्तियाँ इतनी चिकनी होती हैं कि पानी में डुबोने पर भी गीली नहीं होती। इसी कारण निर्लिप्ता के लिए "पद्म पत्र इवाम्भसि" कहा जाता है। इसकी विभिन्न प्रजातियों में चार-पाँच सेमी० से बीस-पच्चीस सेमी० व्यास तक के सुन्दर पंखुड़ियों के आकर्षक सन्निवेश से युक्त फूल लगते हैं[17]। भारतीय उष्ण एवं उपोष्ण कटिबन्ध की झीलों में इन आकर्षक कमलों के एक साथ खिलने से होने वाले अद्भुत मोहक दृश्य ने कालिदास को अत्यधिक आकर्षित किया है।

(२) आकर्षक रंगादि :—

कमल की पाँच प्रमुख प्रजातियां भारत में होती हैं[18]।

क–श्वेत कमल–नेलम्बियम-स्पैसिओजम (Nelumbiam-speciosum)
ख–रक्त कमल–निम्फिया लोटस (Nymphea-lotus)
ग–नील कमल–निम्फिया स्टेलाटा (Nymphea-stellata)
घ–कुमुद–निम्फिया एल्बा (Nymphea-alba)
ड–स्थल कमल–आयोनिडियम सफ्रुटिकोसम (Ionidium-suffruticosum)

इन पाँचों प्रजातियों में उपलब्ध श्वेत, रक्त एवं नील रंग, कोमलता, रुचिरगन्ध एवं विशिष्ट आकृति आदि विशेषताओं के कारण कमल में सर्वोत्तमता आ गई है। इसी कारण महाकवि ने कमल

को मुख, मुखोच्छ्वास, नेत्र, ओष्ठ, कपोल, सिर, हस्त, पाद आदि सभी शरीरावयवों एवं सम्पूर्ण शरीर के सादृश्य हेतु ग्रहण किया है।

(३) राष्ट्रीय भावना :—

अनादि काल से कमल के साथ भारत की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय भावनाएँ जुड़ी हुई हैं। पुराणों के अनुसार जगत स्रष्टा ब्रह्मा का आविर्भाव विष्णु के नाभि-कमल से हुआ। योगशास्त्र के अनुसार सिद्ध योगी ब्रह्म-साक्षात्कार करने हेतु कुण्डलिनी को जगाकर उसे षट्कमल-चक्रों, द्विदल-कमल और षोडश दल कमल-चक्रों से पार कराते हुए मस्तिष्क के अन्दर स्थित सहस्रदल कमल में प्रविष्ट कराते हैं। साहित्याचार्यों ने नायिका भेद में पद्मिनी नायिका को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। सृष्टि-कर्ता ब्रह्मा, ज्ञान की धात्री सरस्वती तथा धन-वैभव की देवी लक्ष्मी का आसन भी कमल है। चतुर्भुज विष्णु के हाथों में शंख, चक्र, गदा के साथ पद्म भी है। अतः राष्ट्रकवि कालिदास का भारतीय राष्ट्रीय पुष्प कमल के प्रति अधिक अनुराग होना स्वाभाविक ही है।

संदर्भ

(१) रघु० ६/६५, १३/५, १३/५१, १३/६०, कुमा० ५/६, ५/२७, ६/१७, १३/३२, १७/१६, मेघ० १/११, २/११, २/३७, ऋतु० ३/८, ३/११, ३/१६, ४/१, शाकु० १/१६, ३/७६

(२) कुमा० ५/१६, ११/२६, विक्र० ३/१३

(३) रघु० ४/६१, ६/८०, १४/५०, १८/५, कुमा० ५/२१, ७/६२, ६/१, ११/२५, १२/३५, १३/१७, १७/४०, ऋतु० ३/१, ५/१३, ६/८, माल० २/१०

(३) रघु० ३/१७, ५/६८, ५/७३, १०/६, १८/४, कुमा० १/४०, १/४६, ५/३५, ७/२०, ८/३०, ६/२६, १२/२३, ऋतु० २/६, ३/१४ ३/२८, ४/१५

(५) रघु० ६/१८, कुमा० ११/२१, ११/४७, ऋतु० ३/२३, माल० ५/६

(६) रघु० ४/३७, १३/२३ कुमा० ६/२७, मेघ० २/१२, ऋतु० ३/२०

(७) रघु० १/४३, ५/६१, कुमा० ५/२७, ८/१६, ऋतु० ६/३३, विक्र० ४/४२

(८) कुमा० ३/३७, मेघ० १/३३, शाकु० ३/५

(६) रघु० ४/६१, ६/३६, ६/४४, ६/६६, ६/८६, १७/७५, मेघ० २/३२, ऋतु० ३/२५, शाकु० ५/२८ ७/१६, माल० ४/७, ५/३

(१०) रघु० ६/३६, ६/८६, ७/६४, १७/७५, कुमा० ७/७४, ८/७०, ऋतु० ३/२५, शाकु० ३/१५, ४/३, ५/२८

(११) Wealth of India—Raw Material, Vol. VII, 1966, Page 70.

(१२) रघु० ६/२६, ६/२७ ६/३७, ११/१२, १६/४६, १८/३७ कुमा० २/२, मेघ० २/१६, ऋतु० ४/६, शाकु० ४/११, ७/१२, विक्र० २/२२

(१३) रघु० ८/५५, कुमा० ८/२३, ८/३३, ८/३६, ऋतु २/१४, ६/१५, शाकु० ५/१, ६/२०, विक्र० ४/४०

(१४) रघु० १६/१६ १६/६८, ऋतु० १/१६, २/१५

(१५) मेघ० १/११, विक्र० ४/३१, माल० २/१२

(१६) रघु० ३/८, ४/५, ४/१६, १०/४४, १५/५२, कुमा० ७/१६. १७/३५, मेघ० १/४४, १/६२, ऋतु० २/२, २/१६, २/२३, ३/४

(१७) Flora of British India, Vol.I, 1872, J.D. Hooker-London P. 114, 115.

(१८) Wealth of India-Raw Material, Vol.VII, 1966, S.H.Zaheer etc. New Delhi - P. 7-9, 70-73.

-: o :-

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc 1984-85, Vol , 1P. 7—12
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० ७-१२

हिन्दी उपन्यासों में अस्तित्ववाद

डा० राजेन्द्र प्रसाद जोशी

हिन्दी विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरागढ़

सारांश

[अस्तित्ववाद उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी का प्रसिद्ध पाश्चात्य दर्शन है। 'अस्तित्व सार रूप से पहले है', इस वाक्य को संपूर्ण अस्तित्ववादी दर्शन का मूलाधार माना जा सकता है । अस्तित्ववादियों का विश्वास है कि मनुष्य अपने दुःखों के लिए स्वयं उत्तरदायी है, और इस उत्तरदायित्व से वह बच नहीं सकता । आस्तित्ववादी दर्शन ने समकालीन साहित्य को बहुत प्रभावित किया है, और हिन्दी साहित्य इसका अपवाद नहीं है ।]

ABSTRACT

[Existentialism is famous western philosophy of 19th and 20th century. 'Existence precedes essence—This may be safely regarded as the basic stand point of existential philosophies. The existentialists hold that human beings are themselves responsible for their miseries and there is no escape from this. Existential philosoply has a very great impact on the contemporary literature of almost all the countries and Hindi literature is no exception to it.]

अस्तित्ववाद एक संकटकालीन पाश्चात्य दर्शन है। उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही पाश्चात्य देशों के कुछ दार्शनिकों को विज्ञान के विध्वंसात्मक प्रवृत्तिजन्य संकट और तत्कालीन पारंपरिक रूढ़िवादिताओं से उत्पन्न संकट के कारण विसंगति की प्रबल अनुभूति होने लगी थी । संकटजन्य इसी विसंगत्यानुभूति की प्रतिक्रिया में अस्तित्ववादी दर्शन का उद्भव हुआ[1] आगे भी इसी प्रकार के संकट के ताप से विदीर्ण होकर ही अन्य दार्शनिकों ने अस्तित्ववाद का समर्थन कर उसका बहुविध विकास किया[2] । अस्तित्ववादी दर्शन को उद्भूत एवं विकसित करने वाले दार्शनिकों की देश-काल -क्रम के अनुसार सूची इस प्रकार प्रस्तुत की जा सकती है:—

स्थान	नाम	समय
डेनिश	सोरेन कीर्केगार्द	१८१३—१८५५
जर्मनी	१. फ्रेडरिक नीट्शे	१८४४—१९००
	२. कार्ल यास्पर्स	१८८३—
	६. मार्टिन हेडेगर	१८८९—
	४. फ्रैज काफ्का	१८८३—१९२४
फ्रांस	१. गेब्रियल मार्शल	१८८९—
	२. ज्या पाल सार्त्र	१९०५—१९८०
	३. अलबेयर कामू	१९१३—१९६०
रूस	१. फ्योदोर दास्तोस्की	१८२१—१८८१
	१. निकोलाइ बर्दिएफ	१८७४—१९४८

इन दार्शनिकों के अनुसार व्यक्ति से वस्तु को अधिक महत्व दिया जाना ही वर्तमान संकटों का मूल कारण है। प्रत्ययवादी, वस्तुवादी, विचारवादी या आदर्शवादी हीगेल का विरोध करते हुए इन दार्शनिकों ने कहा कि मनुष्य का अस्तित्व सार रूप से पहले है। ये अस्तित्ववादी विचारक वास्तव में विचार या वस्तु से अधिक मनुष्य को प्राथमिक महत्व देने की इच्छा में पारम्परिकता के विद्रोही बने और 'आउट-साइडर' बनकर अपने सत्य को जानने की कोशिश में लगे रहे। ऐसे 'आउटसाइडर' को परिभाषित करते हुए दिनकर जी ने लिखा है—

"मानव-समाज में मनुष्य जिस रूप में जी रहे हैं, उसे अस्वीकार करना 'आउटसाइडर' का पहला लक्षण है।"

× × ×

"सारा समाज बीमार है, लेकिन उसे अपनी बीमारी का ज्ञान नहीं होता है। 'आउटसाइडर' की यह विशेषता है कि वह जानता है कि मैं बीमार हूं।"

× × ×

" 'आउटसाइडर' संसार के परिष्कार की अभिलाषा है, वर्तमान के प्रति विरोध है।"[3]

अस्तित्ववादी 'आउटसाइडर' की भांति तथाकथित संकट की कटु पीड़ा भारतीय जन-मानस में भी व्याप्त रही। ऐसे समय में यहां के प्रबुद्ध वर्ग को इस पाश्चात्य पीड़ावादी दर्शन ने प्रभावित किया। बीसवीं शताब्दी में इस दर्शन के प्रभावकारी रूप से सम्बन्धित दो उक्तियां द्रष्टव्य हैं :–

१– "समूचे आधुनिक साहित्य और दर्शन पर किसी भी परवर्ती दार्शनिक ने ऐसी छाप नहीं छोड़ी थी, जैसी कि कीर्केगार्द ने"[4]

२– "आधुनिक दर्शन के क्षेत्र में प्रत्यक्षवादियों और अस्तित्ववादियों के विद्रोह ने एक स्वस्थ एवं मुक्तिदायक प्रभाव डाला है।"[5]

अस्तित्ववाद की इसी लोकप्रियता ने हिन्दी के साहित्यकारों को भी प्रभावित किया। अपने उपन्यासों के सन्दर्भ में अज्ञेय जी लिखते हैं :–

"मैं एक संदेश लाया हूं जो कि मेरा अपना नहीं है, जिसे मैं एक बाह्य प्रेरणा से बाध्य होकर कहूंगा——मैं चाहता हूं, उसी प्रेरणा के भविष्य को इंगित कर जाऊँ।"[6]

अस्तित्ववाद की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए भगवती प्रसाद बाजपेयी लिखते हैं :–

"वास्तव में अस्तित्व की स्थापना ही नहीं, उसका संरक्षण भी अपने युग की बड़ी समस्या है। उसका मूल उद्देश्य है–वर्गगत मतों, धारणाओं तथा सिद्धान्तों के प्रति निरपेक्ष रहकर केवल मानवीय हितों के नव-नव प्रकार के शोधों की समीक्षा करना।"[7]

अपने उपन्यास 'सूना आसमान' में इस दर्शन के व्यावहारिक रूप को स्वीकृति प्रदान करते हुए बलवन्त सिंह लिखते हैं—"यदि शास्त्रीयता की दीवार से दर्शन को बाहर कर दिया जाय तो मेरे इस उपन्यास में एक दर्शन मिल सकता है।"[8] हिन्दी के निम्नलिखित उपन्यासों में अस्तित्ववादी दर्शन को सैद्धान्तिक या स्वाभाविक अभिव्यक्ति मिली है :—

शेखर : एक जीवनी (अज्ञेय), नदी के द्वीप (अज्ञेय), अपने-अपने अजनबी (अज्ञेय), सूरज का सातवां घोड़ा (धर्मवीर भारती), वे दिन (निर्मल वर्मा), सूना आसमान (बलवंत सिंह). आज और अभी (भगवती प्रसाद वाजपेयी), यह पथबन्धु था (नरेश मेहता), न आने वाला कल (मोहन राकेश), दूसरी बार (श्रीकान्त वर्मा), आपका बंटी (मन्नू भंडारी), पथ की खोज (डॉ० देवराज) अजय की डायरी (डॉ० देवराज)

हिन्दी के उपर्युक्त उपन्यासों में अस्तित्ववादी दर्शन के अनुरूप संकटजन्य पीड़ा या वेदना की अभिव्यक्ति हुई है, जैसे—"संसार का पहला दर्शन सदा ही उसके पीड़ा भरे रूप का दर्शन होता है।"[9]

"वेदना में एक शक्ति है, जो दृष्टि देती है।"[10] इसी तरह "जो यातना में है, वह द्रष्टा हो सकता है।"

अन्य उपन्यासों में भी इसी तरह की स्वीकारोक्तियाँ देखी जा सकती हैं।[11]

विद्रोह अस्तित्ववाद का दूसरा प्रमुख स्वर है। हिन्दी के उपन्यासों में इस स्वर का नारा भी प्रबल दिखाई पड़ता है। जैसे––

"हम सभी कुछ बदलना चाहते हैं। हमारी विद्रोही प्रेरणा धर्म के, समाज के, राज्यसत्ता के, अर्थसत्ता के और अन्त में अपने व्यक्तित्व के प्रति विद्रोह है।"[12]

"मैं नहीं मानता कि संसार सदा ऐसा ही रहा है, और ऐसा ही रहेगा। मनुष्य के विकास का इतिहास इतना कृत्रिम, शिथिल और थोथा नहीं है कि क्रान्तिकारियों ने संघर्ष में पड़कर कुछ कर न दिखाया हो।"[13]

"जो इस नैतिक विकृति से अपने को अलग रखकर भी इस तमाम व्यवस्था के विरुद्ध नहीं लड़ते, उनकी मर्यादाशीलता सिर्फ परिष्कृत कायरता होती है।"[14]

ऐसे ही विद्रोही की अभीप्सा में राजेन्द्र यादव लिखते हैं––"कोई तो आखिर होंगे जो रूढ़ियों के मुर्दों की छाती पर पाँव रोपकर-जीवन का शंख फूँकेंगे।"[15]

व्यक्ति-स्वातंत्र्य की भावना भी अस्तित्ववादी दार्शनिकों के मूलमंत्रों में से एक है। व्यक्ति-स्वातंत्र्य की बात का पूर्ण समर्थन हिन्दी के अस्तित्ववादी उपन्यासकारों ने किया है। इस विषय में अज्ञेय का मत है––

"व्यक्ति को दबाकर जो भी निर्णय होगा, गलत होगा, घृणित होगा। समान व्यवहार का नियमन समाज करे–ठीक है, मेरे अन्तरंग जीवन का नहीं। वह मेरा है। मेरा यानी हर व्यक्ति का निजी।"[16]

भगवती प्रसाद बाजपेयी व्यक्ति-स्वातंत्र्य के समर्थन में लिखते हैं––"मनुष्य का अपना धर्म और कर्म, प्यार व ममता, तथा सारे जीवन मूल्य सदा तुलनात्मक नहीं होते, वह अपने-अपने निज के अलग और स्वतंत्र होते हैं।"[17]

इन्हीं सिद्धान्तों के अनुरूप हिन्दी के अस्तित्ववादी सभी उपन्यासों के नायक वरण की स्वतंत्रता तथा पूर्ण व्यक्ति-स्वातंत्र्य की कामना में सतत् संघर्षशील दिखाई पड़ते हैं।

अस्तित्ववाद की एक अन्य प्रमुख विशेषता है––मृत्युबोध के साथ प्रतिपल जीना, इस संदर्भ में हिन्दी उपन्यासकारों के कुछ मत द्रष्टव्य हैं :––

१– "विज्ञान कहता है––जो कुछ हो चुका है, वह भविष्य के अन्त तक रहेगा; और जो होना है, वह भूत के प्रारंभ से ही था। क्योंकि भूत व भविष्य कुछ नहीं है, क्योंकि काल भी कुछ नहीं है––तब मैं मर कर भी जीता रहूंगा, पर जीते हुए भी मर चुका हूं।"[18]

२– "शायद मृत्यु का ज्ञान और जीवन की कामना एक ही चीज है, बहुत बार सुनने में आता है कि जीना वही जानता है, जो मरना जानता है, यही ध्रुव सत्य है।"[19]

इन्हीं बातों के समानान्तर अन्य उपन्यासों के नायक भी मृत्युबोध के साथ जीते हुए मृत्यु से त्रस्त नहीं बल्कि उसका सहज वरण करने को तत्पर रहते हैं। इन मुख्य धारणाओं के अतिरिक्त कथित उपन्यासों में क्षणबोध, जीवन की निरर्थकता, नैतिकता पर प्रश्नचिह्न, अनीश्वरवादिता और निराशामयी धारणाओं को भी चारित्रिक अभिव्यक्ति मिली है।

निष्कर्षतः हिन्दी के उपन्यासों में अस्तित्ववादी दर्शन की सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक दोनों तरह की अभिव्यक्ति हुई है। यह तो सर्वमान्य तथ्य है कि आज साहित्य की विधाओं में से उपन्यास ही संकटग्रस्त जीवन के सर्वाधिक निकट आया है। हिन्दी के इन उपन्यासों के सभी नायक आधुनिक संकटग्रस्त परिवेश में पल रहे मानवों का प्रतिनिधित्व करते हैं। औपन्यासिक नायकों के माध्यम से अस्तित्ववादी उपन्यासकार दार्शनिक परिप्रेक्ष्य में यही संदेश प्रसारित करते हैं कि वेदना भी वरणीय है। जो व्यक्ति रूढ़िगत मान्यताओं से लदकर जिस-किसी तरह अपने जीवन को घसीट रहे हैं, उन्हें ये संदेश देते हैं कि रूढ़ियों के इन निरर्थक वोझों को शीघ्र फेंको। जो नैतिकता के नाम पर अपनी अन्तरात्मा की आवाज को गुलामी के कठघरे में कैद किए हुए हैं, उन्हें ये व्यक्ति स्वातंत्र्य का जीवन-दर्शन सिखाते हैं। जो जीवन एवं मृत्यु से त्रस्त हैं, उन्हें ये उपन्यासकार मृत्युबोध की अनिवार्यता बताकर स्वत्व को दवाने वाले तत्वों के प्रति विद्रोही बनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस तरह जीवन की निरर्थकता के मध्य किसी क्षण में छलांग लगाकर मानव-अस्तित्व की पर्तें खोलने वाला अस्तित्ववादी दर्शन प्रस्तुत करके उपन्यासकारों ने यही व्यंजना की है कि आज के संत्रस्त जीवन से मुक्ति का एक ही उपाय है——अस्तित्ववोध।

संदर्भ

१. द प्वाइन्ट ऑव व्यू, कीर्केगार्द, पृ० १००, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, १६३६।

२. (क) द आउटसाइडर, कॉलिन विल्सन, पृ० १४१, पान बुक्स लन्दन १८७१।
   (ख) दि मिथ ऑव सिसिफस, कामू, पृ० ५५, आस्टिन ओब्रायन, लंदन, १६५५।
   (ग) लेटर्स टु मिलेना, काफ्का (अनु० विली हास) पृ० २०४, पेंग्विन बुक्स, लंदन।
   (घ) ड्रीम एण्ड रियलिटी, वर्दिएँफ, पृ० ३३, जिओफ्रे ब्लेस लन्दन, १६५०।
   (ङ) एक्जिस्टेंशियलिज्म फ्राम दास्तोव्स्की टू सार्त्र, काफमैन, पृ० ५३।

३. आधुनिक बोध, रामधारी सिंह दिनकर, पृ० ५४-५५, उदयाचल पटना—४।

४. एक्जिस्टेंशियलिज्म फ्राम दास्तोव्स्की टू सार्त्र, काफमैन, पृ० ५०।

५. रिलीजन एण्ड कल्चर, डा० राधाकृष्णन, पृ० १०८, हिन्द पाकेट बुक, १६६८।

६. शेखर एक जीवनी (पहला भाग), प्रवेश पृ० ४२, सरस्वती प्रेस इलाहावाद।

७. आज और अभी उपन्यास की भूमिका), प्रत्यूष प्रकाशन, रामबाग, कानपुर—१२।

८. सूना आसमान (उपन्यास की भूमिका), लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, १६६७।

६. शेखर एक जीवनी (प्रथम भाग) पृ० २१६, सरस्वती प्रेस, इलाहावाद।

१०. वही (भूमिका भाग)।

११. (क) नदी के द्वीप, अज्ञेय, पृ० १६७, सरस्वती प्रेस इलाहाबाद, द्वितीय संस्करण।
(ख) आज और अभी, भगवती प्रसाद बाजपेयी, पृ० १८, ८६, प्रकाशन उपर्युक्त।
(ग) शेखर एक जीवनी (द्वितीय भाग) पृ० ३३, सरस्वती प्रेस इलाहाबाद।
(घ) उखड़े हुए लोग, राजेन्द्र यादव, पृ० २६७, साहित्य सदन देहरादून १९५६।
(ङ) पथ की खोज, डा० देवराज, पृ० १४२, बुद्धिवादी प्रकाशन गृह लखनऊ १९५१।
१२. शेखर एक जीवनी (प्रथम भाग), पृ० ३४, प्रकाशन उपर्युक्त।
१३. आज और अभी, भगवती प्रसाद बाजपेयी, पृ० ८२।
१४. सूरज का सातवाँ घोड़ा, धर्मवीर भारती, पृ० ५९, साहित्य भवन इलाहाबाद, तृ० सं०।
१५. उखड़े हुए लोग, राजेन्द्र यादव (भूमिका), प्रकाशन उपर्युक्त।
१६. नदी के द्वीप, अज्ञेय, प्रकाशन उपर्युक्त।
१७. आज और अभी, भगवती प्रसाद बाजपेयी, पृ० १६१, प्र० उपर्युक्त।
१८. शेखर एक जीवनी (प्रथम भाग), पृ० ३६, प्र० उपर्युक्त।
१९. वही , वही , पृ० १२८, प्र० उपर्युक्त।

–: (०) :–

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1984-85, Vol., 1 P. 13—18
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० १३-१८

हिन्दी उच्चारण और सुमित्रानन्दन पन्त

डॉ० श्याम गुप्त

हिन्दी विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर

सारांश

प्रसिद्ध आधुनिक कवि श्री सुमित्रानदन पंत ने हिन्दी उच्चारण पद्धति के अनुसार शब्द प्रयोग की प्रवल वकालत की है। उनके द्वारा प्रयुक्त शब्दों में हिन्दी उच्चारण का पूर्ण स्वास्थ्य विद्यमान है। प्रस्तुत शोध लेख में हिन्दी उच्चारण पद्धति पर प्रकाश डालने के पश्चात् पंत जी की उच्चारण सम्बंधी धारणाओं एवं शब्द प्रयोग में विद्यमान उच्चारण वैशिष्ट्य का विश्लेषण एवं विवेचन किया गया है। इससे हिन्दी उच्चारण को समझने और काव्य में शुद्ध उच्चारण से युक्त शब्द प्रयोग करने की प्रेरणा प्राप्त होगी।

ABSTRACT

[Sumitra Nandan Pant, the illustrious modern poet, has strongly emphasised the use of words in accordance with the prevalent pronunciation in Hindi and he has successfully applied this Proposition to his own poetry. In this research paper an attempt has been made to assess and analyse the poetic worth of Pant's poetry in the light of Hindi Pronunciation method. This experiment would promote the use of poetic diction corresponding with Hindi pronunciation.]

अन्य भाषाओं की भाँति अपने उच्चारण वैशिष्ट्य से सम्बन्धित हिन्दी भाषा में उच्चारण की जाने वाली प्रत्येक ध्वनि अनिवार्यत: लिपिबद्ध की जाती है और इसमें प्रत्येक लिपिबद्ध ध्वनि-संकेत का उच्चारण अनिवार्य होता है। उच्चारण से ही छंद की आत्मा लय का निर्माण होता है। स्मरणीय है कि अभीष्ट उच्चारण के अभाव में छन्द सदोष हो जाता है।

हिन्दी वर्णमाला दो भागों में विभाजित है—स्वर और व्यंजन। स्वर बिना किसी सहायता के स्वयं उच्चरित होते हैं, परन्तु व्यंजन की उच्चारण पूर्णता के लिए उसके अन्त में स्वर का योग अनिवार्य है। स्वर रहित व्यंजन हल् कहा जाता है और उसे आधा अक्षर माना जाता है। छंदशास्त्र में हल् की कोई मात्रा निर्धारित नहीं की गयी है, जबकि ह्रस्व या लघु वर्ण में एक। और दीर्घ

या गुरु वर्ण में दो मात्राएँ (ऽ) मानी जाती हैं[1]। मात्रा का अभिप्राय और उसके निर्धारण का आधार किसी वर्ण के उच्चारण में लगने वाला समय है। यदि किसी वर्ण के उच्चारण में अल्प काल लगता है तो उसे लघु और यदि उसके उच्चारण में अपेक्षाकृत दीर्घकाल लगता है तो उसे गुरु कहते हैं। खड़ी बोली हिन्दी में अधोलिखित वर्णों का लघु उच्चारण किया जाता है :

१- ह्रस्व स्वर—अ, इ, उ, ऋ, का।

२- ह्रस्व स्वरों से युक्त व्यंजनों का, जैसे—गिरि, ऋषि, पुलिन आदि का।

३- अर्द्ध चन्द्रविन्दु से युक्त वर्णो का; जैसे—'हँसमुख' में 'हँ' का।

४- ह्रस्व संयुक्ताक्षर से आरम्भ होने वाले शब्द के प्रथम वर्ण का; जैसे 'क्षति' में 'क्ष' और 'व्यवहार' में व्य' का।

५- संयुक्ताक्षर के पूर्व के उस लघु वर्ण का, जिस पर संयुक्ताक्षर के उच्चारण का भार नहीं पड़ता; जैसे—'तुम्हारा' के 'तु' और 'कन्हैया' के 'क' का।

अधोलिखित स्थितियों में किसी वर्ण का गुरु उच्चारण किया जाता है :—

१- दीर्घ स्वरों—आ, ई, ऊ. ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः का।

२- दीर्घ स्वरों, अनुस्वार और विसर्ग से युक्त वर्णों का; जैसे—जादू, अंतः आदि।

३- संयुक्ताक्षर के पूर्व उस लघु वर्ण का, जिस पर संयुक्ताक्षर के उच्चारण का भार पड़ता है; जैसे—'विज्ञान' के 'वि' 'पत्र' के 'प' का।

संस्कृत में संयुक्ताक्षर के पूर्व का अक्षर सर्वदा गुरु होता है।[2] हिन्दी को विभाषा अवधि और ब्रजी में पालि की भांति ए और औ स्वर ह्रस्व और दीर्घ दोनों हैं; अतः इनका उच्चारण विकल्प से लघु भी किया जाता है। उदाहरण—

नाथ संभु धनु भंजनिहारा।
होइहै कोउ एक दास तुम्हारा॥[3] (रेखांकित का लघु उच्चारण)

इस प्रकार हिन्दी के प्रत्येक वर्ण का उच्चारण निश्चित है। श्री सुमित्रानन्दन पंत के शब्दों में—"हिन्दी में तो सोने की तोल है, उसमें आप रत्ती भर किसी मात्रा के उच्चारण को सुविधा के लिए घटा-बढ़ा नहीं सकते, उसकी आवश्यकता नहीं पड़ती।[4]" जब कोई वलपूर्वक लघु का गुरु और गुरु का लघु उच्चारण करता है या शब्द के स्वरूप को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करता है, तब अस्वाभाविकता आ जाती है। सफल कवि तो वह है, जो शब्द को उसके सही उच्चारण के साथ प्रयुक्त करता है।

मात्रा के न्यूनत्व एवं आधिक्य से अप्रभावित गद्य में वर्ण उच्चारण सम्बन्धी कोई कठिनाई नहीं होती; व्यक्ति बिना किसी आशंका के भाषा-प्रकृति के अनुसार शब्द का उच्चारण कर लेता है, परन्तु पद्य में एक मात्रा के हेरफेर से उसका अस्तित्व तत्काल प्रभावित हो जाता है। ऐसी स्थिति में शब्दों के उच्चारण में जोड़ तोड़ करने के लिए वाध्य होना पड़ता है। कहा भी गया है—

'अपि माषं मषं कुर्यात् छन्दोभङ्ग न कारयेत्।'

अर्थात् 'माष' का उच्चारण 'मष' भले ही कर दिया जाये, परन्तु छन्दोभंग नहीं करना चाहिए। अभीष्ट लयप्राप्ति हेतु इस प्रकार शब्द-स्वरूप को विकृत करने की स्थिति कभी वरेण्य नहीं कही जा सकती।

हिन्दी उच्चारण के सम्बन्ध में पंत जी अपने कवि जीवन के आरम्भ से ही बहुत सजग दिखाई पड़ते हैं। उन्होंने हिन्दी उच्चारण प्रकृति के अनुसार ह्रस्व वर्णों का लघु और दीर्घ वर्णों का गुरु के रूप में ही प्रयोग किया है। उनके छायावादी काव्य में लघु को गुरु तथा गुरु को लघु के रूप में न तो कहीं लिखा गया है और न कहीं अभीष्ट लय-प्राप्ति हेतु ऐसा उच्चारण करने की विवशता है। उन्होंने अपने काव्य में केवल मात्रिक छंदों का ही प्रयोग किया है और इसके लिए उन्होंने तर्क दिया है –

"हिन्दी का संगीत केवल मात्रिक छंदों में ही अपना स्वाभाविक विकास तथा स्वास्थ्य की सम्पूर्णता प्राप्त कर सकता है, उन्हीं के द्वारा उसमें सौन्दर्य की रक्षा की जा सकती है।"[5]

"कवित्त में परकीय, मात्रिक छन्द में स्वकीय हिन्दी का अपना उच्चारण मिलता है।"[6]

संयुक्ताक्षर-उच्चारण के प्रसंग में पंत जी ने लिखा है–"संस्कृत में संयुक्ताक्षर के पूर्व अक्षर को गुरु मानना आवश्यक सा हो जाता है, वह अच्छा भी लगता है, हिन्दी में ऐसा नियम नहीं है और वह कर्ण-कटु भी हो जाता है।"[7] उनके इस कथन से ऐसा लगता है कि वे जो कहना चाहते थे, वह कह नहीं पाये, क्योंकि उनके इस मत और उनके शब्द-प्रयोग में सर्वत्र अनुरूपता नहीं पायी जाती। उनके काव्य में एक शब्द के मध्य विद्यमान संयुक्ताक्षर का पूर्व वर्ण सर्वत्र गुरु पाया जाता है। उदाहरण—

मधुर प्रतिध्वनि सुनकर उसकी
नव कलियाँ सजतीं शृङ्गार।
X X X
यह अति अस्फुट ध्वन्यात्मक है
बिना व्याकरण बिना विचार।[8]

इस उदाहरण में प्रतिध्वनि का 'ति', अस्फुट का 'अ' और ध्वन्यात्मक का 'ध्व' संयुक्ताक्षर के पूर्व होने के कारण ह्रस्व होने पर भी उच्चारण नियमानुसार गुरु हैं। अतः उनका यह कथन कि हिन्दी में संयुक्ताक्षर के पूर्व का वर्ण दीर्घ नहीं होता, उचित नहीं है। ऐसा ज्ञात होता है कि उनके 'संयुक्ताक्षर के पूर्व अक्षर' का अभिप्राय उस वर्ण से है, जिस पर संयुक्ताक्षर के उच्चारण का भार नहीं पड़ता। (इसके लिए लघु उच्चारण के सम्बन्ध में इस लेख में पूर्व निर्दिष्ट नियम संख्या ५ देखिए।)

उन्होंने समस्त शब्द में संयुक्ताक्षर के पूर्व स्थित उस लघु वर्ण को, जिस पर संयुक्ताक्षर के उच्चारण का भार नहीं पड़ता, लघु ही माना है। उदाहरण—

निखिल जगत प्रेम-ग्रथित, (रेखांकित का लघु उच्चारण)
मोहित चर-अचर भ्रमित[9]

इसी प्रकार निम्नलिखित उदाहरण का रेखांकित वर्ण लघु है -

डाँडों के चल करतल प्रसार, भर-भर मुक्ताफल फेन-स्फार[10]

यदि समस्त शब्द में संयुक्ताक्षर के पूर्व अक्षर पर उसके उच्चारण का भार पड़ा है तो उन्होंने हिन्दी उच्चारण प्रकृति के अनुकूल उसे गुरु माना है, जैसे --

'एक गुह्य आघात और भी मर्मस्थल पर,[11] = २४ मा०

'ग्राम प्रकृति-श्री के रंग-स्थल,[12] = १६ मा०

'धरा स्वर्ग कश्मीर प्रकृति का सद्यः सौन्दर्यस्थल, = २८ मा०

इन्द्र नील नभ मरकत हरित धरित्री शस्यश्यामला[13], = २८ मा०

उपर्युक्त उदाहरणों में रेखांकित वर्ण गुरु हैं।

वे शब्दोच्चारण के मर्म को पहले भलीभाँति समझते थे, तत्पश्चात् तदनुरूप उसका प्रयोग करते थे। उदाहरण के लिए उनके काव्य में कई बार प्रयुक्त शब्द 'प्रतिक्षण' लिया जा सकता है। इसका उच्चारण अधिकांशतः 'प्रति व्यक्ति' के सादृश्य पर ४ मात्राओं का होता है, अतः उन्होंने इसका प्रयोग उसी रूप में किया है। उदाहरण -

'ढलती थी गहरी हो प्रतिक्षण[14] = १६ मा०

'जिस असीम ऊँचाई में तुम रहती प्रतिक्षण[15]. = २४ मा०

'अपने में स्थित/नव समाज रचना में रत/मैं प्रतिक्षण[16] = २८ मा०

'रंगों में जो कहती प्रतिक्षण[17] = १६ मा०

इसी प्रकार का इसका प्रयोग 'लोकायतन' के पृष्ठ ४८, ६५, ११०, १६२, १७४, १६२, ४४० एवं ४४२ पर द्रष्टव्य है।

हिन्दी में 'प्रतिक्षण' का उच्चारण ५ मात्राओं का भी प्रचलित है। इस प्रकार के उच्चारण में संयुक्ताक्षर के पूर्व का अक्षर 'ति' गुरु उच्चरित होता है। उन्होंने इस प्रकार के उच्चारण वाले 'प्रतिक्षण' शब्द का भी प्रयोग किया है, यथा—

'और नहीं तप खँटना तुमको स्वयं प्रतिक्षण[18] = २४ मा०

'एक असम्भव आकांक्षा से मथित प्रतिक्षण[19], = २४ मा०

'उधर देश में चली प्रतिक्षण[20], = १६ मा०

'जाल तानती रही प्रतिक्षण[21], = १६ मा०

५ मात्राओं के उच्चारण वाले 'प्रतिक्षण' का प्रयोग संस्कृत उच्चारण पद्धति से प्रभावित है। ऐसा प्रभाव उनके कवि जीवन के अंतिम चरण में ही दिखायी पड़ता है और वह भी बहुत न्यून मात्रा में। चूँकि ऐसा उच्चारण हिन्दी में भी प्रचलित है, अतः इसे अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता।

पंत जी 'मरुस्थल' का उच्चारण 'मरुथल' के समान 'मरुस्थल' के रूप में करते थे, इसलिये उनके इस शब्द के उच्चारण में संयुक्ताक्षर के पूर्व का अक्षर 'रु' गुरु नहीं है और इसमें केवल ४ मात्राएँ हैं। उदाहरण—

'गिरि समतल मरुस्थल को कोकर उर्वर[22], =१८ मा०
'मरुस्थल-सा अब शुष्क बोध जल[23] =१६ मा०
'बिना कर्म के ज्ञान शुष्क नीरस मरुस्थलवत्[24] =२४ मा०

यदि मरु और स्थल का उच्चारण मिलाकर किया जाए तो इसमें ५ मात्राओं का उच्चारण है, परन्तु सम्पूर्ण पंत काव्य में इस शब्द का ४ मात्राओं का निरपवाद प्रयोग प्राप्त होता है। अतः इससे सिद्ध होता है कि उन्होंने मरु और स्थल के मध्य समास सम्बन्ध स्थापित नहीं किया है।

पंत जी ने अपने काव्य में संस्कृत (तत्सम) शब्दों का प्रचुर प्रयोग किया है, परन्तु उनसभी को हिन्दी उच्चारण के साँचे में ढालकर ही अंगीकार किया है। विशेष रूप में उनके छायावादी काव्य का उच्चारण विशुद्ध हिन्दी का है और 'सोने की तोल' का है। उन्होंने अपने सम्पूर्ण काव्य में अभीष्ट उच्चारण की प्राप्ति के लिए किसी शब्द-स्वरूप को ज़रा सा भी नहीं तोड़ा मरोड़ा है। एक उदाहरण देखिए

शान्त, स्निग्ध, ज्योत्स्ना उज्ज्वल। =१४ मा०
अपलक अनन्त, नीरव भूतल। =१६ मा०
सैकत शय्या पर दुग्ध धवल, तन्वंगी गंगा, ग्रीष्म विरल, =१६, १५ मा०
लेटी हैं श्रान्त, क्लान्त, निश्चल।[25] =१६ मा०

हिन्दी उच्चारण पद्धति के सन्दर्भ में इस उद्धरण की प्रथम एवं चतुर्थ पंक्ति का विशेष उच्चारण सौन्दर्य द्रष्टव्य है। इसकी प्रथम पंक्ति में अभीष्ट लय (१६ मा.) की प्राप्ति हेतु २ मात्राओं की कमी पड़ रही हैं। यदि वे चाहते तो शान्त, स्निग्ध और ज्योत्स्ना में समास करने के पश्चात् संस्कृत-पद्धति से उच्चारण कर अभीष्ट लय की प्राप्ति कर लेते। यहाँ उन्हें मात्रा-न्यूनत्व तो स्वीकार था, परन्तु हिन्दी के उच्चारण-सौन्दर्य-स्वास्थ्य को जरा सा विकृत करना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं था।

इस लेख में पूर्व विवेचित 'मरुस्थल' शब्द के उच्चारण में उनके लघु उच्चारण प्रिय कोमल व्यक्तित्व का प्रभाव है और 'प्रतिक्षण' के कुछ परवर्ती प्रयोगों पर संस्कृत का। समग्र रूप में सम्पूर्ण पंत काव्य हिन्दी उच्चारण की दृष्टि से उत्तम कोटि का है, उसमें भी उनका छायावादी काव्य सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने पादान्त में शास्त्रानुमोदित लघु के गुरु उच्चारण करने के स्वातंत्र्य का कभी उपयोग नहीं किया। इससे उनकी शब्द-प्रयोग-सामर्थ्य और उच्चारण की स्वाभाविकता के प्रति उनकी विशेष अनुरक्ति का ज्ञान होता है। आज हिन्दी विभिन्न भाषाओं से शब्द और शिल्प ग्रहण कर रही है, अतः उसके स्वभाव की रक्षा के लिए उच्चारण-पद्धति की स्वाभाविकता के प्रति विशेष जागरूक रहना है। इस दिशा में श्री सुमित्रानन्दन पंत का हिन्दी उच्चारण पद्धति के अनुसार शब्द प्रयोग सदा अनुकरणीय रहेगा।

संदर्भ

१- 'एक मात्रो भवेद् ह्रस्वो द्विमात्रो दीर्घ उच्यये ।'
त्रिमात्रस्तु प्लुतज्ञेयो, व्यंञ्जनंचार्द्ध मात्रकम् ।।
—छंदः प्रभाकर (दशम सं०), भानु बिलासपुर (म०प्र०) पृ० ३ पर उद्धृत

२- संयुक्ताद्यं दीर्घं, सानुस्वारं विसर्गसंमिश्रण्,
विसेयमक्षरं गुरुं, पादन्तस्थं विकल्पेन ।
—श्रुतिबोध, छंदः प्रभाकर (दशम सं०), बिलासपुर (म०प्र०), पृ० २ पर उद्धृत

३- गो० तुलसीदास, रामचरित मानस (चौंसठवाँ सं०) गीता प्रेस गोरखपुर, पृ० १८३

४- पल्लव प्रवेश, (आठवाँ सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ३६

५, ७- पल्लव प्रवेश (आठवाँ सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ३५

६- सुमित्रानन्दन पंत ग्रंथावली खंड एक (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पृ० १६७

८- वही, उत्सर्ग, पृ० ८१

९- वही, ज्योत्स्ना. पृ० २९३

१०- वही, नौका विहार, पृ० २७५

११- पुरुषोत्तम राम (द्वितीय सं०) राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ३४

१२- लोकायतन (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ६८

१३- शंखध्वनि (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० १३१

१४- लोकायतन (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ४५

१५- सत्यकाम (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ११४

१६- शंखध्वनि (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० १०१

१७- वही, पृ० ११०

१८- पुरुषोत्तम राम (द्वितीय सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० २०

१९- वही, पृ० २६

२०- लोकायतन (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ९५

२१- शंखध्वनि (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० १७०

२२- लोकायतन (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ५९१

२३- पुरुषोत्तम राम (द्वितीय सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० ३९

२४- सत्यकाम (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृ० २०९

२५- सुमित्रानन्दन पंत ग्रंथावली खंड—एक (प्रथम सं०), राजकमल प्रकाशन दिल्ली, २७४

—o—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1984-85, Vol. 1 P. 19—22
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० १९-२२

एक महत्वपूर्ण कृति : श्रृंगारशिरोमणि

डॉ० ब्रजमोहन गुप्त

हिन्दी विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल

सारांश

[प्रतापसाहि रीतिकाल के अंतिम प्रमुख आचार्य-कवि हैं। अभी तक इनके दो ग्रन्थ—व्यंग्यार्थ कौमुदी (प्रकाशित) एवं काव्यविलास (अपूर्ण एवं हस्तलिखित) ही विद्वानों के विवेच्य रहे। जून १९७६ में कवि के प्रपौत्र ने अलंकार चिन्तामणि, काव्यविनोद, जयसिंह, प्रकाश एवं जुगल शिखनख हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग को भेंट किये हैं; किन्तु इधर श्रृंगार शिरोमणि के कुछ पृष्ठ मेरे देखने में आये हैं। वस्तुतः यह ग्रन्थ इतना रोचक एवं विवेचनात्मक है कि कई दृष्टियों से इसे उस युग की प्रौढ़तम कृतियों में रखा जा सकता है]

ABSTRACT

[Pratap Sahi is the last poet of the Riti Kal. Only two of his books Vyangyarth Kaumudi (published) and Kavya Vilas (incomplete Ms) have so far been evaluated by scholars. The poet's grandson presented some unpublished Mss Alankar Chintamani, Kavya Vinod, Jai Singh Prakash and Jugal Shikhnakh to Hindi Sahitya Sammelan in 1976. The author who has gone through some of the pages of Shringar Shiromani has attempted a critical analysis of this book which may be considered a monumental work.]

प्रतापसाहि रीतिकाल के अन्तिम प्रमुख कवि हैं। सुप्रसिद्ध कवि करन (करनेस) इनके ही पूर्वज थे। इनके पिता रत्नेश भी वहुत अच्छे कवि थे। प्रतापसाहि का जन्म संवत् १८२५ के लगभग देवपुर, बिजावर (म०प्र०) में हुआ था। राघवगढ़ नरेश जयसिंह एवं चरखारी नरेश रतनसिंह इनके प्रमुख आश्रय दाता थे। प्रतापसाहि ने नौ मौलिक एवं चार टीका ग्रन्थों की रचना की थी।

श्रृंगारशिरोमणि का सर्वप्रथम उल्लेख १९०६ की खोज रिपोर्ट[1] में मिलता है। उसी में यह काल विषयक दोहा उदधत है—

संमत अस्टादस सरस नब्बे ऊपर चार।
माघ मास सित पंचमी, यहै ग्रन्थ अवतार ।।

अर्थात् इस ग्रंथ का प्रारम्भ माघ शुक्ल ५ संवत् १८६४ को हुआ। अन्तिम पुष्पिका न मिलने से इसके समाप्ति वर्ष का पता नहीं चलता (प्रतापसाहि ने अपने प्रत्येक ग्रंथ के प्रारम्भ एवं समाप्ति तिथि का उल्लेख किया है) इतिहासकारों ने भी इसी रचना-संवत् को मान्यता दी है।

यद्यपि श्री जवाहर लाल चतुर्वेदी[२] ने इस ग्रंथ की एक प्रति राज्य पुस्तकालय, बूँदी (राज०) में बताई है, किन्तु अब वहां कोई प्रति उपलब्ध नहीं है। मुझे प्रतापसाहि के प्रपौत्र श्री कन्हैयालाल, चरखारी के पास इस ग्रंथ के केवल ३६ पृष्ठ देखने को मिले हैं--पृष्ठ सं० १, ५,८, १० से १६, २१, २३ एवं २६। इनमें छंद सं० है--१ से १६३ तक। अनुमानतः इस ग्रंथ में २५० छंद रहे होंगे। प्राप्त पृष्ठों तक कवि नायक-नायिका एवं सात्विक भावों का विवेचन कर चुका है। ग्रंथ कवि की हस्त लिपि में है।

रचना-क्रम एवं वर्ण्य विषय

कवि ने इस ग्रंथ की रचना शृंगार के आलंबन नायक-नायिका के लक्षणों में निहित विरोध के समाधान हेतु की है--

कहुं कहुं लछन में लषत, जानौ जात विरोध ।
शृंगांर सिरोमनि ग्रंथ में ते राखे मत सोध ।। छंद ३।

प्रतापसाहि ने पहले लक्षण दोहा छंद में प्रस्तुत किया है, तदुपरांत लक्षण के संबंध में विभिन्न अन्तर्विरोध दिखाये हैं बाद में अपना तर्क प्रस्तुत किया है तथा अपने मंतव्य की पुष्टि में अनेक संस्कृत-हिन्दी ग्रंथों का मत दिया है--

प्रथमहिं संका करि बहुरि उत्तर कहि रस रीति।
लखि सुहृद सब रीझि हैं, श्रम लखि करिहैं प्रीति ।। छद ४।

प्रतापसाहि ने संस्कृत एवं रीति-ग्रंथकारों के मतों का विश्लेषण ब्रजभाषा गद्य में किया है जिससे एक ओर ब्रज गद्य प्रौढ़ हुआ है तो दूसरी ओर गद्य के माध्यम से हिन्दी समीक्षा की परिपाटी आगे बढ़ी है। यद्यपि इनसे पूर्व भी टीका-ग्रंथों में गद्य मिलता है किन्तु शास्त्रीय-विवेचन गद्य में पहली बार देखने को मिलता है। एकाध स्थल देखिये--

"खंडिता-- परतिय के तन चिह्नन प्रिय, प्रात दिखावै आनि।
रस अनुकूल रिसै कही, वही खंडिता जानि ।।छंद ८३।

प्रिय के अपराध तैं खंडिता कही है सोऊ पति के अपराध धीरा अधीरा मानवती होती हैं। मान कौ लछन प्राचीन ग्रंथन में लिख्यो है।। अपराधं कोपो वा पूर्णमानमुदाहृता ।। मानमंजरी में

कह्यो है ।। प्रियापराध सूचिका चेष्टामात्रः ।। कोप तैं मान मान दैं ईर्षा तातैं ईर्षाजन्य जे भेद हैं ते सव खंडिता में ही संभावित है ।। अव जौ कोऊ कहै बोले सो धीरा बोले सो खंडिता तौ मानवती कौ बोलिवौ नाही है तहां मानवती खंडिता एक ही भई ।। अरु मान कौ लछन न बौलिवो भाषा ग्रंथन में लिख्यौ है--

दोहा-- पिय अपराध सरोष ह्वै, तिय जु धरै मुख मौन ।
मान कहत हैं तासु कौ, अनुभव रस बुध भौन ।।

तहां मध्या प्रौढ़ा मानवस्था करि धीरा अधीरा धीराधीरा ये तीन भेद होत हैं तहां धीरा अधीरा कौ बोले विगरि कोप नाहीं जान्यो जात है या लछन में विरोध परत है तहां प्रगट कोप करै अधीरा गुप्त कोप करै सो धीरा पति के परोछ कोप करै सो अन्य संभोग दुःखिता ।। कोप कारन सवमें है तातैं ये भेद खंडिता के अंतरभूत सव है ।। ताकौ समाधान ।। प्राचीन भारती ग्रंथन में मान चारि प्रकार कौ कह्यौ है ।। उक्तं च ।। वैमनस्य व्यलीकश्च विप्रियं मन्युरेव च एतेन संप्रवक्ष्यामि लक्षणानि यथाक्रमम् ।। निद्राखेदालसं गात्रं सचिह्नं सरसं व्रणं ।। एतादृशं पति दृष्टवा वैमनस्य विधीयते ।। बहु मोदार्थं मानो विलीकमुपजायते ।। युवतिनो वध्वा कुर्यात्तद्धदेविप्रियं भवेत् । उपचिह्नं ससर्जं तु मन्युस्तत्रोपजायते ।।

तहां वैमनमान खंडिता में है ।। व्यलीकमान धीरा में ।। विप्रियमान अधीरा में ।। मन्यु मान मानवती में ।। या क्रम तैं जुदी जुदी जानि लीजै ।। काहे तैं मान ही के कारन होती है तातैं मान ही तैं जुदी जानिये ।।"

इस प्रकार प्रतापसाहि ने मान के कारण खंडिता आदि में अंतर स्पष्ट किया है। इसी प्रकार के अनेक विवेच्य स्थल हैं जैसे (१) स्वकीया नायिका का क्रोध रहित होना, अन्यथा खंडिता से अन्तर कैसे ? (२) मुग्धा को अंकुरित यौवना क्यों कहते हैं ? (३) अज्ञात यौवना में अनुराग का अभाव, (४) धीरादि भेदों की स्वकीया के साथ परकीया एवं सामान्या में संभावना, (५) परकीया की पहचान कैसे ? विना पहचान उसके लक्षिता एवं कुलटा भेद कैसे ? (६) दूती संभोग दुःखिता को अन्य अन्य संभोग दुःखिता क्यों कहें ? (७) खंडिता, मानवती भेद, (८) कलहांतरिता और खंडिता, (९) विप्रलब्धा और उत्कंठिता, (१०) वासक सज्जा और आगतपतिका, (११) गर्विता और स्वाधीनपतिका इत्यादि।

ग्रंथकार ने अपने पूर्ववर्ती कुमारमणि, बिहारी, मतिराम आदि के विभिन्न छंद अपने समर्थन में उद्धृत किये हैं। उसने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों के ग्रंथों का उपयोग करने की बात इस प्रकार स्वीकार की है

रसमंजरी विचारि, मोद परिमल सु चित्त धरि ।
समुझि तिलक शृंगार, काव्य रूपक रत्नाकर ।
साहित्य दर्पन सोधि, भरतसूत्र कौ मत लहि ।
पुनि सुन्दर शृंगार, वहुरि रसराज भेद कहि ।
रसिक प्रिया सु विचारि चित, अपर ग्रंथ रस के गनत ।

शृंगार सिरोमनि ग्रंथ यह कवि प्रताप भाषा भनत ।। छंद सं० २ ।।

इनके अतिरिक्त नायक भूषण, अमरेश गुसाईं, संभु कवि तथा निघंटु एवं भाव प्रकाश आदि के उद्धरण भी 'शृंगार शिरोमणि' में मिलते हैं।

शैली की दृष्टि से 'शृंगार शिरोमणि' कारिका-वृत्ति-शैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस शैली का संस्कृत ग्रंथों के अनुकरण पर पहली वार इतना सुन्दर रूप हमें हिन्दी में दिखलाई पड़ता है।

काव्य की दृष्टि से यह एक उत्तम रचना है। यद्यपि कवि ने लक्ष्य के अनुरूप उदाहण प्रस्तुत किये हैं तथापि कहीं-कही अद्भुत भाव व्यंजना है। अन्य संभोग दुःखिता का एक श्लेषपरक उदाहरण देखिए

जानि कै दिली हौं गुन आगरौ विचारि तोमें,
काबिल कुमाऊँ मानि पठई नजारे में।
मोरग बिसारि करनाटक अनेक करि,
आई है अवधिनी कैलंजरि निसारे में।
कहैं परताप काशमीर कौ तिलक भाल,
पटना समात तन उमगि विहारे में।
सूरति सुहाई भागनगरि विलोके मोहि,
ऐसी को हितू है राजमहल हमारे में ।। छंद सं० ९८ ।।

यहाँ अनेक शहरों एवं प्रान्तों के माध्यम से किस प्रकार नायिका ने अपनी वेदना व्यक्त की है। इस प्रकार रीति युगीन ग्रंथों में 'शृंगार शिरोमणि' यथा नाम तथा गुण वाले कथन को चरितार्थ करता है।

संदर्भ

१- खोज का संक्षिप्त विवरण, नागरी प्रचारिणी, काशी, १९६४ प्रथम भाग, पृष्ट ४७१।
२- व्रजभाषा रीतिशास्त्र ग्रंथ कोष, सं० जवाहरलाल चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, १९६५।

—०—

Jour U. P. Govt. College Acad. Soc., 1984-85, Vol. 1 P 23—26
उ० प्र० रा० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० २३-२६

आधुनिक भारतीय दर्शन में शंकराचार्य के जगन्मिथ्यात्व सिद्धांत की व्याख्या

कैलाश नारायण त्रिगुनायत

दर्शनशास्त्र विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर

सारांश

[नव्य वेदान्त में शंकराचार्य के निरपेक्ष विज्ञानवाद को आधुनिक विज्ञानवादी विचारधारा के संदर्भ में पुनर्व्याख्या की गई है। इस व्याख्या का उद्देश्य अद्वैत वेदान्त को अधिक व्यावहारिक बनाना है। इस प्रयास में अद्वैत वेदान्त के कुछ व्याख्याकार ज्ञानमीमांसकीय नहीं अपितु तत्वमीमांसकीय वस्तुवाद की ओर झुके हैं। जबकि दूसरे इसकी विज्ञानवादी व्याख्या करते हैं।]

ABSTRACT

[In New-Vendantism Shankara's absolute idealism is reinterpreted in the light of modern idealstic or a absolutist thought. The aim of this interpretation is to make it more practical. In this attempt some interpreters of advaita lean heavily on realism not mere epistemological but ontological realism while others interpret it on idealstic lines.]

आधुनिक भारतीय दर्शन में शांकर वेदान्त विशेष रूप से शांकर वेदान्त के जगन्मिथ्यात्व सिद्धान्त की व्याख्या अद्वैत वेदान्त को और अधिक व्यावहारिक बनाने के लिये विभिन्न रूपों में की गई है। प्रो० राधाकृष्णन् और कोकिलेश्वर शास्त्री सहित रवीन्द्र नाथ टैगोर और श्री अरविन्द अद्वैत वेदान्त की वस्तुवादी व्याख्या करते हैं जबकि पॉल डायसन इसकी विज्ञानवादी व्याख्या प्रस्तुत करते हैं।

डायसन छान्दोग्य उपनिषद[1] के उस कथन को उद्धृत करते हैं जहाँ यह कहा गया है कि आत्मा के ज्ञान से सबका ज्ञान हो जाता है। वे इस उद्धरण से यह निष्कर्ष निकालते हैं कि प्राचीन उपनिषदों में आत्मा की एकमात्र सत्ता और फलस्वरूप जगत की असत्ता सिद्ध की गई है[2]।

प्रो० राधाकृष्णन डायसन के उपयुक्त मत से सहमत नहीं है। यदि आत्मा है और वह समस्त प्रमेय पदार्थों को समवेत किये हुए हैं तब स्वभावतः यह परिणाम निकलता है कि आत्मा के ज्ञान से समस्त प्रमेय पदार्थों का ज्ञान हो जाता है। परन्तु उससे यह नहीं सिद्ध होता है कि समस्त प्रमेय पदार्थ असत् हैं। उनका विचार है कि उपनिषदों में कहीं भी यह मत व्यक्त नहीं किया गया है कि परिवर्तनशील संसार निराधार भ्रममात्र है। उपनिषदों के रचयिता कविहृदय और कलाविद् थे। वे इस प्राकृतिक जगत के अन्दर जीवनयापन करते रहे और कभी भी इस जगत से दूर भागने का प्रयास तक नहीं किया।[3] इसलिये राधाकृष्णन् के मत में जगन्मिथ्यात्व की अवधारणा उपनिषदों का मौलिक सिद्धांत नहीं हैं[4] और शंकराचार्य का यह सिद्धांत उपनिषदों की शिक्षा के अनुकूल नहीं है। इसका कारण यह है कि प्रपत्रमय जगत भ्रम नहीं अपितु सत्य है यद्यपि यह निचले स्तर पर है।[5] वे यह स्वीकार करते हैं कि एक और अनेक के सम्बन्ध की व्याख्या एक गम्भीर समस्या है। इसलिये उपनिषदों में सादृश्यों और रूपकों के द्वारा ही ईश्वर और जगत के सम्बन्ध की व्याख्या की गई है। परन्तु यह उपनिषदों का दोष नहीं है। इन दोनों का सम्बन्ध अनिर्वचनीय है और इसी अनिर्वचनीयता को परवर्ती वेदान्त में मायावाद का रूप दे दिया गया है[6]।

राधाकृष्णन् का विचार है कि जब रस्सी सर्प के रूप में दिखाई देती है तब यह सर्प न तो शून्य से आता है और न भ्रमनिवृत्ति के बाद शून्य में विलीन ही होता है। उनके अनुसार इस भ्रम का कारण तार्किक और मनोवैज्ञानिक है। यह तत्वमीमांसकीय नहीं है।[7] भ्रांतिनिवारण का तात्पर्य मात्र अवधारणा में परिवर्तन है। वे अपना मत व्यक्त करते हैं कि शंकराचार्य के मोक्ष सिद्धांत से भी उपर्युक्त तथ्य प्रमाणित होता है। शंकराचार्य के अनुसार मोक्ष का तात्पर्य ,जगत् का विनाश नहीं है क्योंकि ऐसा होता तो एक व्यक्ति की मोक्ष प्राप्ति से सम्पूर्ण जगत का आस्तित्व समाप्त हो गया होता।[8] इसलिये प्रो० राधाकृष्णन के मत से मोक्षावस्था म जगत का निषेध नहीं होता अपितु इसकी पुनर्व्याख्या होती है।[9] सांसारिक पदार्थ यथार्थ सत्ता के अपूर्ण रूप अवश्य हैं परन्तु वे उसके मायावी रूप नहीं है। उनके अनुसार सत् को स्वीकार करने पर उन सभी को स्वीकार करना पड़ेगा जो सत् पर आधारित हैं। इसलिये ब्रह्म की मूलसत्ता जगत की सापेक्ष सत्ता सिद्ध करती है। राधाकृष्ण हैगेल के मत का समर्थन करते हैं कि भेद का निषेध परमतत्व का निषेध है इस तरह तो परमतत्व शून्य हो जायेगा।[10] वे रामानुज के उस उध्रण को प्रस्तुत करते हैं जहां यह कहा गया है कि कार्य की असत्ता से कारण कार्य का अनन्यत्व सिद्ध नहीं किया जा सकता है क्योंकि सत् और असत् का कोई तादात्म्य नहीं है। यदि ऐसा है तो या तो ब्रह्म असत् है या जगत् सत है।[11]

कोकिलेश्वर शास्त्री के अनुसार परमतत्व अपने को अपने से भिन्न रूपों में प्रकट करता है।[12] व्यक्त होने के पहले नामरूपात्मक जगत अव्यक्त रूप से ब्रह्म में स्थित है। अतः शंकराचार्य का सही दृष्टिकोण यही है कि जगत धोखा नहीं है। शंकराचार्य के दर्शन में अभेद पर विशेष जोर दिया गया है परन्तु भेद का समापन नहीं किया गया है।[13]

रवीन्द्र नाथ टैगोर के अनुमार जगत ईश्वर के स्वभाव की अभिव्यक्ति है। इसलिये जगत भी ईश्वर की ही भाँति सत् है। ईशोपनिषद के ११ वें मन्त्र की व्याख्या करते हु वे कहते हैं कि असीम (ब्रह्म) और सीमित (जगत) दोनों एक ही हैं। ठीक वैसे ही जैसे गीत और गायन।[14]

उनके अनुसार जगत गति है परन्तु इस गति में सम्बन्धों की एक नित्य शृंखला है।[15] जैसे किसी कहानी की पुस्तिका में वाक्यों के बाद वाक्य आते रहते हैं फिर भी इस शृंखला के द्वारा एक भावात्मक अर्थ निःसृत होता है वैसे ही जगत परिवर्तनशील होते हुए भी नित्यत्व की अभिव्यक्ति करता है। अतः वह सत् है।

श्री अरविन्द के अनुसार जगान्मिथ्यात्व का सिद्धांत तर्कसम्मत नहीं है। जगान्मिथ्यात्व के समर्थक स्वप्न और मतिभ्रम के साम्यानुमान द्वारा जगत को मिथ्या सिद्ध करते हैं। श्री अरविन्द वृ० उपनिषद ४, ३, ७, १०, ११, १२, १४ के आधार पर स्वप्न सिद्धांत की तत्वमीमांसकीय व्याख्या प्रस्तुत करते हैं और इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि स्वप्न असत नहीं है। उपनिषदों में जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति को एक ही सत्ता की विभिन्न अवस्थायें बताया गया है। वहाँ कहीं भी ऐसा संकेत नहीं है कि ये तीनों भ्रम या असत् को उत्पन्न करने की शर्तें हैं।[17] रस्सी और सर्प का साम्यानुमान भी जगत को मिथ्या सिद्ध करने में समर्थ नहीं है। भ्रमात्मक वस्तु का कहीं न कहीं अस्तित्व अवश्य है। उनके अनुसार माया क्रीड़ा अथवा लीलामात्र है। एक से अनेक का रूप धारण करना सत् की सत् के साथ, चेतना की चेतना के साथ और आनन्द की आनन्द के साथ क्रीड़ा हेतु होता है।[18] जगत और जीवात्मा के रूप में परमतत्व ही अभिव्यक्त होता है। जगत् परमतत्व से ही उत्पन्न होता है और परमतत्व में ही विलीन होता है। यह असत् नहीं है। उपनिषदों में एकता और अनेकता को यथोचित महत्व प्रदान किया गया है। यह तो परवर्ती विचारकों की देन है जिन्होंने एकता को स्वीकार करके अनेकता को अस्वीकार कर दिया।[19]

वस्तुस्थिति यह प्रतीत होती है कि उपर्युक्त समस्त विचारकों के दृष्टिकोण शंकराचार्य के जगन्मिथ्यात्व सिद्धांत के सम्बन्ध में यथार्थ ज्ञान के अभाव के परिचायक हैं। उनका इस दिशा में प्रयास श्लाघनीय अवश्य है कि वे अद्वैत वेदान्त को अधिक व्यवहारिक बनाना चाहते थे। परन्तु उन्होंने शंकराचार्य के यथार्थ मंतव्य की उपेक्षा की। शंकराचार्य जगत को पूर्ण असत् कभी नहीं बताते हैं। उनके अनुसार जीव ब्रह्म की एकता के ज्ञान के पूर्व संपूर्ण जगत् सत् है।[20] शंकराचार्य जब जल बुद्‌बुद्, माया, भ्रम आदि शब्दों के द्वारा जगत का वर्णन करते हैं तब उनका उद्देश्य जगत की पारमार्थिकी असत्ता सिद्ध करना है। क्योंकि सत् की कसौटी से मात्र ब्रह्म ही पारमार्थिक रूप से सत् है। यदि ब्रह्म ही एकमात्र सत् है तो इससे तार्किक रूप से यह सिद्ध होता है कि उससे भिन्न जगत सत् नहीं है परन्तु ब्रह्म ज्ञान से पूर्व इस जगत की सत्ता विद्यमान रहती है। इसलिये शंकराचार्य जगत को व्यावहारिक रूप से सत् बताते है। विवेकानन्द का सिद्धांत शंकराचार्य के यथार्थ मंतव्य के अधिक निकट है। उनके अनुसार समुद्र की लहर समुद्र से एकता रखते हुए भी समुद्र नहीं है। यह समुद्र से भिन्न है और इसकी भिन्नता नामरूप के कारण है। यद्यपि लहर के समाप्त होने से लहर का पूर्वरूप भी समाप्त हो जाता है फिरभी वह केवल भ्रम नहीं कहा जा सकता है।[21] इतना होने पर भी शंकराचार्य का विवेकानन्द से कुछ विरोध भी है। विवेकानन्द के अनुसार माया सिद्धांत कोई तार्किक सिद्धान्त नहीं है। यह विश्वरूप की व्याख्या के लिये कथन मात्र है। शंकराचार्य के अनुसार माया सिद्धान्त तार्किक सिद्धान्त है। यदि आत्मा अथवा ब्रह्ममात्र ही सत् की कसौटी के आधार पर सत् सिद्ध होता है तब तार्किक रूप से यह निःसृत होता है कि ब्रह्म से भिन्न जगत सत् नहीं है। परन्तु यह पूर्ण असत् भी नहीं है क्योंकि इसका अनुभव होता है।

संदर्भ

1- छान्दोग्य उपनिषद (निर्णय सागर प्रेस बम्बई १६३२) १.१.२
2- Paul Deussen-The Philosophy of the Upanisads (Edinburgh 1608) P. 23E
3- Radhakrishnan-The Philosophy of the Upanisads (George Allen and Unwin) P. 61, 62
4- Radhakrishnan-The Philosophy of Mhe Upanisads (वही पृ० ६४-६८)
5- Radhakrishnan-Eastern Religions and Western thought (Clarendon Press Oxford Second Edition 1940) P. 30
6- Radhakrishnan- The Philosophy of Upanisads (George Allen and Unwin P. 62
7- Radhakrishnan-Indian Philosophy Vol. II (George Allen and Unwin I977) P. 582, 523
8- शा० भा० (वाराणसी सं० २०२८ वि०) ३.२.२१
9- Radhakrishnan—Indian Philosophy Vol. 11 P. 583
10- वही Vol. I (George Allen Unwin 1977) 67
11- रामानुज-श्रीभाष्य (जार्ज थिबौत का अनुवाद–Clarendon Press, Oxford 1904)
12- K. Shastri-An Introduction to Advaita Philosophy (Calcutta University Press P 926) P. 27
13- वही पृ० २६
14- Tagore-Personality (Indian Edition 1933) P. 57
15- वही पृ० ५६
16- Sri Aurovindo-The Life Divine Vol. II (1940) P. 202 (Arya Publishing House, Calcutta)
17- वही पृ० २३८
18- वही पृ० १३७
19- वही खंड १ (द्वितीय संस्करण जुलाई १६४३) पृ० ४३
20- शा० भा० (वाराणसी सं०२०२८ वि०) २.१.१४
21- विवेकानन्द–ज्ञानयोग पृ० १२७ (अद्वैत आश्रम, मायावती अल्मोड़ा) १६२५ (लंदन में १८६६ में विवेकानन्द द्वारा भाषण–Maya and The Evolution of The concept of God)

—०—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1984-85, Vol. 1 P. 27—30
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० २७-३०

ISAAC ASIMOV'S SCIENCE-FICTION TECHNIQUE

Dr. SATISH KUMAR

Professor & Head of the Dept of English, Govt. Raza College, Rampur.

सारांश

[विश्व के महान् विज्ञान-कथा-शिल्पी एसिमोव ने सुप्रसिद्ध अमरीकी कथाकार पो की जासूसी और वैज्ञानिक कथा-तकनीकों का समन्वय करके 'साइंस फिक्शन मिस्ट्री' की एक नयी शैली को जन्म दिया । उनके उपन्यासों और कहानियों की सेटिंग अंतरिक्ष या कोई सुदूर ग्रह है। उन्होंने अपराधों का पता लगाने के लिए जिस साईन्टिस्ट डिटेक्टिव की सृष्टि की है और पो के दूपाँ के समान डा० उर्थ और इलिजा़ बेली जैसे जासूसों का सृजन किया है, वह उन्हें इस क्षेत्र का अप्रतिम कथाकार सिद्ध करता है।]

ABSTRACT

[Asimov's greatest technical achievement lies in combining the detective and science fiction genres and in evolving the scientist detective. E. A. Poe, the pioneer of science fiction and detective fiction in American literature, greatly influenced Asimov's fictional technique. He calls the new genre, born of the union of science fiction and detective fiction "science fiction mystery", and it is noticeable that Asimov uses the word "mystery" in the sense of a "soluble problem" as Poe had used it in the Murders in the Rue Mergne" and "The Mystery of Marie Roget" In ASIMOV'S MYSTERIES, THE CAVES OF STEEL and THE NAKED SUN Asimov assimilates the Scientific and the Detective Modes of Fiction]

E.A. poe's technique of THE TALES OF MYSTERY AND RATIOCINATION and science-fiction anticipate the manner and method of Asimov the most outstanding writer of science-fiction in our time. The greatest contribution of Asimov to science fiction lies in bringing together the detective and science-fiction genres and in evolving the scientist-detective who combines vast scientific knowledge with the sharp ratiocinative ability of Poe's Dupin. Asimov has created two imperishable scientist-detectives-Bailey who resolves complicated murder mysteries in THE

CAVES OF STEEL and THE NAKED SUN. and Dr. Wendell Urth who is credited with the solution of murder mysteries in ASIMOV'S MYSTERIES. Jack D. Wages, first of all, traced Asimov's debt to Poe :

> This prophecy is only partly fulfilled in the unlikely accomplishment of Isaac Asimov who, with numerous backward glances to Poe's work, has successfully amalgamated the detective story with science fiction, Such a union is not unnatural, for science and detection have much in common, both usually elevating the idea or plot over characterisation and both often presenting the reader with a puzzle to solve.[1]

Asimov conscientiously and ingeniously amalgamated the mystery form with science-fiction. In the 'Introduction' to ASIMOV'S MYSTERIES he points out that such a fusion is possible within the precincts of art : one would think that science fiction would blend easily with the mystery. Science itself is so nearly a mystery and the research scientist so nearly a Sherlock Holmes ... ... In a science fiction story the detective could say, ''But as you know, Watson, ever since 2175, when all Spaniards learned to speak French, Spanish has been a dead language. How came Juan Lopez, then, to speak those significant words in Spanish ?'' Or else he could have his detective whip out an odd device and say, ''As you know, Watson, my pocket-frannistan is perfectly capable of detecting jewel in a trice.'' ?

Poe's influence on Asimov is obvious in ASIMOV'S MYSTERIES, a collection of thirteen short stories. It is not an exaggeration to say that in all of them he observes the rules of the detective story, as laid down by Poe, but all this has been done with the additional fillin of a science-fiction setting. In four stories ''The Singing Bell'', ''The Talking Stone'', ''The Dying Night'' and ''The Key'' Asimov created the character of Dr. Wendell Urth, the renowned ex-traterrologist, on the pattern of Poe's Dupin. Urth's ability to perform astounding feats analysis and ratiocination, his love of music and books his cloistered existence and his chiding of obtuse policemen are only a few traits that remind us of Poe's Dupin. Like Dupin, Urth is a scholar and prefers loneliness. Like Dupin's house, his house seems to exist in isolation. Like Dupin he is a bachelor and is tinged with eccentricities. Like Dupin, he has won renown as a rationalist and solver of mysteries. When the police officers fail to investigate crimes, committed on distant planets they seek his help. He has acted as a consultant for the Terrestrial Bureau of

Investigation on serveral occassions and has given perfect satisfaction.

The setting in Poe's Dupin stories is Paris, where as in Asimov's short stories and novels the setting is a colony on the moon or a remote planet, or it is a mythical world or location in distant future on earth. His settings suggest hypothetical possibilities which may have physical existence. Asimov deftly assimilates the science fiction with the detective fiction by presenting mysteries, which are solved by an amateur detective on the moon or in distant and remote futures. Consequently, Asimov's criminals are not like Poe's Minister D-------, whose imagination does not stretch beyond the earth. They, on the other hand, are expert spacemen like Peyton, Caunas Straus, Edmund Farley and Professor James Priss.

Asimov's two novels, THE CAVES OF STEEL and THE NAKED SUN are fine artistic examples of the assimilation of the scientific and the detective modes of fiction. In both these novels he carries us to remote settings, space in the first and the planet Solario in the second, where the first murders were committed. Elijah Bailey, the detective, assisted by a robot Daniel Olivaw, successfully investigated the munders with remarkable capacity for Dupinesque ratiocination.

Poe, it is obvious, anticipated Asimov, His device of extrapolation in detecting remote and unknown futures and vast distances in space and planets, the physical details of science, chemical theories and astronomical details in describing the setting, and above all, minute observation and ratiocination are some of the technical devices which Asimov learnt from Poe. Summing up Asimov's indebtedness to Poe, Jack D. Wages writes :

> Thus Asimov's science fiction mysteries contain the minute scientific explanation that is the hallmark of Poe's scientific fiction, in combination with most of the elements of Poe's detective stories.[3].

Asimov's amateur detectives, Dr. Urth and Elijah Bailey, occupy the same sovereign place in the science fiction mystery, which Dupin enjoys in the detective fiction. Asimov's greatest and lasting contribution lies in the masterly and ingenious fusion of the science fiction mystery

with the detective fiction. In this respect he is without a peer. Conscious of his greatness in the field of science fiction he writes:

In the field of science fiction I am a national monument.[4]

REFERENCES

1. Jack D Wages "Isaac Asimov's Debt to Edgar Allan Poe", POE STUDIES, Vol. 6, no. 1, June 1975, P. 29.
2. Isaac Asimov : ASIMOV'S MYSTERIES (Frogmore, Panther Books Ltd., 1976) P.P. 9-10.
3. Op Cit. P. 29.
4. Isaac Asimov's : BUY JUPITER (Frogmore. Panther Books Ltd., 1977) P 10.

—o—

Jour. U. P. Govt. College Acad Soc 1984-85, Vol., 1 P. 31-35
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० ३१-३५

ci-

P. 29.

FROM HERE TO ETERNITY

[A note on the concept of Time in Mulk Raj Anand's 'Untouchable']

SURESH CHANDRA

Principal, Govt. Degree Coll ge Vedikhal (Pauri)

सारांश

[इस विश्व प्रसिद्ध उपन्यास में अठारह वर्षीय अछूत हिन्दू युवक के एक दिन का जीवन चित्रित है। वह प्रातःकाल फौज के शौचालयों की सफाई करता है, दिन में अनेक बार समाज और पिता से प्रताड़ित होता है, घर छोड़कर निकल पड़ता है किन्तु महात्मा गाँधी का भाषण सुनकर रात को घर लौट पड़ता है। इस सोलह घंटे के नाटकीय संघर्ष में उपन्यासकार एक ओर उसके अठारह वर्ष का व्यक्तिगत जीवन तथा दूसरी ओर दो हजार से लेकर छह हजार वर्षों के सामाजिक जीवन–यहां तक कि कालातीत सांस्कृतिक मूल्यों का चित्रण करता है। अतः उपन्यास का समय-काल-पट मात्र १६ घंटे न होकर व्यक्तिगत अठारह वर्ष तथा समाजगत सहस्र वर्ष, युग युगान्त से बढ़कर कालातीत है जो नायक की चेतना को प्रभावित करता है।

ABSTRACT

[This world renowned novel presents a single day in the life of a Hindu outcaste of eighteen years. In the morning he cleans the latrines in a military regimental centre, gets humiliated and scolded by people and his father, leaves his home, sees and listens to Mahatma Gandhi and returns home at night. In this dramatic struggle of sixteen hours the writer reveals the story of the hero's eighteen years on one hand and social structure from two to six thousand years-even the values that are beyond time--on the other. The time scale of the novel, therefore, is not sixteen hours but eighteen individual years and thousands of years-ages-yugas-even beyond Time on social level which governs the depths of the hero's being.]

'This remarkable novel', says E. M. Forster in the Preface, 'describes a day in the life of a sweeper in an Indian city with every realistic circumstance[1].' Saros Cowasjee, writing the 'After word' to the novel, tells that besides the influence of Rousseau, Tolstoy and

Gogol, the two works, Gorky's 'Creatures that once were men', and Joyce's 'Ulysses', influenced him most : ''Like Gorky he went to the lowest dregs of humanity in search of his hero, like Joyce he dramatised the events of a single day (in both novels the time involved is about sixteen hours)2.

These sixteen hours mirror eighteen years of the hero's life and thousands of years of his heredity and environment. His social and racial consciousness struggles against the circumstances of a single day till the conflict is hopefully resolved. The individual and social present reveals the individual and social past and both merge into a suggestive future-the British Indian penal code and the Machine-the flush system.

The hero, eighteen years old Bakha, chided by his father, leaves his cold bed on a winter morning to clean latrines in a military barrack, then he burns refuse, goes to sweep city streets, gets humiliated there and then in the temple, begs for food, leaves half eaten mid day meal, sees his friend's sister being married, plays a hockey match, scolded by his father roams about to meet a Salvation Army padre and then goes to city railway station where he hears people talking about Mahatma Gandhi, sees him and finally returns home in the night.

This time scale of physical existence fades into insignificance as, through artistic subtlety, the individual awareness of eighteen years of Bakha's life on one hand and thousands of years of social existance on the other grow upon the reader.

It is the timeless stage of social structure that the entire drama of the hero's one day existance has been played upon. Society itself is a character, the antagonist, having its roots in times immemorial. It is the ancient Hindu socity categorising its people in four classes-Varna-Comprising of Brahmin, Kshattriya, Vaishya and Shudra. Brahmins are at the highest and Shudras at the lowest. One belongs to them by birth-Janma. Birth also is governed by Karma-deeds-not only of one life but of a chain of lives. Manu, the law giver, did not originate but simply codified this system. Among the Shudras there are different status as a Washerman-Dhobi-is higher than a leather worker-Chamar and the sweeper, scavenger-Bhangi-is the lowest-Antyaja. Inspite of the freedom in philosophy, Knowledge and devotion-Darshan, Gyan and Bhakti-the Varna system still prevails. The ages old problem of untouchability is the out come of degeneration in the ancient social set up. The remoteness of this problem is stated by Mahatma Gandhi in the novel : 'We have for centuries trampled underfoot millions of human being without the slightest remorse for our

iniquity[3].' Bakha, the green youth of lowest stratum of society, has the simple old Indian consciousness which is deeply furrowed by the style of European dress.

On several occasions the novelist specifically drops hints of 'thousands of years.' 'The serfdom of thousands of years had humbled him (Bakha)[4].' The kindly Hindu Havildar Charat Singh 'had a Condescending grin which symbolised two thousand years of racial superiority[5].' The Babu, tells that 'We had canals in ancient India four thousand years before Christ[6].' We have 'a race consciousness six thousand years old[7],' says the editor poet Sarashar. Very imperceptibly, with his artistic witchcraft, the writer takes the reader from two to four and then to six thousand years back which is just an indirect suggestion of a very remote part the time beyond history.

It is in this timeless world that gods exist. They are immortal. Bakha's mother symbolised the giver-Mahalakshmi. Yama-the god of death, Vishnu, Kali, Hari, Narayana are timeless gods. As the timescale contracts, the gods appear into timeborend human form-the avatars. the incarnations of timeless god-Vishnu. Rama and Krishna belong to 'Treta' and 'Dwapara', followed by much bemoaned 'Kaliyuga' millions of human years go to make a Yuga. Bakha's understanding and reverent feelings for these gods takes the reader further down to hoary vedic age when sacrificial fire 'Yagna' was performed-the experience that Bakha had while burning the garbage.

Bakha's rendezrous with Christ, Yessuh Messih through Salvation Army padre col. Hutchinson brings us into palpable time sense of history. It is another matter that the Judgement Day and Kingdom of God donot appeal to the hero because he was a product of culture which believed in Yama-the god of death rewarding and punishing souls for their Karma-deeds life after life. ''The religion which was good enough for his fore fathers was good enough for him[8].' Thus the antiquity in the depth of his being reasserts itself.

The humourous references to Emperor Jehangir's bell and Rana Sanga, the conqueror of Akbar take us closer to our own history. The immediate present is revealed through the narration of individual's lives. Sixty five years old col. Hutchinson had charmed a pleasure loving barmaid in Cambridge to be his wife and had brought her to India where he donned native dress and was once beaten up by the Congress wallahs. He had succeded to convert only five persons to Christian fold. Mahatma Gandhi, almost of the same age, goes back to the narration of his child hood

experience when he touched an outcaste boy leka and, thereafter, in his Ashram even Brahmins did the work of scavenging. Bakha's part is unfolded through his recollections of his mother and how ten years earlier he had played husband to his friend, Ram Charan's sister. As a child he longed to possess the sola 'tope' that hung in the quarter guard of the regiment surrounded by many legends of its continuous presence there. Bakha s father narrates in great detail how a Hindu Hakim come to his house to treat the infant Bakha.

Then this immediate, individual present moves towards future. 'The old order changeth, yielding place to new.' At Golbagh where ancient Hindu kings had planted beautiful bowers, the multitudes waiting for Mahatma Gandi had crushed them down. ''It was as if they knew, by an instinct surer then that of conscious knowledge, that the things of the old decadence must be destroyed in order to make room for those of the new. It seemed as if, in trampling on the blades of green grass, they were brutally trampling on a part of themselves, which they had begun to abhor and from which they wanted to escape to Gandhi.''[9]

Gandhi's arrival sets the time machine moving towards past. ''He has the Shakti to change the whole world[10] 'says the Babu. To his baffled hearer 'Gandhi was a legend, a tradition, an oracle. He had heard from time to time during the last fourteen years, how a saint had arisen as great as Guru Nanak, the incarnation of Kreshanji Maharaj of whom the Ferungi Sarkar was very afraid. His wife had told him of the miracles which this saint was performing[11].' Gandhi presents himself as an orthodox Hindu and still calls the age old tradition of untoucha-bility as a blot on Hinduism. He revives the spirit of Bakha towards a determined future by calling Harijans–'the sons of God.' It gives him heart to face his unhappy envirorment once again.

The sense of past rises from four thousand years in the speech of the Babu to six thousand years of racial consciousness in the discussion of the poet and the barrister. But all this hoary past and fermenting present move towards a future when the flush system will remove the dirty profession of scavenging and the Indian penal code will establish equality in society. This change shall be organic and not mechanical because it is the genius of India to accept all things, says the poet. ''We have through out our long history, been realists, believing in the stuff of this world, in the here and now, in the flesh and the blood We have the advantage of a race consciousness which accepted all the visible and invisible values.''[12]

Thus, out of sixteen hours of his existence, the inner chambers of Bakha's mind widen from here to eternity. ''His wealth of inner experience, however: was extra ordinary.'' It was like that of a peasant an Arab seaman or a beggar singing to the tribe of infinity and eternity coming down in human history since the down of civilization. It is the poet Sarashar who strengthens the confidence in the hero which was engendered by Gandhi. The encircling gloom of night cannot keep him away from his home. To him he shall ask the secret of new life-the machine.

In this way Mulk Raj Anand, with a magic wand of genius, takes the reader, enclosed in the capsule of a single day, up into space swinging him backward and forward in the limitless time. As Bakha, the hero, moves homewards the reader returns to his familiar grounds as if the rose should shut and be a bud again.''

REFERENCES

References to page numbers are quted from Orient Paperbacks Edition of 'Untouchable' 1970.

1. Page 5; Untonchable
2. Page 176 : Ibid
3. P. 160 : Ibid
4. P. 71 : Ibid
5. P. 17 : Ibid
6. P. 154 : Ibid
7. P. 169 : Ibid
8. P. 136 : Ibid
9. P. 151 : Ibid
10. P. 152 : Ibid
11. P. 153 : Ibid
12. P. 169 : Ibid

—:)o(:—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1984-85, Vol., 1 P. 36-39
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८४-८५, खंड-१, पृ० ३६-३९

NIRAD C. CHAUDHURI ON HINDUISM

MRS. RUBY SIDDIQUI

Dept. of English, Govt. Raza P. G. College. Rampur.

सारांश

[नीरद चौधरी, जो इंडो इंगलिश साहित्य में एक अत्यधिक विवादाग्रस्त लेखक हैं, ने अपने साहित्य में हिन्दू धर्म पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। उनके अनुसार हिन्दू धर्म एक धर्म नहीं है, अपितु विभिन्न धर्मों का संकलन है। हिन्दू अपने धर्म को 'सनातन धर्म' कहते हैं। चौधरी के हिन्दू धर्म से सम्बन्धित विचारों का तर्क पूर्ण विश्लेषण यह बताता है कि उनके विचार संकोर्ण और निराधार हैं]

ABSTRACT

[Nirad C. Chaudhuri, the most controversial writer in Indo-English Literature, has authoritatively expressed his views on Hinduism in 'The Continent of Circe' and Hinduism'. According to him, Hinduism is not one religion, it is a compendium of many religions. In want of a better expression Hindus call their religion 'Sanatan Dharama'. A careful and disintersted study of his views on Hinduism reveeals that his approach is false, distorted and misleading.]

Nirad C. Chaudhuri is a well known name in Indo-English prose. He is one of the greatest, yet the most controversial writers. In this respect, his place in literature is a privileged one. As a writer his contribution to the development of human thought and craftsmanship is remarkable.

Nirad Chaudhuri, an unknown Indian till 1951 when his 'Autobiography' made him oonspicuous, is an erudite intellectual who has the courage to stand apart and be ''different from the crowd as a critic of Indian society''. He has been a prey to controversy because of his odd and eccentric theories on religion. He loves everything Western and hates everything Indian.

N. Chaudhuri has given expression to his views on Hinduism, Indian history and civilisation in his famous but controversial books 'The Continent of Circe' and 'Hinduism' In these books Chaudhuri's approach to Hinduism is false, distorted and misleading. He does not appear to be in the full know of the sources of Hinduism and Vedantic religion. Chaudhuri equates Hinduism with Indian which means ''an inhabitant of the georaphical continent of India''[1]. Chaudhuri writes in his famous book ''Hinduism'' : ''Hinduism can be described as many religions with greater aptness, and it also pervades Hindu life as lived in the world in every nook and cranny''[2]. Chaudhuri pinpoints that the modern European orientalists found that the Hindus had no other name for the whole complex of their religious beliefs and practices except the phrase ''Sanatana Dharama'' or the eternal way. They did not even have a word of their own for religion in the European sense; and so that orientalists coined the work 'Hinduism' to describe that complex of religion.

N. Chaudhuri's views on Hinduism are based on his opinion on the outlandish character of the Aryan settlement in India. Hinduism is a polytheistic religion of those Aryans who settled in India. Its polytheistic character dates back to the hoary past of the Aryana settlement in India. Chaudhuri suggests that in addition to a clash over territory the Aryans in Iran might have quarrelled over a question of religion and beliefs. A group of Iranian Aryans might have resented the approach to jealous and intolerant semetic single God. The Aryans according to him entered the territory of Punjab aroud 1000 B. C. The Aryans who supposed themselves the first civilised people to settle in India had to face the dark primitives of India. They called themselves Aryans which means 'nobly born' and they addressed the dark primitives as 'Aryans'. Dr. Satish Kumar opines that ''a permanent demarcating line was drawn between the Aryan invaders who permanently settled in India and the aborigins from the Punjab. The Aryans spread over the Gangetic planes, on the last they went to the south.[3]''

In the 'Continent of circe' Chaudhuri points out that the Aryans of the Rigveda, who settled in India, were racially related with the Metannians of Hurrians in upper Mesopotamia in the 14th and 15th centuries B. C. Metannians were very nearly related to the Aryans who finally went to Persia and then to India. ''This Metannian Mesopotanian connection is the only thing which is certain in the history of the Indo-Aryans before they came to India.[4]''

In the opinion of Chaudhuri Hinduism is conspicuous for its worldly character and it is the means of supporting and improving the existence of its followers in the world. Although in Hinduism ''there is belief in another world, in life after death, and in all the supramundan e things which form the staple of every religious system,'' the worldly aims of religion outweigh the unwordly ones. Chaudhuri boldly remarks, ''Actually the religion is for the world and there is no unworldliness in it. At the same time the world is also for religion and the two cannot be separated. Therefore in Hindu society every wordly activity is under the control of religion, and every thing religious is involved in the world.[5]''

वन विभाग द्वारा भूमि के हस्तांतरण एवं वृक्षों के निस्तारण में विलम्ब किये जाने तथा सड़क निर्माण की दिशा में भूमि अधिग्रहण की वर्तमान प्रणाली के कारण भी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति में दुष्प्रभाव पड़ता है। वाहनों की मरम्मत व निरीक्षण सम्बन्धी कार्यशालाओं की भारी कमी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पास प्रमुख स्टेशनों पर अवश्य ही कार्यशालायें हैं, किन्तु निजी संस्थाओं एवं मालिकों को अपनी वाहनों की मरम्मत कराने हेतु पर्याप्त कष्ट का सामना करना पड़ता है। उदाहरण स्वरूप सम्पूर्ण कुमाऊँ क्षेत्र में वाहनों की विशिष्ट मरम्मत का कार्य केवल हल्द्वानी में ही सम्भव है। यदि कोई वाहन बागेश्वर में खराब हो जाय तो उसे ठीक कराने हेतु हल्द्वानी ही लाना होता है। ग्रामीण सड़कों के निर्माण का उत्तरदायित्व ग्राम पंचायतों पर होता है। ये सड़क विकास आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वित्तीय साधन जुटाने में असमर्थ रहती हैं। तकनीकी योग्यता वाले व्यक्तियों के ज्ञान का प्रयोग नहीं कर पातीं तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में समन्वय का अभाव रहता है। एक बार किसी सड़क का निर्माण कर लेने के पश्चात उसकी ओर उदासीनता बरती जाती है जिससे कुछ ही समय में वह यातायात के अयोग्य हो जाती है। इसलिये सड़क निर्माण का कार्य ग्राम पंचायतों से हटाकर एक अलग विभाग स्थापित कर उसे सौंप दिया जाना चाहिए। इस विभाग में तकनीकी योग्यता रखने वाले व्यक्तियों को सम्मिलित कर स्थाई श्रमिक वर्ग की भर्ती की जाय। इससे निष्पक्षतापूर्ण तरीके से मार्गों के निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा।

लोगों का यह कथन कि पर्वतीय क्षेत्र में बिखरी जनसंख्या एवं उद्योगों की कमी के कारण सड़क यातायात का विकास नहीं हो पाया पूर्णतया निराधार प्रतीत होता है। जनता ऐसे स्थान पर बसती है जहाँ उसे जीवन यापन सम्बन्धी सुविधायें उपलब्ध हों। ये सुविधायें तभी प्राप्त हो सकती हैं जबकि कुशल यातायात साधन सुलभ हों यही कारण है कि आज ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों की ओर जनता की प्रवासी प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। अत: जनता की अस्थिरता को रोकने के लिये

बिखरी जनता को अच्छी सड़कों के माध्यम से जोड़ा जाना चाहिये। बिखरी जनता की तरह कुशल सड़क यातायात के अभाव में उद्योगों की स्थापना कर पाना कठिन है। सड़कों का विकास पहले किया जाना चाहिये और तत्पश्चात कुशल यातायात साधनों द्वारा ही उपलब्ध संसाधनों से उद्योगों की स्थापना की जा सकती है। माल एवं यात्री यातायात की आवश्यकता की पूर्ति हेतु विद्यमान मोटर निर्माण इकाईयों द्वारा पूर्ण क्षमता के साथ उत्पादन करना चाहिये और कुछ नवीन इकाइयों की स्थापना को भी प्रोत्स हित किया जाना चाहिए। अधिक उत्पादन के लिए एक अच्छा उपाय यह भी हो सकता है कि विद्यमान निर्माणी उद्योगों द्वारा वाहनों के उत्पादन की न्यूनतम सीमा निर्धारित कर उन्हें अधिक उत्पादन पर करों में छूट, वित्तीय एवं सामान्य सुविधायें प्रदान की जानी चाहिए। ताकि प्रत्येक इकाई पूर्ण क्षमता से उत्पादन कार्य कर सके। इस प्रकार वाहनों की संख्या में बृद्धि होने से राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा। निजी वाहन चालकों को वाहन खरीदने उसकी मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु वित्तीय कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतएव वित्तीय संस्थाओं को चाहिए कि सरल शर्तों पर ऋण प्रदान कर निजी वाहन मालिकों को सड़क यातायात का अधिक विकास करने हेतु सक्रिय सहयोग दें। इसके अतिरिक्त इन छोटे एवं मध्य वर्ग के निजी वाहन मालिकों की सहायता हेतु एक सड़क यातायात वित्तीय निगम की स्थापना की जानी चाहिए।

श्रोत :-

१- राज्य सड़क यातायात निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, नैनीताल से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर गणना की गई है।
२- सम्भागीय यातायात कार्यालय से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर गणना को गई है।
३- मोटर गाड़ी अधिनियम, १९६२ संशोधित १९७३
४- पर्यटन कार्यालय नैनीताल से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर गणना की गई है।
५- एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट आफ द कुमाऊँ। सार्वजनिक निर्माण विभाग।
६- उत्तर प्रदेश, वार्षिक अंक १९६८ तथा १९७८

—[०]—

उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा के विकास में महाविद्यालयों का योगदान

सतोशचन्द्र गुप्त
शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तर प्रदेश

डॉ० शर्मा, डॉ० गोइन्दी, विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों से आये प्रतिनिधिगण, सम्मानित नागरिको, देवियों और सज्जनो ! राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों ने जिस एकेडेमिक सोसाइटी की स्थापना की है, उसका आज से प्रथम अधिवेशन आरंभ हो रहा है। इस अधिवेशन की अध्यक्षता हमारे विद्वान् शिक्षा सचिव को करनी थी, किन्तु वे कुछ कारणों से यहाँ पधार नहीं सके। उनका संदेश अभी पढ़ा गया है। अधिवेशन का उद्‌घाटन करने के लिए रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति जी भी न पधार सके, अत: यह कार्य मुझे करना पड़ा। अधिवेशन की उद्‌घाटन वेला में अभी मैंने जो दीप प्रज्ज्वलित किया है, वह सदा प्रज्ज्वलित होता रहे।

एकेडेमिक सोसाइटियों के अधिवेशनों की परम्परा है कि सोसाइटी का अध्यक्ष किसी विषय पर अपने विचार व्यक्त करता है। हालांकि मेरा क्षेत्र ३० वर्ष तक वनस्पति विज्ञान में अध्ययन व अध्यापन रहा है, परन्तु पिछले छः वर्षों से मैं इस प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से प्रशासनिक रूप से सम्बद्ध हो गया हूं, अतः आज का विषय मैंने इस प्रदेश में "उच्च शिक्षा के विकास में महाविद्यालयों का योगदान" चुना है। प्रदेश में प्रथम इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष १८८७ में हुई थी। उससे पूर्व इस प्रदेश में केवल ५ महाविद्यालय थे, जिनमें आगरा कालेज, आगरा, सेण्ट जान्स कालेज, आगरा, बरेली कालेज, बरेली, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर एवं मेयोर सेन्ट्रल कालेज, इलाहाबाद थे। ये महाविद्यालय पूर्व में कलकत्ता विश्वविद्यालय से एफ० ए० व स्नातक उपाधि हेतु सम्बद्ध थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना के वाद ये महाविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गये तथा अन्य भी जो महाविद्यालय १९२१ तक स्थापित हुए वे भी इसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध होते गये।

आगरा कालेज वर्ष १८२३ में राजकीय संस्था के रूप में आरम्भ हुआ था। यह कालेज वर्ष १८५७ तक एक स्वायत्त संस्था था जो स्वयं अपना पाठ्यक्रम निर्धारित करता व सनद प्रदान करता था। परन्तु १८५७ से १९०१ तक यह कलकत्ता विश्वविद्यालय, १९०२ से १९२६ तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से और वर्ष १९२७ में आगरा विश्वविद्यालय की स्थापना हो जाने पर, आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया। वर्ष १८८२ में इसका ट्रस्ट बनाकर इसका राजकीय स्वरूप समाप्त कर दिया गया। बरेली कालेज भी राजकीय संस्था के रूप में वर्ष १८३७ में आरम्भ हुआ था,

वर्ष १८६२ में कलकत्ता विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुआ परन्तु कतिपय कारणों से वर्ष १८७० से १८८३ तक बन्द कर दिया गया। बाद में वह १८८४ से प्राइवेट संस्था के रूप में पुनः आरम्भ हुआ और १८८८ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, १९२७ में आगरा विश्वविद्यालय तथा वर्ष १९७५ से रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुआ। सेण्ट जान्स कालेज, आगरा की स्थापना वर्ष १८५० में हुई और यह भी कलकत्ता, इलाहाबाद तथा अन्त में आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रहा। क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर भी आरम्भ में कई कठिनाइयों से निकला है। वर्ष १८६६ में इसे एम० ए० की सम्बद्धता कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्राप्त हुई परन्तु वर्ष १८८१ से १८९१ तक इस संस्था को बन्द कर देना पड़ा। वर्ष १८९२ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सम्बद्धता मिलने पर यह पुनः आरम्भ हुआ परन्तु इलाहाबाद विश्वविद्यालय में वर्ष १९२१ से अपने विभाग आरम्भ हो जाने पर इसे वर्ष १९२२ में असम्बद्ध कर दिया गया। बाद में पुनः १९२७ में आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त कर यह आरम्भ हुआ। लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ की स्थापना वर्ष १८८९ में हुई थी परन्तु वर्ष १९२१ में लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना के पश्चात् इससे स्नातक कक्षायें हटा ली गईं और बाद में इसे १९३२ से पुनः स्नातक कक्षाओं की मान्यता प्राप्त हुई। लगभग यही इतिहास इयुविंग क्रिश्चियन कालेज, इलाहाबाद का भी है जिसकी स्थापना वर्ष १९०६ में हुई। वर्ष १९२१ और १९२२ में यहाँ पर स्नातकोत्तर कक्षायें भी रहीं परन्तु वर्ष १९२३ से स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षायें इलाहाबाद विश्वविद्यालय को स्थानांतरित कर दी गईं। बाद में वर्ष १९५१ से महाविद्यालय को केवल स्नातक स्तर की मान्यता मिली। सेण्ट एन्ड्रयूज़ कालेज, गोरखपुर की स्थापना वर्ष १९१६ में हुई थी और वह १९५६ तक स्नातकोत्तर स्तर तक पहुँच चुका था परन्तु वर्ष १९५७ में गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर इस महाविद्यालय से स्नातकोत्तर कक्षायें हटा ली गईं। ईसाबेला थाबर्न महिला कालेज लखनऊ का इतिहास भी गौरवपूर्ण रहा है। यह वर्ष १८८६ में कलकत्ता विश्वविद्यालय से एफ० ए० के लिये और वर्ष १८९४ में स्नातक उपाधि हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुआ था। बाद में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा इसे सम्बद्धता प्रदान की गई। मेरठ कालेज, मेरठ जिसकी स्थापना वर्ष १८९२ में हुई थी पहले इलाहाबाद फिर आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रहा है और अब मेरठ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है। स्वतन्त्रता से पूर्व जो अन्य महाविद्यालय उच्च शिक्षा के महत्त्वपूर्ण केन्द्र रहे हैं वे हैं—डी० ए० वी० कालेज कानपुर (१९१९), वी० एस० एस० डी० कालेज, कानपुर (१९२१), महिला महाविद्यालय लखनऊ (१९३८), बलवन्त-राजपूत कालेज सम्प्रति राजा बलवन्त सिंह कालेज, आगरा (१९४०) तथा अमर सिंह कालेज, लखावटी, बुलन्दशहर (१९४१)।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् महाविद्यालयों की स्थापना में जनता का विशेष योगदान रहा है और वर्ष १९४६ तथा १९४७ में १३ नये महाविद्यालयों की स्थापना हुई जिनमें से एक आजमगढ़, एक वाराणसी, एक बलिया, तीन लखनऊ तथा शेष सात पश्चिम के जनपदों में थे। अगले १० वर्षों में नये महाविद्यालय धीमी गति से खुले। वर्ष १९५२ तथा १९५३ में एक-एक महाविद्यालय खुले और दोनों ही महिला महाविद्यालय थे। वर्ष १९५० में दो, वर्ष १९५४ में चार, तथा वर्ष १९५५ में पांच नये महाविद्यालय स्थापित हुए। वर्ष १९५१ महाविद्यालयों के इतिहास में विशेष स्थान इस कारण रखता है कि उत्तर प्रदेश शासन ने इसी वर्ष दो राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना इस आकांक्षा से की थी कि यह महाविद्यालय आदर्श महाविद्यालय होंगे। ठाकुर देवसिंह विष्ट राजकीय महाविद्यालय नैनीताल ने पर्वतीय एवं रुहेलखण्ड क्षेत्र में और काशी नरेश राजकीय कालेज, ज्ञानपुर

(वाराणसी) ने पूर्वांचल में उच्च शिक्षा के प्रसार में दो दशक से भी अधिक समय तक अध्यापन एवं शोध कार्य में महत्वपूर्ण रोल अदा किया है। कालान्तर में राजकीय महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि होती गई और वर्ष १९७८ तथा १९७९ में तो क्रमशः ५ तथा ९ राजकीय महाविद्यालय खोले गये जिनकी स्थापना के पूर्व उनकी भूमि एवं भवन की कोई तैयारी नहीं की गई जिसके फलस्वरूप आज भी ये १४ महाविद्यालय भूमि और निजी भवन के विना असन्तोषजनक परिस्थितियों में चल रहे हैं। शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों की बढ़ती संख्या के कारण शासन ने "कालेज आफ एक्सीलेंस" के उद्देश्य से सर्व प्रथम जिन दो राजकीय महाविद्यालयों को स्थापना की थी, वे भी लक्ष्यपरास्त हो चुके हैं। वर्ष १९६० में इन महाविद्यालयों का दर्जा घटाकर अन्य सामान्य महाविद्यालयों के अनुरूप कर दिया गया था।

नये महाविद्यालयों की स्थापना की दृष्टि से वर्ष १९७३ सबसे आगे है। इस एक ही वर्ष में ३५ महाविद्यालयों की स्थापना हुई जिनमें से चार राजकीय महाविद्यालय थे। कुल ३५ नये महाविद्यालयों में से १५ ने गोरखपुर विश्वविद्यालय से, १० ने आगरा विश्वविद्यालय से, ५ ने कानपुर विश्वविद्यालय से, ३ ने मेरठ विश्वविद्यालय से तथा २ ने लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त की। वर्ष १९७१ में कुल २४, वर्ष १९५९ तथा १९७२ में प्रत्येक में २१, वर्ष १९६० में १९ एवं वर्ष १९६१, १९६६ तथा १९६९ में से प्रत्येक में १७ नये महाविद्यालयों की स्थापना हुई। वर्ष १९४६ के पश्चात् केवल १९८० ही ऐसा वर्ष है जिसमें किसी महाविद्यालय की स्थापना नहीं की गई। उत्तर प्रदेश शासन ने वर्ष १९८० में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था जिसकी संस्तुतियों पर शासन ने मई १९८१ में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि भविष्य में किसी भी नये महाविद्यालय को स्थापना के पूर्व-प्रस्ताव शासन द्वारा गठित "सोशल सर्विसेज़ इन्वेस्टमेंट बोर्ड" के सामने रखे जायेंगे जो उस क्षेत्र में उच्च शिक्षा की आवश्यकता एवं औचित्य, वित्तीय संसाधनों एवं पूर्व में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करेगा। बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त ही कोई नया महाविद्यालय स्थापित हो सकेगा या स्नातक महाविद्यालय परास्नातक दर्जा प्राप्त कर सकेगा। शासन के इस निणय के कारण वर्ष १९८१ से महाविद्यालयों की स्थापना पर जहाँ एक ओर नियंत्रण लगा है, वहाँ उच्च शिक्षा की सुविधा में क्षेत्रीय असमानता को दूर करने में भी सहायता मिली है।

सम्प्रति प्रदेश में कुल ४०१ महाविद्यालय हैं जिनमें ४८ राजकीय महाविद्यालय हैं। पर्वतीय क्षेत्र में, संघटक महाविद्यालयों को छोड़कर, २९ सम्बद्ध महाविद्यालय हैं जिनमें से २२ राजकीय महाविद्यालय हैं। गढ़वाल विश्वविद्यालय के तोन तथा कुमाऊ विश्वविद्यालय के दो संघटक महाविद्यालय भी राजकीय महाविद्यालय थे परन्तु इन विश्वविद्यालयों की स्थापना पर इन महाविद्यालयों को इन दोनों विश्वविद्यालयों को हस्तान्तरित कर दिया गया। प्रदेश के कुल महाविद्यालयों में से ८४ महिला महाविद्यालय हैं। लगभग १५० महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षायें हैं, ९७ में शिक्षा प्रशिक्षण (बी० एड०), ३३ में विधि तथा २४ में कृषि संकाय है। वर्तमान में कुल छात्र सख्या लगभग ३.७५ लाख है जिनमें लगभग २० प्रतिशत छात्रायें हैं, जबकि वर्ष १९५०-५१ में महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की कुल संख्या ३० हजार से कम थी। लगभग १३ हजार अध्यापक कार्यरत हैं जिनमें महिलायें लगभग १८ प्रतिशत हैं। अध्यापक-छात्र अनुपात १:२९ है। प्रदेश में, वर्तमान में, औसतन प्रत्येक २.८० लाख की जनसंख्या पर एक महाविद्यालय है जबकि वर्ष १९५०-५१ में प्रत्येक १५.८० लाख जनसंख्या पर एक महाविद्यालय था।

प्रदेश के १६ विश्वविद्यालयों में से ४ तकनीकी या कृषि विश्वविद्यालय हैं और एक संस्कृत विश्वविद्यालय है। शेष १४ विश्वविद्यालयों में से २ केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा काशी विद्या पीठ विश्वविद्यालय आरम्भ से ही अध्यापकीय विश्वविद्यालय रहे हैं। शेष ११ विश्वविद्यालयों में से लखनऊ, गोरखपुर, कुमाऊँ एवं गढ़वाल विश्वविद्यालय सम्बद्ध तथा अध्यापकीय स्वरूप के साथ आरम्भ हुए परन्तु शेष ७, जिनमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय भी सम्मिलित है, सम्बद्ध विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किये गये थे लेकिन बाद में उनमें अध्यापन कार्य आरम्भ हुआ और सम्बद्ध महाविद्यालयों के विकास पर इसका गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। प्रादेशिक विश्वविद्यालयों के अपने विभाग में परम्परागत पाठ्यक्रमों में केवल ५५ हजार से कम छात्र हैं जो कि महाविद्यालयों की छात्र-संख्या की तुलना में केवल १५ प्रतिशत हैं। मेरठ, आगरा, रुहेलखण्ड, अवध तथा बुन्देलखण्ड मण्डलों में अभी अध्यापकीय विश्वविद्यालय नहीं है और वहाँ के छात्रों को महाविद्यालयों पर ही निर्भर करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में यदि हम प्रदेश में उच्च शिक्षा का स्तर सुधारना चाहते हैं तो महाविद्यालयों की वर्तमान दशा को सुधारने की दिशा में गम्भीरता से विचार करना होगा।

वर्ष १९५३ में, सम्भवतः कुछ सुदृढ़ महाविद्यालयों का अपना शैक्षिक स्तर ऊँचा उठाने के लिये तत्कालीन आगरा विश्वविद्यालय अधिनियम १९२७ में संशोधन कर स्वायत्त महाविद्यालयों की स्थापना का प्रावधान किया गया था। वर्तमान उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम–१९७३ की धारा ४२ के अन्तर्गत भी स्वायत्त महाविद्यालयों की स्थापना का प्रविधान है। इस प्रविधान के अन्तर्गत यदि कोई महाविद्यालय पाठ्यक्रमों को अधिक उपयोगिता को दृष्टि से परिवर्तित करना तथा शैक्षिक एवं परीक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर अपने को अन्य महाविद्यालयों से ऊपर उठाना चाहता है तो वह स्वयं अपना शैक्षिक व परीक्षा कार्यक्रम निश्चित करने तथा चलाने के लिये स्वतन्त्र हो सकता है। शिक्षा आयोग १९६४-६६, जिसे कोठारी कमीशन भी कहते हैं, में भी स्वायत्त महाविद्यालयों की उपयोगिता पर बल दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भी ऐसे महाविद्यालयों को, जो स्वायत्त घोषित होते हैं, अनुदान प्रदान करता है। इस प्रदेश में सर्वप्रथम स्वायत्त महाविद्यालयों की स्थापना के सम्बन्ध में प्रविधान किया गया था परन्तु खेद है कि पिछले ३० वर्षों में किसी भी महाविद्यालय ने स्वायत्त का दर्जा प्राप्त करने का औचित्य सिद्ध करते हुए उसके लिए प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया। यह प्रयोग शीघ्र किया जाना चाहिये। यदि गंभीरतापूर्वक पाठ्यक्रमों की रचना की जाये और शिक्षकों की लगन का सहयोग प्राप्त हो तो प्रदेश में महाविद्यालयों की स्थिति में क्रान्तिकारी परिवर्तन आ सकते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने १० वर्ष पूर्व पाठ्यक्रमों की पुनर्रचना कर कुछ उपयोगी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के समावेश पर बल दिया था। इस दिशा में भी हमारे महाविद्यालयों एवं शिक्षकों ने गंभीरतापूर्वक ध्यान नहीं दिया। परम्परागत पाठ्यक्रम एक साधारण छात्र को कोई दिशा नहीं दे पाते हैं। छात्र स्नातक उपाधि प्राप्त कर अपने को किसी व्यवसाय या कार्य के लिये प्रशिक्षित अनुभव नहीं करता है। वह अपने परिवार के तथा क्षेत्र के व्यवसाय से हट जाता है और अपने वातावरण में अपने को फिट नहीं पाता है। अतः यह आवश्यक है कि वर्तमान परम्परागत तीन पाठ्यक्रमों के स्थान पर छात्र को विकल्प दिया जाये कि वह परम्परागत पाठ्यक्रमों के साथ एक ऐसा पाठ्यक्रम भी ले सके जो उसके परिवार एव क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप हो, जिससे वह उपाधि प्राप्त कर यदि परास्नातक कक्षा में प्रवेश नहीं लेता तो भी अपने को अपने वातावरण

में अधिक प्रशिक्षित व उपयोगी पा सके। उदाहरण स्वरुप पर्वतीय क्षेत्र में वनस्पति विज्ञान तथा रसायन विज्ञान के साथ छात्र यदि "हार्टिकल्चर एवं फ्रूट प्रिजर्वेशन" या 'सोशल फोरेस्ट्री" का अध्ययन करता है तो वह स्नातक होने पर अपने को अपने क्षेत्र में अधिक उपयोगी अनुभव करेगा। इसी प्रकार कला संकाय का छात्र 'आफिस मेनेजमेंट एवं फाइलिंग' या 'ग्राम विकास एवं सहकारिता जैसे एक पाठ्यक्रम का यदि अध्ययन करता है तो निश्चित रूप से वह उसके लिए उपयोगी सिद्ध होगा। परन्तु ऐसे पाठ्यक्रमों को कुशलतापूर्वक चलाने के लिये हमें महाविद्यालय के परिसर से बाहर भी झांकना होगा। क्षेत्र की आवश्यकता देखना होगी, व्यवसाय में सफल व्यक्तियों से सलाह लेनी होगी और अध्यापन में उनकी सहायता भी करनी होगी। हमारी फैकल्टी को भी कक्षाओं, प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालयों से बाहर निकलना होगा और नये आयाम सीखने के लिये तैयार रहना पड़ेगा। कुशल व्यवसायिक व्यक्तियों की अंशकालीन कर्मचारी या अतिथि वक्ता के रूप में सेवा लेनी होगी। इस सबके लिए हमारे अध्यापकों को जो महाविद्यालय की सीमा में सिमटते जा रहे हैं और समाज से अपने को पृथक समझने लगे हैं, अपना दृष्टिकोण बदलना होगा।

मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे शिक्षक समय की पुकार के अनुसार अपने में परिवर्तन लायेंगे और एक बार पुनः महाविद्यालयों को उस गरिमापूर्ण स्थान पर प्रतिष्ठित करेंगे जहां वे वर्ष १९५० में और उससे पहले थे।

जयहिन्द !

फ़ॉर्म - ४

१- प्रकाशन का नाम	:	शोध पत्रिका, राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी
२- प्रकाशन की अवधि	:	षट्मासिक
३- मुद्रक का नाम व पता	:	शंकर प्रिंटिंग वर्क्स, रामपुर
राष्ट्रीयता	:	भारतीय
४- प्रकाशक का नाम	:	डॉ० ब्रजमोहन लाल तिवारी, सचिव-कोषाध्यक्ष
राष्ट्रीयता	:	भारतीय
पता	:	महाविद्यालय विकास अधिकारी, शिक्षा निदेशालय उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद
५- प्रधान संपादक	:	डॉ० ऋषिकुमार चतुर्वेदी
राष्ट्रीयता	:	भारतीय
पता	:	राजकीय रज़ा महाविद्यालय, रामपुर
६- स्वामित्व	:	उत्तर प्रदेश राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी शिक्षा निदेशालय, उच्च शिक्षा, उ० प्र०, इलाहाबाद

मैं ब्रजमोहन लाल तिवारी, सचिव कोषाध्यक्ष, उ० प्र० राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी, घोषित करता हूं कि उपरिलिखित तथ्य मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं।

ब्रजमोहन लाल तिवारी
सचिव कोषाध्यक्ष

शोधपत्रिका

उत्तर प्रदेश राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी

JOURNAL
UTTAR PRADESH GOVT. COLLEGES ACADEMIC SOCIETY

खंड २, अंक १, १९८५
Vol. 2 No. 1, 1985

इलाहाबाद
ALLAHABAD

अनुक्रम

CONTENTS

भारत में शिक्षा के बढ़ते सोपान [i]
—सतीश चंद्र गुप्त शिक्षा निदेशक [उच्च शिक्षा]

CHEMISTRY

1. A Chemical Study of Some Mixed Ligand Complexes of Cobalt (ii) 1
—Sunita Sharma
2. Chemical Constituents of Some Anticancer and Antitumor Plants of Euphorbia Genera 6
—N. C. Gupta and R. K. Baslas

PHYSICS

1. Defects and Grain Boundaries in Pollycrystalline Si Solar Cell 10
—S. C. Sah

BOTANY

1. Status of Oak-Pine-Sal Forest At The Transitional Zone of Garhwal Himalaya 13
—N, P. Chandra Rao, K. S. Negi and N. S. V. Prasad Rao
2. Effects of Growth Regulators on Different Eco-Physiological Processes in Groundnut 21
—A. K. Goyal and V. K. Jain

MATHEMATICS

1. A Real Inversion Theorem for A Generalization of Stieltjes Transform 25
—N. Joshi and *J. M. C. Joshi*

HINDI

1. रीतिक़ालीन साहित्य और जीवन-मूल्य 30
—राजमणि शुक्ल
2. उर्दू कवियों की हिन्दवी रचनाएँ 36
—ऋषिकुमार चतुर्वेदी

ENGLISH

1. Jane Austen's Male Characters in Her Feminine World 43
—Raka Gupta
2. Influences on Dr. Mulkraj Anand 46
—Jay Pal Singh
3. Life Offers to Deny—Hardy And Tryphena 52
—Azra Begum

POLITICAL SCIENCE

1. गढ़वाल में हरिजन नेतृत्व--पौड़ी एवं चौन्दकोट विकासखंडों के आधार पर एक राजनैतिक-वैज्ञानिक अध्ययन — 58
—ए० के० चंदोला
2. सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में भारत-पाक संबंध — 65
--राजेन्द्र कुमार गुप्त
3. The Ficci and National Movement — 71
--*L. M. Joshi*

HISTORY

1. The Rebellion of The Qaramitah And The Mulahidah During The Reign of Razia — 74
—*O. P. Gupta*
2. तुज़ुक-ए-जहाँगीरी में वर्णित हिन्दू समाज — 79
—अशोक कुमार शाही
3. उत्तराखण्ड के सामाजिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण में रामकृष्ण-मिशन की भूमिका — 84
—अवनीन्द्र कुमार जोशी

ECONOMICS

1. जनसंख्या गतिविज्ञान : प्रकृति एवं संरचना — 89
--शिवनारायण गुप्त

GEOGRAPHY

1. Perception of Environmental Setup in Singhbhum and its Environs — 96
--*Shiv Raj Singh*

SANSKRIT

1. कालिदास वर्णित सरल एवं देवदारु वृक्ष — 101
--भवानीदत्त कांडपाल

COMMERCE

1. Planning For Housing — 106
--*Farhat Husain and S. N. Pandey*
2. स्वतंत्र भारत में कृषि उत्पादकता—एक मूल्यांकन — 109
—जे. आर. गुप्त

भारत में शिक्षा के बढ़ते सोपान[1]

सतीश चन्द्र गुप्त
शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तर प्रदेश

राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, देवियो तथा सज्जनों। इस एकेडेमिक सोसाइटी के द्वितीय अधिवेशन में आज आपके बीच आकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। जिस उत्साह से विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों से लगभग 100 डेलिगेट आये हैं, उससे मुझे विश्वास हो चला है कि इस सोसाइटी का भविष्य उज्ज्वल है और इसमें स्थिरता आ रही है। इस सोसाइटी के माध्यम से आपको एक शैक्षिक मंच प्राप्त हुआ है और शोध कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

सामान्य रूप से किसी सोसाइटी के अध्यक्ष द्वारा अपने विषय विशेष में भाषण दिया जाता हैं परन्तु मैंने वनस्पति शास्त्र का विषय न चुनकर आजकल चर्चित नई शिक्षा नीति का विषय लिया है। पूर्व इतिहास के सन्दर्भ में हमारे सामने क्या कोई नये उद्देश्य हैं, यही मेरी आज की वार्ता का आधार है।

शिक्षा पर बल तथा गुरूओं का आदर हमारी संस्कृति व परम्परा रही है। राजघराने और अभिजात्य वर्ग के नवयुवक गुरूओं के पास जाकर शिक्षा ग्रहण करते थे। प्राचीन काल में ब्राह्मणों की विद्वत् परिषदों का उल्लेख भी मिलता है। बाद में शिक्षा केन्द्रों की स्थापना तीर्थ स्थानों के समीप होने लगी। कुछ विश्वविद्यालय भी स्थापित हुए जैसे बिहार में छटी शताब्दी पूर्व तक्षशिला शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। पाणिनि, कौटिल्य, चरक यही के स्नातक थे। बिहार का नालंदा विश्वविद्यालय विश्वविख्यात शिक्षा केन्द्र रहा है जिसका विवरण चीनी यात्री ह्वेन सांग ने भी किया है और यहाँ अध्ययन भी किया है। काठियावाड़ में बल्लभी, दक्षिण में कांची, बंगाल में नादिया, मालवा में उज्जयिनी और बिहार में विक्रमशिला उच्च शिक्षा के प्रसिद्ध केन्द्र रहे हैं जिनमें चीन, तिब्बत, कोरिया आदि देशों से विद्वान तथा छात्र अध्एन करने हेतु आये थे। वाराणसी भी प्राचीन काल से शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। इन केन्द्रों में वेद और वेदांग, जिसमें गणित तथा ज्योतिष भी था, का अध्ययन प्रमुख था। बौद्ध शिक्षा केन्द्रों में संस्कृत शिक्षा का माध्यम था और अर्थशास्त्र, दर्शन, आयुर्वेद, धनुर्विद्या, शल्य शास्त्र, सर्व विद्या आदि का भी ज्ञान दिया जाता था।

ग्यारहवीं शताब्दी में तुर्कों के आगमन के पश्चात् शिक्षा पद्वति के माध्यम तथा पाठ्यक्रम में परिवर्तन आया। प्रारम्भिक शिक्षा मसजिदों में दी जाने लगी। उच्च शिक्षा के लिये मदरसे स्थापित किए गये जिनमें लाहौर, दिल्ली, बदायूँ, रामपुर व जौनपुर के मदरसे प्रमुख केन्द्र थे। मुगलों ने इस परम्परा को कायम रखा और आगरा तथा फ़तेहपुर सीकरी भी शिक्षा के प्रसिद्ध केन्द्र बने। इन केन्द्रों में धर्म, तर्क शास्त्र, व्याकरण तथा इतिहास जैसे विषय पढ़ाये जाते थे। इस अवधि में हिन्दुओं के शिक्षा केन्द्र भी स्थापित होते रहे और

---

१. राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी के वार्षिक अधिवेशन में दिनांक 8.11.1985 को दिया गया अध्यक्षीय भाषण।

काशी, नादिया, मथुरा, प्रयाग, हरिद्वार व अयोध्या शिक्षा के प्रसिद्ध केन्द्र बने । महिला शिक्षा भी प्रचलित थी जिनमें गुलबदन, रूपमति, मुमताज महल, नूरजहाँ, जहाँ आरा, जेबुन्निसा आदि अपने समय की विदुषियां रही हैं ।

ईस्ट इन्डिया कम्पनी ने प्रारम्भ में शिक्षा के प्रसार के प्रति ध्यान नहीं दिया परन्तु बाद में परिस्थिति वश उनको शिक्षा के प्रसार के प्रति धन व्यय करने पर विवश होना पड़ा । भारत में वर्तमान शिक्षा पद्धति के इतिहास का आरम्भ हम वर्ष 1813 से मान सकते हैं जबकि ब्रिटिश शासन द्वारा चार्टर एक्ट की धारा 43 के पारित होने के कारण ईस्ट इन्डिया कम्पनी को प्रतिवर्ष भारत में शिक्षा के विकास के लिए बाध्य होना पड़ा । इस अधिनियम में कहा गया था कि ईस्ट इन्डिया कम्पनी द्वारा साहित्य के पुनर्जीवन व विकास करने, विद्वान लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विज्ञान की जानकारी तथा विकास के लिये यह धन व्यय किया जायेगा । आरम्भ में कम्पनी द्वारा इस धन को संस्कृत तथा अरबी साहित्य के मुद्रण, संस्कृत एवं अरबी की पाठशालाओं व मदरसों, छात्रवृत्तियों व इन भाषाओं के विद्वानो पर व्यय किया जाने लगा । जब लार्ड टी० बी० मकॉले भारत में गवर्नर जनरल की कार्य परिषद् में विधि सदस्य होकर आये तो उनको शिक्षा परिषद का अध्यक्ष भी बनाया गया । तत्कालीन शासन ने लार्ड मकॉले से शिक्षा के विकास के सम्बन्ध में उनके विचार भी जानना चाहे जो कि एक लम्बे पत्र में उन्होने वर्ष 1835 में प्रस्तुत किए जो कि "लार्ड मकॉलेज मिनिट ऑन एज्यूकेशन" के नाम से जाने जाते हैं ।

अपने उपरोक्त पत्र में मकॉले ने उस समय शिक्षा तथा उसके विकास पर किये जा रहे व्यय पर कटाक्ष किया है । उन्होंने पाया कि 20 हजार रुपया प्रतिवर्ष केवल संस्कृत व अरबी के पुराने अभिलेखों के प्रकाशन पर व्यय किया जा रहा है परन्तु उनको क्रय करने वाला कोई नहीं है । तीन वर्ष में 60 हजार रुपया व्यय किया गया परन्तु केवल एक हजार रुपये की पुस्तकें बिकी । सतहत्तर अरबी छात्रों पर 500 रुपया प्रतिमाह छात्रवृत्ति के रूप में व्यय किया जा रहा था जबकि अपने व्यय से अरबी पढ़ने वाले छात्रों की संख्या नगण्य थी । जन साधारण द्वारा प्रयोग में आने वाली स्थानीय भाषाओं में कोई साहित्य न था और संस्कृत व अरबी की पुस्तकों में इतिहास व विज्ञान का अभाव था । उसने इस बात की तुलना की कि प्राचीन योरपियन भाषायें हालांकि ग्रीक व रोमन थी, परन्तु उनके माध्यम से शिक्षा का विकास नहीं किया जा रहा था बल्कि अंग्रेजी भाषा में साहित्य, कविता, इतिहास व आधुनिक विज्ञान का समावेश हो चुका था जिसके माध्यम से ब्रिटिश साम्राज्य में ज्ञान का विकास हो रहा था । अंग्रेजी भाषा के माध्यम से ही दक्षिण अफ्रीका व आस्ट्रेलिया में शिक्षा की प्रगति हो रही थी । वह ऐसे व्यक्तियों से सहमत न था जिनका कथन था कि चूंकि केवल संस्कृत तथा अरबी भाषाओं में हिन्दू व मुस्लिम कानून व धार्मिक नियम दिये गये हैं अतः इन्हीं भाषाओं के माध्यम से शिक्षा दी जानी चाहिये । मकॉले का तर्क था कि केवल धार्मिक आधार पर संस्कृत व अरबी को शिक्षा का माध्यम नहीं बनाया जा सकता है । उसने इन भाषाओं में दिये कुछ उपदेशों का परिहास भी किया जैसे कि एक गधे के स्पर्श के पश्चात् शुद्धि किये जाने की विधि अथवा एक बकरी की हत्या करने के पश्चात् प्रायश्चित स्वरूप किन-किन मंत्रों का उच्चारण करना आवश्यक है, आदि । उसके अनुसार यह सब लिखने के लिये राजकोष से धन दिया जाना अपव्यय था । लार्ड मकॉले ने कुछ ऐसे भी वाक्य अपने पत्र में लिखे जिनके कारण उसकी अत्याधिक आलोचना होती है । जैसे कि उसने कहा कि आंग्ल भाषा के माध्यम से हम भारत में एक ऐसा वर्ग बना सकते हैं जो कि रंग व खून से भारतीय हो परन्तु अपनी रुचि, आचार विचार, नैतिकता व बौद्धिक रूप से आंग्ल हो । उसका सुझाव था कि तब प्रशिक्षित ऐसे बुद्धि वर्ग के

ऊपर यह छोड़ दिया जाये कि वह भारतीय भाषाओं को समृद्ध करे और पाश्चात्य ज्ञान व इतिहास का प्रसार करे।

तत्कालीन गर्वनर जनरल लार्ड विलियम बेटिन्क ने लार्ड मकॉले के पत्र को पूर्ण रूप से स्वीकृत करते हुए निम्नलिखित आदेश दिए :—

(1) कि भविष्य में शासन की ओर से पाश्चात्य साहित्य व विज्ञान के प्रसार के लिए आंग्ल भाषा माध्यम होगी और भविष्य में ऐसी शिक्षा हेतु ही अनुदान दिया जायेगा।

(2) कि उपरोक्त का मन्तव्य यह नहीं होगा कि किसी भारतीय शिक्षा संस्था को समाप्त कर दिया जाए। यह भी आदेश किया गया कि आदेश के समय जिन विद्वानों अथवा छात्रों को अनुदान मिल रहा था वह मिलता रहेगा परन्तु भविष्य में न नई छात्र वृत्ति दी जायेगी और न किसी विद्वान प्रोफेसर की सेवा निवृत्ति पर उसके प्रतिष्ठानी को वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी।

(3) कि भविष्य में संस्कृत व अरबी भाषा में पुस्तकों के मुद्रण हेतु राजकोष से अनुदान उपलब्ध न होगा।

(4) कि इस प्रकार जो धन शिक्षा के प्रसार के लिए उपलब्ध होगा वह भविष्य में केवल आंग्ल साहित्य व इतिहास की शिक्षा जो कि अंग्रेजी भाषा के माध्यम से दी जायेगी, पर व्यय किया जायेगा!

इस प्रकार मार्च 1835 के उपर्युक्त आदेश ने भारत में शिक्षा का एक नया अध्याय खोल दिया जो कि वर्तमान शिक्षा पद्धति का प्रारम्भ कहा जा सकता है।

उपर्युक्त आदेश के पश्चात् ब्रिटिश शासन काल तथा उसके पश्चात् स्वतन्त्रता के बाद भारतीय शासन व शिक्षाविदों का ध्यान निरन्तर शिक्षा में उन्नति करने की ओर जाता रहा है। वर्ष 1935 के आदेश के पश्चात् ब्रिटिश शासन ने प्राथमिक शिक्षा से विश्वविद्यालयीय तक शिक्षा की पद्धति निश्चित करने के सम्बन्ध में अपना उत्तरदायित्व अनुभव करना आरम्भ कर दिया। निश्चित शिक्षा नीति निर्धारित करने का कार्य सर चार्ल्स वुड को दिया गया जिसने अपना प्रतिवेदन वर्ष 1854 में प्रस्तुत किया जो कि "वुड्स डिस्पेच" के नाम से जाना जाता है। उसने जनपद की आम भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाये जाने पर बल दिया परन्तु ऐसी शिक्षा उन शिक्षकों के माध्यम से दिये जाने पर भी बल दिया जो कि अंग्रेजी के माध्यम से आधुनिक साहित्य, विज्ञान व इतिहास का ज्ञान रखते हों और जिनमें अंग्रेजी के माध्यम से हो रहे विकास का ज्ञान प्राप्त करने की क्षमता हो। इसके लिए आंग्ल ज्ञान को भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने पर भी बल दिया गया जिससे पाश्चात्य साहित्य व ज्ञान का अधिक से अधिक भारतीय जनता लाभ उठा सके। इस प्रकार अंग्रेजी व भारतीय भाषाओं पर वुड के द्वारा समान रूप से बल दिया गया। वुड ने इस बात पर भी बल दिया कि शासन शिक्षा संस्थायें नहीं चला सकता, विशेष रूप से उच्च स्तरीय शिक्षा संस्थायें, अतः ऐसी संस्थायें या तो बन्द कर दी जायें अथवा उनको स्थानीय प्रबन्ध समितियों को हस्तांतरित कर दिया जाए। इसी का परिणाम था कि आगरा कालेज जो कि वर्ष 1823 में एक राजकीय स्वायत्त: संस्था के रूप में आरम्भ हुआ था, वर्ष 1882 में एक ट्रस्ट को सौंप दिया गया तथा बरेली कालेज जो कि वर्ष 1837 में एक राजकीय महाविद्यालय के रूप में आरम्भ हुआ था वर्ष 1870 में बन्द कर दिया गया परन्तु बाद में 1884 में प्राइवेट संस्था के रूप में पुनः विकसित हुआ।

वुड ने धर्म निर्पेक्ष शिक्षा पर भी बल दिया और कहा कि बाइबिल को पुस्तकालयों में उनके लिये उपलब्ध कराया जा सकता है जो उसे पढ़ना चाहें। जो उसके सम्बन्ध में ज्ञान या शिक्षा प्राप्त करना चाहें उनके लिए अध्यापन विद्यालय के समय के पूर्व अथवा बाद में किया जाये। शिक्षकों के प्रशिक्षण तथा नार्मल स्कूलों के खोले जाने पर भी बल दिया गया। महिलाओं को अच्छी शिक्षा दिये जाने पर वुड ने बल दिया और राय साहब मगुन भाई करम चन्द्र द्वारा 20 हजार रुपया दान देकर अहमदाबाद में एक कन्या स्कूल खोले जाने की प्रशंसा की। भारतीय छात्रों की उच्च शिक्षा व चिकित्सीय शिक्षा ग्रहण करने की तीव्र क्षमता को देखते हुए उसने भारत में विश्वविद्यालयों की स्थापना पर भी बल दिया। उसने विशेष रूप से भारतीय आम जनता को तीव्र गति से शिक्षित करने पर बल दिया और कहा कि इस ओर अधिक से अधिक प्रयास करने एवं अनुदान दिये जाने की आवश्यकता है।

भारत में शिक्षा नीति पर वुड डिस्पेच प्रथम प्रतिवेदन था जिसमें प्राथमिक शिक्षा से विश्वविद्यालयीय स्तर तक की शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया था और इसने भारतीय शिक्षा नीति का मूल आधार बनाया है। इसी कारण वुड्स डिस्पेच को "मेगना कार्टा ऑफ इंगलिश एज्यूकेशन इन इन्डिया" भी कहा जाता है।

वुड्स डिस्पेच के कारण भारत में वर्ष 1857 में कलकत्ता, मद्रास तथा बम्बई के प्रथम 3 विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई। लाहौर में वर्ष 1869 में तथा इलाहाबाद में वर्ष 1887 में विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। धार्मिक शिक्षा देने वाली मिशिनरी संस्थाओं को अनुदान देना बन्द कर दिया गया जिससे मिशनरियों में बेचैनी हुई और अन्त में उन्होंने वर्ष 1878 में लन्दन में आन्दोलन हेतु "जनरल काउंसिल ऑफ एज्यूकेशन इन इन्डिया" की स्थापना की। विश्वविद्यालयीय शिक्षा की तुलना में आम शिक्षा का कम विकास हुआ। उस समय हाई स्कूल, जो कि मेट्रिकुलेशन कहलाता था, की परीक्षा विश्वविद्यालयों के द्वारा ली जाती थी और उच्च शिक्षा केवल बालकों के लिये ही खुली थी। प्रथम बार वर्ष 1877 में कलकत्ता वि० वि० ने अपने दरवाजे छात्राओं के लिये भी खोल दिये और बाद में मद्रास ने वर्ष 1881 में और बम्बई विश्वविद्यालय ने वर्ष 1883 में छात्राओं के ऊपर से प्रतिबन्ध हटा दिया। इस प्रकार महिला शिक्षा की भी आधार शिला सुदृढ़ हो गई। परन्तु मिशनरियों के बढ़ते दबाव के कारण शिक्षा नीति पर पुनर्विचार करने के लिये लार्ड रिपन ने प्रथम भारतीय शिक्षा आयोग का गठन दिनांक 3-2-1882 को किया जिसके अध्यक्ष सर विलियम हन्टर तथा सात भारतीयों सहित 20 सदस्य थे। इसे हन्टर कमीशन भी कहा जाता है।

प्रथम शिक्षा आयोग ने प्राथमिक शिक्षा व नार्मल स्कूलों के फैलाव पर बल दिया। प्रत्येक जनपद में मॉडल स्कूल के रूप में एक हाई स्कूल खोले जाने की आवश्यकता बताई। माध्यमिक स्तर की शिक्षा को दो भागों में बाँटने का सुझाव दिया — एक व्यवसायी शिक्षा तथा दूसरी जिसके माध्यम से उच्च शिक्षा में प्रवेश किया जा सके। उच्च शिक्षा हेतु अनुदान दिये जाने के मानक निर्धारित किये गये। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये और अधिक अनुदान दिये जाने पर बल दिया गया। आयोग ने मिशनरी द्वारा शिक्षा में किये जा रहे कार्य को मान्यता दी और अन्य अनुदानित संस्थाओं को मान्यता दी परन्तु उनका प्रशासन व उच्च शिक्षा में अधिपत्य स्वीकार नहीं किया। अशासकीय शिक्षा संस्थाओं के प्रबन्धतंत्र को अधिक स्वतंत्रता दिये जाने का सुझाव दिया गया और उनको स्वतंत्रता प्रदान की कि वे चाहे जिस माध्यम से शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। यह भी संस्तुत किया गया कि शिक्षा संस्थाओं के निरीक्षण कार्य के लिये ऐसे भारतीयों जो

कि आवश्यक अर्हता रखते हैं, को अधिक संख्या में भर्ती किया जाये। शासन के द्वारा हण्टर कमीशन की समस्त संस्तुतियां, केवल धार्मिक शिक्षा दिये जाने के सुझाव को छोड़कर, स्वीकार कर ली गई।

लन्दन विश्वविद्यालय के आधार पर भारत में विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई थी। वर्ष 1895 मे लन्दन विश्वविद्यालय के पुर्नगठन के फलस्वरूप भारतीय विश्वविद्यालयों के स्वरूप में भी परिवर्तन की आवश्यकता अनुभव की गई। तथापि दिनांक 27 जनवरी, 1902 को "इन्डियन युनिवर्सिटीज कमीशन" की स्थापना की गई। इस आयोग ने विश्वविद्यालयों की कार्य एवं अन्य समितियों के गठन, अध्यापकों के प्रतिनिधित्व के बढ़ाये जाने, कालेजों की मान्यता के मानक तथा छात्रावासों के बनाये जाने पर विशेष बल दिया। इस आयोग ने इन्टर को समाप्त कर मैट्रिक के स्तर को बढ़ाने तथा स्नातक पाठ्यक्रम को तीन वर्षीय करने पर भी बल दिया।

प्रथम अखिल भारतीय स्तर के शिक्षाविदों की एक बैठक तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड कर्जन द्वारा शिमला में वर्ष 1901 में बुलाई गई जिसमें समस्त प्रदेशों के शिक्षा निदेशकों को भी आमंत्रित किया गया और 15 दिन तक 150 शिक्षाविदों ने विचार विमर्श किया जिसमें लार्ड कर्जन ने निरन्तर भाग लिया। इस सभा द्वारा 150 प्रस्ताव पारित किये गये। अन्य महत्वपूर्ण सुझावों के साथ शिक्षा प्रशिक्षण, रिक्रिएशन तथा छात्रों में अनुशासन पर बल दिया गया। धर्म निर्पेक्ष शिक्षा नीति का पुनः संकल्प लिया गया। लार्ड कर्जन ने उच्च शिक्षा में अत्याधिक रुचि दिखाई और इन्डियन युनिर्वासिटीज कमीशन की संस्तुति के आधार पर दिनांक 4 मार्च, 1904 को "इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल" के द्वारा प्रथम "इन्डियन युनिर्वासिटीज एक्ट" पारित कराया।

नेशनल कौंशिल ऑफ एज्यूकेशन (1906) ने मातृ-भाषा के माध्यम से शिक्षा दिये जाने पर बल दिया परन्तु अंग्रेजी को अनिवार्य विषय बनाये रखने की भी संस्तुति की। धर्म निर्पेक्ष शिक्षा को अपनाते हुए कहा गया कि इस देश की महान परम्पराओं के अनुसार समस्त धर्मों को पूर्ण सम्मान दिया जाना चाहिये।

बड़ौदा के गायकवाड़ ने सर्व प्रथम अपने राज्य में वर्ष 1906 में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा घोषित की थी। उसी के आधांर पर गोपाल कृष्ण गोखले जो कि पूना के फर्गूसन कालेज के प्राचार्य तथा इन्डियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष रहे थे तथा इम्पीरियल लेजिस्लेशन के सदस्य थे, ने वर्ष 1910 में अनिवार्य शिक्षा पर एक बिल प्रस्तुत किया परन्तु कुछ आश्वासनों पर वापस ले लिया। पुनः दिनांक 16 मार्च, 1911 को को बिल प्रस्तुत किया गया जिसपर दिनांक 18 व 19 मार्च, 1912 को बहस हुई परन्तु 13 पक्ष तथा 38 विपक्ष में मत आने के कारण पारित न हो सका। फिर भी शासन ने अनिवार्य शिक्षा को सिद्धान्त रूप में मान्यता देने व इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। अस्तु दिनांक 21 फरवरी, 1913 को शिक्षा नीति पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा के प्रसार का निर्णय लिया गया तथा पाटशालाओं व मकतबों को भी अनुदान दिया जाना स्वीकार किया गया। शिक्षकों के रिफ्रेशर कोर्स तथा अध्यापक छात्र अनुपात 30 से 40 पर बल दिया गया। उस समय देश में केवल 5 विश्वविद्यालय व 185 कालेज थे। अतः उनमें वृद्धि करने तथा विश्वविद्यालयों में शिक्षा विभागों की भी स्थापना की संस्तुति की गई। उद्योग व व्यवसाय सन्बन्धी विषयों के समावेश पर भी बल दिया गया। यह भी संस्तुत किया गया कि प्रत्येक प्रदेश में उच्च शिक्षा हेतु न्यूनतम एक विश्वविद्यालय भी खोला जाये।

वर्ष 1917 में भारत सरकार ने लीड्स युनिवर्सिटी के कुलपति डा० एम० ई० सेडलर की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया जो कि "कैलकटा युनिवर्सिटी कमीशन" कहलाता है। इस आयोग ने समस्त विश्वविद्यालयों तथा मुख्य शिक्षा केन्द्रों को निरीक्षण किया और 17 माह पश्चात् वर्ष 1919 में 13 खण्डों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसकी मुख्य संस्तुतियों में इन्टर तक की शिक्षा को विश्वविद्यालयों से पृथक करने व तीन वर्षीय डिग्री कोर्स करने, हाईस्कूल व इन्टर बोर्ड पृथक से स्थापित करने, विद्या परिषद का गठन करने, पूर्णकालिक वैतनिक कुलपति की नियुक्ति करने तथा अंर्तविश्वविद्यालयी बोर्ड के गठन करने एवं मातृ भाषा के माध्यम से शिक्षा दिया जाना था। इन संस्तुतियों ने अगले कई दशक तक हमारे विश्वविद्यालयों के गठन के सम्बन्ध में मार्ग दर्शन किया।

सर फिलिप हार्टोग की अध्यक्षता में गठित समिति (1928-29) ने मुख्य रूप से इस बात पर चिन्ता व्यक्त की कि माध्यमिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालयीय शिक्षा में प्रवेश कराने का होता जा रहा है और विश्वविद्यालयों में ऐसे छात्रों के प्रवेश के कारण जो कि उच्च शिक्षा के लिए योग्य नहीं है, अनुशासन व शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। अतः इन्डिस्ट्रियल व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की ओर अधिक संख्या में छात्रों को डाइवर्ट करना आवश्यक है।

वर्ष 1935 में एक अधिनियम के माध्यम से भारत सरकार ने शिक्षा को केन्द्र व प्रदेशों में विभाजित कर दिया जिसके आधार पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस तथा मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाये गये। केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की संस्तुति पर तकनीकी शिक्षा के विशेषज्ञ एबट एवं वुड को बढ़ती हुई शिक्षित बेरोजगारी पर परामर्श देने के लिए वर्ष 1936 में आमंत्रित किया गया। इन्होंने संस्तुत किया कि कम से कम हाई स्कूल तक शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा होना चाहिए, ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल अपने वातावरण व पर्यावरण से अधिक जुड़े हों, व्यवसायिक शिक्षा के पूर्व सामान्य शिक्षा दिया जाना आवश्यक है, न्यूनतम कक्षा आठ तक सामान्य शिक्षा दी जानी चाहिए और कुछ स्कूलों में कृषि की शिक्षा अवश्य दी जाए।

वर्धा में अक्टूबर 1937 में महात्मा गांधी ने शिक्षा के सम्बन्ध में एक राष्ट्रीय स्तर की बैठक की और भारतीय शिक्षा नीति बनाने हेतु डा० जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में एक समिति गठित की। इस समिति की रिपोर्ट मार्च 1938 में प्रकाशित की गई। इस समिति ने मातृ-भाषा में शिक्षा दिये जाने, सात वर्ष तक अनिवार्य व निशुल्क शिक्षा दिए जाने तथा शिक्षा को हस्त उद्योग, उत्पादकता तथा बच्चे के पर्यावरण से जोड़ने पर बल दिया। इस समिति ने साढ़े पांच घण्टे के प्रतिदिन के अध्यापन कार्यक्रम में 3 घण्टे 20 मिनट हस्त कौशल तथा शेष संगीत, चित्रकला, गणित, भाषा, सामाजिक व सामान्य विज्ञान तथा व्यायाम हेतु निश्चित किया इस समिति ने यह भी अपेक्षा की कि शिक्षा संस्थायें वर्ष में 288 दिन तथा प्रति माह न्यूनतम 24 दिन खुलनी चाहिए।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने वर्ष 1944 में भारत में शिक्षा की सोचनीय स्थिति के आंकड़े प्रकाशित किए। प्रति व्यक्ति शिक्षा पर कम बजट एवं अशिक्षित व्यक्तियों की बढ़ती हुई संख्या पर चिन्ता व्यक्त की गई। अनिवार्य शिक्षा के साथ प्रौढ़ शिक्षा पर भी बल दिया गया। माध्यमिक शिक्षा को दो धाराओं में विभाजित करने तथा स्नातक शिक्षा तीन वर्षीय करने पर बल दिया गया।

स्वतन्त्रता प्राप्त करने के तुरन्त पश्चात् भारत सरकार ने विश्वविद्यालयीय शिक्षा के उत्थान हेतु डा० राधा कृष्ण की अध्यक्षता में युनिवर्सिटी एज्यूकेशन कमीशन का वर्ष 1948 में गठन किया। इस आयोग ने अगस्त 1949 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में शिक्षा के उद्देश्य की विस्तार से व्याख्या की गई तथा नैतिक शिक्षा, समाज के साथ सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता, राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता, नेतृत्व व अंतर्राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत करने व अनुशासन स्थापित करने पर बल दिया गया। इस आयोग ने यह भी संस्तुत किया कि शिक्षकों के 4 टियर होने चाहिए, वर्ष में न्यूनतम 180 वास्तविक शिक्षण दिवस हों। तीन वर्षीय डिग्री कोर्स व तकनीकी, चिकित्सा, कृषि, वाणिज्य व विधि के पृथक व्यवसायिक पाठ्यक्रम हों। छात्रों का प्रशासन में अधिक योगदान हो जिससे उनमें उत्तरदायित्व की भावना हो। त्रिभाषायी फार्मूला प्रस्तावित करते हुए एक राष्ट्रीय भाषा के विकास पर बल दिया गया परन्तु यह स्पष्ट किया गया कि यह विभिन्न कारणों से संस्कृत भाषा नहीं हो सकती है।

शिक्षा के विकास हेतु संसाधनों पर सुझाव देने हेतु वर्ष 1950 में गठित समिति ने अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के उपरान्त वर्तमान शिक्षण शुल्क की दरों में वृद्धि की संस्तुति के साथ ऐसे मेधावी छात्र जो शुल्क देने में असमर्थ हों, के लिए शुल्क मुक्ति में वृद्धि की संस्तुति की।

भारतीय संविधान (1950) की धारा 30 के द्वारा अल्प संख्यक शिक्षा संस्थाओं को विशेष अधिकार प्रदान किया गया है। धारा 343 द्वारा हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा का स्तर दिया गया परन्तु धारा 345 के द्वारा प्रदेशों को अपनी प्रादेशिक भाषा के चुनाव की छूट भी दी गई तथा धारा 350 ए के द्वारा यह अपेक्षा की गई कि प्रत्येक प्रदेश छात्रों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा।

भारत सरकार ने वर्ष 1951 में श्री बी० जी० खेर की अध्यक्षता में प्राथमिक शिक्षा पर एक समिति गठित की तथा सितम्बर 1952 में डा० ए० लक्ष्मण स्वामी मुदालियर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा आयोग गठित किया। अक्टूबर 1956 में डा० सुनील कुमार चटर्जी की अध्यक्षता में संस्कृत आयोग गठित किया। धार्मिक व नैतिक शिक्षा पर विचार करने हेतु श्री श्री प्रकाश की अध्यक्षता में वर्ष 1959 मे एक समिति का गठन हुआ जिसने राष्ट्रीय प्रेम व सर्व धर्म ज्ञान पर बल दिया। इसके द्वारा स्नातक पाठ्यक्रमों में गौतम बुद्ध, ईसा, मोहम्मद, सुकरात, शंकराचार्य, रामानुज, महावीर, कबीर, नानक. गांधी जैसे धार्मिक व आध्यात्मिक महापुरुषों की जीवनी का अध्ययन प्रस्तावित किया तथा अंतराष्ट्रीय दर्शन का अध्यापन संस्तुत किया। विभिन्न धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन व उनका इतिहास स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के रूप में सुझाया गया। सामाजिक सेवा कार्य उच्च शिक्षा का एक विशिष्ठ अंग बनाये जाने पर बल दिया गया।

श्री देव आनन्द कुमार, सदस्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्यक्षता में छात्र अनुशासनहीनता पर विचार करने हेतु गठित समिति ने विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में योग्यता व श्रेष्ठता के आधार पर प्रवेश किए जाने पर बल दिया। वर्ष 1960 में शिक्षा मंत्रियों की एक बैठक में देश में भावनात्मक बिखराव पर चिन्ता प्रकट की गई और भावनात्मक एकता पर विचार करने हेतु डा० सम्पूर्णानन्द की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। इस समिति ने सुझाव दिया कि अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी

का अध्यापन क्षेत्रीय लिपि या रोमन लिपि में किया जा सकता है परन्तु हाई स्कूल स्तर पर देवनागरी लिपि ही रखी जाए । अखिल भारतीय भ्रमण, अध्यापकों का आपसी आदान-प्रदान, ओपन एयर ड्रामा, सामूहिक गान तथा एन० सी० सी०, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे कार्यों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए । प्रवेश व छात्रवृत्तियां जातीयता पर आधारित न होकर श्रेष्ठता पर आधारित होनी चाहिए ।

शिक्षा आयोग (1964-66) जो कि छठवां आयोग था, का गठन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष डा० डी० एस० कोठारी की अध्यक्षता में किया गया । इस आयोग के लगभग आधे सदस्य विभिन्न अन्य देशों के थे । अपने 21 माह के कार्य में इस समिति ने विभिन्न वर्गों के लगभग 9000 व्यक्तियों से विचार विमर्श किया और लगभग 100 दिन विभिन्न विश्वविद्यालयों व शिक्षा संस्थाओं में जाकर छात्रों, प्रबन्धकों, शिक्षकों तथा शिक्षाविदों से विचार विमर्श किया । इस आयोग ने शिक्षा के प्रत्येक पहलू पर अपने विचार व्यक्त किए । इसने कार्य अनुभव (वर्क एक्सपीरियन्स) व वोकेशनल पाठ्यक्रमों पर बल दिया, 10+2+3 शिक्षा पद्धति की संस्तुति की, शिक्षा संस्थाओं में कार्य दिवसों को बढ़ाये जाने की आवश्यकता बताई तथा शिक्षा संस्थाओं के समूह बनाये जाने पर बल दिया जिसमें उच्चतर संस्था के साथ निम्न स्तर की संस्थाओं को सम्बद्ध करने का प्रस्ताव था । मेधावी छात्रों का आरम्भ से ही चुनाव करने पर बल दिया गया । पत्राचार के माध्यम से शिक्षा के प्रसार का सुझाव भी रखा गया । इस आयोग ने यह भी अपेक्षा की कि शासन उनकी संस्तुतियों के आधार पर एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति निर्धारित करेगी । अतः वर्ष 1967 में एक समिति गठित की गई जिसमें पहली बार देश के समस्त मुख्य राजनीतिक दलों ने मिलकर शिक्षा नीति पर एक दस्तावेज तैयार किया जिसे केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार समिति ने अंतिम स्वरूप दिया और वर्ष 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की गई । इस नीति के द्वारा कोठारी कमीशन की अधिकांश संस्तुतियाँ स्वीकार कर ली गई और पिछले दो दशक में यही नीति इस देश में शिक्षा की प्रगति व पद्धति की आधार शिला रही है ।

ग्रामीण उच्च शिक्षा से सम्बन्धित एक समिति ने वर्ष 1969 में ग्रामीण शिक्षा संस्थाओं की स्थापना की संस्तुति की जिसमें ग्राम विकास सम्बन्धित पाठ्यक्रम हों । केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा वर्ष में दिसम्बर 1970 में मुक्त विश्वविद्यालय (ऑपन युनिवर्सिटी) पर सेमिनार किया । डा० पी० डी० शुक्ला की अध्यक्षता में गठित 10+2+3 समिति ने विस्तार से माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम की रूप रेखा बनाई जिसमें रोज़गार परक पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा पर एक "पालिसी फ्रेम" 1978 में तैयार किया । इसने तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की रूप रेखा का भी सुझाव दिया जिसमें फाउन्डेशन कोर्सेज, कोर कोर्सेज, एप्लाइड कोर्सेज तथा समाज सेवा सम्बन्धी कार्य का सुझाव दिया । सम्बद्ध कालेजों के विकास हेतु अधिक विकास अनुदान पर बल दिया गया । स्वायत्त महाविद्यालयों की स्थापना तथा संस्थाओं को और अधिक शैक्षिक स्वतन्त्रता दिये जाने पर भी बल दिया गया जिससे क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रम गठित हो सके और उनका अध्यापन किया जा सके । ज्ञान के प्रसार का उत्तरदायित्व उच्च शिक्षा संस्थाओं व विश्वविद्यालयों पर डाला गया । यह सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालयों को कालेजों व स्कूलों में प्रसार व्याख्यानों व प्रशिक्षण देने का उत्तरदायित्व लेना चाहिये । समाज के प्रति उनको अपना उत्तरदायित्व अनुभव करना चाहिये । इस पालिसी फ्रेम में यह भी सुझाव दिया गया कि अधिकांश सेवाओं में प्रवेश हेतु डिग्री की आवश्यकता समाप्त करने पर शासन द्वारा गम्भीरता से विचार करना चाहिये ।

ऊपर मैंने जिन समितियों व आयोगों की चर्चा की, सब ही के द्वारा महिला शिक्षा तथा उनको शिक्षित करने की सुविधा देने और उनके लिये संसगत पाठ्यक्रम बनाने पर बल दिया गया था। कई समितियां केवल महिला शिक्षा सुझाव देने हेतु ही गठित की गई। श्रीमती दुर्गा बाई देशमुख की अध्यक्षता में एक महिला शिक्षा समिति वर्ष 1957 में गठित की गई जिसने वर्ष 1959 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उसने राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर पर महिला शिक्षा परिषदों का गठन किये जाने का भी सुझाव दिया। प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को कुछ विशेष सुविधा दिये जाने, ग्रामीण अंचल में महिला शिक्षिकाओं को निवास की सुविधा तथा ग्रामीण भत्ता दिये जाने, जहाँ सम्भव हो महिलाओं को अंशकालीन रूप से सेवा में लिये जाने, महिला प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में हाईस्कूल तक की सुविधा दिये जाने तथा समाज सेवी संस्थाओं द्वारा महिला शिक्षा का अभियान चलाये जाने के लिये सहयोग लिये जाने का सुझाव दिया गया। नेशनल काउन्सिल फार वीमेन एज्यूकेशन के द्वारा मई 1963 में "गर्ल्स एज्यूकेशन एण्ड पब्लिक कापरेशन" पर मद्रास के तत्कालीन मुख्य मंत्री श्री एम० भक्तवत्सलम की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई जिसने अपनी रिपोर्ट वर्ष 1964 में प्रस्तुत की और उसे वर्ष 1965 में प्रकाशित किया गया। इस समिति ने संस्तुत किया कि कन्या शिक्षा संस्थाओं के खोलने में, भवन निर्माण में, महिला शिक्षा के प्रचार आदि में जन सहयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। प्रदेशों को छात्राओं की संख्या बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाने चाहिये। महिला शिक्षिकाओं को रहने के निवास स्कूलों के समीप दिये जाएँ। महिला छात्रावास बढ़ाये जाएँ। महिलाओं की आवश्यकताओं को देखते हुये पाठ्यक्रम बनाये जायें आदि। महिला पाठ्यक्रम पर परामर्श देने के लिये नेशनल काउन्सिल फार वीमेन एज्यूकेशन ने श्रीमती हन्सा मेहता की अध्यक्षता में एक समिति दिनांक 1 दिसम्बर को गठित की जिसने वर्ष 1964 में अपनी संस्तुतियां प्रस्तुत की। इसने प्राथमिक स्तर पर पाठ्यक्रम में छात्राओं के लिये किसी विभाजन की संस्तुति नहीं की परन्तु इस पर बल दिया कि प्राइमरी स्कूलों में केवल महिला ही शिक्षिका नियुक्त की जाएँ जबकि मिडिल स्कूल स्तर पर पुरुष व महिला शिक्षक साथ-साथ हों। माध्यमिक स्तर पर पाठ्यक्रम भिन्न हों जिनमें छात्राओं के पाठ्यक्रम में गृह विज्ञान, ललित कला, संगीत आदि का समावेश हो। सेक्स एज्यूकेशन मिडिल व माध्यमिक स्तर पर दिया जाना चाहिये। माध्यमिक व उच्च शिक्षा स्तर पर महिला व पुरुष जन शक्ति की आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम गठित किये जाने चाहिये।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने दिनांक 22 सितम्बर, 1971 को डा० श्रीमती फलरेणू गुहा की अध्यक्षता में "स्टेट्स ऑफ वीमेन" पर विचार करने हेतु एक समिति का गठन किया जिसने अपनी रिपोर्ट दिसम्बर 1974 में प्रस्तुत की। इस समिति ने प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक विस्तार से अपने सुझाव दिये। इस समिति ने कक्षा 10 तक छात्र व छात्राओं के लिये समान पाठ्यक्रम संस्तुत किये। प्राईमरी स्तर पर साधारण सुई का काम, संगीत, नृत्य दोनों लिंग के छात्रों के लिये अनिवार्य बताया। माध्यमिक स्तर पर छात्राओं को व्यवसायिक पाठ्यक्रम चुनने की स्वतन्त्रता तथा उच्च शिक्षा स्तर पर क्षेत्रीय आधार पर ससंगत पाठ्यक्रम बनाये जाने पर बल दिया गया। छ: से 14 वर्ष तक की आयु की छात्राओं के लिये शिक्षा अनिवार्य की जाये तथा इसके लिये अभिभावकों को प्रेरित किया जाये कि प्रत्येक 6 वर्ष की कन्या पाठशाला में भेजी जाये। जनजाति बहुल क्षेत्रों में चलते फिरते स्कूलों पर भी विचार किया जाये। यदि छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस, दोपहर का खाना, पुस्तकें आदि दी जायँ तो यह अभिभावकों के लिये कन्याओं को स्कूल भेजन क लिय भारी प्रोत्साहन हो सकता है। केरल में इसके अच्छे परिणाम निकले हैं जहां सर्वाधिक महिला शिक्षा है। न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला शिक्षक भी इस अभियान में सहायक हो सकती हैं।

सेक्स एज्यूकेशन मिडिल स्कूल से ही दी जाने की संस्तुति की गई है। माध्यमिक शिक्षा के अन्त तक महिलाओं के लिये निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था तथा अनौपचारिक शिक्षा को सुदृढ़ किये जाने पर बल दिये जाने की संस्तुति की गई।

सह शिक्षा के सम्बन्ध में भी उपरोक्त समितियों तथा अन्य समितियों ने अपने विचार प्रकट किये हैं। इस बात पर सब सहमत हैं कि मिडिल स्कूल तक तथा उच्च शिक्षा में सह शिक्षा होनी चाहिये। "स्टेट्स आफ वीमेन" समिति ने तो यह भी विचार व्यक्त किया है कि समस्त स्तरों पर सह शिक्षा हमारा लक्ष्य होना चाहिये परन्तु माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर क्षेत्रीय भावनाओं के अनुरूप अभी पृथक कन्या विद्यालय स्थापित किये जाएँ। उनकी यह भी संस्तुति है कि उच्च शिक्षा स्तर पर पृथक महिला महाविद्यालयों की स्थापना को हतोत्साहित किया जाना चाहिये। इस समिति ने यह भी संस्तुति की है कि पुरुष माध्यमिक स्कूलों में छात्राओं के प्रवेश पर प्रतिबन्ध नहीं होना चाहिये परन्तु ऐसे विद्यालयों में महिला शिक्षिकायें भी सेवा में रखी जानी चाहिये।

शिक्षा के उपर्युक्त संक्षिप्त इतिहान से विदित होता है कि शिक्षा नीति, शिक्षा पद्धति, प्राइमरी से उच्च शिक्षा स्तर तक के प्रसार व शिक्षा संस्थाओं के लिये संसाधन जुटाने तथा संस्थाओं के प्रशासन पर निरन्तर वर्ष 1854 से चिन्तन होता रहा है। कोठारी आयोग ने तो वह भी सुझाव दिया था कि प्रत्येक 5 वर्ष के पश्चात् प्रगति का मूल्यांकन व बदलते वातावरण के अनुसार परिवर्तन की आवश्यकता होगी। अनिवार्य शिक्षा, निशुल्क शिक्षा, नैतिक शिक्षा, सर्वधर्म व महापुरुषों के दर्शन के तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता, महिला शिक्षा, रोजगार परक पाठ्यक्रमों का समावेश, सीमित तथा श्रेष्ठता के आधार पर प्रवेश, वर्क एक्सपीरिएन्स तथा ससंगत पाठ्यक्रम, आटानोमस स्कूल व कालेज, मुक्त विश्वविद्यालय तथा अनौपचारिक शिक्षा, स्नातक उपाधि की अनिवार्यता को सेवा से पृथक किये जाने, शिक्षा संस्थाओं में कार्य दिवस व अनुशासन की समस्याओं पर निरन्तर चिन्ता व्यक्त की जाती रही है और समस्या के हल हेतु सुझाव दिये जाते रहे हैं। लेकिन परम्परागत शिक्षा की स्थिति में बहुत सुधार नहीं आया है, बल्कि इसके गिरते स्तर, स्थिर पाठ्यक्रमों व अनुशासनहीनता राष्ट्र के लिये चिन्ता का विषय बनता जा रहा है।

$$= \frac{1}{m}\int_{O}^{\infty} \frac{y^{x+\frac{1}{m}--1}}{(1+y)^{\lambda}}\,dy$$

$$= \frac{1}{m}\,\frac{T(x+\frac{1}{m})\;T(\lambda-x--\frac{1}{m})}{T(\lambda)}$$

Provided $o\angle Re(x+\frac{1}{m})\angle\lambda.$

Now

$$E\,(D) = \frac{m\;T\,(\lambda)}{T\,(D+\frac{1}{m})\;T\,(\lambda--D--\frac{1}{m})}, D=\frac{d}{ds}$$

We know that [1]

$$(2.3)\quad T\,(z) = \lim_{n\to\infty} \frac{n^1\;n^2}{\prod_{k=o}^{n}(z+k)}$$

$$(2.4)\quad \frac{T\,(z--n)}{T\,(z)} = (--1)^n\,\frac{T\,(-z+1)}{T\,(--z+n+1)}$$

and

$$(2.5)\quad \frac{T\,(z+a)}{T\,(z+b)} \backsim z^{a--b}\qquad, z\to\infty$$

Using the results (2.3), (2.4) and (2.5), We obtain

$$E\,(D) = \lim_{n\to\infty}\,(-1)^{n--1}\,\frac{m\,T\,(\lambda)}{nT(n+1)T(n\pm\lambda)}\prod_{k=o}^{n}(D-\lambda+\frac{1}{m}--k)\;(D+\frac{1}{m}\pm k)$$

Also we have [2, p. 66]

$$[2.6]\ \prod_{k=o}^{n} (D+a+k)\ [e^{-(a+n)x}\ F[e^x]\ ] = e^{-(a-1)x}\ F^{n+1}\ (e^x),$$

$$(2.7)\ \prod_{k=o}^{n} (D+a-k)\ [e^{-ax}\ F(e^x)\ ] = e^{(n+1-a)x}\ F^{n+1}\ (e^x)$$

Using the results (2.6) and (2.7), we get

$$E\ (D)\ \ [e^{s(\lambda-\frac{1}{m})}\ \phi\ (e^{\frac{s}{m}})] = \lim_{u\to\infty} (-1)^{n-1} \frac{m\ T\ (\lambda)}{nT(n+1)T(n+\lambda)}$$

$$e^{s(n+1+\lambda-\frac{1}{m})}\ D_1^{\ n+1}\ e^{s(1-\lambda)}$$

$$D_1^{\ n+1}\ e^{s(n+\lambda)}\ \varphi\ (e^{\frac{s}{m}}) = f\ (e^{\frac{s}{m}}),\quad \text{Where } D_1 = \frac{d}{des}.$$

Returning to original variables, we get

$$(2.8)\ \lim_{n\to\infty}\ (-1)^{n-1} \frac{mT(\lambda)}{nT(n+1)T(n+\lambda)}\ s^{n+1+\lambda-\frac{1}{m}} D^{n+1}$$

$$s^{1-\lambda} D^{n+1}\ s^{n+\lambda}\ \phi(s^{\frac{1}{m}})\Big|_{s=y^m} = f(\ y).$$

Which proves the theorem.

Example. Suppose

$$f\ (y) = y^{r-1}\quad ,\ 0\angle r\angle m\lambda$$

Then

$$\phi\ (s)\ = s^{r-m\lambda}\ \frac{T\ (\frac{r}{m})\ T\ (\lambda-\frac{r}{m})}{mT(\lambda)},$$

$$s^{1-\lambda}\ D^{n+1}\ s^{n+\lambda}\ \varphi\ (s^{\frac{1}{m}}) = \frac{T(\lambda-\frac{r}{m})\ T(\frac{r}{m}+n+1)}{m\ T\ (\lambda)}\ s^{\frac{r-}{m}-\lambda},$$

$$s^{n+1+\lambda-\frac{1}{m}} D^{n+1}\ s^{1-\lambda} D^{n+1}\ s^{n+\lambda}\ \phi\ (s^{\frac{1}{m}})$$

$$= \frac{T(\lambda-\frac{r}{m})\ T\ (\frac{r}{m}+n+1)\ T\ (\frac{r}{m}-\lambda+1)}{m\ T\ (\lambda)\ T\ (\frac{r}{m}-\lambda-n)}\ s^{\frac{r-1}{m}},$$

and

$$\lim_{n \to \infty} (-1)^{n-1} \frac{m\, T(\lambda)}{nT(n+1)\, T(n+\lambda)}\, s^{n+1+\lambda-\frac{1}{m}} D^{n+1}\, s^{1-\lambda} D^{n+1}$$

$$s^{n+\lambda} \phi \left(s^{\frac{1}{m}} \right)$$

$$= \lim_{n \to \infty} (-1)^{n-1} \frac{T\left(\lambda - \frac{r}{m}\right) T\left(\frac{r}{m} + n + 1\right) T\left(\frac{r}{m} - \lambda + 1\right)}{n\, T(n+1)\, T(n+\lambda)\, T\left(\frac{r}{m} - \lambda - n\right)} s^{\frac{r-1}{m}}$$

Finally, using the results [2.4] and [2.5], We get

$$\lim_{n \to \infty} (-1)^{n-1} \frac{T\left(\lambda - \frac{r}{m}\right) T\left(\frac{r}{m} + n + 1\right) T\left(\frac{r}{m} - \lambda + 1\right)}{n\, T(n+1)\, T(n+\gamma)\, T\left(\frac{r}{m} - \lambda - n\right)} s^{\frac{r-1}{m}} \Bigg|_{s = y^m} = y^{r-1}$$

$$= f(y),$$

Which illustrates the validity of the above theorem.

REFERENCES

[1] A. Erdelyi, W. Magnus, F. Oberhettinger and F. G. Tricomi, Higher Transcedental Functions. Vol. I, Mc Graw-Hill Book Co., New York, Toronto and London, 1953.

[2] I. I. Hirschman and D. V. Widder, The Convolution Transform, Princeton University Press, 1955.

[3] J. L. Arora. Publ. Math. Debrecen 20 [1973], 107-116.

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 30-35
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१, पृ० ३०—३५

रीतिकालीन साहित्य और जीवन-मूल्य

राजमणि शुक्ल
हिन्दी-विभाग, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर

सारांश

हिन्दी साहित्य का रीतिकाल हिन्दी आलोचना के प्रारम्भ से ही विवादास्पद रहा है। समीक्षकों की प्रायः यह धारणा रही है कि रीतियुग विलासिता और पतन का काल था और मूल्यों की दृष्टि से भक्तिकाल एवं उसका साहित्य जितना ही श्रेष्ठ रहा है, रीतिकालीन साहित्य उतना ही हीन। प्रस्तुत शोधपत्र में लेखक ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि वस्तुतः रीतिकाव्य—जैसा कोई भी सत्काव्य जीवन-मूल्य की दृष्टि से नकारात्मक मूल्य का नहीं हो सकता। अतः रीतिकालीन साहित्य मूल्यों के पतन का साहित्य नहीं है।

ABSTRACT

Ritikala of Hindi Literature has remained Controversial from the very beginning of Hindi Criticism. Many renouned critics of Hindi have tried to prove that this was the period of downfall in the field of values and ideals in comparison of Bhakti kala, which was the period of highest vaiues of life. In the present paper the writer has tried to prove that Riti kala cannot be a period of negative values and of downfall in the field of morality and ideals.

हिन्दी-समीक्षा के क्षेत्र में आरम्भ से ही इस प्रकार की धारणा बन गई है कि मूल्यों की प्रतिष्ठा की दृष्टि से भक्ति-युग जितना ही उच्चकोटि का रहा है, रीति-युग उतना ही हीन। डॉ० राकेश गुप्त ने रीति-युग पर लगाये जाने वाले इन गम्भीर आरोपों का समाहार इस प्रकार किया है—

१. रीतिकाल घोर विलासिता का युग था। इस युग के राजा और सामन्त, जो श्रृङ्गारी कवियों को आश्रय देते थे, कामी, विलासी और आलसी थे।

२. रीतिकाल के कवि दरबारी और चाटुकार थे। उनकी भक्ति हार्दिक न होकर दिखावा मात्र थी।

३. रीतिकालीन कविता नारी-शरीर तक सीमित थी, जिसे भक्ति-शृङ्गार नहीं कहा जा सकता। यह अश्लीलता की सीमा तक पहुँचा हुआ वासनामय लौकिक शृङ्गार है।

४. रीतिकालीन साहित्य का समाज पर बड़ा दुष्प्रभाव पड़ा है। इससे व्यभिचार और परकीयावाद को प्रोत्साहन मिलता है।[1]

डॉ० राकेश गुप्त ने इन आरोपों का विस्तार से खण्डन करते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि रीतिकाल नैतिक पतन और मूल्यों के ह्रास का काल नहीं था। न तो इस काल में रातों-रात कुछ ऐसा घटित हो गया था कि भक्तियुगीन मानसिकता में एकाएक इतना बड़ा परिवर्तन हो जाता और तत्कालीन उच्चतम जीवनादर्श रीति काल के शुरू होते ही एकदम जमीन चूमने लग जाते तथा न ही इस काल के कवियों ने काव्य-मर्यादाओं की सुदीर्घ भारतीय परम्परा को छोड़ कर किसी अन्य परम्परा का सूत्रपात किया, जिसमें भोगवाद को प्रश्रय देने का तनिक भी अवकाश होता।[2]

भारतीय मनीषा में जीवन के शाश्वत मूल्यों—पुरुषार्थ चतुष्टय आदि की अवधारणा आदि काल से चली आ रही है। धर्म, अर्थ और काम से आगे जिस अभीष्ट की परिकल्पना मनीषियों ने की है, वह है—मोक्ष, जिसे पाने के लिए हमें भौतिकता से ऊपर उठ कर आध्यात्मिक मूल्य को आत्मसात् करना होता है। भारतीय वाङ्मय में इसी मूल्य को—जीवन के सर्वोत्तम को, अनेक रूपों में व्याख्यायित किया जाता रहा है, चाहे वह पौराणिक आख्यानों के माध्यम से प्रबन्धात्मक अभिव्यक्ति हो या मुक्तक रचना अथवा और कुछ। परमतत्व की खोज हर युग के हर मनीषी, सन्त, कवि और विचारक ने की है।

संक्षेप में, जीवन-मूल्य वे मानदण्ड हैं, जिनके आधार पर हम किसी व्यक्ति के जीवन की सफलता-असफलता को मापते हैं या उसकी कीमत आँकते हैं। सभी कालों में मनुष्य की कीमत इसी बात से आँकी जाती रही है कि वह अपने संकुचित 'स्व' से मुक्त होकर दूसरों के लिए कितना जिया है। यही बात समाज और साहित्य पर भी लागू होती है। आचार्य शुक्ल के अनुसार, कविता की सार्थकता भी इसी बात में है कि वह हमें संकुचित स्व से ऊपर उठाकर हृदय की मुक्तावस्था प्रदान करती है, जहाँ हम शेष सृष्टि से तादात्म्य स्थापित करते हैं।[3] इस दृष्टि से कोई भी सत्काव्य जीवन-मूल्य की दृष्टि से नकारात्मक मूल्य (निगेटिव वेल्यू) का नहीं हो सकता। रीति-साहित्य भी हमें रसानुभूति कराकर निश्चय ही हृदय की मुक्तावस्था प्रदान करता है, इसलिए उसे मूल्यों के पतन का साहित्य नहीं माना जा सकता।

साहित्य का एक महत्वपूर्ण कार्य हमारी अनुचित एवं आन्तरिक वासनाओं का निष्कासन करके हमारे चित्त को निर्मल बनाना भी है। इसी को अरस्तू ने केथार्सिस या विरेचन कहा है।[4] रीतिकालीन साहित्य में भी शृङ्गार की अतिशयता सहृदय को पतन और विलास के मार्ग पर नहीं ले जाती, वरन् विरेचन की क्रिया द्वारा उसके चित्त का निर्मलीकरण करती है। फिर, शृङ्गार की यह परम्परा तो समस्त विश्व-साहित्य का प्रमुख अंग रही है। यदि हम रीतिकालीन साहित्य को शृङ्गारातिरेक के कारण तिरस्कृत करते हैं, तो फिर कालिदास, जयदेव, विद्यापति और सूर के साहित्य को भी हीन मानना होगा।

रीति-युग में श्रृङ्गार काव्य और अमरूक की प्राचीन परम्परा कृष्ण काव्य-धारा के साथ मिलकर एकरस हो चुकी थी।[५] इस प्रकार मूल्य की दृष्टि से हीन होने के स्थान पर वह अधिक समृद्ध और सम्पन्न हो गई थी। इस काल के कवियों की भक्ति-भावना और वैराग्य-भावना बहाना न होकर सच्चे हृदय की अनुभूति थी, यह बात अब भली-भाँति सिद्ध हो चुकी है।[६] मतिराम की राधा-कृष्ण के प्रति प्रगाढ़ भक्ति का एक उदाहरण देखें, कवि के अनुसार जिन्हें राधा-कृष्ण प्रिय नहीं, उनकी आँखों में दस हजार मुट्ठी धूल—

राधा मोहन लाल को जा न भावत नेह।
परियो मुठी हजार दस ताकि आँखिनि खेह ॥[७]

देव कहते हैं कि अपूर्णताओं से भरी दुनिया में नाचते ही सारा जीवन बीत गया। सूर के 'अब हौं नाच्यो बहुत गुपाल' से कम वेदना इस छन्द में नहीं है—

साहिब अंध मुसाहिब मूक सभा बहिरी रंग रीझ को माच्यो।
× ×
देव तहाँ निधरे नट की बिगरी मति को सगरी निसि नाच्यो ॥[८]

इसी सन्दर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ मूल्य तो शाश्वत होते हैं और कुछ देश-काल-सापेक्ष। उदाहरणार्थ—बहुपत्नीव आज के युग में अच्छा नहीं माना जाता, किन्तु मध्य युग में वह सम्पन्नता का एक लक्षण था और उसे नीति-विरुद्ध नहीं माना जाता था। भिखारीदास ने "श्री भामिनि के भौन जो भोग्य भामिनी और"[९] कह कर इसी स्थिति का संकेत किया है। अतः रीति-साहित्य में बहुपत्नीव की मान्यता तद्युगीन मूल्य-दृष्टि से उचित ही है। दूसरी बात यह कि कवि ने उक्त कविता स्वकीया नायिका के सम्बन्ध में लिखी है, अतः इससे परकीयावाद को प्रश्रय न मिलकर स्वकीया के प्रति कवि की व्यापक दृष्टि का परिचय मिलता है।

यही बात राजाश्रय के सम्बन्ध में भी है। राजाश्रय को आज कवि के लिए हेय भले ही माना जाय, उस युग के आलोक में निष्पक्ष और पूर्वग्रहमुक्त होकर सोचने पर यह बात साफ हो जाती है कि रीति युग में यह गौरव का विषय था—राजा और कवि दोनों ही के लिए। अतः रीतिकालीन कवि को राजाश्रय के कारण मूल्यहीन मानना भी उचित नहीं है। इसी प्रकार रीतिकालीन कवि पर आश्रयदाता की झूठी प्रशंसा और चाटुकारिता का आरोप भी लगाया जाता रहा है। ये दोनों बातें निश्चय ही नकारात्मक मूल्य हैं, क्योंकि इनसे संकुचित स्व का, अहंकार का पोषण होता है और इनकी प्रेरणा शुद्ध स्वार्थ में से जन्म लेती है। किन्तु रीति कवियों ने आश्रयदाताओं की झूठी प्रशंसा या चाटुकारिता नहीं की। यदि ऐसा रहा होता तो बिहारी 'नहिं पराग नहिं मधुर मधु....'[१०] लिखकर महाराज जयसिंह का उद्‌बोधन करने के स्थान पर ऐसा दोहा लिखते जो विलासिता में उन्हें और भी अधिक निमग्न करने वाला होता। उक्त उद्‌बोधन से जयसिंह के हृदय का शुद्धीकरण ही हुआ और वे अपने कर्त्तव्य के प्रति एक बार फिर समर्पित हुए। इतना ही नहीं, देव और पद्माकर आदि ने भी आश्रयदाताओं के हाथ कभी अपना स्वाभिमान नहीं बेचा। रीतिकवियों के आश्रयदाता भी गुण-ग्राहक थे, जो इन कवियों के प्रति श्रद्धालु ही थे, अन्यथा भूषण की पालकी में महाराज छत्रसाल

कंधा लगा कर उनके प्रति अपना सम्मान क्यों व्यक्त करते ? दूसरी बात यह कि रीतिकवियों ने जिन राजाओं को अपने काव्य का विषय बनाया, वे उनकी रचनाओं में अवतरित होकर वास्तविकता के स्थान पर प्रवन्धकाव्य के पात्र हो गये । काव्य में जब सहृदय उनका वर्णन पढ़ता है तो उन्हें वीरता, शौर्य, दानशीलता, उदारता, गुणग्राहकता आदि उन गुणों से युक्त पाता है, जो शाश्वत मानव मूल्यों के रूप में प्रतिष्ठित रहे हैं । मान की ऐसी मुक्तावस्था में पाठक का उन वास्तविक राजाओं से कोई सरोकार नहीं रह जाता, जिनका वर्णन काव्य में वह पढ़ता है । अतः इस दृष्टि से भी रीतिकाव्य को मूल्यों की दृष्टि से पतन या ह्रास का काव्य नहीं कहा जा सकता ।

रीतिकालीन काव्य का एक बड़ा भाग नीतिकाव्य भी है, जिसमें उच्च मानव-मूल्यों की प्रतिष्ठा तो है ही, व्यवहार-ज्ञान का विशद अनुभव भी समाहित है । चिन्तामणि का यह कथन कि विवेक के अभाव में राजा निन्दनीय है—आलोच्य विषय के आलोक में एक चौंकाने वाला उल्लेखनीय तथ्य है—

निंदत नृपति विवेक बिन, चरचा को है साथ ।[११]

मतिराम का यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि प्रशासन एवं राजनीति में आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी है, जिसके अभाव में प्रशासक या राजा मंत्रियों के अधीन हो जाता है—फलतः सुख नहीं मिलता, शान्ति छिन जाती है—

मंत्रिन के बस जो नृपति, सो न लहत सुखसाज ।
मनहिं बाँधि दृग देत है, मनकुमार कौं राज ।[१२]

इसी प्रकार जीवन के शाश्वत मूल्य-सत्य के प्रति इन कवियों की निष्ठा और समर्पण द्रष्टव्य है—

झूठे ही जर जात हैं, याके साखी पाँच ।
देखी कै काहू सुनी, लगत साँच को आंच ।।[१३]

एक ओर पद्माकर के अनुसार अध्यवसाय और परिश्रम के बिना कुछ भी प्राप्य नहीं—

है सुख सम्पति सुमति तें, सुमति पढ़े तें होइ ।
पढ़ब होत अभ्यास तें, ताहि तजहु जनि कोइ ।।[१४]

तो दूसरी ओर बिहारी के अनुसार हम अपनी भौतिक आवश्यकताओं को कम किए बिना सुखी नहीं हो सकते । बिहारी की यह सोच सोलह आना भारतीय मूल्यों पर आधारित है, जिसकी उपयोगिता आज भी है—

पटु पाँखैं भखु काँकरै, सपर परेई संग ।
सुखी परेवा पुहमि में, एकै तुहीं बिहंग ।।[१५]

वस्तुतः रीतिकालीन कवि भी पूर्ववर्ती भारतीय कवियों की तरह ही पुरुषार्थ चतुष्टय, शिवेतरक्षति, कान्तासम्मितोपदेश को काव्य का उद्देश्य मानते थे और जीवन-मूल्यों के प्रति सत्यनिष्ठ थे। उदाहरण के लिए भिखारीदास ने निम्नांकित छन्द में उन्हीं काव्य-मूल्यों को मान्यता प्रदान की है, जो उच्चतम जीवन-मूल्य के रूप में सदैव स्वीकृत रहे हैं। ज्ञातव्य है कि कवि ने 'तुलसी-सूर' के 'तप-पुंज' के फल (मोक्ष) को ही सर्वोच्च मान्यता प्रदान की है—

> एक लहैं तप पुंजनि के फल ज्यों तुलसी अरु सूर गोसाईं।
> एक लहैं बहु संपति केसव भूषन ज्यों बरबीर बड़ाई।
> एकनिकों जस ही सों प्रयोजन है रसखानि रहीम की नाईं।
> दास कवित्तन की चरचा बुद्धिवंतन कों सुख दै सब ठाईं ॥[१६]

अतः काव्य-प्रयोजन की दृष्टि से भी यह कहना सर्वथा गलत है कि रीति कवियों के लिए काव्य आजीविका का साधन मात्र था। यह धारणा भी निरस्त हो जाती है कि मार्ग-दर्शन, सत्य की खोज अथवा उदात्त भावाभिव्यक्ति इन कवियों का लक्ष्य नहीं रहा। तुलसी के 'सुरसरि सम सब कहँ हित होई' जैसी-ही लोकमंगलकारी काव्य-मूल्य की अभिव्यक्ति का एक उदाहरण पर्याप्त होगा—

> मन वच कर्मनि कै करं, सबही को उपकार।
> लहत सुकवि या जगत में, ज्यों सुरसरि की धार ॥[१७]

अन्त में निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि रीतिकाल में मूल्यों के ह्रास और नैतिक पतन की बात सर्वथा अनुचित है। वास्तव में उस युग में भारतीय मनीषा ने राजनैतिक दासता के बावजूद अपना मनोबल बनाए रखा और अपनी सांस्कृतिक थाती की भरपूर रक्षा की—जैसा कि डॉ० धीरेन्द्र वर्मा का अभिमत है कि यद्यपि देश की सैनिक पराजय हुई और राजनीतिक सफलता की दृष्टि से देश ६०० वर्षों तक सिर नहीं उठा सका, किन्तु साथ ही समाज, धर्म और साहित्य की रक्षा के लिए जो आयोजन देश ने सफलता के साथ किया और जिसके फलस्वरूप राजनीतिक और सैनिक परतन्त्रता के रहते हुए भी देश की संस्कृति की रक्षा ६०० वर्षों तक हो सकी, यह संसार के इतिहास में एक असाधारण घटना है।[१८]

सन्दर्भ

१. डॉ० राकेश गुप्त एवं डॉ० ऋषिकुमार चतुर्वेदी—रीति-रस, रीतिकाव्य की भूमिका, ग्रन्थायन, अलीगढ़, सन् १९८१, पृष्ठ ११

२. डॉ० राकेश गुप्त-स्टडीज इन नायक-नायिका-भेद, अध्याय चार, ग्रन्थायन, अलीगढ़, सन् १९६७, पृष्ठ २६९-३१६

३. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल – चिन्तामणि-पहला भाग : कविता क्या है, इंडियन प्रेस प्रा० लि० इलाहाबाद, सन् १९७१, पृष्ठ ११३

४. अनुवादक डॉ० नगेन्द्र, महेन्द्र चतुर्वेदी—अरस्तू का काव्यशास्त्र, भूमिका भाग, दिल्ली, संवत् २०१४, पृष्ठ ८६
५. डॉ० राकेश गुप्त—स्टडीज इन नायक-नायिका-भेद, वही, पृष्ठ ३०९-३१०
६. डॉ० राकेश गुप्त एवं डॉ० ऋषि कुमार चतुर्वेदी—रीति-रस, वही, पृष्ठ ८७
७. संपादक स्व० कृष्णबिहारी मिश्र एवं स्व० ब्रजकिशोर मिश्र—मतिराम ग्रन्थावली-मतिराम सतसई, दोहा सं० ४, नागरी प्रचारिणी सभा-काशी, २०२१ वि०, पृष्ठ ३६९
८. सं० डॉ० पुष्पा रानी जायसवाल—देव ग्रन्थावली-भाग-एक, जगद्दर्शन, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद, १९७४, पृष्ठ ३३
९. सं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र—भिखारीदास ग्रन्थावली-प्रथम खण्ड-शृङ्गार-निर्णय, छन्द सं० ६३, नागरी प्रचारिणी सभा काशी, सं० २०१३, पृष्ठ १०४
१०. सं० जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'—बिहारी रत्नाकर, ग्रन्थकार-शिवाला, बनारस, सन् १९६५, छन्द सं० ३२
११. कवि कुल कल्पतरु २।१३० चिन्तमणि कृत—सन्दर्भ-रीतिकालीन शृंगार-कवियों की नैतिक दृष्टि : डॉ० शकुन्तला अरोरा, सन्मार्ग प्रकाशन, दिल्ली, सन् १९७८, पृष्ठ २१८ से उद्धृत।
१२. सं० स्व० कृष्ण बिहारी मिश्र एवं स्व० ब्रजकिशोर मिश्र—मतिराम ग्रन्थावली, ललित ललाम, दोहा सं० ३१४, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, २०२१ वि०, पृष्ठ ३५२
१३. सं० डॉ० श्याम सुन्दर दास—सतसई सप्तक—रसनिधि सतसई, हिन्दुस्तानी ऐकेडेमी, इलाहाबाद, सन् १९३१, पृष्ठ २२१
१४. सं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र—पद्माकर ग्रन्थावली-पद्माभरण, छन्द सं० १७४, नागरी प्रचारिणी सभा-काशी, सं० २०१६ वि०, पृष्ठ ५४
१५. सं० जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'—बिहारी रत्नाकर, वही, छन्द सं० ६१९
१६. सं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र—भिखारी दास ग्रन्थावली-द्वितीय खण्ड, काव्य-निर्णय १।१०, ना० प्र० स०, काशी, सं० २०१४, पृष्ठ ४
१७. सं० नकछेदी तिवारी—चेतचन्द्रिका: गोकुलनाथकृत, भारत जीवन प्रेस—काशी, सन् १९८४, छन्द सं० १३
१८. डॉ० धीरेन्द्र वर्मा—मध्य देश, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, १९५५ ई०, पृष्ठ २७१

—

Jour. U. P. govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1. P. 36-42
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड-१, पृ० ३६-४२

उर्दू कवियों की हिन्दवी रचनाएँ

ऋषिकुमार चतुर्वेदी,
हिन्दी विभाग, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर

सारांश

इंशा अल्ला खाँ ने 'रानी केतकी की कहानी' जिस भाषा में लिखी उसे उन्होंने 'हिंदवी' कहा। यह भाषा-रूप एक ओर तो संस्कृत, अरबी, फारसी, तुर्की के क्लिष्ट शब्दों से और दूसरी ओर अवधी एवं ब्रज के प्रभाव से मुक्त जन-सामान्य की खड़ी बोली थी। इंशा के बाद भी अन्य अनेक प्रसिद्ध उर्दू शायर उर्दू के साथ-साथ इस भाषा-रूप में भी रचनाएँ करते रहे हैं। इस भाषा-रूप का विकास साहित्य को जन-जीवन के निकट लाने वाली तथा हिंदी-उर्दू की दूरी कम करने वाली कड़ी के रूप में किया जा सकता है और किया भी जाना चाहिये।

ABSTRACT

The form of language, in which Insha-Allah-Khan wrote his 'Rani ketki ki kahani', was called by him 'Hindwi'. This form of Language was free from the hard words of Sanskrit, Arabic, Persian and Turkish on one hand and from Awadhi and Braj dielects on the other. It was a Common form of Khari Boli. This form of language may be developed—should be developed rather—to bring literature nearer to common man and to combine Hindi and Urdu together,

---

सन् १८०० ई० के आसपास उर्दू के प्रसिद्ध शायर इंशा अल्ला खाँ ने 'रानी केतकी की कहानी' की रचना की। इंशा साहब ने कहानी लिखने का कारण इस प्रकार बतलाया है : एक दिन बैठे-बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिए कि जिसमें हिन्दवी छुट और किसी बोली का पुट न मिले, तब जाके मेरा जी फूल की कली के रूप में खिले। बाहर की बोली और गँवारी कुछ भी उसके बीच में न हो। × × × हिंदवीपन भी न निकले और भाखापन भी न हो। बस, जैसे भले लोग—अच्छों से अच्छे—आपस में बोलते-चालते हैं, ज्यों का त्यों, वही सब डौल रहे और छांव किसी की न हो।"[1] जैसा आचार्य शुक्ल ने लिखा है

कि उपर्युक्त पंक्तियों में इंशा ने अपनी भाषा को तीन प्रकार के शब्दों से मुक्त रखने की प्रतिज्ञा की है :

बाहर की बोली = अरबी, फ़ारसी, तुर्की ।
गँवारी = ब्रज भाषा, अवधी आदि ।
भाखा = संस्कृत के शब्दों का मेल ।[२]

इस प्रकार इंशा ने भाखापन अर्थात् संस्कृतनिष्ठता तथा मुअल्लापन अर्थात् अरबी-फ़ारसी आदि के शब्दों की भरमार तथा ब्रज और अवधी आदि बोलियों की गंध से मुक्त रखते हुए जिस खड़ी बोली में अपनी कहानी की रचना की, उसे हिन्दी गद्य के आरंभिक रूप का एक नमूना माना जाता है और इंशा को हिन्दी गद्य के आरंभिक चार स्तंभों में आदरपूर्वक स्थान दिया जाता है। इंशा ने अपनी इस भाषा को 'हिंदवी' नाम दिया। इस प्रकार 'हिन्दवी' हिन्दी का वह रूप है जिसका विकास उन दिनों हिन्दी भाषी प्रदेश के शिष्ट जन समुदाय की भाषा के रूप में हो रहा था और जिसमें अपनी मिट्टी की ताज़ा गंध थी; जो संस्कृत तथा अरबी-फ़ारसी आदि की बैसाखियाँ छोड़कर अपने पैरों खड़े होना सीख रही थी। इस भाषा की अपनी एक अलग मिठास और अपना एक अलग सौंदर्य है। इस भाषा की परंपरा आगे भी चलती रही और गद्य में ही नहीं, कविता में भी इसका प्रयोग हुआ। अनेक उर्दू कवियों ने इस भाषा में बड़ी सशक्त रचनाएँ की हैं। इसके कुछ उदाहरण यहाँ देखे जा सकते हैं।

इंशा ने 'रानी केतकी की कहानी' में कुछ ठेठ खड़ी बोली के पद्य भी उर्दू छंदों में रखे।[३] इंशा के ही समकालीन नज़ीर अकबराबादी हुए। यद्यपि नज़ीर साहब हिंदवी छुट और किसी बोली का पुट न रखने का व्रत लेकर नहीं चले किन्तु वे सच्चे अर्थों में जीवन से जुड़े हुए कवि थे, इसलिए उनकी कविता में स्थान-स्थान पर अनायास ही इस प्रकार की भाषा आ गई है; क्योंकि यह भाषा भी ठेठ जीवन से उठकर विकसित हुई है। नज़ीर ने जिस सादगी के साथ जीवन के मार्मिक सत्यों की अभिव्यक्ति की है, उसे देखकर आश्चर्य होता है। देखिए, मौत के बारे में वे क्या कहते हैं :

दुनिया में अपना जी कोई बहला के मर गया
दिलतंगियों से और कोई उकता के मर गया
आक़िल था वो तो आपको समझा के मर गया
बेअक्ल छाती पीट के घबरा के मर गया
दुख पाके मर गया कोई सुख पाके मर गया
जीता रहा न कोई हर इक आके मर गया[४]

नज़ीर की 'बंजारनामा' कविता बहुत प्रसिद्ध हुई 'सब ठाठ पड़ा रह जावेगा जब लाद चलेगा बंजारा', यह पंक्ति तो साधारण ग्रामीणों और पढ़े-लिखे शहरातियों, दोनों की ज़बान पर चढ़ी हुई मिलेगी। इसमें बंजारे के प्रतीक के माध्यम से जीवन की असारता और क्षण-भंगुरता को बड़े प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया गया है। कुछ पंक्तियाँ देखिए :

गर तू है लक्खी बंजारा और खेप भी तेरी भारी है
ऐ ग़ाफिल तुझसे भी चढ़ता इक और बड़ा व्योपारी है
क्या शक्कर मिसरी कंद गरी क्या साँभर मीठा खारी है
क्या दाख मुनक्का सोंठ मिरच क्या केसर लौंग सुपारी है
सब ठाठ पड़ा रह जावेगा जब लाद चलेगा बंजारा[५]

नज़ीर की रचना 'आदमीनामा' में भी इस भाषा की बानगी देखी जा सकती है :

(i) किसकिस तरह की चीजें बेचे है बना बना
और मोल ले रहा है सो है वो भी आदमी

(ii) सब आदमी भी करते हैं मुरदे के कारोबार
और वो जो मर गया है सो है वो भी आदमी

(iii) अच्छा भी आदमी ही कहाता है ऐ नज़ीर
और सब में जो बुरा है सो है वो भी आदमी[६]

नज़ीर की 'कन्हैया जी का खेलकूद' नामक कविता की भाषा को भी 'हिंदवी' ही कहा जा सकता है। इसमें कृष्णलीला का गान नज़ीर ने जिस तन्मयता के साथ किया है वह बेजोड़ है :

तारीफ़ करूँ अब मैं क्या क्या उस मुरली अधर बजैया की
नित सेवाकुंज फिरैया की और बनबन गऊ चरैया की
गोपाल बिहारी बनवारी दुख हरना मेहर करैया की
गिरधारी सुंदर श्याम बरन और हलधर जू के भैया की
यह लीला है उस नंदललन मनमोहन जसुमति छैया की
रख ध्यान सुनो दंडौत करो जय बोलो किशन कन्हैया की[७]

इंशा के लगभग सौ वर्ष बाद उत्पन्न हुए ख्वाज़ा अल्ताफ़ हुसेन हाली भी अपने देश की मिट्टी में रसे-बसे कवि थे। उनका 'मुनाजाते बेवा'[८] नामक एक काव्य मिलता है। 'मुनाजाते बेवा' अर्थात् विधवा की फ़रियाद। इस काव्य की भाषा भी वही है, जिसे इंशा ने 'हिंदवी' का नाम दिया था। इस काव्य में विधवा पहले ईश्वर की स्तुति करती है और फिर अपनी बेबसी और बेकसी का मार्मिक वर्णन करती है। ईश्वर-स्तुति का एक नमूना देखिए :

जोत है तेरी जल और थल में। बास है तेरी फूल और फल में।
हर मन में है तेरा बसेरा। तू पास और घर दूर है तेरा ॥[९]

यह भाषा पानी की तरह बहती है और तीर की तरह असर करती है, इस बात का सहज ही अनुभव किया जा सकता है। निम्नलिखित पंक्तियों में विधवा की व्यथा की कैसी मार्मिक अभिव्यक्ति है :

त्योहारों का आये दिन आना । और सबका त्योहार मनाना ।
वो चैत और फागुन की हवाएँ । वो सावन भादों की घटाएँ ।
वो गरमी की चाँदनी रातें …
किससे कहूँ किस तौर से काटीं । खैर कटीं जिस तौर से काटीं ।[१०]

वह विधवा प्यास से तड़पती हिरनी की तरह तृप्ति खोजती है, लेकिन उसे केवल जलती हुई रेत ही मिलती है :

रेत में ज़र्रे देख चमकते । दौड़ पड़ी मैं झील समझ के ।
चारों खूँट नज़र दौड़ाई । पर पानी की बूंद न पाई ।[११]

तात्पर्य यह कि यद्यपि इंशा के बाद 'हिंदवी' नाम देकर प्रतिज्ञापूर्वक इस भाषा में रचना करने का अन्य कोई उदाहरण फिर नहीं दिखाई देता, फिर भी इस भाषा में रचना करने की परंपरा बीसवीं शताब्दी तक बराबर चलती रही है । उर्दू के प्रसिद्ध रोमांटिक कवि अख्तर शेरानी की एक लंबी कविता है—'ओ देस से आने वाले बता किस हाल में है याराने वतन' । देश और जन्मभूमि के कण-कण से गहन परिचय और आत्मीयता की गंध इस कविता में प्राणवायु बन कर समा गई है । कवि अपने 'देस' से आने वाले मित्र से कैसी उत्कंठा से पूछता है—'ओ देस से आने वाले बता किस हाल में है याराने वतन ।' और फिर अपने उस याराने वतन की एक-एक चीज़ के बारे में पूछता है—क्या अब भी वहाँ वह सब वैसा ही है, जैसा मैं छोड़ आया था ? कुछ पंक्तियाँ देखिए :

क्या अब भी वहाँ वैसी ही जवाँ और मदभरी रातें होती हैं
क्या रात भर अब भी गीतों की और प्यार की बातें होती हैं
वो हुस्न के जादू चलते हैं वो इश्क की घातें होती हैं
ओ देस से आने वाले बता किस हाल में है याराने वतन

× × × ×

क्या अब भी महकते मंदिर से नाकूस की आवाज़ आती है
क्या अब भी मुक़द्दस मस्जिद पर मस्ताना अदा थर्राती है
और शाम के रंगीं सायों पर इक अलमस्ती छा जाती है
ओ देस से आने वाले बता किस हाल में है याराने वतन[१२]

इन पंक्तियों में नाकूस (शंख) तथा मुक़द्दस (पवित्र) जैसे शब्दों को छोड़कर कोई कठिन शब्द नहीं आया है । इस प्रकार की भाषा को भी 'हिंदवी' का ही एक रूप माना जा सकता है, जिसमें कहीं-कहीं कुछ कठिन शब्दों के आ जाने पर भी भाषा की सुबोधता और सादगी में कोई अन्तर नहीं पडता । इसके विपरीत आरज़ू लखनवी की निम्नलिखित ग़जल में विशुद्ध हिंदवी के दर्शन होते हैं :

सच भी बुरा वो जिसको सुनकर लोग कहें तू झूठा है
जिसका लुटाया सबने पाया मुझको उसी ने लूटा है
तारा टूटा सबने देखा ये नहीं देखा एक ने भी
किसकी आँख से आँसू टपका किसका सहारा टूटा है।[१३]

बीसवीं शताब्दी में ही आरज़ू लखनवी नामक उर्दू शायर यद्यपि अपनी भाषा की क्लिष्टता के लिए प्रसिद्ध हैं किंतु उनके 'सुरीली बाँसुरी,[१४] नामक संकलन की रचनाएँ 'हिंदवी' की परंपरा में ही आती हैं। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं :

(क) छाती से उठे भाप कि गरमा के चले साँस
जब आग लगी है तो पता देगा धुआँ आप
हां हाँ वही चाहत वही चाहत की कहानी
मैं तो कहूँ सौ ढंग से सुनते हैं कहाँ आप[१५]

(ख) साँस टूटी मिट गया सारा घमंड
फुसफुसे तागे पे था कितना घमंड।[१६]

ऐसा प्रतीत होता है कि खड़ी बोली के साहित्य-क्षेत्र में प्रवेशकाल से इस प्रकार की भाषा में साहित्य रचना का चलन आरंभ हो गया था। तभी तो इंशा ने उर्दू के ख्यातिप्राप्त साहित्यकार होने के बावजूद इसमें रचना करने की आवश्यकता समझी। तुलसी ने एक ज़माने में संस्कृत के स्थान पर भाषा (जिसे इंशा ने 'भाखा' कहा है) में काव्यरचना की तो पंडितों ने उनका उपहास ही नहीं, घोर विरोध भी किया। किंतु तुलसी ने दृढ़तापूर्वक घोषणा की—'भाषाबद्ध करब मैं सोई' या 'भाषा निबन्धमति मञ्जुलमातनोति'।[१७] तुलसी जनजीवन तक पहुँचना चाहते थे, इसलिए वे जनता की 'भाषा' के अतिरिक्त और कोई माध्यम नहीं अपना सकते थे। किंतु इंशा तक आते-आते यह 'भाखा' भी संस्कृतनिष्ठता के कारण क्लिष्ट प्रतीत होने लगी थी। भाषाओं के विकास की परंपरा ही यह रही है : संस्कृत>पाली>अपभ्रंश>आधुनिक आर्यभाषाएँ—सभी एक के बाद एक इसलिए विकसित हुईं कि पूर्ववर्तिनी भाषा किताबी होकर जनजीवन से कट गई। अतः जनजीवन से निकलकर दूसरी भाषा सामने आई। एक भाषा के किताबी हो जाने पर दूसरी भाषा काव्यक्षेत्र में जीवन की ताज़गी लेकर पदार्पण करती रही। खड़ी बोली 'हिंदवी' का उद्भव भी इसी नियम के अंतर्गत हुआ। किंतु यह इस नियम का अपवाद भी सिद्ध हुई क्योंकि जहाँ पूर्वोल्लिखित भाषाएँ एक के बाद दूसरी का स्थान लेती रहीं वहाँ 'हिंदवी' 'भाखा' की स्थानापन्न नहीं बन सकी। संभवतः आरंभ में ही इस हिंदवी का प्रचलन बढ़ता देख मुंशी सदासुखलाल नियाज़ ने 'रस्मो रिवाज भाखा का दुनिया से उठ गया' कहकर खेद प्रकट किया था।[१८] इससे प्रतीत होता है कि हिंदवी नामक इस भाषा रूप को इसके उद्भव काल में ही अधिक मान्यता नहीं मिली थी। बाद में भी हिन्दी के कवि-लेखकों ने इसे बड़े पैमाने पर व्यवहार-योग्य समझा हो, इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। केवल राधेश्याम की रामायण अवश्य मूलतः इसी भाषारूप को लेकर चलती दिखाई देती है; यद्यपि उसमें संस्कृत शब्दों की भी कमी नहीं है किंतु मूल ढाँचा उसका हिंदवी का ही

है। इसीलिए उसकी संस्कृत, या यों कहें कि तत्सम, शब्दावली भी अत्यंत सरल है; और कहीं कहीं तो उसमें विशुद्ध हिंदवी के दर्शन होते हैं :

भाई दो लड़के राम लषण इस दंडक वन में आये हैं।
हमराह एक सीता नामी सुकुमारी नारी लाये हैं।
बाँके हैं और लड़ाके हैं गोया शमशीर उन्हीं की हो।
यों पंचवटी में रहते हैं जैसे जागीर उन्हीं की हो।[१८]

उपर्युक्त पंक्तियों में 'शमशीर' शब्द अवश्य हिन्दवी की प्रकृति के कुछ प्रतिकूल पड़ता है; शेष शब्दावली हिंदवी छुट और किसी बोली का पुट न होने की घोषणा करती प्रतीत होती है। इसी हिंदवीपन के कारण राधेश्याम की रामायण खड़ी बोली का सर्वाधिक लोकप्रिय काव्य सिद्ध हुई है। खड़ी बोली में रामकथा को लेकर और भी काव्य लिखे गये; वे हिन्दी साहित्य का गौरव बने यह अलग बात है, किंतु जनजीवन से जुड़ सकने की, जनकाव्य बन सकने की क्षमता उनमें न आ सकी। इसका मूल कारण उनकी भाषा की संस्कृतनिष्ठता ही थी। तात्पर्य यह कि 'हिंदवी' के इस रूप को यदि हिंदी के समर्थ कवियों ने व्यापक स्तर पर अपनाया होता तो कबीर, सूर और तुलसी की लोक जीवन से जुड़ी काव्यरचना की परंपरा का निर्वाह बीसवीं शती की हिन्दी कविता में भी होता रहता। खड़ी बोली की काव्य-परंपरा 'पद्मावत' और 'रामचरित मानस' जैसा एक भी लोकप्रिय काव्य नहीं दे सकी। ऐसी स्थिति में उर्दू कवियों की हिन्दवी रचना की उक्त परंपरा को अवश्य ही सराहनीय कहा जायेगा। इन लोगों ने कम से कम काव्य भाषा को लोकभाषा के निकट लाने के प्रयास तो किये। हिन्दी या उर्दू को यदि सच्चे अर्थों में जन सामान्य के लिए कोई कृति देनी है तो हिन्दवी का रास्ता उसके लिए खुला हुआ है।

आभार

विषय को सुझाने और उसकी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए लेखक रज़ा लाइब्रेरी रामपुर के उपनिदेशक श्री अकबर अली खाँ अर्शीज़ादा का आभारी है।

सन्दर्भ

१. रामचंद्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, सं० २००७ वि०, काशी, पृ० ४१७
२. वही, पृ० ४१७-४१८
३. वही, पृ० ५९७
४. नज़ीर अकबराबादी (जीवनी और संकलन), राजपाल एंड संस, दिल्ली, १९५९, पृ० ७२
५. वही, पृ० ७६
६. वही, पृ० ९१
७. वही, पृ० ९७

८. ख्वाज़ा अल्ताफ़ हुसेन हाली, मुनाजाते बेवा, हाली प्रेस, पानीपत
९. वही, पृ० १
१०. वही, पृ० ६
११. वही, पृ० ६
१२. सं० ज़मीर अहमद हाशमी––औराके गुल, रज़ा लाइब्रेरी, रामपुर, १९४४, पृ० ७८
१३. वही, पृष्ठ १०
१४. आरज़ू लखनवी, सुरीली बांसुरी, बंबई, दोयम एडीशन
१५. वही, पृ० ४१
१६. वही, पृ० ५३
१७. गोस्वामी तुलसीदास, रामचरित मानस, गीता प्रेस गोरखपुर, श्लोक ७. चौपाई ३०।१
१८. रामचंद्र शुक्ल—-हिंदी साहित्य का इतिहास, वही, पृ० ४१६
१९. राधेश्याम रामायण, श्रीं राधेश्याम पुस्तकालय, बरेली, १९८०, अरण्य कांड, पृ० ३

———

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 43-45
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१, पृ० ४३-४५

JANE AUSTEN'S MALE CHARACTERS IN HER FEMININE WORLD

RAKA GUPTA
Dept. of English, Govt. Raza P. G. College, Rampvr

सारांश

जेन ऑस्टन के उपन्यास नायिका प्रधान उपन्यास हैं। पुरुष प्रधान समाज की झलक उनके उपन्यासों में नहीं मिलती। इसका अर्थ यह नहीं कि वह पुरुष जगत से अनभिज्ञ थीं। अपितु उन्होंने मूल रूप से पुरुष-चरित्रों का चित्रण अपने उपन्यासों में उनके विशेष कथानक और संरचना को ध्यान में रखते हुए नहीं किया।

ABSTRACT

Jane Austen's novels are novels with heroines. She leaves the purely masculine world untouched not because she was ignorant of and unfamiliar with it, but because she regarded it superfluous to her theme and detrimental to the very fabric and structure of her novels.

Like shakespeare's comedies, the novels of Jane Austen are novels with heroines. She concentrates on her female characters, particularly heroines. In every novel of Jane Austen, there is a central character e. g. Elizabeth in 'Pride and Prejudice', Anne Elliot in 'Persuasion', and fanny Price in 'Mansfield Park', who represents the novelist's point of view. And so it is quite natural that even when she presents her male world, it is a world Judged through a woman's point of view.

Again it is true that Jane Austen leaves the purely masculine world untouched. She does not allow us to peep long in the personal lives of her men. She only presents them as fathers, uncles, brothers, neighbours, cousins and lovers to the female characters and not in their Capacities of lawyers, sailors, trades men, farmers or divines. They are shown as leading an easy life—gossiping, playins or dancing with young damsels—always at leisure. They never seem to worry about their daily bread. There is hardly a scene where a woman is not present, and if ever there is, Jane Austen takes recourse to narration.

All this is true but all the same it does not mean that Jane Austen does not include the purely masculine world because she was a woman and a spinster, leading a secluded life in a village and as such was unfamiliar with the masculine world. It is far from truth. Even though her world of experience was limited to a small area, yet it was full of real men of flesh and blood, busy in their daily pursuits In. her own family she had her father and her six brothers-- out of whom two belonged to Navy at a time of naval warfare, two belonged to church, and one inherited a large estate—who were all close to her. She shared their experiences. She herself was a woman of academic interests and was thoroughly familiar with the authors of her own time and of the past. And so to believe that one half of the world could be totally excluded from the vision of as keen an observer of life and manners as Jane Austen, is not only difficult and unwarranted but painful too.

If Jane Austen kept the purely masculine world out of her novels, it is because she chose to do so. She was writing on the theme of love and marriage and so, as per the requirements of her theme, Darcy or Bingley, went worth or knightley, were important to her basically as lovers and prospective husbands rather than as sailors or tradesmen or land lords. The opening lines of 'Pride and prejudice'—"It is a truth universally acknowledged, that a single man in possession of a good fortune, must be in want of a wife."[1]—are a frank and straight forward avowal of this fact. That Darcy is a rich, proud, strong and intelligent man who managed his household and his estates well, is evident from the novel. To go into the details and intricacies of the way he managed his estates, or how he dealt with different people, was out of context and beside the point. His timely intervention in the Lydia-wickam episode is ample proof of the fact that he deals with a situation cleverly and intelligently and could rise to the occasion. What is true of Darcy is true of other male characters too. Whether they succeed or fail in their respective fields or professions, whether they are sane or foolish or comical in their life or manners, whether they are proud, prejudiced, corrupt and vicious, or benevolent, good and gentlemanly, has been sufficiently made clear in the novels. To explain every time why they were so and how, was considered mundane and unnecessary by her, and actually it could have proved fatal to the comedy of her novels. The magic touch of Jane Austen's delicate and delightful irony, perfectly discriminated even her most commonplace characters from each other. It was her process of selection, recombination and heightening of incident and character that turned her observations of real life into the comedy of manners. The unnecessary insertion of wholly masculine world could have defeated her very purpose of novel writing.

Jane Austen was above all an artist and art requires selection. She hardly presents a scene or character that is ir-relevant to her theme and plot. And so

she confined herself to a particular aspect of masculine life as she understood it to be artistically relevant and necessary. She consciously excluded the purely masculine world from her novels because she regarded it superfluous to her theme and detrimental to the very fabric and structure of her novels, and not because she was ignorant of and unfamiliar with it.

REFERENCE

1. Jane Austen : "pride and Prejudice".--Allahabad, Rupa & Co, 1983, P. 15.

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 46-51
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१ पृ० ४६-५१

INFLUENCES ON Dr. MULK RAJ ANAND

JAY PAL SINGH
Department of English, Govt. P. G. College, Ramnagar (Nainital)

सारांश

भारतीय अंग्रेजी साहित्य के महान उपन्यासकार डा० मुल्कराज आनन्द भारतीय एवं पाश्चात्य प्रभाव की विचित्र उपज हैं। भारतीय सामाजिक परिस्थितियों तथा भारतीय उपन्यास के महान स्तम्भों—टैगोर, प्रेमचन्द एवं शरतचन्द्र ने उनको अत्यधिक प्रभावित किया है। उनकी उपन्यास विधा को भी पाश्चात्य उपन्यासकारों—जेम्स ज्वाइस, चेखोव, टाल्स्टाय एवं डिकिन्स ने प्रभावित किया है।

ABSTRACT

Dr. Mulk Raj Anand, one of the greatest Indo-English novelists, is a typical product of Eastern and Western influences. Indian social conditions and the great stalwarts of Indian novel like Tagore, Premchand and Sarat Chandra greatly influenced him. His fictional art was also influenced by James Joyce. Chekov, Tolstoy and Dickens.

Mulk Raj Anand, an Indian Daedalus, enjoys the reputation of being a stalwart in the field of Indo-English literature. Born in Dec. 1905, Anand lived in the most turbulent epoch in the history of modern India. Infact, it was an era of great political, social, economic and literary changes that left its stamps on Mulk Raj Anand and made him a novelist of social and national awareness. National awakening is an outstanding feature of this period. The British government inposed anti-national policy for the suppression of Indians and generated a feeling of racial bitterness and disharmony. The English educated Indians could not forbear this sordid state for long and they rose in rebellion against British government, which soon intensified into active agitation.

Indo-English novel of this period was greatly influenced by national consciousness and feeling or freedom from British rule. During the Gandhian era the movement for freedom became broad-based and attracted the

novelists. Under the stewardship of Mahatma Gandhi, India witnessed revolutionary changes in political, social, economic and cultural life. At the same time, western literature, thought and values began to influence Indian life and literature. The growing contact with Western life, thought and an eagerness for cultural revival of the past coupled with an interest in contemporary Indian life stimulated Indian art and literature. Dr. Mulk Raj Anand is a typical prouct of East-West encounter and his novels are infused with Indianness. Premila Paul remarks about the 'nfluence of Indianness in his novels :

"His novels undoubtedly project a lively image of India, the details of which both reflect and imply his passionate concern with its social reality. They exemplify a realistic sensibility which is capable of plumbing the very depths of human personality and social structure."[1]

The social awakening pioneered by Raja Rammohan Roy, resulted in abolition of Sati-pretha Widow-marriage, the introduction of Sarda Act, and the gradual removal of the sufferings of the untouchables. The social renaissance influenced great leaders and thinkers like Ramkrishana Param Hans, Vivekanand, Dayanand Saraswati, Sri Aurobindo, Mahatama Gandhi, Radhakrishanan and Mulk Raj Anand.

The introduction of Western culture also enabled Indians to learn about the glory of their ancient culture Western scholars like Sir William Jones, Goethe and Max Muller interpreted Indian scriptures and high-lighted its beauties. Following the examples of Western intellectuals, Indians were also fascinated by their own heritage and many Indian writers strove to interpret the art and culture of India with a feeling of self-respect. From early childhood, Mulk-Raj Anand imbibed love and respect for ancient Indian culture, which played subsequently a significant role in the formulation of his philosophy of life. Anand himself explains :

"So that the kind of humanism, in which I believe, the kind of world I hope for···is yet, integral to the Indian tradition in whith I grew up".[2]

It is evident that Anand's humanism has been derived from his love for Indian tradition. The Indian humanist thinkers—Vivekanand, Aurobindo, Premchand, Tagore, Gandhi and Iqbal drew his attention and left an imprint on his philosophy of life. Western writers and thinkrs also fascinated him and exercised a remarkable influence on him.

Above all, Mulk Raj Anand was highly influenced by the freedom movement. Although he spent most of his time in England, yet the events at home left their impact on him. The movement of Gandhian Salt Satyagraha,

the Three Round Table conferences, the Government of India Act of 1935, the introduction of Provincial Autonomy of 1937, the Gandhian movement for Harijan Welfare and basic Education, the involvement in the war in 1939 and the split in the Congress inflenced Anand's fictional art and he gave expression to them in his political novels. K. R. S. Iyengar points out :

"He wrote of the people, for the people, and as a man of the people. It may be said that these early novels reveal an aim and a sense of direction much as an avalanche or a flood shows a fury of momentum, a surge of force, a heady rush towards the goal. Evidently a novelist in a hurry who must say all that he has to say as quickly and as effectively, as he can."[3]

The three stalwarts of Indian fiction, Rabindra Nath Tagore, Munshi Premchand and Sarat Chandra Chatterjee who too had been influenced by Gandhian idealogy and freedom movement, inspired Anand. Tagore's humanism, Premchand's boundless sympathy for the underdog and the realism and Sarat Chandra's remarkable knowledge of the human heart highly influenced both the thinking and the fictional art of Anand. His novels are imbued with the feeling of nationalism, socialism and humanitarianism. In the words of H. M. Williams :

"Mulk Raj Anand was able to unite nationalism with socialism into one humanitarian movement, a single revolt against oppression."[4]

Although Premchand and Sarat Chand were the pioneers of social realism in Indian fiction, yet Indian fiction lacked in the stark realism of Chekov, Gorki and Zola. Indo-English fiction was not properly developed especially from the point of view of technique and craftsmanship. The great Russian writers, Puskin, Tolstoy and Zola strongly influenced Anand. He writes :

"In Indian we have always looked to the most intense Russian literature inspite of the old censorship of the alien rulers that prevailed untill 1947. Apart from Puskin, Gogol, Tolstoy, Dostoevsky, Chekov and Gorki we took some sparks from the fires that raged in Mayakovsky, Yesenin anl Fikhanov. We read voraciously into the epic novels of Sholokhov and many others.[5]"

Tolstoy's *War and Peace* awakened him to the possibilities of the epic novel. The great English novelist James Joyce also fascinated him and his 'Stream of consiousness' technique influenced his first novel *Untouchable*. Anand read Joyoe's *Port rait of the Artist As a Young Man, Ulysses* and parts of *Work in Progress* and was fascinated by them.

Anand's shorter fiction was shaped by the ancient Indian fables of the *Panchatantra*. Punjabi folk tales, the short stories of Tolstoy and Gorki, the prose poems of Turgenev and the fables of Theodore Powys.

Besides the political, social and literary milieu, Anand also imbibed other influences. His parents, his early days in caste and superstition-ridden Punjab, his close acquaintance with the underdog and his education both in India and England formulated his fictional art. His novels are really born of the union of his experience and his imagination. His father, Lal Chand. was a heriditary craftsman who rose to the rank of a Head clerk in the British Indian regiment. His father was noted for his rational thinking and he did his best for his son's intellectual development. Anand read English novels like Reynold's *Mysteries of the Court of London* and *Pope Joan*, Haggard's *She*, Marie Corelli's *Sorrows of Satan*. Hardy's *Tess*, Thackeray's *New Comers*, Dickens' *David Copperfield* and Doyle's *Sherlock Holmes Series*. These works enabled Anand to acquire a taste for fiction in English and later on influenced his fictional art. At college he read Shakespeare and with the help of professor G. W. Harvey he read Galsworthy's *Forsyte Saga*, Arnold Bennett's *old Wives Tales* and H. G. Wells' *The History of Mr. Polly*. He also read the English translations of victor Hugo, Dumas and Tolstoy.

His mother, Ishwar Kaur, belonged to a humble peasant family of Punjab. She was a loving mother who took great care to nourish her son's inborn imaginative faculty with mythological fables and folk tales. Anand was shocked at the death of his lovely cousin and playmate, Kaushalya at the age of nine. It was the first important crisis of his life which shook his faith in divinity and turned him into an atheist. His faith in established institutions, both religious and social, was undermined. Anand inherited deep human sympathy and compassion from his mother and it enabled him to findout a social order which would ensure justice, freedom, equality and hope to the down-trodden.

Anand was very sensitive by nature and kept himself aloof from his playmates. It strengthened his contemplation and observation of life which greatly helped him in making a realistic assessment of human society about which he wrote in his novels. In his early childhood Anand was fascinated by Englishmen and their way of life. His farher was loyal to British rule in India and he wanted to instil the feeling of subservience in them. As Anand grew up he began to dislike it and wanted to develop an independent outlook. As a result he was eventually alienated from his father.

Anand, the champion of the underdog spent his early years in rural punjab. The social evils and superstitions did not appeal to him and violating all social norms he befriended with the children of the out-castes who were calously

and inhumanly treated by caste-Hindus. These social discriminations and evils made him a staunch supporter of the poor and the exploited. Just as Sir Walter Scott wrote about the life in Border Scotland in his *Waverlay Novels* and Hardy about the peasantry in Doretshire in his *Wessex Novels,* he writes about the sorrows and sufferings of the underdog in convention-ridden Punjab of pre-independence days. In this connection Anand writes in the preface of *Two Leaves and a Bud* :

—"The world I knew best was the microcosm of the peasants and outcastes and soldiers and working people, Of course, I am of my time, and the atmosphere of the thirties, with its hangover from crisis, influenced me most strongly." [6]

Anand's imagination was fired by revolutionary ardour quite early in life. In this respect he was influcnced by his maternal grandfather, Nihal Singh, by uncle Dev Dutt's stories of Indian patriots such as Lala Lajpat Ray and Lala Hardayal. As he grew up, his early revolutionary fervour turned into nationalistic feelings.

Women exercised dominant influence on Anand's early life, He loved women in all their moods even at the early age of four. Women aroused sensuous feelings in him. In *Seven Summers* Anand presents a vivid discription of his ailing brother.

At Khalsa College Amritsar, Anand exhibited interest in national affairs. He had read Mahatama Gandhi's *Hind Swaraj* while at school. He actively partcipated in the Civil Disobedience Movement of 1921 and was imprisoned for a short term. He fled to Bombay where he turned a journalist and began writing notes and reviews for the *Bombay Chrnocle.* A review article of Iqbals's *The Secret of the Self* is his most important publication during this period. On his father's persuasion he returned to Amritsar where he came under the spell of Annie Basent and joined the students' Strike against the British government.

Anand's love affairs with Yasmin at Amritsar made his father furious and disgusted. With the help of Iqbal and Lala manmohan, the principal of Khalsa College, he was sent to England in Sept. 1925.

Summing up the major influences on Anand's early life, Saros Cowasjee writes that the death of Kausalya Anand's beautiful cousin, which turned him an atheist, the ostracism of his aunt Devaki for being friendly with a Muslim womnn, which resulted in her suicide and his arrest and caning by the police for innocently breaking the curfew during the Jallianwala Bagh Massacre in 1919, moulded his thinking into revolutionary channels and later on made him a social rebel. [7]

REFRENCES

1. Premila Paul : The Novel of Mulk Raj Anand : A Thematic Study: (Delhi, Stering Publishers pvt. Ltd, 1983). p. 1
2, Mulk Raj Anand : Apology for Heroism (Bombay, Kutub Publishers, 1953) p. 80
3. K. R. S. Iyengar, : Indian Writing in English, (New Delhi, Sterling Publishers Pvt. Ltd. 1984), p. 333
4. H. M. Williams : Indo-Anglian Literature 1800-1970, A Survey, New Delhi, Orient Longman, 1976, p. 47
5. Mulk Raj Anand : Modernism in Indian and Soviet Literature, Contemporary Indian Literature (1966. No 5). p. 10
6: Mulk Raj Anand : Preface of Two Leaves and a Bud, (New Delhi, Orient Paperbacks, 1952) p. 2
7. Saros Cowasjee : So Many Freedoms : A study of the major Fiction of Mulk Raj Anand, New-Delhi, Oxford University Press, 1977. p. 9

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 52-57
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१, पृ० ५२-५७

LIFE OFFERS TO DENY—Hardy and Tryphena

Km. AZRA BEGUM
Dept. of English. Govt. P. G. College, Pithoragarh.

सारांश

अंग्रेजी उपन्यासकार और शायर टामस हार्डी की पहली, पर नाकामयाब मोहब्बत का उसकी जज्बाती जिन्दगी पर क्या असर पड़ा, इस शोध-पत्र में हार्डी की शायरी में उसकी महबूबा ट्रिफिना स्पार्क के चित्रण पर प्रकाश डाला गया है ।

ABSTRACT

The present paper presents an analysis of Hardy's first love-affair with Tryphena sparks, and shows how it left indelible impression on Hardy's psychic-life. It also examines Hardy's poems inspired by his first love.

'It is better to have loved and lost, than never to have loved at all'—observed the poet. Thomas Hardy also loved and lost, and the sense of having lost his first-love haunted him. The present paper proposes to analyse, in the light of Hardy's poems, his relations with Tryphena.

It seems, In Hardy's case, that an early transference of the libido from the mother to the sister had occured. This determined Hardy's later love-life also. His attachment to his sister lasted for a life time. As she had been his closest companion, profound was his grief at the death of his sister. "He regarded their relationship as a spirtual marriage'[1] In the poem 'Conjecture,' Hardy speaks of Mary literally as a third wife :

"If there were in my life-Kalender
No Emma, Florence, Mary,
What would be my existence now
A hermit's ? Wanderer Weary ?"

The grouping together of wives and sisters indicates the possibility of infantile fixation of the libido on the sister Mary, who unconsciously continued for Hardy to be the model of the beloved and the wife, hampering at each stage

the attainment of Compatibility in matrimony, and guiding Hardy's relationships in love towards ambivalence-love-hate relationship. The younger sister, being both the object of jealousy as one who snatched from the child his mother's exclusive affection, and at the same time the object of love as his only playmate, gave to Hardy's attitude towards her an ambivalence and also marked his response to his first-love Tryphena. It was a love-hate relationship the attraction and repulsion working almost simultaneously, and then rendering passionate-love in romance, as impossible, as mutual harmony and understanding in matrimonial life. Hardy's first love, his romance with Tryphena illustrates this.

With the single exception of the poem '*Thoughts of Phena,*' Hardy did not allude directly to the object of his first-love. Even in his self-written biography, he made no reference to Tryphena-directly or obliquely. She was ostensibly Hardy's first-cousin, but actually she was his niece, for she was the illegitimate daughter of Hardy's mother-Jemima Hardy. 'There is evidence that Jemima bore Children before her marriage to Hardy's father, Thomas Hardy, the second, of Higher Bockhampton. The writer Hardy was the third of that place.'[2]

Hardy exercised great caution in omitting the mention of Tryphena in his biography. The details of Hardy's first secret-love were discovered by Lois Deacon. Subsequent biographers of Hardy also accepted most of the details provided by Lois Deacon, and regarded Tryphena as a highly influential, though long-concealed factor in Hardy's life and works between 1867 to 1873. Hardy courted Tryphena, loved her, and for five years they remained engaged to each other. At that time, Tryphena was just sixteen years old-eleven years junior to Hardy. The lovers defying the prohibitions imposed by their parents, met secretly, and perhaps plighted their troth privately. Hardy makes a direct refernce to this in the poem '*A poor Man and a Lady.*'

"We know it was not a valid thing
And only sanct in the eyes of God"

Hardy was yet to discover that the girl whom he regarded to be his cousin was in reality a true blood-relation his niece. This tragic discovery must have come to him as a heart breaking blow.

In the poem '*Neutral Tones,*' he says :

"Since then keen lessons that love deceived
And wrings with wrong, have shaped to me
Your face, and the God-curst sun, and a tree
And a pond edged with grayest leaves."

Another irony of circumstance that acted as a set-back to Hardy's first-love was his introducing Tryphena to Horace moule, who was the son of the vicar of Fordington, and was himself a scholar. He was twenty years senior to Tryphena. In 1869, when Tryphena was undergoing teacher's training in London, she met Moule, who had also been Hardy's old friend and mentor. In *Jude the obscure*. 'Hardy narrates the story clearly, and blames himself endlessly because he had been personally responsible for placing his young cousin under the tutelary care and guidance of his trusted mentor and friend. Moule himself was not aware of the ties that existed between Hardy and Tryphena, and fell in love with her. When Hardy came to know about the relationship between Moule and Tryphena, an estrangement followed. Thus Hardy's first-love came to a tragic end. Moule committed suicide in 1873, and in 1877 Tryphena married Charles Gale. Hardy also married Emma in 1874. As Mrs. Philpott observes:" The unhappiness in the lives of these five people was interwoven. Indirectly, it all stemmed from the love of Tryphena and Hardy, a love which was blighted by ironic circumstances. Tryphena and Hardy parted to make unsatisfactory marriages-with Emma for Hardy, and Charles Gale for Tryphena five unhappy people whose lives were torn by Immanent Will."

In Lois Deacon and Terry Colman's 'Providence and Thomas Hardy', a new hypothesis has been presented; that the love-affair of Hardy and Tryphena resulted in he birth of their son Randy in 1858. It also reveals that Hardy and Tryphena were actually uncle and niece, and that there had been some more illegitimate births in the family. Coleman advances the view that Tryphena was the illigimate daughter of the elder sister Rebecca, and that Rebecca was herself the natural dughter of Jemmimal Hardy's mother. The knowledge that his beloved was actually his blood-relation, must have caused bitter remorse in Hardy, and the feeling of guilt associated with his first love-affair took deep roots in his psyche, and determined the relation with other sex, even in matrimony.

In 1962. Stevens cox interviewed Mrs. Bromwell, the daughter of Tryphena. During the course of the interview, the following conversation, as reported by Cox, took place :

Cox : Did Hardy and Tryphena have a child ?

Mrs. Bromwell : I've told you quite enough. We are not going to wash all our dirty linen in public. You know too much already"[3]

The hypothesis that Hardy's affair with Tryphena brought to them a son has, however, not been conclurively established. Subsequent criticism has also striven to refute this. In 'The Satire of circumstance—the poem '*The Place on*

the Map describes a situation in which the beloved reveals to the lover a pregnancy. Sonctified by matrimony, it would have been a source of joy to the parents, but a child born out of wedlock is a stigma :

"She informed what would happen by and by
For the wonder and the wormwood of the whole
Was that in what realms of reason would have joyed
Our double soul
Wore a timid tragic light
Under order-keepings vengeful control.

The same 'Order-keeping control—' the social taboomakes the lives of Jude and Sue Bridehead a misery, because their children, born out of wedlock are unacceptable to the society.

It has also been suggested that the illegitimate child attributed to Hardy was really fathered by Moule, and that Hardy lacked the virility to be afather Robert Gittings has, in 'Young Thomas Hardy' suggested that Hardy was impotent. It is as hard to refute this charge as to substantiate it. In his Will drawn in 1922, Hardy made the provision for 'the first child of mine who shall atain the age of twenty one years.[4] Is it to be deduced that Hardy drew up the will first to delude the future generations ? To present such devious arguments would be illogical. Indeed to pronounce judgment on the virility of a long-dead author would be too presumptous. It would be like surmising what song the Sirens sang.

The love-trio, on which the theme of Hardy's novels is based, is really a variation on the love-triangle-Hardy, Tryphena and Moule-the Young Hardy had actually found himself in. Some of the novels were directly inspired by this love-tragedy. In the preface to 'Jude the Obscure,' Hardy observes that the circumstances of the novel were suggested by the death of a woman in 1890 (It Was the year of Tryphena's death) The heroine of 'Jude the obscure,' Sue Bridehead-the cousin and the beloved of Jude is a protrait of Tryphena. Hardy's critics have established that other heroines of his novels have also been ambellished by Hardy with some or the other trait of his beloved Tryphena. Fancy Day, the heroine of 'under the Greenwood Tree,' Eustacia vye of 'Return of the Native,' Eathsheba Everdeen in 'Far From the Madding Crowd' are the projections of Tryphena, whose memory continued to haunt Hardy throughout life. So deep indeed was the impression cast on Hardy's inner life by his first love affair that he could neither suppress it, nor could make a frank confession of it before others. To find a safety valve for that repressed secret, Hardy expressed it, using artistic disguise ins his novels. "Working out his sad science of renunciation. Hardy bore himself tenderly and with long suffering during forty years of

increasing incompatibility with his wife, and after her death he expressed his regret in beautiful poems of remorse." As Hardy himself yearned for revelation, he made his poems the medium of expressing obliquely that experience of life which could not be obliteroted.

The shadow of his tragic-love and the light that Tryphena had been to his youth are artistically interwoven in many poems of Hardy. In '*The Christening* '*A Wife to Another*,' '*On a Heath*,' '*At Rusby Pond*,' *The Place on the Map*,' *The End of the Episode*,' '*Beyond the Last Lamp*,' '*Her Lover Bird*, '*Midnight on the great Western*,' '*The Revisitation*,' '*To a Motherless Child*,' and '*Her Immortality*' and in some poems of the '*Winter Words*,' Hardy unburdens his heart. These poems show how Tryphena remained Hardy's life-long love the beacon light.

It is an irony of life that she whose name signified the attribute of 'light-shining'-brought the darkness of frustrated love in Hardy's life. The name Tryphena is from the Greek word '*Phaenin*'-'to shine'. This expresses why in Hardy's poems light and various objects associated with light play a significant role. In the poem '*Thoughts of Phena*.' some words related to light as-'shining, 'enray' 'aureate nump,' 'day-star' and 'life-light' show how to the poet the presence of light denotes the symbolic presence of Tryphena.

In '*The Wind's Prophecy*,' Tryphena is a star : "I cry, there reigns the star for me." In '*When I set out for Lyonnesse*.' the poet imagines "And star-light lit my lonesomeness.' In '*He wonders about himself*' the poet feels :

"Shall I be watching the *stars* of heaven
Thinking one of them looks like thee"

Another poem '*In the seventies*,' makes the poet confess that :

"In the seventies I was bearing in my breast Penned-tight
Certain starry thoughts that threw a magic light"

In '*Memory and I*,' Hardy asks :

'O memory. where is now my love
That *rayed* me as a god above'

That the imagery of light was indicative of Tryphena is vouchsafed by Hardy-critics. "To Hardy, the loved one has the power to illuminate. Moreover, this aura of light emnating from the desired one, is created by the desiring lover himself. Falling out of love disperses this radiance leaving only an ordinary human being."[5]

REFERENCES

1. Gittings, Robert : The Elder Hardy. p. 68
2. Drabble, M. : The Genius of Thomas Hardy. p. 53
3. Cox, Stevens : Tryphena sparks & young Thomas Hardy (Thomas Hardy year Book) p. 29
4 Cox, Stevens : Elusive Mr. Hardy (Thomas Hardy year Book) p. 11
5. Miller : Thomas Hardy : Distancc & Desire. p. 39

—

Jour. U. P. Govt. College Acad Soc. 1985-86, Vol. 1. P. 58-64
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड-१, पृ०५८-६४

गढ़वाल में हरिजन नेतृत्व

पौड़ी एवं चौन्दकोट विकास खण्डों के आधार पर एक राजनैतिक-वैज्ञानिक अध्ययन

ए० के० चन्दोला
राजनीति विज्ञान विभाग, रा० म० वि०, चौबट्टाखाल

सारांश

प्रस्तुत शोध निबन्ध में पौड़ी गढ़वाल स्थित पौड़ी एवं चौन्दकोट बिकास खण्डों की क्षेत्रीय विकास समितियों के हरिजन नेतृत्व पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। नेतृत्व एक व्यक्ति या समूह की वह क्रिया है जो अन्य लोगों के कार्यों को प्रभावित व निर्देशित करती है। इन विकास समितियों में वर्तमान हरिजन नेतृत्व राजनीतिक रूप से सक्रिय एवं सत्ता पक्ष से जुड़ा हुआ है।

ABSTRACT

An attempt has been made in this paper to bring to light the Schedule caste Leadership in the block development Committees in Pauri and Chondkot blocks, which are situated in Pauri Garhwal. Leadership is the activity of an individual or group which influences, guides activities of other people. The present Schedule Caste leadership in these block development Committees are politically act·ve and mostty affiliated with ruling party.

उत्तर प्रदेश के मानचित्र में गढ़वाल उत्तर दिशा में स्थित है। इस मण्डल का कुल क्षेत्रफल ३००३३ वर्ग कि० मी० है। यह पाँच जनपदों-देहरादून, चमोली, टेहरी, उत्तरकाशी एवं पौड़ी जनपदों से मिल कर बना है। प्रस्तुत शोघ निबन्ध में पौड़ी एवं चौन्दकोट विकास खण्डों को अध्ययन के लिए चुना गया है। ये पौड़ी-गढ़वाल के गढ़वाल हिमालय की मध्यवर्ती लघु हिमालय श्रेणियों में दक्षिणवर्ती मध्यम श्रृंखलाओं में स्थित हैं। यह एक पर्वतीय क्षेत्र है जिसकी औसत ऊँचाई ११०० से १४०० मीटर के मध्य में है, इस क्षेत्र में औसतन तापमान १२° से० से ३०° से० तक रहता है।

पौड़ी विकास खण्ड नगर में स्थित है जो मण्डल की राजधानी भी है जबकि चौंन्दकोट विकास खण्ड दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है, इन विकास खन्डों की क्षेत्रीय विकास समितियों में हरिजन नेतृत्व का अध्ययन ही प्रस्तुत शोध निबन्ध का उद्देश्य है।

चौन्दकोट विकास खण्ड की सम्पूर्ण जनसंख्या ग्रामीण है । इसमें अनुसूचित जाति जनजाति का प्रतिशत ७.१८% है । इसकी तुलना में पौड़ी विकास खण्ड में ७०% ग्रामीण एवं ३०% शहरी जनसंख्या है तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति का प्रतिशत ११.९% है । गढ़वाल के अधिकांश गांवों में हरिजन लोग सवर्ण जातियों के साथ ही रहते हैं यद्यपि हरिजनों के मकान सवर्ण लोगों के मकान से दूर बसे होते हैं । आर्थिक रूप से भी गढ़वाल का हरिजन समुदाय अत्यधिक पिछड़ा हुआ है । ७५% हरिजन स्वरोजगार से अपनी जीविका अर्जित कर रहे हैं, आय के साधन अत्यधिक सीमित हैं ।

नेतृत्व का अध्ययन राजनीति विज्ञान का प्रारम्भ से ही एक प्रमुख और मूल विषय रहा है क्योंकि नेतृत्वहीन किसी भी सामाजिक इकाई का कार्य प्रभावशाली ढंग से नहीं हो सकता, सामाजिक समूह स्वतः ही कार्य नहीं करते हैं, इन समूहों को अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जहाँ एक ओर अनुशासन और निश्चित संरचना की आवश्यकता होती है वहीं दूसरी ओर ऐसे नेतृत्व का महत्व भी स्वीकार किया जाता है जो आवश्यकता के अनुसार उसे सामाजिक समूह का मार्ग निर्देशित भी कर सकें, नेतृत्व को समूह में एक जोड़ने व अनुशासन स्थापित करने वाली शक्ति माना जाता है ।[१]

नेतृत्व को परिभाषित करते हुए आर्डवे ट्वीड लिखते हैं कि व्यक्तिओं के कार्यों को प्रभावित करना ताकि वांछित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके, नेतृत्व है ।

नेतृत्व के संदर्भ में डी० सैन्डरसन का मत है कि सर्वसम्मति होने पर भी बिना नेता के कोई भी समाज प्रभावपूर्ण ढंग से कार्य नहीं कर सकता। यदि समाज को एक इकाई के रूप में कार्य करना है तो उसमें मान्य एवं विश्वस्त नेताओं का होना आवश्यक है, सामुदायिक क्रियाओं को निर्देशित तथा समाज के विकास के लिए उस समाज में नेता का होना आवश्यक है । यदि कोई नेतृत्व नहीं है तो समाज के लिए कोई बोल नहीं सकता है और उसका विकास नहीं हो सकता है ।'[२]

हरिजन नेतृत्व से यह अभिप्राय है कि हरिजन समुदाय के कुछ व्यक्तियों द्वारा जो बौद्धिक एवं भौतिक रूप से उस समुदाय के अन्य लोगों से उच्च हैं, उनके द्वारा उस सम्पूर्ण समुदाय का मार्ग निर्देशन करना इस विपन्न समाज को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गतिशील बनाने के लिए यह आवश्यक है कि इनकी बागडोर योग्य नेतृत्व के हाथों में हो । प्राचीन गढ़वाल के हरिजन समाज में नेतृत्व को चमत्कारिक शक्तिओं से परिपूर्ण माना जाता था । इसलिए तान्त्रिक एवं ओझा लोगों द्वारा सम्पूर्ण हरिजन समाज का पथ प्रदर्शित किया जाता था ।[३]

विकास क्षेत्रों में अपने समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए हरिजन नेताओं को क्षेत्रीय विकास समिति में स्थान दिया गया है । नेतृत्व का स्वरूप परम्परागत है, जिसमें अधिक आयु, अल्पशिक्षित एवं सम्पन्नता के कारण ये नेता गढ़वाल में अपने समाज के प्रतिनिधि हैं । आजादी के पश्चात् गढ़वाल के ग्रामीण एवं शहरी हरिजन नेतृत्व की बागडोर उन्हीं लोगों के हाथ में रही जो आजादी से पूर्व सक्रिय थे । इन हरिजन नेताओं ने इस क्षेत्र के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है । श्री जयानन्द भारतीय ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह कर गढ़वाल में १९२४ में

डोलापालकी आन्दोलन तथा १९२८ में सर्वदलित बोर्ड की स्थापना की थी तथा हरिजनों को नेतृत्व प्रदान किया था।[४] हरिजन नेता श्री मुताड़ी लाल आजाद हिंद फौज के सदस्य रहे तथा उत्तराखन्ड में स्वाधीनता आन्दोलन में इनका सक्रिय योगदान रहा है।[५]

वर्तमान समय में गढ़वाल के हरिजन नेतृत्व के स्वरूप में परिवर्तन हो रहा है। हरिजन नेतृत्व में युवा लोग आ रहे हैं किन्तु इनकी संख्या अपेक्षाकृत कम है, नेतृत्व के परिवर्तन का यह काल संक्रमण का काल है, क्योंकि बुजुर्ग एवं परम्परागत हरिजन नेता सुगमता से युवा हरिजन नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

प्रस्तुत शोध निबन्ध को तैयार करने के लिए राजनीति विज्ञान की नवीनतम अन्तर्विषयी व्यवहारवादी पद्धति को अपनाया गया है, जिसमें पौड़ी जनपद को प्रथम स्तर पर बहुस्तरीय बिना ब्यवस्था निर्देशन के द्वारा विकास खन्डों में बाँटा गया है। विभिन्न स्तरों के आधार पर दो विकास खन्डों, पौड़ी एवं चौन्दकोट जो क्रमशः शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हैं अध्ययन के लिए चुना गया। विकास खण्डों में स्थित क्षेत्रीय विकास समितियों के मनोनीत हरिजन नेताओं का राजनैतिक अध्ययन करने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं प्रश्नावलियों का उपयोग किया गया। प्रश्नावलियों का प्रकार खुले प्रकार का था जिसमें उत्तरदाता को अपना उत्तर प्रस्तुत करने की पूर्ण स्वतन्त्रता दी गयी। हरिजन समुदाय का अध्ययन करने के लिए असहभागी अवलोकन प्रणाली अपनायी गयी, द्वितीयक आंकड़ों की प्राप्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय संदर्भ ग्रन्थों एवं स्थानीय समाचार पत्रों की सहायता ली गयी है। इस प्रकार इस विधि से गढ़वाल के हरिजन नेतृत्व के सम्बन्ध में मुख्य खोज इस प्रकार रही।

हरिजन नेतृत्व की राजनैतिक सहभागिता—क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए स्वतन्त्रता के पश्चात् देश के प्रत्येक विकास खन्ड के अन्तर्गत क्षेत्रीय विकास समितियाँ गठित की गयी हैं, इनमें उस विकास खन्ड के समस्त ग्रामों के प्रधान, महिला एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं कुछ हरिजन नेता सदस्य होते हैं, ये सदस्यगण चुनाव द्वारा या सर्वसम्मति से एकमत होकर अपना प्रमुख चयनित करते हैं। प्रमुख समिति की बैठकों का सभापतित्व करता है। खन्ड विकास अधिकारी इस समिति का पदेन सदस्य होता है। प्रत्येक ३ माह में एक बार अनिवार्य रूप से समिति की बैठक होती है। जिसमें क्षेत्र के विकास पर चर्चा होती है। पौड़ी एवं चौन्दकोट विकास खन्डों की क्षेत्रीय विकास समितियों के हरिजन नेताओं का अध्ययन एवं उनकी राजनैतिक सहभागिता तालिका नं० १ में स्पष्ट है :—

तालिका से यह स्पष्ट है कि इन विकास खण्डों में हरिजन नेता सत्ताधारी इन्दिरा कांग्रेस से बहुमत की संख्या में सहभागिता व्यक्त कर रहे हैं, जिसका कारण इस दल का योग्य नेतृत्व एवं श्रेष्ठ विचार धारा का होना पाया गया। साथ ही इस दल का सत्ता में होना भी इसका प्रमुख कारण है क्योंकि सत्ता पक्ष से जुड़ना प्रत्येक राजनीतिज्ञ की आकांक्षा होती है, चौन्दकोट की तुलना में पौड़ी विकास खन्ड में सत्ता पक्ष के पश्चात् लोकदल की स्थिति अच्छी है तथा विपक्षी दल जनता पार्टी का भी क्षे० वि० स० में प्रतिनिधि है जिसका कारण चौन्दकोट विशुद्ध ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा पौड़ी शहरी क्षेत्र में बुद्धिजीवी मानसिकता, शिक्षा का अच्छा स्तर एवं सक्रिय राजनैतिक कार्यकलापों का पाया जाना है। यदि विपक्षी दल हरिजन समुदाय

के हितों के लिए सृजनात्मक कार्य करें तो इस क्षेत्र में वे इन्दिरा कांग्रेस का अच्छा विकल्प बन सकते हैं । चौन्दकोट में हरिजन नेताओं का विपक्षी दलों से सीमित सहभागिता का कारण इस ग्रामीण क्षेत्र में विपक्षी दलों का उचित संगठन एवं प्रचार प्रसार न होना है । यहीं कारण है कि यहाँ निर्दलीय हरिजन नेता का भी अस्तित्व है । इन्दिरा कांग्रेस से इन विकास खण्डों में हरिजन नेताओं की सहभागिता का प्रतिशत भी बहुत अधिक है। युवा प्रधानमन्त्री श्री राजीव गांधी पौड़ी के हरिजन नेताओं में ७५% लोकप्रिय हैं, वहीं चौन्दकोट में लोकप्रियता का प्रतिशत ५०% है इसका कारण पौड़ी में बुद्धिजीवी एवं शिक्षित हरिजन नेतृत्व है और हरिजन समुदाय में शिक्षा का प्रतिशत ३९% है । चौन्दकोट का हरिजन नेतृत्व अल्प-शिक्षित, ग्रामीण है जिसमें शिक्षा का प्रतिशत २४% है ।[६] लोकप्रियता में कमी का एक प्रमुख कारण इस ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक संचार साधनों का अभाव होना है, साथ ही विकास योजनाएं शहरी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत ज्यादा महत्वपूर्ण ढंग से लागू होती हैं । ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में जागरूकता एवं यातायात साधनों का अभाव भी ग्रामीण क्षेत्रों में होना इसका कारण है ।

क्षे० वि० स० में यद्यपि हरिजन नेता कम संख्या में हैं किंतु ये सक्रिय रूप से राजनीति से जुड़े हुए हैं । यह इस तथ्य को उजागर करता है कि गढ़वाल का हरिजन नेतृत्व राजनीतिक रूप से जागरूक है ।

क्षेत्रीय विकास समितियों में हरिजन नेतृत्व—स्वतन्त्रता के पश्चात् विभिन्न खण्डों में गठित क्षेत्रीय विकास समितियाँ वे स्थल हैं जहाँ समाज के अन्य वर्गों के नेताओं के साथ हरिजन नेता भी क्षेत्र के विकास के लिए अपना योगदान देते हैं, साथ ही अपने समुदाय की समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष उन बैठकों में रखते हैं जो इसमें भाग लेते हैं । हरिजन नेतृत्व के रूप का अध्ययन क्षे० वि० स० के संदर्भ में तालिका नं० २ में स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है ।

प्रस्तुत तालिका के अनुसार पौड़ी विकास खन्ड की क्षेत्रीय विकास समिति में अधिकांश हरिजन नेता समिति की बहसों में भाग लेते हैं । प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय, सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित एवं शिक्षित हरिजन नेताओं को उचित महत्व देते हैं । सत्तापक्ष के सक्रिय कार्यकर्त्ता होने के कारण इन हरिजन नेताओं की समस्याओं का प्रशासन उचित समाधान भी कर रहा है । इस विकास खन्ड में सक्रिय हरिजन नेताओं का प्रतिशत भी अधिक है । इसकी तुलना में चौन्द-कोट विकास खन्ड में अधिकांश हरिजन नेता विकास बहसों में कम भाग लेते हैं । अल्पशिक्षा, विकास कार्यक्रमों की उचित जानकारी न होना दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र तथा हरिजन नेतृत्व में कम जागरूकता का पाया जाना इसका कारण है । यही कारण है कि प्रशासनिक वर्ग भी इनको अधिक महत्व नहीं देता है ।

ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में हरिजन नेता विकास समितियों में अपना महत्व-पूर्ण योगदान दे रहे हैं, नेतृत्व की इस विविधता के कारण ही चौन्दकोट की अपेक्षा पौड़ी का हरिजन समाज अधिक विकसित है ।

तालिका नं० १

१	२	३	४	५	६	७
विकास खन्ड का नाम (क्षे० वि० स० में कुल सदस्य)	क्षेत्रीय विकास समिति में कुल हरिजन नेता	हरिजन नेताओं की विभिन्न दलों के साथ सदस्यता	क्षे० वि० स० के कुल सदस्यों में हरिजन नेताओं का प्रतिशत	हरिजन नेताओं की विभिन्न दलों के साथ सहभागिता का प्रतिशत	इ० का० से सहभागिता का कारण १—नेतृत्व २—विचारधारा ३—पारिवारिक पृष्ठभूमि	कुल इ० का० हरिजन नेताओं में श्री राजीव गांधी के समर्थक (प्रतिशत)
पौड़ी कुल सदस्य १२५	७	इ० कांग्रेस—४ लोकदल—२ जनतापार्टी—१ अन्य—×	५.६%	इ० कां०—५७.४% लोकदल—२८.५% जनतापार्टी—१४:१% अन्य—×	१—७५.% (४ में से ३ सदस्य) २—२५% (कुल ४ में से १ सदस्य) ३—×	कुल ४ में से ३ इ० का० हरिजन नेता श्री गांधी के समर्थक लोकप्रियता ७५%
चौन्दकोट ८०	८	इ० कांग्रेस—६ लोकदल—१ जनता—× अन्य—१ (निर्दलीय)	१०%	इ० का०—७५% लोकदल—१२.५% जनता—× अन्य—१२.५% (निर्दलीय)	१—(६ में ४ सदस्य इ० का०) ६७% २—६ में १ सदस्य १६.५% ३—६ में १ सदस्य १६.५%	कुल ६ में से श्री राजीव गान्धी के समर्थक ३ हरिजन नेता लोकप्रियता ५०%

तालिका नं० २

१	२	३	४	५	६	७
विकास खंड का नाम क्षेत्रीय विकास समिति के कुल सदस्य	क्षेत्रीय विकास समिति में कुल हरिजन नेता	हरिजन नेताओं द्वारा समिति की बैठक में योगदान १—श्रोता के रूप में २—वक्ता के रूप में	प्रशासन द्वारा हरिजन नेतृत्व को महत्व १—कुल नेताओं को महत्व २—कुल नेताओं की उपेक्षा	समिति में उपस्थित कुल हरिजन नेताओं द्वारा सक्रिय सहयोग	क्षे० वि० स० के हरिजन नेताओं में सक्रिय हरिजन नेताओं का प्रतिशत	क्षे० वि० स० के कुल सदस्यों में हरिजन नेताओं का प्रतिशत
पौड़ी (१२५)	७	१—२ २—५	१—४ २—१	४	५७.१%	५.६%
चौन्दकोट (८०)	८	१—५ २—३	१—२ २—१	२	२५%	१०%

प्रस्तुत शोध निबन्ध यह व्यक्त करता है कि गढ़वाल की राजनीति में यद्यपि हरिजन नेताओं को कम स्थान मिला है किन्तु विकास समितियों के माध्यम से यह हरिजन नेतृत्व शहरी क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में राजनीतिक दलों और विशेष कर सत्ता पक्ष से जुड़कर हरिजन नेता विकास योजनाओं से अपने समुदाय को लाभान्वित कर रहे हैं तथा सक्रिय राजनीति से जुड़े हुए हैं जो यह व्यक्त करता है कि गढ़वाल का हरिजन नेतृत्व सक्रिय एवं जागरूक है।

सन्दर्भ

१. आर्डवे—ट्वीड, द आर्ट आफ लीडरशिप—एन वाई, (न्यूया०) मैकग्राहिल १९७३, पृ० ४.

२. डी० सैन्डरसन—रूरल सोसियालाजी एन्ड रूरल सोसियल आरगानाइजेशन, न्यूयार्क १९४२, पृ० ६८९-६९०

३. डबराल शिवप्रसाद—अलकनन्दा उपत्यका के निवासी, पृ० ३२.

४. ५, भक्त दर्शन—गढ़वाल की दिवंगत विभूतियाँ, पृ० ४५०, ७०६

६. सांख्यिकी पत्रिका, जनपद पौड़ी गढ़वाल १९८२ अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1. P. 65-70
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड १, पृ० ६५-७०

सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में भारत-पाक संबंध

राजेन्द्र कुमार गुप्ता
राजनीतिशास्त्र विभाग, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर

सारांश

आज भारत को चारों ओर से खतरा है। वह ऐसे पड़ोसियों से घिरा हुआ है जो सुरक्षा पर बहुत अधिक खर्च करते हैं, एक तरफ रूस में अफगानिस्तान है तथा दूसरी तरफ डिएगोगर्सियो में अमेरिका पूरे दम खम के साथ विद्यमान है। पाकिस्तान अपनी सैनिक तथा परमाणु तैयारियों को छिपाने के लिए भारत के साथ सम्बन्ध सुधारने हेतु अव्यावहारिक प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है। आधुनिकतम हथियारों तथा परमाणु बम की ओर अग्रसर पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने में भारत को बहुत सतर्क रहना होगा।

ABSTRACT

Today, India is in danger from all Sides. It is surrounded by the countries incurring high expenditure on defence including USSR in Afghanistn and U. S. A in Diogogarcia. India's immediate neighbour Pakistan is proposing something which she knows, is totally impractical. India has to be extremly vigilant while Continuing its efforts to normalise its relations with Pakistan in view of sophosticated arms being acquired by Pakistan. At the same time India has to be cautious against Pakistan's nuclear preparations.

इस समय हमारे देश की सीमाओं पर लगभग चारों ओर से जितना खतरा व्याप्त है उतना बँगला देश प्रकरण के उपरांत कभी नहीं रहा। एक ओर विदेशी हथियारों के बल पर अन्दर की बेचैनी से उग्र बना पाकिस्तान हमारे लिए निरन्तर खतरा बना हुआ है तो दूसरी ओर चीन अपनी पारम्परिक चिकनी चुपड़ी बातों के साथ हम पर गृद्धदृष्टि जमाये हुए है, साथ ही तीसरी ओर हिन्द महासागर के जल को रौंदते हुए अमरीकी तथा अन्य विदेशी युद्ध-पोत एवं निकटस्थ सैनिक अड्डे हमारी सुरक्षा के लिए खतरे का सकेत दे रहे हैं। श्री लंका भी अब मित्र देश नहीं रहा, आंतरिक विवाद में भारतीय हस्तक्षेप की काल्पनिक आशंका से ग्रस्त होकर और अमरीकी तथा पश्चिमी शक्तियों का सहारा लेकर वह भी हमें आँखें

दिखाने लगा है। जिस बाँगला देश का अस्तित्व ही भारत की सहायता से सम्भव हो पाया था उसके भी तेवर अब बदल गये हैं।

भारत की सुरक्षा के लिए इस समय सबसे बड़ा खतरा पाक की ओर से ही है, प्रारम्भ से ही वह भारत के प्रति एक स्पष्ट शत्रुता के भाव से ग्रसित रहा है, १९४७ में उसने कवालियों की आड़ में कश्मीर पर आक्रमण किया और वहाँ का बहुत सा क्षेत्र अब भी उसके कब्जे में है। उसके बाद १९६५ तथा १९७१ में उसने पुनः हम पर आक्रमण किये। भारत को अपने प्रभाव क्षेत्र में सम्मिलित करने तथा नीचा दिखाने के लिए ही विदेशों से बड़ी मात्रा में उसने हथियार बटोरे। १९५४ में जब पाक अमेरिका के साथ सैनिक सन्धियों में बँध गया तो अमेरिकी हथियारों में और अधिक वृद्धि हो गयी। १९७१ में पाक विभाजन के बाद उसकी सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यकतायें बहुत कम रह गयी थीं और तदनुसार यह अपेक्षा की गयी थी कि वह अपने सुरक्षा व्यय को कम करेगा किन्तु हुआ इसके विपरीत[1]। १९६४-६५ में उसका जो रक्षा व्यय १ अरब २९ करोड़ रुपये का था वह विभाजन के बाद १९७३-७४ में ४ अरब २३ करोड़ रुपये और १९७७-७८ में ९ अरब १५ करोड़ रुपये का हो गया। उसके बाद भी अब तक उसकी सैन्य शक्ति में तीनगुनी तक की वृद्धि हो चुकी है। मिलिटरी बैलेंस, लंदन १९८३-८४ के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय केवल ८ डालर था, जबकि पाकिस्तान का व्यय प्रति व्यक्ति २० डालर था[2]। वर्ल्ड मिलिटरी एंड सोशल एक्सपेन्डीचर १९८२ के अनुसार सकल राष्ट्रीय उत्पादन का राष्ट्रीय सुरक्षा पर व्यय करने वाले १४१ राष्ट्रों में भारत का स्थान ७०वाँ तथा पाकिस्तान भारत से कहीं बहुत ऊपर है, इसी तरह सुरक्षा व्यवस्था पर प्रति व्यक्ति होने वाले व्यय के प्रतिशत में भारत का स्थान जहाँ १४१ राष्ट्रों में ११७वाँ है वहाँ पाकिस्तान का ९६वाँ है।[3]

विश्व के अनेक देशों से पाकिस्तान ने हथियार बटोरे हैं तथा इन हथियारों में काफी बड़ी मात्रा उन हथियारों की है, जो उसे मुफ्त प्राप्त हुए हैं अथवा नाम-मात्र के मूल्य पर प्राप्त हुए हैं। पाकिस्तान के सामने वैसे भी हथियारों के लिए धन की कमी नहीं रहती। धर्म के नाम पर अरब देशों से काफी बड़ी मात्रा में उसे आर्थिक सहायता मिलती रहती है। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप के नाम पर हथियार दिये जाने से उत्पन्न परिस्थिति हमारे सामने एक समस्या है, आज अमेरिका से सहायता प्राप्त करने वाले देशों में पाक का मिस्र के बाद द्वितीय स्थान है। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को ३.२ मिलियन डालर की सहायता देने के साथ-साथ नाम मात्र के मूल्य पर अति आधुनिकतम परिष्कृत अस्त्र शस्त्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। यह कहने से यह समस्या समाप्त नहीं होती कि पाकिस्तान इतना छोटा देश है कि वह भारत जैसे विशाल देश पर आक्रमण करने का खतरा नहीं उठा सकता, इसलिए भारत को इस खतरे से आशंकित नहीं होना चाहिए। पिछले ३७ वर्षों के अनुभवों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता, इस अवधि में पाकिस्तान ने तीन बार भारत के विरुद्ध आक्रमण का दुःसाहस किया है। असलियत यह है कि पाकिस्तान में जब भी भीतरी उथल-पुथल मची है उसने अपनी जनता का ध्यान बँटाने के लिए बाहर सैनिक अभियान छेड़ा है, खासकर भारत के विरुद्ध। १९७१ में भारत के हाथों हुई अपनी पराजय का बदला लेने की

तमन्ना अभी भी पाकिस्तानी सेना के मन में है। अफगानिस्तान की हालत तथा वहाँ रूस की उपस्थिति यह एक तथ्य है जिसका हमें ख्याल रखना होगा, यों तो जाहिराना तौर पर पाक ने इसी बहाने अमेरिका से हथियार प्राप्त किये हैं परन्तु यह कल्पना करना मुश्किल है कि अफगानिस्तान में रूसी फौजों के मौजूद रहते पाक उनका उपयोग करने का साहस करेगा। पाकिस्तानी शासक बड़ी तत्परता से यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि उनका इन हथियारों का भारत के विरुद्ध प्रयोग करने का कोई इरादा नहीं है, परन्तु अमेरिका से प्राप्त होने वाले अधिकांश हथियारों का प्रयोग अफगान सीमा पर नहीं किया जा सकता।[४] चीन तथा अरब राष्ट्र पाक के मित्र देश हैं, अतः पिछले अनुभव के आधार पर यह सम्भव है कि ज्यों ही पाक शासकों को यह महसूस होगा कि अब बड़ी ताकत का प्रयोग भारत के विरुद्ध किया जा सकता है, तभी वह वैसा कर बैठेंगे। अमेरिका पाक को अति आधुनिकतम हथियार देने तक ही सीमित नहीं है वरन् अमेरिका द्वारा पाकिस्तान में दूर संवेदनशील खुफिया उपकरण लगा दिये गये हैं, जो अमेरिकी विशेषज्ञों के नियंत्रण में समूचे क्षेत्र की सैन्य सम्बन्धी सूचनायें एकत्र कर रहे हैं। इन परिष्कृत उपकरणों की सहायता से पाकिस्तान सैकड़ों किलोमीटर दूर से भारत की सैनिक गतिविधियों की जानकारी रख सकता है। इस तरह से अमेरिका पाकिस्तान के बीच क्षेत्र की सैनिक सम्बन्धी जानकारी के आदान-प्रदान का भारत की सुरक्षा पर गम्भीर खतरा है। महाशक्तियों को प्राप्त होने वाली सैन्य सम्बन्धी जानकारी का यदि एक भी हिस्सा तृतीय विश्व के देशों जैसे भारत व पाक को उपलब्ध करा दिया जाये तो सम्बन्धित देश की सामरिक क्षमता में एक गुणात्मक परिवर्तन आ जाएगा।[५]

परम्परागत हथियारों के अतिरिक्त पाकिस्तान द्वारा परमाणु बम बनाने की क्षमता भी हासिल कर ली गयी है। अमरीकी कांग्रेस में अल्पसंख्यक सचेतक सीनेटर एलनक्रस्टन ने एक पन्द्रह पेजी दस्तावेज प्रस्तुत किया जो १० अमेरिकी विशेषज्ञों के विश्लेषण तथा सूचनाओं पर आधारित था। सीनेटर क्रस्टन के अनुसार पाक ने ४५ किग्रा हथियार स्तर का उच्च परिशोधित यूरेनियम उत्पादित करने की क्षमता हासिल कर ली है, जबकि १६ किग्रा यूरेनियम से एक परमाणु विस्फोटक शीर्ष का निर्माण किया जा सकता है। क्रस्टन ने एक बात विशेष जोर देकर कही है कि पाक आणविक कार्यक्रम में कहीं भी परमाणु ऊर्जा के शांति पूर्ण तथा असामरिक कार्यक्रमों को स्थान नहीं दिया गया है।[६] ऐसी ही आशंका न्यूक्लियर कंट्रोल इंस्टीयूट, वाशिंगटन के निर्देशक डा० लेवेथल भी अमेरिकी सीनेट की विदेशी मामलों की समिति को दे चुके हैं।[७] इसी के साथ-साथ लाहौर के समाचारपत्र 'नवाए-वक्त' में प्रकाशित साक्षात्कार में पाकिस्तानी आणुविक वैज्ञानिक डा० कादर खान ने यूरेनियम परिशोधन में दक्षता का दावा ही नहीं वरन् यह भी कहा कि सरकार चाहे तो हम परमाणु बम भी बना सकते हैं। इस प्रकार की सूचनाएँ मिली हैं कि चीन द्वारा भी पाकिस्तान को आणविक शस्त्रों के विकास में सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। तथा अपनी 'फोर्थ वेपन टेस्ट तकनीक' भी पाकिस्तान को उपलब्ध करायी है। उपलब्ध तथ्यों के प्रकाश में यह स्पष्ट रूप से माना जा सकता है कि या तो पाक ने २० के० टी० क्षमता का बम बनाने में सफलता प्राप्त करली है अथवा इस ओर अग्रसर है।[८]

इस सन्दर्भ में यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने अपनी अस्सी प्रतिशत सेना भारतीय सीमा पर लगा रखी है तथा आरक्षित सैनिक टुकड़ियों को अग्रिम सैनिक पंक्तियों द्वारा बदल दिया गया है ।[६]

भारतीय सेना को भ्रम में डालने के लिए पाकिस्तानी सेना ने अपनी सिग्नल व्यवस्था में कुछ इस प्रकार के परिवर्तन किये हैं कि भारत को कोई निश्चयात्मक सूचना न मिल सके तथा भारतीय सेना पाकिस्तान के आकस्मिक आक्रमण का अनुमान न लगा सके ।[६]

अकाली समस्या के सन्दर्भ में भी पाकी रवैया शत्रुतापूर्ण रहा है, पंजाब के आतंकवादियों को पाक द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा पंजाब में सैनिक कार्यवाही के अनेक सक्रिय उग्रवादियों को पाक ने शरण दी है ।[१०] भारतीय विमानों के अपहरणकर्ताओं के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही न किया जाना या कार्यवाही में ढील देना पाकिस्तान के अमित्रतापूर्ण रवैये का ही द्योतक है ।

पाकिस्तान के द्वारा परस्पर एक दूसरे के आणविक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण तथा दक्षिण एशिया को परमाणु हथियारों से मुक्त क्षेत्र बनाने के प्रस्ताव भारत से किये जा रहे हैं । यदि उपरोक्त दोनों प्रस्तावों का सूक्ष्मतापूर्वक अध्ययन किया जाए तो वे निरर्थक तथा अव्यावहारिक प्रतीत होते हैं । एक ओर पाकिस्तान दक्षिण एशिया सम्बन्धी मामलों में चीन को भी सम्मिलित करने पर जोर देता है, परन्तु दक्षिण एशिया को परमाणु हथियारों से मुक्त क्षेत्र बनाने में चीन को शामिल नहीं करता । इस बात का पाकिस्तान के पास कोई उत्तर नहीं है कि जब चीन दक्षिण एशिया का देश है तो दक्षिण एशिया को परमाणु मुक्त क्षेत्र बनाने में चीन को क्यों नहीं शामिल किया जाता ।[११] पाकिस्तान का परस्पर आणविक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण का प्रस्ताव भी बिल्कुल अव्यावहारिक है, क्योंकि विश्व के किसी भी स्थान पर इस व्यवस्था को लागू नहीं किया जा सका है । प्रथम बार रूस ने रसायनिक हथियारों के परीक्षण के सम्बंध में इस प्रस्ताव को मान्यता दी है । अमेरिका तथा रूस के बीच अब तक जितने भी इस प्रकार के समझौते हुए हैं उनमें उपग्रहों आदि के माध्यम से बिना एक दूसरे के क्षेत्रों का अतिक्रमण किये प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है । चूँकि भारत तथा पाकिस्तान के पास इस तरह की उपग्रह व्यवस्था नहीं है अतः एक दूसरे के प्रतिष्ठानों का केवल प्रत्यक्ष निरीक्षण ही किया जा सकता है । भारत में समस्त परमाणु कार्यक्रम परमाणु ऊर्जा आयोग के अन्तर्गत चलाये जा रहे हैं । तथा भारत के समस्त प्रतिष्ठानों का निरीक्षण ऊर्जा आयोग के समस्त प्रतिष्ठानों को देखकर किया जा सकता है । इसके विपरीत पाकिस्तान में डा० अब्दुल कादर खान की गतिविधियाँ पाक परमाणु ऊर्जा आयोग के अन्तर्गत न होकर सीधे रक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत हैं । अतः पाकितान के आणविक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करना आवश्यक होगा । क्या प्रति उत्तर में पाकिस्तान भी भारत के सुरक्षा प्रतिष्ठानों के निरीक्षण की माँग नहीं करेगा ।[११] इसके अतिरिक्त यह भी एक तथ्य है कि दोनों देशों में आणविक क्रियाकलापों के क्षेत्र में समान स्थिति नहीं है । भारत ने इस क्षेत्र में बहुमुखी प्रगति की है । इस प्रकार कोई भी देश अपने अनुसन्धान एवं विकास की जानकारी अन्य देश को देना नहीं चाहेगा ।[४]

पाकिस्तान के प्रस्तावों का सावधानी पूर्वक अध्ययन करने से यह विदित होता है कि पाकिस्तान इस प्रकार के प्रस्ताव प्रस्तुत करता है जो अव्यावहारिक होते हुए भी भारतीय जनता के अल्पशिक्षित वर्ग को अपील कर सके ।[११] पाकिस्तान के द्वारा अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति के साथ-साथ भारत के अनाक्रमण संधि की बात जोर शोर के साथ की जाती है परन्तु इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता कि इस प्रकार का प्रावधान शिमला समझौते में पहले से ही मौजूद है । इसके विपरीत भारत के दोनों देशों के मध्य व्यापार का विस्तार करने, समाचार पत्रों एवं पुस्तकों का आदान प्रदान करने तथा एक दूसरे के देशों में यात्रा नियमों को आसान बनाने जैसे प्रस्तावों पर पाकिस्तान द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता ।[८] सुरक्षा सम्बन्धी क्षेत्र में अनेक ऐसे कदम हैं जिनका अनुकरण करके दोनों देशों के मध्य सामरिक विश्वास का सृजन किया जा सकता है—जैसे आंशिक परीक्षण निषेध सन्धि १९६९ जिस पर भारत ने बीस बरस पहले ही हस्ताक्षर कर दिये थे, जबकि पाकिस्तान ने आज तक नहीं किये हैं ।[८] पाकिस्तान की अनेक ऐसी गतिविधियाँ हैं जिनके कारण भारत में चिंता होना स्वाभाविक है जैसे पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा अमेरिका के फोर्ड डेट्रिक नामक स्थान पर रसायनिक युद्ध का प्रशिक्षण लेना ।[८] जबकि भारत व पाकिस्तान दोनों जेनेवा प्रोटोकोल १९६३ के संधिकर्त्ता देश हैं जिसमें रसायनिक हथियारों के सम्बन्ध में सर्वप्रथम प्रयोग न करने की घोषणा की गई है ।

ऐसा जान पड़ता है कि अभी भी पाकिस्तान के शासकों की दिलचस्पी अपने प्रजाजनों को धोखा देने, उनकी वैध आकांक्षाओं को कुचलने और ऊपर से सहयोग का दिखावा करके भारत व दूसरे देशों की आंखों में धूल झोंकना है । ऐतिहासिक आधार पर यदि हम पाकिस्तान की भूमिका का मूल्यांकन करें तो स्पष्ट होता है कि जब १९६५ में भारत व पाकिस्तान कच्छ के क्षेत्र पर वार्ता कर रहे थे तभी पाकिस्तानी शासकों द्वारा 'आपरेशन जिब्राल्टर' किया गया । इसी तरह १९७१ में तात्कालीन शासक याहिया खाँ ने शेख मुजीबुर्रहमान से वार्ता के दौरान ही बंगला देश में आवामी लीग को कुचलने के लिए तीन डिवीजन सेना भेज दी । इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान का भारत से सम्बंध सुधारने का प्रयास भारत को शान्ति प्रयासों में उलझाये रखने की एक चाल है । जिसकी आड़ में पाकिस्तान सैनिक दृष्टि से शक्तिशाली बन कर भारत व उसके हितों को अधिकतम हानि पहुँचा सके । भारत को पाकिस्तान के साथ सम्बन्ध सुधारने की कोशिश करनी चाहिए मगर पाकिस्तान की वास्तविकताओं की उपेक्षा करते हुए नहीं । आज के खतरों और वास्तविकताओं के प्रति भारत को जागरूक रहना होगा तथा अधिक से अधिक अच्छे सम्बन्ध बनाने के लिए प्रयत्न करते रहते हुए भी बुरी से बुरी स्थिति के लिए तैयार रहना होगा ।

सन्दर्भ

1. शर्मा योगेश चन्द, 'दैनिक हिन्दुस्तान' 2 फरवरी 1984 ।
2. माथुर योगेश बी०, धर्मयुग 15 जनवरी 1984 पृष्ठ 8
3. Subrahmanyam, K., Times of India 27 March 1984
4. Sawhney, R. G. 'Times of india, 16th April 1984

5. Sawhney, R. G. Times of india' 18th April 1984
6. व्यास, अवधेश, धर्मयुग 5 अगस्त 1984 पृष्ठ 13.
7. स्वतंत्र भारत 28 अक्टूबर 1984 पृष्ठ 1.
8. Subrahmanyam· k. Times of India' 28th July 1984
9. Kocher. H. Jesse. 'PROBE INODIA' December 1983
10. कौल जवाहर लाल, दिनमान 14-20 अक्टूबर 1984
11. Subrahmanyam. k· 'Times of India' 27th July 1984

———

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 71-73
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१, पृ० ७१-७३

THE FICCI AND NATIONAL MOVEMENT

Lalit Mohan Joshi
Lecturer in Political science, K. N. Govt. P. G. College, Gyanpur

सारांश

यह शोधपत्र 'फेडेरेशन ऑफ इन्डियन चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इन्डस्ट्री' की स्वतन्त्रता आन्दोलन की भूमिका पर प्रकाश डालता है। 'फिसी' का मुख्य लक्ष्य था—देश में विदेशी धन के बढ़ते हुए प्रभाव को रोकना। अपने व्यापारिक और औद्योगिक लाभ की चिंता न करके 'फिसी' ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया।

ABSTRACT

This research article describes the role played by Federtion of Indian Chambers of Commerce and Industry during the national movement. The main objective of the FICCI was to counter the influence of foreign capital on the government and so to win concession for India. It involved itself in the national movement even at the cost of business and commercial interest.

The federation of Indian Chambers of Commerce and Industry played an important role during the Indian national movement. At the time of its birth in 1927, the freedom struggle was at its peak. The FICCI became embroiled in political issues almost after its creation when congress began its second major civil disobedience campaign in 1930.[1] The primary objective of the FICCI was to Counter the Influence of foreign Capital on the government and so to win Concession for India. It had to deal with two conflicting institutions—the British government and Indian national Congress.[2] In those days Indian business was at its begining, simultaneously the nation was on the road to freedom. In such a critical situation the FICCI supported national movement without any hesitation.

Most of the leaders of the FICCI were the followers of Mahatama Gandhi. They include, G. D. Birla; Purshotam Das Thakur Das, Shri Ram; G. L. Mehta; M. Jamal Mohammed Sahib and Wal chand Hira chand.

During 1930 the FICCI supported Indian leaders. Mahatama Gandhi addressed the karachi session of the FICCI in 1931. In that eventful session, Purshotam Das Thakur Das, then president of the FICCI, stated "Indian commercial Community was in no way behind anyother section in seeking the substance of *Swaraj* for our country."[3] Mahatama Gandhi wanted industrialists to make the congress their own,[4] He concluded by saying "With your moral and intellectual Co-operation heartily rendered, our demand for *Swaraj* would be absolutely irresistible,"[5]

Before the commencement of Round Table conference, the FICCI called upon the government to declare that the proposed conference would frame a constitution for the establishment of such a status of independence as was enjoyed by Australia and Canada.[6] The FICCI took the decision that none of its representative should attend the conference, unless Mahatama Gandhi was released from prison. The FICCI directed its representatives to follow the guidance of Mahatama Gandhi. When Mahatama Gandhi was sent to prison in 1932, the federation decided that its representative, Purshotam Das Thakur Das, should not serve on the consultative Committee of the Round table conference.[7] The FICCI demanded the release of Mahatama Gandhi and that of other political leaders. in 1933, In his presidential address, Wal Chand Hira Chand laid stress on need for patronising Indian goods.[8]

In 1942, When many congrers leadess were in prison, the FICCI remarked that it viewed with grave concern and anxiety, the political situation in the Country and warned the government : "their repressive policy involving suppression of the rule of law had so accentuated the growing feeling of bitterness and estrangement between the people and the authorities that it was unsurpassed in the history of Britsh administration."[9]

When Churchill made the charge that manufacturing and financial interests were behind the congress, Sri G. L. Mehta, the then President stated "They were an integral part of the national movement and were fully in accord with the essentials of the congrers demand for freedom and transfer of power."[10]

The federation did not recognize Simon Commission and took no part in its deliberations. The FICCI also did not see the Cripps mission, the FICCI supported congress directly and indirectly. Indian Commercial organisation, although they are not identified with any particular party, are an integral part of the national movement and are in full accord with the national demand for full sovereignty and transfer of power from British to Indian hands.[11]

Undoubtedly the FICCI involved itself in the national movement even at the cost of business and commercial interests.

REFERENCES

1. Kochanek. A. Stanley : Business and Politics in India, University of California. Berkeley, Los Angles. P. 159.
2. Weiner Myron : The Politics of Scarcity, Asia Publishing House, Bombay. p. 124.
3. Silver Jublee Souvenir (FICCI-New Delhi) 1952, p. 63
4. Ibid p. 63
5. Ibid p. 63
6. Ibid p. 218
7, Ibid p. 218
8. Ibid p. 62
9. Ibid p. 219
10. Ibid p. 219
11. Ibid p. 212-13

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1. P. 74-78
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड-१, पृ० ७४-७८

THE REBELLION OF THE QARAMITAH AND THE MULAHIDAH DURING THE REIGN OF RAZIA

Om P. Gupta

Department of History, Raza Govt. P. G. College, Rampur

सारांश

[रजिया के शासन काल में क़रामतियों व मुलाहिदों का सैनिक षड्यन्त्र परिस्थितिजनक प्रमाणों के संदर्भ में, एक ऐतिहासिक तथ्य है किन्तु हमारे समकालीन इतिहासकार, मिनहाज ने जानबूझ कर मौलाना नूर तुर्क को विद्रोहियों का नेता सिद्ध किया है, क्योंकि मिनहाज नूर तुर्कों के प्रति द्वेष की भावना रखता था। यद्यपि तुर्की सुल्तान विधर्मियों के कट्टर शत्रु थे, तथापि क़रामतियों व मुलाहिदों का विनाश राजनीतिक था धार्मिक नहीं।]

ABSTRACT

Coup d' etat led by the Qaramitah and the Mulahidah during the reign of RAZIA is a historical fact supported by circumstancial evidences, but Maulana Nur Turk is deliberately proved to be the leader of the rebels by our contemporary historian Minhaj who was bitterly hostile towards him. Though the Turkish Sultans had been avowed enemies of the hereties yet the persecutions of the Qaramitah and the Mulahidah was political and not religious.

Sultan Razia's reign of 3 years and 6 months is notable not only for administrative innovations, but also for religio-political revolt of the Qaramitah[1] and the Mulahidah,[2] According to Minhaj-us-Siraj : 'A Carmathian scholar, Nur Uddin Turk, generally known as Nur Turk, gathered together one thousand supporters from Delhi, Gujrat, Sindh and Doab. They began to condemn Hanafi and Shafi'i doctrines, and called the Sunni Ulama 'Nasibi' and 'Murji. On 6 Rajab 634/5 March 1237, they entered the Jama Masjid from two directions and started killing the people who had assembled there to offer their Friday prayer. When confusion spread, some persons from the city-Nasiruddin, Aitam Balrami and Amir Nasiri came armed with spears, steel

caps and shields. They fought with the 'Mulahidah', while the people threw stones at them from the roof of the mosque and despatched them all to hell. Thus at last the tumult was al layed.'[3]

The truth of Coup d' etat of the Qaramitah and The Mulahidah can not be denied. Undoubtedly the Sunni Turks were destined to lay down the foundation of Delhi Sultanet in 1206 A. D., but the Shia Muslims of Ismaili sect had established their political sway over Sindh and Multan many hundred years before them, and were closely affiliated to the Fatimide Caliphs of Egypt.[4] Mahmud of Ghaznin while returning from Somnath in 1025 A. D,, defeated an Ismaili prince of Mausurah, the old capital of Sindh.[5] Muizzuddin Ghori wrested Multan from Carmathians in 1175 A. D, and appointed his own governor, Ali Karmakh.[6] The final extention of Delhi's sovereignty and the mighty sword of Kutbuddin and Iltutmish sang a funeral requiem over the grave of the Carmathians but their ghost appeared in Gujrat and even in Doab.[7] Their political centre s were destroyed and their united strength was dispersed, but the sparks of political aspiration of the sect remained alive. Thus in order to avail the circumstances, when the let loose forces of factions and dissenters were dominating the political scene and the Crown of Delhi was tossing over the heads of Iltutmish's successors, turn by turn, 'the Qaramitah made a final bid for power through a coup d' etat in Razia's reign',[7]

However, Nur Turk's connection with the above said rebellious hereties (Qaramitah & Mulahidah) of Delhi, Gujrat, Sindh and Doab, seems to be the fabrication of Minhaj. Amir Hasan Sijji, the compiler of the discourses of the Shaikh Nizam Uddin Aulia, says that Shaikh himself said, in one of his mystic gatherings, 'that Maulana Nur Turk was purer than the water of the sky (rain). :

Maulana Nur Turk az ab-i-asman pakeezatarbud.[8] He (Maulana Nurturk) had cherished a great feeling of contempt for the Ulemas of Delhi, for he found them lost in worldly pursuits (Aludah-i-Duniya). And because of this reason, the Ulemas of Delhi (deliberately) attributed to him so many things.[9]

Minhaj was one of such ulemas of Delhi, who were bitterly condemned by Nur Turk. May be, this rising of the carmathians in Delhi had nothing to do with the Maulana Nur Turk. Minhaj accused him of initiating this trouble for which, probably, he was not at all responsible[10] Prof. K. A. Nizami claims that Nur Turk was not one of the Mulahidah and his arguements are tenable and can not be contradicted.[11]

Mr. Entyoven in his article- 'Khojas' subscribed to Tribes and Castes of Bombay (II, p, 217-207) "suggests that Nur Turk is no other than Nur Satagur

the first Khoja missionary"[12] But this identification is not accepted by S. H. Hodivala because the chronology is undoubtedly shaky and the legendary discription of Nur satagur in 'knoja vratant' does not inspire confidence.[13] Mohd. Ikram of Pakistan has also tried to juxtaposed the Nur turk with Nursatgur, but mostly imitating the tone of Enthoven.[14]

A thorough perusal of the event will lead to various ambiguous and self-contradictory explanations. Nur turk is said to have instigated the Qaramitah and Mulahidah, but he was off the scene at the very proper moment of action. The only potent plea, to my mind, inferred from Minhaj's own statement is this that, if Nur Turk was the leader of the rebels, how he was spared from the slaughter at the hands of the Zealous Sunni Muslims. If it was a well founded fact that Nur Turk was mainly responsible for the up rising, he too would have been, along with the followers despatched to hell, or would have been publicly executed but he got scot free. It is a time honoured fact, that the leaders' are always considered to be a more potent danger than their followers.

Both Maulana Nur Turk's presence at Delhi, and the rising of the Qaramitah & the Mulahidah. there at, are true historical realities, but have their own independent identity and the one is not at all, connected with the other. It is our chromicler who has juxtaposed both the realities at one place out of sheer personal grudge with Nur turk.

The dye in which the turks were moulded was cast in the furnace of orthodox Islam. The Shia-Sunni political and religious rivalries date back to the early history of Islam. The persecuction of the sunni world by the Ismailee Shias under the patronage of Fatimide caliphs at Egypt (909-AD-to 990 AD) had been, for all the times, the cause of the bleeding scars in the hearts of the orthodox Sunnis. The Qaramitah leader, Abu Tahir plundered the Sacred city, Mecca in Jan. 1930, made a terrible slaughter of the Sunnis and carried off the sacred Black-stone (Huzurul Aswad) and other sacred relics.[15] Such painful memories were more than enough to infuriate the Sunnis of Turkish blood. Further, the murder of Muizzuddin Ghori, the founder of Sunni-Muslim-Empire in India by a Qaramitah 'turned the Mamluke state as severe avowed enemy of the Ismaili heretics. The hatred and feeling of revenge cheristed by the Turks had found expression in the previous history also. Amir Hasnak, the minister in the life time of Amir Mahmud (of Ghaz min) caused an envy in the heart of his rival, Imam Busuhal, who, later on, hatched a sinister Sedition to get Hasnak executed. He instigated Masud, the son of Mahmud to put Hasnak to death. Amir Masud, when asked the reason and justification. Imam Busuhal said, "What greater reason can there be than this, that he is a karmathian, and he received a *Khilat* from the Egyptian (The

fatimide caliphas)....who shall reconcile our lord to this dog of a karmathian, who must be gibbeted as ordered by the commander of the faithful. Karmathian should be executed and stoned.[16]

The reign of Razia is notable for the persecutions of the Muslims by the Muslims. Moreover the Turkish Sultans under the auspices of the Abbaside Caliphs were "morally compelled to lead an open hostitely and to take stern on meas are against hertics,"[17] However the persecution of the Shia-heretics in the reign of Razia is less motivated by religious fanaticism and more, it was directed by political realism of saving the govt. falling in to the hands of the Rebels.[18]

The rising was not a civil Commotion started by one particular sect involving the other. It was Coup d' etat to capture Delhi, the seat of the Turkish or Muslim Sultanat in India. It was a ill-hatched plot that ended in a disasterous catastrophe. To quel the sinister move of the rebels with all the might, had always been, the duty of the Govt. The persecution of the rebellions Qaramitah and the Mulahidah was a political exigency. We do not find even a single evidence to prove that Razia, ever organized a state wide fanatical hunt to eleminate the Shia-heretics.

REFERENCES

1, Qaramitah : A sect of Ismailis which derived its name from its founder, Hamdan Qaramat or Karamat who pretended to be a prophet. Qaramitah sought their end by violence. He rose and began an open unrelenting war upon ruling powers, in the year 891 A-D, Browne, E. C. : Alitrary History of Persia, Vol. I, London, 1925 (Reprint) p. 391-415. And Elliot & Dowson : History of India Vol. II. Allahabad 1969 (Reprint) p. 571-74).

2. Mulahidah : Anotorious branch of the Ismailis or heretics of par excellence or unpious heretics. (Browne, E. G, Ibid 392-408)....For the Ismailians the wider term Mulahidah (heretics) is often used (Elliott & Dowson, Ibid p. 572),

3. Minhaj-us Siraj : Tabqat-i-Nasiri (persian Text) Biblothica Indica, Calcutta 1864, p. 190.

4. Habibullah ABM : Foundation of muslim Rule in India. Allahabed 1976 (Revd. Edn.) p. 248.

5. Daudpota U. M. : Comprehensive History of India Vol- V New Delhi, 1970 p. 1117.

6, Minhaj-us Siraj : Ibid, p. 116,

7. Rizvi, S.A.A. : A Cultural History of India Etd. A.L. Basham, London, 1980 p. 282,
8. Ala-i-Sizzi, Amir ,Hasan : Fawa'-i-d ul-Fu'ad (Persian Text) Lucknow, 1303 A H., p. 190
9. Ala-i Sizzi Amir Hasan : Ibid, p. 199.
10. Nizami, K. A. : The Life & Times of Shaikh Farid-U'D-DIN GANJ-i-SHAKAR, Aligarh, 1955., p, 31. fn. 6.

Some of the arguements of Prof. K. A. Nizami are :—

11. (1) Mulahidah scholar would not have been reverentially mentioned by scholars like Amir Kurd and Shaikh Abdul Haq Muhaddith of Delhi as Maulana Nur Turk (2) Had he been a Mulahidah, Baba Farid would not have gone to attend his sermon. There is not a single instance in the medieval literature of Sunni mystics associating with the Mulahidah Scholar. For detail see, The life and times of Shaikh Farid Ganz-i-Shakar, p. 31, fn 6
12, Hodivala, S. H. : Commentary on Elliot & Dowson's History of India Vol. II Introduction by Mohammad Habib and Supplement by K. A, Nizami, Aligarh 1952 (Reprint) p. 272.
13. Hodivala S. H. : Ibid, p. 272.
14. Ikram. Shaikh Muhammad : Ab-i-Kausar (Urdu), Lahore, 1982, 9th Edn, p. 343,.
15. Browne, E. G. : Ibid p. 403.
16. Baihaki, Abul Fazl : Tarikh-i-Subuktgin : (History of India Vol. II of Elliot & Dowson p. 88-100.
17. Nizami, K. A. : Ibid p. 31, fn. 6.
18. Minahaj has used the World-'*Baghwai*' (Rebels) for the Qaramitah & the Mulahidah. This World clearly suggests that the heretics organized a revolt to capture the power and that is why they stormed at '*Dar-ul-mulk*' (Delhi). (Tabqat-i-Nasiri, p. 190).

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1. P. 79-83
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड- १ पृ० ७९-८३

तुजुक-ए-जहाँगीरी में वर्णित हिन्दू समाज

अशोक कुमार शाही
इतिहास विभाग, का० न० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर (वाराणसी)

सारांश

तुजुक-ए-जहाँगीरी जहाँगीर बादशाह (१६०५-१६२७ ई०) द्वारा लिखित आत्मकथ्य है, जो ऐतिहासिक स्रोतग्रंथ के रूप में भी विख्यात है। इसमें जहाँगीर के शासन के प्रथम १७ वर्षों की घटनाओं का वर्णन तिथि-क्रम पूर्वक किया गया है। इसी ग्रंथ में हिन्दू समाज व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया है। मुस्लिम सम्राट द्वारा उल्लिखित इन विवरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि शान्ति-व्यवस्था के इस प्रशांत युग में दोनों जातियाँ परस्पर प्रभावित होती रहीं, साथ ही हिन्दू समाज की पुरातन मान्यताएँ १७वीं सदी तक यत्किंचित परिवर्तित रूप में बनी रहीं।

ABSTRACT

Tuzuk-a-Jahangiri is an autobiography of Emperor Jahangir. In this Historical book the events of first 17 years of his reign are elaborated choronologically. In the book some important features of Hindu socity are discribed. These statements by a Muslim ruler Jahangir express that in the age of peace and prosperity both Castes influenced each-other and the primitive values of Hindu society prevailed up to this period,

जहाँगीरकालीन भारतीय समाज मुख्यतः हिन्दू और मुसलमान इन दो जाति वर्गों में विभक्त था। इस समय गिनती के ईसाई धर्मावलम्बी भी थे, परंतु उनका सामाजिक अस्तित्व नगण्य था। हिन्दू धर्म अपनी व्यापकता एवं समन्वयशीलता के लिए विख्यात रहा है, परंतु इस्लाम धर्म के साथ उसका सामाजिक-धार्मिक दृष्टि से अन्तर बना रहा। दीर्घ काल से साथ रहने के कारण दोनों जातियाँ एक दूसरे के निकट आयीं तथा परस्पर प्रभावित भी किया। सहृदय, सुरुचिसंपन्न, उच्चकोटि का चित्र प्रेमी, प्रकृतिसौन्दर्य उपासक, खगमृग-वृक्ष-विज्ञानी, संग्रहकर्त्ता, विशद वर्णनकार और सबके ऊपर पक्का जिज्ञासु, निसर्ग निरीक्षक और प्रज्ञावादी[1] जहाँगीर बादशाह ने अपने समकालीन हिन्दू समाज की विभिन्न विशेषताओं को अपनी आत्म-कथा में वर्णित किया है।

हिन्दू सामाजिक व्यवस्था के तानेबाने में कई मानव परिवार प्राचीन काल से ही सम्मिलित थे। पुरा काल से ही हिन्दू सामाजिक संगठन का मूल आधार वर्ण-व्यवस्था थी, जिसके अन्तर्गत ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र इन चार वर्णों का अस्तित्व रहा। जहाँगीर के विवरण से यह ज्ञात होता है कि समकालीन हिन्दू समाज में भी इस वर्ण-व्यवस्था का अस्तित्व आधार रूप में था। जहाँगीर ने वर्ण-व्यवस्था के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है। उसके अनुसार—

"हिन्दुओं के चार वर्ण हैं। इनमें से प्रत्येक वर्ण अपने नियमों के अनुसार कार्य करता है। सर्वप्रथम वर्ण ब्राह्मणों का है अर्थात् उन लोगों का जो अद्वितीय ब्रह्म को जानते हैं। उनके कर्तव्य छः प्रकार के हैं— धार्मिक ज्ञान प्राप्त करना, दूसरों को शिक्षा देना, अग्नि की पूजा करना अर्थात् यज्ञ करना, लोगों से अग्निपूजा या अग्निहोत्र करवाना, अनिवार्य रूप से विवश लोगों की सहायता करना तथा दान लेना। दान लेने का दिन इन लोगों के लिए विशेष रूप से निश्चित है।"[२]

"दूसरा वर्ण क्षत्रियों का होता है। उनका कर्तव्य उत्पीड़ित लोगों की उत्पीड़कों से रक्षा करना है। इस वर्ण की तीन परंपराएँ हैं—उनको धार्मिक ज्ञान का स्वयं अध्ययन करना चाहिए। वे अग्नि की पूजा करते थे तथा वे दान देते थे, परंतु स्वयं दान नहीं ले सकते थे चाहे वे निर्धन ही क्यों न हो।[३]

"तीसरा वर्ण वैश्य है, इनकी यह परंपरा है कि ये उपर्युक्त दोनों वर्णों—ब्राह्मण तथा क्षत्रिय की सेवा करते हैं। इनका कार्य कृषि और क्रय-विक्रय है। ये ऐसे कार्यों में लगे रहते हैं जिनसे लाभ हो और ये ब्याज कमाते हैं।"[४]

"चौथा वर्ण शूद्रों का है, जो हिन्दुओं में सबने नीच जाति है। ये सबके सेवक हैं और ये ऐसे कार्य से लाभान्वित नहीं होते जो अन्य वर्णों के लिए निर्दिष्ट हैं।"[५]

वर्ण व्यवस्था के इन सैद्धान्तिक पक्षों की विवेचना के साथ जहाँगीर ने आश्रम व्यवस्था का भी अपनी आत्मकथा में उल्लेख किया है। हिन्दू सामाजिक संगठन में आश्रम व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। ऐसा स्वीकार किया जाता है कि प्रारंभ में आश्रमों की संख्या तीन थी।[६] वानप्रस्थ एवं संन्यास दोनों को ही एक आश्रम के अन्तर्गत रखा गया था। परन्तु हिन्दू धर्मशास्त्रों जैसे-गौतम धर्मसूत्र[७] आपस्तम्ब धर्मसूत्र,[८] विष्णु धर्मसूत्र[९] में चार आश्रमों—ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा परिव्राजक का उल्लेख प्राप्त है।

हिन्दू समाज में प्रचलित आश्रम व्यवस्था का उल्लेख करते हुए जहाँगीर ने लिखा है— "ब्रह्मचर्य आश्रम में ब्रह्मचारी बारह वर्ष की अवधि तक शारीरिक सुखों से दूर रहकर भिक्षाटन कर गुरु की अनुमति से भोजन करता है। इस समय वह वेदों के अध्ययन में व्यस्त रहता है।[१०] इस आश्रम की समाप्ति के बाद अपने गुरु व पिता की अनुमति से वह विवाह करता है तथा उसे अपनी पाँचों इन्द्रियों के सब सुखों का उपयोग करने की अनुमति प्राप्त हो जाती है।[११] अड़ता-

तीस वर्ष की आयु तक गृहस्थ जीवन व्यतीत करने के बाद व्यक्ति अपने बंधु-बांधवों से और मित्रों से तथा अपरिचितों से भी पृथक् होकर सब सुखों के उपभोग को छोड़कर एकांतवास करता है तथा जंगल में रहता है । यह आश्रम वानप्रस्थ आश्रम है ।[१२]

वानप्रस्थ आश्रम के बारे में तुजुक-ए-जहाँगीरी में लिखा है—

"हिंदुओं का यह सिद्धान्त है कि गृहस्थ का कोई कार्य पत्नी के बिना भली-भाँति पूर्ण नहीं होता । अभी कुछ कार्य करना शेष रहता है इसलिए वह अपनी पत्नी को भी अपने साथ जंगल में ले जाता है । पत्नी के गर्भवती होने की अवस्था में वह जंगल में जाना स्थगित कर देता है, बालक के जन्म होने तथा ५ वर्ष की अवस्था प्राप्त होने के बाद अपने संबधियों को सौंपकर व्यक्ति अपना उद्देश्य पूर्ण करता है ।[१३]

संन्यास आश्रम के संबंध में जहाँगीर लिखता है "फिर वह अपने घर आकर पत्नी को अपने बच्चों, भाइयों और दामादों को सौंपकर अपने धार्मिक गुरु के पास जाता है और उसके समक्ष जनेऊ, अपने सिर के बाल आदि अग्नि में डालकर कहता हैं—"मैंने अपने संबंध त्याग दिये हैं यहाँ तक कि संध्या व अग्निहोत्र भी छोड़ दिया है, अपनी इच्छाओं का हृदय से उन्मूलन कर दिया है । वह अपनी आकांक्षाओं और इन्द्रियों के द्वार को बंद कर ईश्वर के चिंतन में लग जाता है । अन्य कोई कार्य नहीं करता हैं ।[१४]

इस विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि १२ वर्ष तक ब्रह्मचर्य, ४८ वर्ष तक गृहस्थ, ६० वर्ष तक वानप्रस्थ तथा शेष जीवन संन्यास आश्रम के अन्तर्गत आता था । भारतीय धर्म-शास्त्रियों ने मनुष्य का जीवन एक सौ वर्ष मानकर चारों आश्रमों में प्रत्येक को पच्चीस वर्ष का निर्धारित किया था । धर्मशास्त्रियों और जहाँगीर द्वारा दिये गये विवरण में अन्तर का कारण संभवतः मनुष्य की आयु एक सौ वर्ष से कम हो जाने के कारण उस समय आश्रमों की व्यावहारिक रूप में परिवर्तित काल-अवधि है ।

वर्ण-आश्रम व्यवस्था एक आदर्श हिंदू समाज का सत्य है । जहाँगीर के काल तक आते-आते अन्य स्थापित मूल्य-व्यवस्थाओं के समान ही ये व्यवस्थाएँ भी परिवर्तित होती गयीं परंतु इन तथ्यों से यह प्रमाणित अवश्य होता है कि इस काल में भी वर्ण व्यवस्था तथा आश्रम व्यवस्था एक क्षीण और कम प्रचलित रूप में ही सही, पर विद्यमान निश्चित रूप से थी ।

तत्कालीन हिन्दू समाज में प्रचलित विभिन्न धार्मिक क्रियाविधियों के बारे में जहाँगीर कोई विवरण नहीं देता, परंतु बाल्यावस्था के महत्वपूर्ण संस्कार—उपनयन[१५] के बारे में सविस्तार उल्लेख करता है । तुजुक-ए-जहाँगीरी में लिखा है—"ब्राह्मण के घर में उत्पन्न बच्चे को सात वर्ष तक ब्राह्मण नहीं कहा जाता है । जब वह आठ वर्ष का हो जाता है तब ब्राह्मणों की एक सभा की जाती है, फिर मूंज की सवा दो गज लंबी मूंजी या रस्सी बनायी जाती हैं और इस पर मंत्र पढ़कर इसके तीन भाग किये जाते हैं तथा विश्वसनीय लोगों द्वारा इसको बच्चे की कमर में बाँध दिया जाता है । कोमल रस्सों की जुन्नार (जनेऊ) बनाकर बालक के दायें कंधे[१६]

से लटका दिया जाता है। पुनः आत्मरक्षा के लिए उसको एक गज लंबा डंडा दे दिया जाता है, तत्पश्चात् उसको बारह वर्ष तक के लिए एक ब्राह्मण को सौंप दिया जाता है जो उसको अपने घर रखकर वेदों के अध्ययन में लगा देता है।[१७]

हिन्दू समाज एवं धर्म के प्रति जहाँगीर के मन में आदर भाव था। वह हिन्दू मंदिरों के दर्शन के लिए प्रयाण करता था, तथा विभिन्न हिन्दू विद्वानों से मिलकर प्रसन्न होता था। वैष्णव धर्म के संत जदरूप[१८] के प्रति जहाँगीर के मन में अतिशय सम्मान था। उसने इस संन्यासी की ईश्वर भक्ति, ज्ञान तथा सद् आचरण की प्रशंसा की है। इन संतों के प्रभाव में आने के कारण तथा अपनी बहुसंख्यक हिन्दू प्रजा के धार्मिक कृत्यों के प्रति जिज्ञासा से ही उसने अपनी आत्मकथा में इन विवरणों को प्रस्तुत किया। वस्तुत. इन प्रस्तुतियों का महत्व तत्कालीन समाज व्यवस्था के अध्ययन के लिए ऐतिहासिक साक्ष्य के रूप में तो है ही, यह उस 'विचारवान प्रबुद्ध निरंकुश शासक,[१९] के वैयक्तिक औदार्य को भी प्रकट करता है।

सन्दर्भ

१. राय कृष्णदास, भारत की चित्रकला, षष्ठ संस्करण, पृष्ठ ६२.

२. तुजुक-ए-जहाँगीरी, भाग—१, (अनुवाद) रोजर्स एवं वेवरिज, मुंशीराममनोहर लाल, १९७८, पृष्ठ २४४

३. वही. पृष्ठ २४४-२४५

४. वही, पृष्ठ २४५.

५. वही, पृष्ठ २४५.

६. छान्दोग्योपनिषद २।२३।१ में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ एवं वानप्रस्थ नामक तीन आश्रमों की ओर संकेत मिलता हैं। संभवतः इस उपनिषद ने संन्यास को चौथे आश्रम के रूप में स्वीकृत नहीं किया।—द्रष्टव्य है, पी० वी० काण, धर्मशास्त्र का इतिहास, (अनुवाद) भाग—१, तृतीय संस्करण, पृष्ठ ४६०.

७. ब्रह्मचारी गृहस्थो भिक्षुर्वैखानसः ३।२

८. चत्वार आश्रमागार्हस्थ्यमाचार्यकुलं मौनं वानप्रस्थ्यमिति। २।९।२.

९. एतच्छौचं गृहस्थानां द्विगुणं ब्रह्मचारिणाम्।

त्रिगुणं च वनस्थानां यतीनां तु चतुर्गुणम्॥ २६-६०

१०. तुजुक-ए-जहाँगीरी, पृष्ठ ३५७-३५८.

११. वही, पृष्ठ ३५८.

१२. वही, पृष्ठ ३५८.

१३. वही, पृष्ट ३५८.

१४ वही, पृष्ठ ३५९.

१५. (अ) "संस्कारो नाम स भवति यस्मिन् जाते पदार्थो भवति योग्यः कस्यचिदर्थस्य।

शबर ३।१।३, उद्धृत, पी० वी० काणे, धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग २, तृतीय संस्करण, पृष्ठ १७६

(ब) 'संस्कारों का सामूहिक नाम विश्वास या आस्था है।'—डा० मोहन अवस्थी, हिन्दी रीति कविता और समकालीन उर्दू काव्य, सरस्वती प्रेस, १९७८, पृष्ठ १११

१६. तुजुक-ए-जहाँगीरी, पृष्ठ ३५७.

१७. वही, पृष्ठ ३५७.

१८. वही, पृष्ठ ३५५-५६ तथा, भाग-२, पृष्ठ ४९.

१९. डा० अशोककुमार शाही, जहाँगीरकालीन उत्तर भारतीय संस्कृति (अप्र० शोधग्रंथ) पृष्ठ २७.

———

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86 Vol. 1. P. 84-88
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड-१ पृ० ८४-८८

उत्तराखण्ड के सामाजिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण में रामकृष्ण-मिशन की भूमिका

अवनीन्द्र कुमार जोशी
इतिहास विभाग, राजकीय महाविद्यालय, बेरीनाग

सारांश

प्रस्तुत लेख में स्वामी विवेकानन्द की उत्तराखण्ड यात्राओं के फलस्वरूप इस अंचल में रामकृष्ण मिशन एवं मठों की स्थापना के परिणामतः जन-जीवन में सामाजिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया गया है।

ABSTRACT

The present article attempts to give a critical evaluation of the impact of Ramakrishna Missions and Maths, established in Uttarakhand, subsequent to Vivekananda's Visits, on the social and cultural Renaissance of the region

स्वामी विवेकानन्द उत्तराखण्ड में एकाधिक बार आए। सर्वप्रथम १८९० में नैनीताल तथा अल्मोड़ा, १८९७ तथा फरवरी १८९८ में अल्मोड़ा एवं नैनीताल और दिसम्बर १९०० में मायावती, सितम्बर १८९० में ही कर्ण प्रयाग, रुद्रप्रयाग, श्रीनगर एवं देहरादून तथा दूसरी बार नवम्बर १८९७ में स्वामी विवेकानन्द का देहरादून आगमन हुआ। उत्तराखण्ड में रामकृष्ण मिशन की उपलब्धियों का मूल्यांकन सही दृष्टि से करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द की विचारधारा एवं उद्देश्यों की विवेचना और उनकी व्यावहारिक परिणति पर विचार किया जाना समीचीन होगा। रामकृष्ण मिशन के प्रवर्त्तक के रूप में विवेकानन्द ने जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वह एक भाष्यकार, उपदेशक, सुधारक एवं व्याख्याता के रूप में तो थी ही, पर इन सबसे महत्वपूर्ण थी विवेकानन्द की संगठन क्षमता। अपने भारत भ्रमण के दौरान विवेकानन्द जन-सामान्य की अज्ञानतापूर्ण धार्मिकता, हिन्दू पुरोहितों की अवसरवादिता, मध्य वर्ग के कायरतापूर्ण आडम्बर और राजघरानों की उदासीनता के प्रत्यक्ष संपर्क में आए। उन्होंने अनुभव किया कि सामाजिक कुलीनता की धारणा हिन्दू मानसिकता में गहरी पैठी हुई है। उन्होंने यह भी निश्चित किया कि केवल धर्म के माध्यम से ही हिन्दू सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया आरंभ की जा सकती है। हिन्दू जनता के लिए सामाजिक सुधार तभी सार्थक सिद्ध हो सकते हैं, जब वे धर्म के माध्यम से उन तक पहुँचें।[१]

विवेकानन्द ने धर्म को मानवतावादी लक्ष्यों एवं सेवा-भावना से जिस प्रकार संबद्ध किया, वह पाश्चात्य अवधारणा की अनुकृति मात्र न थी। भारतीय परम्परा में भी ब्राह्मणों की रूढ़िवादिता एवं कर्म-काण्ड के विरुद्ध कबीर, चैतन्य, निम्बार्क, नानक तथा अन्य सन्त भी मानव सेवा को धर्म की सच्ची अभिव्यक्ति बता चुके थे। उसी परम्परा में जाति-प्रथा तथा रूढ़िवाद का विरोध करने तथा धर्म की सार्थकता लोक-कल्याणकारी कार्यों में बताने के उद्देश्य से व्यावहारिक वेदान्त का प्रतिपादन विवेकानन्द ने किया। इसको सामयिक दृष्टि से सार्थकता देने के उद्देश्य से व्यावहारिक वेदान्त का प्रतिपादन करने के अतिरिक्त विवेकानन्द द्वारा पाश्चात्य अवधारणाओं का प्रयोग किया गया। दादाभाई नौरोजी ने ब्रिटिश शोषण तथा साम्राज्यवाद को भारत के अधः पतन एवं आर्थिक गरीबी का मूल कारण बताते हुए जिस आर्थिक राष्ट्रवाद को आगे बढाया, तथा बंकिम चन्द्र चटर्जी ने अपने उपन्यासों में विद्रोही संन्यासियों का चित्रण कर जागृत-हिन्दुत्व की जो परिकल्पना प्रस्तुत की, उसका प्रभाव भी विवेकानन्द के दृष्टिकोण पर देखा जा सकता है।

वेदान्तिक सिद्धांतों की व्याख्या करते समय विवेकानन्द ने दो प्रमुख मान्यताएँ प्रस्तुत कीं—पहला यह कि धार्मिक अनुभूतियां वैयक्तिक स्तर पर सार्थक होती हैं सामूहिक स्तर पर नहीं, दूसरा—धर्म का वास्तविक लक्ष्य आत्मानुभूति है। इस दृष्टि से धर्म को समाज की निर्धनता या देश के अधःपतन के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। विवेकानन्द की धारणा थी कि वास्तविक परिवर्तन तो आन्तरिक विकास है, जिसे बाह्य सुधारों से प्राप्त नहीं किया जा सकता।[२] आन्तरिक विकास तभी संभव है जब जन-साधारण को उनकी खोई अस्मिता वापस लौटाई जाय।[३] विवेकानन्द की दृष्टि में व्यक्ति जब तक अपने 'स्व' पर राज्य करना नहीं जानता, तब तक राजनीतिक स्वतन्त्रता निरर्थक है।[४]

यह भी इतिहास का एक संयोग ही कहा जाएगा कि जहाँ उत्तराखण्ड में आर्य समाज का आरम्भ नैनीताल नगर से हुआ, वहीं रामकृष्ण मिशन की स्थापना अल्मोड़ा से प्रारम्भ हुई। कुछ अर्थों में अल्मोड़ा परम्परागत रूढ़िवादिता एवं जातीय कट्टरता का प्रतिनिधित्व करता है, जब कि नैनीताल अपने मिश्रित समाज के कारण अपेक्षाकृत सहिष्णुता एवं नई चुनौतियों को स्वीकार करने की मनोवृत्ति का परिचय देता है। उत्तराखण्ड में रामकृष्ण मिशन का सूत्रपात स्वामी विवेकानन्द के देहरादून एवं अल्मोड़ा प्रवास से हुआ। अल्मोड़ा नगर में विवेकानन्द दो बार आए। प्रथम अपने अमेरिका-भ्रमण से पूर्व तथा दूसरी बार अपने विदेशी शिष्यों के साथ। मायावती आश्रम की स्थापना के पश्चात् स्वामी विवेकानन्द वहाँ भी रहे। अपने अल्मोड़ा प्रवास के दौरान विवेकानन्द ने इन पर्वतों को भारतीय-मानस की सर्वोत्तम स्मृतियां बताते हुए यह विचार व्यक्त किया था कि भारतीय धर्म के इतिहास से हिमालय को हटा दिया जाय तो शेष कुछ नहीं रहता।[५] अल्मोड़ावासियों ने विवेकानन्द को हिन्दू धर्म के पुनरुद्धारक के रूप में प्रतिष्ठित करते हुए यह आशा व्यक्त की थी कि उनके प्रयासों से ही समाज में प्राचीन धर्म की स्थापना हो सकेगी। अल्मोड़ा ने इस प्रकार विवेकानन्द को धार्मिक क्रांतिकारी के रूप में नहीं, वरन धर्म के प्राचीन स्वरूप के उद्धारक के रूप में ग्रहण किया।

विवेकानन्द द्वारा कुमाऊं क्षेत्र में रामकृष्ण मिशन की स्थापना का उद्देश्य अपने पाश्चात्य शिष्यों को ब्रह्मचारियों और संन्यासियों के रूप में रखने के लिए एक उपयुक्त स्थल को विकसित करना था। यह विचार उन्होंने आलासिंगा पेरूमल को २० नवम्बर १८९६ को लिखे गए एक पत्र में व्यक्त किया है।[६] विवेकानन्द की दृष्टि में संन्यासियों का लक्ष्य जीवन से विरक्ति नहीं, वरन सांसारिक प्राणियों के कल्याण के लिए स्वयं को अर्पित करना था, इसी उद्देश्य से उन्होंने मायावती आश्रम से 'प्रबुद्ध भारत' का प्रकाशन आरंभ किया तथा अल्मोड़ा नगर में धार्मिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक वृद्ध सभा की स्थापना भी की।

उत्तराखण्ड के सामाजिक जीवन से यहाँ के रामकृष्ण-मिशनों के सदस्य स्वयं को एकाकार नहीं कर पाए। रामकृष्ण मिशन के संन्यासियों में बंगालियों का बाहुल्य था तथा प्रादेशिक श्रेष्ठता की भावना बंगाली मनोवृत्ति में विशेष रूप से विद्यमान है। आश्रम के संन्यासियों ने इस अंचल की सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध पहल करने की चेष्टा नहीं की। रामकृष्ण परमहंस की शिक्षा विवेकानन्द के समान प्रखर, प्रतिभाशाली व्यक्तित्व द्वारा प्रचारित किए जाने पर भी समाज को झकझोर कर न जगा सकी। विवेकानन्द के समकालीन व्यक्ति, जो उनसे प्रभावित एवं प्रेरित हुए थे, जनसामान्य पर अपनी पकड़ मजबूत न कर पाए। परिणामस्वरूप यह प्रेरणा बृहत्तर समाज के लिए कल्याणकारी कार्यों के रूप में पल्लवित न होकर केवल व्यक्तियों तक ही सीमित रही। उत्तराखण्ड में रामकृष्ण मिशन के संन्यासियों और कार्यकर्त्ताओं का जन सम्पर्क मात्र औपचारिक रहा। उनके अधिकांश कार्यकलाप अपने आश्रम के भीतर ही सीमित रहे। विवेकानन्द के परवर्ती संन्यासी जिन्होंने प्रारंभिक वर्षो में इन आश्रमों के संचालन का दायित्व उठाया, निस्सन्देह समाज-सेवा तथा सुधार की भावना से प्रेरित थे, किन्तु धीरे-धीरे इन आश्रमों में वेदान्त के चिन्तक संन्यासी अपने पारलौकिक जीवन पर चिन्तन और बौद्धिक ऊहापोह में समय व्यतीत करने लगे। विवेकानन्द ने जिस आदर्श संन्यासी की कल्पना की थी, वह दलितों का उद्धारक, दीन दुखियों का मसीहा और समाज के इहलौकिक जीवन का पथ-प्रदर्शक था। यथार्थ स्थिति आदर्श से बहुत दूर हो चली। धूर्जटी प्रसाद मुकर्जी ने इस स्थिति का विवेचन करते हुए स्पष्ट किया है कि विवेकानन्द के प्रभावोत्पादक व्यक्तित्व के बावजूद रामकृष्ण परमहंस की शिक्षाओं के प्रभाव ने हमारे सामाजिक जीवन के आधार को झकझोरने में सक्षमता प्राप्त नहीं की। कुछ व्यक्तियों ने अवश्य ही उनसे प्रभावित होकर प्रेरणा ग्रहण की, किन्तु जनसामान्य अपनी गहरी नींद से न जाग सका। इसका कारण यह था कि रामकृष्ण से प्रभावित व्यक्ति जन-सामान्य के जीवन तथा उनकी समस्याओं से स्वयं को सम्बद्ध न कर पाए।[७]

इस प्रकार उत्तराखन्ड में समाज-सुधार के क्षेत्र में रामकृष्ण-मिशन की कोई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ नहीं रहीं। विवेकानन्द ने अपने शिष्यों को जन-साधारण के बीच शिक्षा एवं विज्ञान का प्रचार करने के लिये बार-बार स्मरण कराया था किन्तु उत्तराखण्ड में रामकृष्ण मिशन द्वारा शिक्षा-प्रचार की दिशा में कोई कार्य नहीं किया गया। जनसेवा का एक क्षेत्र जिसे रामकृष्ण मिशन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि कहा जा सकता है वह है—उत्तराखंड के पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा-सुविधाओं का प्रसार। निस्पृह जनसेवा के इस क्षेत्र में अवश्य ही विवेकानन्द की प्रेरणा यहाँ के रामकृष्ण मिशनों में व्याप्त रही। इस सेवा का एक उज्ज्वल पक्ष यह भी है कि इसका

उद्देश्य न तो शासन से सम्मान या अलंकरण प्राप्त करना रहा और न मध्यवर्गीय मानसिकता की समाज सेवी संस्थाओं की भांति पुण्य अर्जित करना ही। काली कुमाऊँ के दुर्गम गांवों के बीच अवस्थित मायावती आश्रम के चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएँ इसका प्रमाण हैं। एक अन्य दृष्टान्त सूखीढ़ांग (श्यामलाताल) स्थित रामकृष्ण मिशन का चिकित्सालय है जो वर्षों से इस अंचल के वासियों को चिकित्सा सुविधाएँ देता आया है। इन क्षेत्रों में ब्रिटिश काल में तो यातायात के साधन दुर्लभ थे ही, आज भी यहाँ के सरकारी अस्पतालों में डाक्टर, दवा तथा उपकरणों में से केवल एक ही उपलब्ध हो पाता है। रामकृष्ण मिशन के इन चिकित्सालयों ने जन-सेवा का जो महत्वपूर्ण कार्य इन क्षेत्रों में किया है, वह वास्तव में अद्वितीय है।

उत्तराखण्ड के धार्मिक एवं सामाजिक जीवन पर यद्यपि रामकृष्ण मिशन का कोई उल्लेखनीय प्रभाव न पड़ा, किन्तु यहां के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में रामकृष्ण मिशन की स्थापना ने एक परोक्ष प्रभाव के रूप में कार्य किया। १८९३ में स्वामी विवेकानन्द के साथ अल्मोड़ा आने पर भगिनी निवेदिता ने बोसी सेन की विवेकानन्द प्रयोगशाला की स्थापना की थी। बोसी सेन स्वयं रामकृष्ण मिशन के स्वामी सदानन्द के शिष्य थे। विवेकानन्द की १८९८ की अल्मोड़ा यात्रा में उनके साथ भगिनी निवेदिता, कलकत्ता के ब्रिटिश कान्सल की पत्नी श्रीमती पेटरसन, अमेरिका की श्रीमती ओली बुल तथा मैक्लायड आए थे। थियोसाफिकल सोसाइटी की श्रीमती ऐनी बेसैन्ट भी स्वामी विवेकानन्द से भेंट करने अल्मोड़ा आई थीं। इस प्रकार स्वामी विवेकानन्द के अल्मोड़ा आगमन से ही विभिन्न संस्कृतियों के प्रतिनिधि के रूप में प्रबुद्ध वर्ग का अल्मोड़ा प्रवास आरंभ हुआ। विवेकानन्द की शिक्षाओं के प्रति बंगाल के प्रबुद्ध वर्ग का रुझान उन्हें विवेकानन्द की साधना-स्थली-अल्मोड़ा-की ओर आकृष्ट करने लगा। इस आकर्षण में पर्वतों के नैसर्गिक सौन्दर्य और शान्ति ने अभिवृद्धि ही की। परवर्ती काल में प्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर भी अपना सांस्कृतिक केन्द्र स्थापित करने के उद्देश्य से अल्मोड़ा आए। सिमतोला की पहाड़ी पर नैसर्गिक रंगस्थली बनाने की उदयशंकर की योजना यद्यपि मूर्तरूप ग्रहण न कर सकी किन्तु उनकी मण्डली के चार वर्ष के अल्मोड़ा प्रवास में देश के सुविख्यात नर्तक, गायक एवं विचारक अल्मोड़ा आए। केन्द्र से संबद्ध कलाकारों में अलाउद्दीन खां, अली अकबर खां, तिमिर वरन, कथकली के विशेषज्ञ शंकर नम्बूदरी, भारत-नाट्यम के मर्मज्ञ कंदप्पन पिल्ले, विष्णु दास सिराली के समान राष्ट्रीय ख्याति के व्यक्ति थे। नारायण राव व्यास तथा विनायक राव पटवर्धन का आगमन भी केन्द्र के कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु हुआ। हरीन्द्रनाथ चटोपाध्याय एवं दिलीप कुमार राय भी इस अवधि में अल्मोड़ा आए। शीर्षस्थ कलाकारों एवं विचारकों का यह संगम एक क्षणिक सांस्कृतिक या बौद्धिक मनोरंजन मात्र न रह कर अल्मोड़ा नगर के वैचारिक तथा सांस्कृतिक धरातल पर एक स्थायी प्रभाव के रूप में सामने आया। अल्मोड़ा के स्थानीय व्यक्तियों में से भी कतिपय व्यक्ति सक्रिय रूप से केन्द्र से सम्बद्ध रहे, जिनमें कवि सुमित्रानन्दन पंत, चिरन्जी लाल साह एवं जीवन चन्द्र जोशी के नाम उल्लेखनीय हैं। इन सांस्कृतिक गतिविधियों ने कलात्मक क्षितिज में नए आयाम जोड़े तथा प्रबुद्ध वर्ग को अपनी संस्कृति एवं लोककला को सही परिप्रेक्ष्य में देखने तथा उसे कलात्मक अभिव्यक्ति देने की सूझ बूझ दी। वर्तमान शताब्दी के पाँचवें दशक में अल्मोड़ा के लोक कलाकार संघ द्वारा उत्तराखण्ड की लोक-संस्कृति को कलात्मक अभिव्यंजना देने का जो कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था, उसका प्रेरक तत्व उदयशंकर की

मंडली द्वारा निर्मित कलात्मक वातावरण ही था। स्थानीय प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार अपनी धरती एवं उसके जन जीवन से जुड़ने का यह प्रयास अंचल के सांस्कृतिक नवजागरण का द्योतक था। अतः रामकृष्ण मिशन आन्दोलन का परोक्ष प्रभाव कुमाऊँ के सांस्कृतिक नवजागरण पर पड़ा।

विवेकानन्द की शिक्षाओं का एक अन्य परोक्ष प्रभाव आंचलिक, क्षेत्रीय या अन्य संकीर्ण भावनाओं से सामाजिक चेतना को मुक्त कर उसे वैचारिक धरातल पर आधुनिकता की ओर उन्मुख करता रहा। उदात्तता, सहिष्णुता तथा सामंजस्य विवेकानन्द की विचारधारा के आधार रहे। उन्होंने भारत एवं पाश्चात्य देशों की सांस्कृतिक उपलब्धियों के विनिमय पर बल दिया तथा भारतीय चिन्तन के आदर्शों को पाश्चात्य आदर्शों से समन्वित कर उन्हें संकीर्णता से बचाया।[८] पूर्व एवं पश्चिम के सर्वोच्च आदर्शों का समन्वय, विज्ञान एवं धर्म तथा अध्यात्म एवं भौतिकता का समन्वय विवेकानन्द की विचारधारा की वह विशिष्टता रही जिसने भारत के लिए आधुनिकता की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त किया।[९] पाश्चात्य विचारक जूलियन हक्सले ने एक ऐसे संगठन की आवश्यकता भविष्य के समाज के निर्माण हेतु बताई थी जो विज्ञान की उदारवादिता एवं तर्किकता को धर्म की आस्था के साथ संयोजित कर सके, किन्तु स्वयं को भी धार्मिक कट्टरता एवं रूढ़िवादिता से बचाए रखे।[१०] इस दृष्टि से रामकृष्ण मिशन आन्दोलन ने सहिष्णुता, उदातता एवं आधुनिकता के मूल्यों को प्रतिपादित कर भारतीय समाज को उस संकीर्णता तथा अन्य दोषों से बचाया जो अन्यथा दयानन्द के वेदों की सर्वोच्चता तथा आर्यजनों की श्रेष्ठता के उद्घोष से समाज के चिन्तन को आच्छादित करती।

संदर्भ

१. द कम्पलीट वर्क्स आफ स्वामी विवेकानन्दः वाल्यूम ८ : पृष्ठ ७७
२. वही : वाल्यूम ३, पृष्ठ २१३ : वाल्यूम ५ पृष्ठ १९८
३. वही : वाल्यूम ४, पृष्ठ ३६८ : वाल्यूम ६, पृष्ठ ४२६
४. वही वाल्यूम ४ पृष्ठ ३६२.
५. विवेकानन्द : लेक्चरर्स फ्राम कोलम्बो टु अलमोड़ा, पृष्ठ २६२
६. विवेकानन्द : पत्रावली : द्वितीय भाग पृष्ठ ४६
७. मुकर्जी धूर्जटी प्रसाद : सोसियोलाजी आफ इन्डियन कल्चर, पृष्ठ २८
८. टैगोर रवीन्द्रनाथ : रवीन्द्र रचनावली : भाग XIII पृष्ठ ५५
९. रंगनाथानन्द : द रामकृष्ण मिशन : इट्स आइडियल्स एंड एक्टिविटीज, पृष्ठ २१
१०. हक्सले जूलियन : द चैलेंज आफ माडर्न साइन्स टु ह्यूमन एक्सन एन्ड बिलीफ, पृष्ठ १७२-७३

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1. P. 89-95
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड-१ पृ० ८९-९५

जनसंख्या गतिविज्ञान : प्रकृति एवं संरचना

शिवनारायण गुप्त
अर्थशास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय, जखिनी, वाराणसी

सारांश

प्रस्तुत शोध-निबन्ध "जनसंख्या गति विज्ञान" विषय की वास्तविक प्रकृति एवं संरचना पर है जिससे एक साथ ही जनसंख्या तथ्य पर आधारित व्यवस्थित अनुशासन तथा किसी अन्य अनुशासन, यथा: अर्थशास्त्र के अन्तर्गत उप-अनुशासन पर प्रकाश पड़ता है।

ABSTRACT

The paper presents the true nature and structure of the field of Population Dynamics which is identifiable both as (a) One among sciences which are devoted to the study of population facts as a systematic discipline, as well as (b) as an existing sub-discipline within systematic economics, for example.

जनसंख्या गति विज्ञान ज्ञान की वह शाखा है जिसमें जनसंख्या परिवर्तन के सभी पक्षों तथा मानवीय प्रजननशीलता का नियमन[1] सम्मिलित हैं। यह कलाओं में प्राचीनतम तथा विज्ञान समूह में नवीनतम है। एक विद्वतापूर्ण विषय के रूप में इसकी प्रथम वैज्ञानिक प्रस्तुति, जिसे समस्या उपागम की संज्ञा दी जाती है, टॉमस राबर्ट माल्थस की कृति (१७९८)[2] से माना जाता है। वर्तमान युग में प्रस्तुत विज्ञान का अध्ययन-तल बहुआयामी हो गया है। इसका अध्ययन अर्थशास्त्र के अतिरिक्त अन्य सामाजिक विज्ञानों, मानविकी, चिकित्सा एवं भौतिक विज्ञानों के क्षेत्र में अब प्रस्तुत किया जा रहा है जिनमें प्रस्तुतीकरण का मंच, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तिपरक, विषयपरक, संस्थापरक एवं व्यवहारपरक है। यहाँ जनसंख्या गति-विज्ञान का वर्गीकरण करते हुए उसकी प्रकृति एवं संरचना का एक विवेचन करना प्रस्तुत शोध-निबंध का मूल उद्देश्य है।

I

जनसंख्या गति विज्ञान का परम्परागत वर्गीकरण "विश्लेषणपरक" एव "समस्या प्रधान" है जिसके प्रारम्भ का श्रेय क्रमशः जोन ग्राण्ट[3] एवं टॉमस राबर्ट माल्थस को है। बाद में इसे हॉसर एवं डंकन (१९६९)[4] ने "जनांकिकीय विश्लेषण" एवं "जनसंख्या अध्ययनों का क्षेत्र" के

रूप में वर्गीकृत किया जिसमें प्रथम के अन्तर्गत जनांकिकीय विचरण एवं परिवर्तन तथा द्वितीय के अन्तर्गत जनांकिकी परिवर्तनों पर अन्य चरों, यथा आर्थिकचर, के पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या की जाती है। हौसर एवं डंकन द्वारा किया गया यह वर्गीकरण वर्तमान समय में प्रचलन में है, किन्तु इस सन्दर्भ में पुनः स्पष्टीकरण[५] की आवश्यकता है। इसका कारण यह कि प्रथम, जनांकिकी विश्लेषण एवं जनसंख्या अध्ययन के मध्य अन्तर करने हेतु अपनाया गया सिद्धान्त वैज्ञानिक नहीं है; द्वितीय, समाज-विज्ञानियों द्वारा अधीत "जनसंख्या-अध्ययन", जिनका तकनीकी सम्बन्ध जनांकिक चर से अधिक न होकर अन्य सामाजिक-आर्थिक चरों से है, उन्हें जनसंख्या अध्ययनों की कोटि में न रखकर अध्ययन विषयक उस समाज विज्ञान की एक प्रशाखा के रूप में देखा जाना चाहिए जिस चर को केन्द्रीय महत्व प्रदान किया गया है; एवं, तृतीय, ऐसे अध्ययन जिनमें जनसंख्या एवं अन्य चरों के मध्य प्राप्त संबन्धों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया हो, उन्हें दो रूपों में देखा जाता है। वह जिसका केन्द्र बिन्दु जनसंख्या तत्व है, तथा वह जिसका केन्द्र बिन्दु जनसंख्या के अतिरिक्त कोई अन्य चर (उदाहरण के लिए आर्थिक) हो। स्पष्टतः प्रथम प्रकार का विशेषण जनसंख्या गतिविज्ञान के स्थापित "जनांकिकी" विज्ञान से संबंधित है तथा द्वितीय प्रकार का विश्लेषण उन सामाजिक विज्ञानों का आंगिक संघटन है जिनका केन्द्रीय बिन्दु जनसंख्या न होकर कोई अन्य चर हो। ज्ञातव्य है कि उक्त दोनों वर्गीकरण काल और अथवा स्थान के सापेक्ष होंगे। इस आधार पर जनसंख्या गतिविज्ञान को निम्न चार शीर्षों में देखा जा सकता है :

१. व्यवस्थित अनुशासन (जनांकिकी) के रूप में जिसमें जनांकिकीविद द्वारा किया गया जनसंख्या विषयक तथ्यों का "विश्लेषणात्मक" प्रदर्शन, वर्गीकरण एवं माप प्रस्तुत किया जाता है।

२. कालिक अनुशासन (यथाः जनांकिकीय इतिहास, जनसंख्या समाजशास्त्र, जनसंख्या अर्थशास्त्र) के रूप में। उदाहरणार्थ जनसंख्या अर्थशास्त्र में अर्थशास्त्री द्वारा किया गया जनसंख्या विषयक समस्या प्रधान तथ्यों का प्रदर्शन कालिक परिप्रेक्ष्य में होता है।

२. स्थानिक अनुशासन (यथाः जनसंख्या भूगोल) के रूप में जिसमें भूगोलवेत्ता द्वारा किया गया जनसंख्या विषयक समस्या प्रधान तथ्यों का प्रदर्शन स्थनिक परिप्रेक्ष्य में होता है।

४. कार्यपरक अनुशासन (यथा चर्चा कार्यक्रम) के रूप में जिसमें जनांकिकी विदों, अर्थशास्त्रियों, समाजशास्त्रियों, भूगोलवेत्ताओं, भेषजज्ञों आदि द्वारा सुझाए गए जनसंख्या विषयक तथ्यों का नियमन काल एवं स्थान दोनों के ही परिप्रेक्ष्य में शिक्षा, चिकित्सा एवं प्रशासनिक आधारों पर किया जाता है :

यह केवल संभावित ही नहीं बल्कि आवश्यक भी है कि हम जनसंख्या गतिविज्ञान के, वैज्ञानिक पृष्ठभूमि पर प्रस्तावित उक्त चतुर्भुजी वितरण को मान्यना प्रदान करें। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण कालिक अनुशासन "जनसंख्या-अर्थशास्त्र" को व्यवस्थित विषय अर्थशास्त्र की एक

शाखा के रूप में देखा जाना चाहिए। यद्यपि इसके अध्ययन की परम्परा "जनसंख्या समस्या" के रूप में है। तीसरे, जनांकिकी जैसे स्वतंत्र विषय का उपयोग कालिक एवं स्थानिक दोनों ही अनुशासनों में किया जाना अपेक्षित है। जनांकिकी द्वारा जनसंख्या विषयक तथ्यों का किया गया यह पुनर्वितरण, बहुचक्रीय जनसंख्या अध्ययनों के अन्तर्गत एक द्वितीय चक्र के रूप में देखा जा सकता है। अंतिम, जनसंख्या गति विज्ञान के चौथे प्रस्तावित अनुशासन के अन्तर्गत शिक्षा एवं परिवार कल्याण हित मानवीय प्रजननशीलता एवं मरणशीलता पर नियंत्रण राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कल्याण केन्द्रों आदि के माध्यम से "राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय चर्या एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न देशों में प्रशासनिक, चिकित्सीय, जैव-चिकित्सीय, स्वास्थ्य एवं शैक्षिक आधारों पर सम्पन्न किया जाता है।

II

प्रस्तुत विज्ञान की प्रकृति मूलतः समस्या प्रधान एवं आर्थिक है जिसको सर्वप्रथम मान्यता प्रदान कराने का श्रेय माल्थस को है। उसके अनुसार मनुष्य में निहित प्रजनन शक्ति असीम एवं स्वाभाविक है। यदि इस पर स्वयं मानवीय प्रयत्नों द्वारा प्रतिबन्ध न लाया गया तो जनसंख्या में तीव्र वृद्धि से "विकास" में गतिरोध उत्पन्न होगा और जनसंख्या प्रगति की दृष्टि से एक निषेध बन जाएगी।

III

प्रस्तुत विज्ञान की संरचना दो आयामी है : व्यवस्थित एवं समाकलित, जिनका अलग-अलग विवरण इस प्रकार है—

व्यवस्थित—जनसंख्या मनोविज्ञान की व्यवस्थित संरचना विशुद्ध तार्किक एवं विश्लेषणपरक है। इस वैज्ञानिक प्रस्तुति का प्रमुख आधार जनसंख्यात्मक तथ्य होते हैं, जैसा कि तालिका १—१ से द्रष्टव्य है। इसमें कारण परिणाम सम्बन्धों की प्राप्ति और उनका समाधान सम्मिलित है। ये सम्बन्ध बल अथवा स्वतंत्र चर (चरों) तथा गति अथवा निर्भरित चर के मध्य प्राप्त होते हैं, जिन्हें न्यूटन के गति विषयक नियम कहते हैं। प्रथम नियम के अनुसार, पिण्ड प्रवृत्तिविहीन होती है यदि उस पर कोई कारणपरक प्रभाव न पड़े। उदाहरण के लिए जनसंख्या, जो स्वयं में प्रवृत्ति विहीन होती है यदि उस पर जैविक घटक मानवीय प्रजननशीलता एवं मरणशीलता और/अथवा सांस्कृतिक घटक आवास एवं प्रवास आदि का प्रभाव न पड़े। कारणपरक प्रभाव अथवा बल के माप की विधि पर न्यूटन के द्वितीय नियम से प्रकाश पड़ता है जिसके अनुसार दो बल अपना प्रभाव डालने में पूर्णतया स्वतन्त्र होते हैं, यथा: मानवीय प्रजननशीलता एवं मरणशीलता तीसरे नियम के अनुसार दोनों स्वतन्त्र बलों में एक प्रभावी बल होता है तो दूसरा प्रभावित बल तथा व्यवस्था के संतुलन की दृष्टि से ये दोनों बल आपस में बराबर होते हैं।

न्यूटन के प्रथम नियम का प्रभाव जनसंख्या गतिविज्ञान की संरचना पर एक निर्विवाद सत्य है। इस आधार पर तालिका १—१ का वर्गीकरण प्रस्तुत किया जा सकता है :

तालिका १—१ : व्यवस्थित संरचना

१. जनसंख्या तत्व : आंशिक विश्लेषण

तथ्यों की प्रथम कोटि

१. मानवीय संख्या/जनसंख्या (निर्भरित चर)

२. मानवीय प्रतिदर्श (स्वतन्त्र चर)

अ—भौतिक यथा: लिंग, प्रजाति, उम्र आदि।

ब—आर्थिक अथवा जीवन स्तर, यथा: प्रतिव्यक्ति आय, राष्ट्रीय आय, सकल राष्ट्रीय उत्पाद, व्यवसाय आदि।

स—सामाजिक-सांस्कृतिक, यथा: राष्ट्रीयता, ग्रामीण-नगरीय आवास, भाषा, शिक्षा, साक्षरता, धर्म, परिवार का आकार, स्वास्थ्य, वैवाहिक स्थिति, रिवाज आदि।

तथ्यों की द्वितीय कोटि

अ—मानवीय प्रजननशीलता

ब—मरणशीलता

स—प्रवसन और/अथवा सामाजिक गतिशीलता

तथ्यों की अन्य कोटि

११. जनसंख्या तत्व : पूर्ण विश्लेषण

अतः (१) प्रथम कोटि के जनांकिकी तथ्य जनसंख्या के आकार एवं चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हैं। (२) द्वितीय कोटि के जनांकिकी तथ्य प्रथम कोटि के जनांकिकी तथ्यों, यथा: जनसंख्या के घटकों के रूप में देखे जा सकते हैं। (३) जनांकिकी तथ्यों, कि अन्य कोटि, उदाहरण के लिए समय, पहले द्वितीय कोटि पर अपना प्रभाव डालेगी तदोपरान्त प्रथम कोटि के तथ्यों को प्रभावित करेगी। एवं (४) जनांकिकी तथ्यों की इन कोटियों में सम्बन्धात्मक प्रभावों का विश्लेषण "आंशिक" एवं "पूर्ण" व्याख्या के आधार पर करना संभव है।

जनसंख्या गति विज्ञान की उक्त "जटिल" व्यवस्थित संरचना का चित्रण विषयगत विशिष्ट संरचना पर भी प्रकाश डाल सकता है, यदि काल सापेक्ष परिवर्तन-प्रक्रिया और अथवा सिद्धान्त पर ध्यान केन्द्रित किया जाय। इस संदर्भ में नोवेस्टीन (१९४५)[६] के "जनांकिकी संक्रमण" की अवधारणा (सिद्धान्त) अवलोकनीय है जो जनसंख्या के "स्थिर" अथवा उच्च" अथवा "निम्न" उन्मुखी अवस्थावार और दिशागत परिवर्तन के विश्लेषण के साथ ही आर्थिक विकास एवं औद्योगीकरण की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डालता है।

समाकलित—जनसंख्या गतिविज्ञान की समाकलित संरचना चारों अनुशासनों का एक आदर्श किन्तु उपयुक्त संयोजन है। यहाँ संयोजन का तीन चरण प्रस्तावित है :

चरण १ : व्यवस्थित संरचना

I. अतीत की जनसंख्या—भूमि पर मनुष्य किस तरह बसा था ।

१. पूर्व-ऐतिहासिक
२. प्राचीन
३. मध्यकालिक

II जनसंख्या समूह

१. जनसंख्या का काल—सापेक्ष परिवर्तन
२. जनसंख्या का स्थान सापेक्ष वितरण
३. जनसंख्या की गतिशीलता एवं प्रवसन
४. जनाभाव एवं जनाधिक्य का घनत्व-पक्ष

III जनसंख्या का गुण एवं उसका अवधिगत वितरण

१. जनसंख्या का भौतिक गुण
२. जनसंख्या का सामाजिक—आर्थिक गुण

IV जनसंख्या की परिवर्तन-प्रवृत्ति

१. परिवर्तन की प्रकृति
२. भविष्य का दृष्टिकोण

V चर्या एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम-राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में

१. परिवार नियोजन कार्यक्रम
२. शिशु एवं मातृ कल्याण-साधन एवं सेवाएँ
३. अन्य

जनसंख्या गतिविज्ञान की समाकलित संरचना में चरण I का प्रस्तावित संयोजन हमारे नीतिगत ध्येय एवं विवेक पर निर्भर करेगा । यदि हमारा नीतिगत ध्येय जनसंख्या-अर्थशास्त्र से सम्बन्धित है जो कालिक अनुशासन की परिधि में आता है तो इस संदर्भ में जनसंख्या गति-विज्ञान की संरचना के अनेक संभावित संयोजन हो सकते हैं, उदाहरण के लिए :

१ जनसंख्या समूह (II) के संदर्भ में अतीत की जनसंख्या (I) प्रस्तावना का कार्य करेगी और जनसंख्या परिवर्तन (IV) काल सापेक्ष परिवर्तन की दिशा निर्धारित करेगा ।

२. प्रवृत्तिगत (IV) दिशा को नियमित करने का कार्य चर्या एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम (V) का नीतिपरक विश्लेषण प्रस्तुत करेगा और इस नीतिगत (V) विश्लेषण को ठोस तल प्रदान कराने का कार्य जनसंख्या के गुण एवं उसकी अवधिगत वितरण (III) पर निर्भर करेगा ।

३. उक्त २. के अवधिगत वितरण (III) के बाद जनाभाव एवं जनाधिक्य (II, ४) अवधारणा पर विचार किया जाय।

यहाँ समाकलित संरचना की दृष्टि से यह वैकल्पिक प्रस्ताव भी किया जा सकता है कि चरण १ में वर्णित विभागों एवं उपविभागों का सार्थक संयोजन तालिका १—१ में वर्णित तथ्यों की प्रथम, द्वितीय एवं अन्य कोटियों से भी की जाय :

१. जनसंख्या परिवर्तन के प्रत्यक्ष घटक जनसंख्या की गतिशीलता एवं प्रवसन (II, ३) का अन्य घटकों यथा: मानवीय प्रजननशीलता, मरणशीलता आदि) तालिका १—१ तथ्यों की द्वितीय कोटि) के साथ कालसापेक्ष अध्ययन प्रस्तुत किया जाय।

२. जनसंख्या परिवर्तन के परोक्ष सामाजार्थिक कारकों का विश्लेषण उक्त I के साथ किया जाय और जनसंख्या परिवर्तन विषयक भविष्य के दृष्टिकोण (IV, २) पर भी प्रकाश डाला जाय।

३. राष्ट्रीय स्तर पर उक्त २ पर विचार नीतिगत (V) विवेचन के साथ प्रस्तुत किया जाय।

चरण २ : काल एवं स्थान आयाम

वस्तुतः जनसंख्या तथ्य, जैसाकि चरण । में विवित है, दो अलग-अलग किन्तु सम्बद्ध आयामों—"काल" एवं "स्थान" से जुड़े हुए हैं। जनसंख्या गतिविज्ञान का कालिक अनुशासन जनसंख्या परिवनंन विषयक अध्ययन काल-सापेक्ष (लम्बवत) करता है तथा स्थानिक अनुशासन जनसंख्या परिवर्तन विषयक अध्ययन स्थान-सापेक्ष (क्षैतिजीय) करता है। किन्तु काल-सापेक्ष अध्ययन के साथ-साथ स्थान-सापेक्ष और स्थान-सापेक्ष अध्ययन के साथ-साथ काल-सापेक्ष अध्ययन का किया जाना वास्तविक जगत के अधिक निकट है। इसे काल-स्थानिक संश्लेषण कहेंगे।

चरण ३ : दस उपागम

जनसंख्या गतिविज्ञान के संदर्भ में चित्रित चरण I का प्रस्ताव, चरण । के साथ तालिका १—१ का संयोजन प्रस्ताव, चरण २ में काल अथवा स्थान [सापेक्ष विश्लेषणऔर कालस्थानिक संश्लेषण प्रस्ताव समाकलित संरचना की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालती है : समाकलित संरचना का एक जटिल प्रस्ताव,[८] जिसमें दस प्रतिमान संनिहित हैं, चरण ३ की विषय वस्तु है :

१. स्थानिक विचरण (१) और उसमें काल सापेक्ष परिवर्तन (२) : आंशिक एवं पूर्ण विश्लेषण में लागू, तालिका १—१।

२. स्थानिक सह-विचरण (३) और उसमें काल सापेक्ष परिवर्तन (४) : आंशिक एवं पूर्ण विश्लेषण में लागू, तालिका १—१।

३. क्षेत्रीयएकीकरण (५) और उसमें काल सापेक्ष परिवर्तन (६) : केवल पूर्ण विश्लेषण में लागू, तालिका १—१।

४. क्षेत्रीय विभेदीकरण (७) और उसमें काल सापेक्ष परिवर्तन (८) केवल पूर्ण विश्लेषण में लागू, तालिका १--१।

५. उप मैट्रिक्स का समावेश (९) और उसमें काल सापेक्ष परिवर्तन (१०) : उक्त १ से ८ तक प्रतिमान विश्लेषण में सहायक तथा केवल पूर्ण विश्लेषण में लागू, तालिका १-१।

[प्रस्तुत शोध निबन्ध के लेखन में डा० मिथिलेश श्रीवास्तव, रीडर, भूगोल विभाग, इलाहाबाद युनिवर्सिटी, का अमूल्य सुझाव प्राप्त हुआ है एतदर्थ मैं उनका हृदय से आभारी हूँ।]

सन्दर्भ

१. मुरामाट्स्यु एवं हार्पर (संपा० १९६५) : "पापुलेशन डाइनामिक्स", कलकत्ता : आक्सफोर्ड एण्ड आई० बी० एच०, पृष्ठ २०४.

२. माल्थस (१७९८) : "एन एस्से आन द प्रिंसपुल आफ पापुलेशन", एण्टोनी फ्ल्यु द्वारा संपादित, इंगलैण्ड : पेनगुइन, १९७०.

३. ग्राण्ट, जोन (१६६२) : "नेचुरल एण्ड पोलिटिकल आब्जेर्वेसंस मेड अपान दि बिल्स आफ मार्टेलिटी", लन्दन।

४. हॉसर एवं डंकन (१९६९) : "ओवरव्यू एण्ड कनक्लुशंस इन दि स्टडी आफ पापुलेशन—एन इन वेण्टरी एण्ड अप्रेजल", न्यूयार्क : एशिया पब्लिशिंग हाउस।

५. श्रीवास्तव, मिथिलेश (दिसम्बर १९७६) : "आन दि स्टेट्स एन्ड स्ट्रक्चर आफ पापुलेशन ज्योग्राफी, नेशनल ज्योग्राफर, अक ११, सं० २, पृ० १७५-१८६.

६ गुप्त, शिवनारायण : "भारत में जनसंख्या- प्रवृत्ति, समस्या एवं प्रातिविधान", नाम शोध-निबन्ध दसवीं भारतीय समाज विज्ञान कांग्रेस २७-३० जनवरी, १९८५ इलाहाबाद युनिवर्सिटी में पठित।

७. नोटेस्टीन [१९४५] : "पापुलेशन : दि लांग व्यू", फूड फार दि वर्ल्ड, संपा० टी० डब्यु० शुल्ज, शिकागो।

८. पेरी, बी० जे० एल० [१९६४] : "एप्रोचेज टू रीजनल एनालिसिसः ए सिनथेसिस", अंक ५४.

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 96-100
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१, पृ० ९६-१००

PERCEPTION OF ENVIRONMENTAL SETUP IN SINGHBHUM AND ITS ENVIRONS

SHIVRAJ SINGH

Geography Department, Govt. Rajza P. G. College, Rampur

सारांश

प्रगतिशील मानव ने असीमित आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भूमि, वन, खनिज और वन्य जीवों का शोषण तथा वायु, जल एवं भोजन को प्रदूषित कर परिस्थितिकीय सौहार्द्र को गम्भीर खतरा उपस्थित कर दिया है। प्रस्तुत शोध पत्र सिंहभूमि और उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में संसाधनों का दुरुपयोग रोकने, समुचित उपयोग के लिए पुनर्प्रयोग करने और पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने हेतु लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक प्रयास है।

ABSTRACT

Parabolic needs of progressing man have posed threat to ecological affinity by deteriorating the grandeur of environment through exploitation of land, forests, minerals and wild animals and the pollution of air, water and food. This research paper is a paradigm to insert awareness among people to 'prevent ' misuse,' abondon 'abuse' and introduce 're-use' for the 'proper use' of resources to maintain biospheric equilibrium.

Physical Setting

The study region is located from 22°N to 22° 55'N latitudes and from 85° 10'E to 86° 50'E longitudes in the southern part of Chotanagpur highlands of Bihar whereas extreme southern part comprising an area of 753 sq. miles of Mayurbhanj district (Orissa) is demarcated by Simlipal hills which act as the main axis of north and south ward flow of surface water. Singhbhum (4508 sq miles), in north, is surrounded by Ranchi and Manbhum whereas W. Bengal's political boundary encompasses it from the east. The entire region is drained by parenneal rivers like kharkai, Sanjai and Dalma river lfowing towards north, east and south respectively and S. Koel towards south.

The region, being the arena of exogenetic and endogenetic processes, aggrcgates the vare'gated landforms inheriting the structural complexities right frgm Archaean era to recent times, peculiar topographic expressions of structural mesas, batholithic domes, waterfalls, eroded anticlines, hummocks, incised meanders, donrs and tonrs, bare rocks and thickly covered vegetative canopy, their impact on man and man's delinquent response, in turn, have compelled the environmental scientists to think afresh who appreciate natural beauty and belieʌe in ecological existence.

Denudational Processes—Masonary Role in Environmental Planning

Denudational processes play an important role either in enhancing or diminishing the environmental grandeur as does the man, The sub-tropical monsoon climate confining three seasons of hot dry summer from March to June, wet summer season from June to October and winter season from November to February which present ideal conditions for mechanical and chemical weathering, fluvial processes and ultimately they have left their distinctive imprints in the central lowland resulting isolated dolerite dykes and narrow 'ghatis' between two parallel hills. Based on Peltier's scale (mean annual temperature and mean annual rainfall being 24.99°C and 1313 mm respectively) the region has experienced the influences of weathering, mass movement of scree and maximum Fluvial erosion. Appreciable range of temperature from 10.9°C (Dec) to 39.7°C (May), increasing velocity of winds from 7.2 kms/hr to 14.5 kms/hr, fluctuating moisture (from 36% in April to 81% in Aug.), Varying solar radiation (from 1,2 O,ktas in Dec. to 7.0 Oktas in August and July each) and tne evapotranspiration (from 75 in Dec. to 260 ETOS in May) have favoured intensive weathering operations in Gamharia and Ghatsila regions.

During rainy season prickly abundant rainfall on the heated superficial rocks accelerate rock decomposition and intensify leaching processes where soluble minerals are dissolved and removed by drainage water. These rivers in their upper reaches, which are in plateau areas, especially display high relative relief. extremely high drainage density narrow and deep valleys marked by strait gorges whereas the lower reaches exhibit wide valleys with low banks and extremely high sinvosity (Sanjai river near Nengtasai village).

Table—1

Existing and proposed Dams/Barrages under S. M P

Dams/barrages/ Schemes	River	Riverbed level (feet)	Catchment area (sq.kms)	Maximum flood discharge (cusecs)
Roro dam	Roro Gara	695.58	358.40	49,000
Sonua scheme	Sanjai	1119.00	115.20	43,250
Jharjhara dam	Bamni	1165.00	81.92	——
Torlo scheme	Torlo	998.00	51 20	24,000
Icha dam	Kharkai	742.00	2816.00	3,85,000
Ganjia barrage	Khorkai	—	—	(Proposed)

source—Water-Ways Deptt. Chaibasa, Singhbhum (Subarnarekha Multi-purpose project)

Soils and Minerals—Abusive exploitation

Laterite soils, deficient in organic matter, cover major part of the region were local adivasis cultivate maiz and millets in the accessible terraced pockets. Red, gravel, alluvial and sandy soils are broadly represented in the lower basins. Red. soil is largely of sandy-clayey composition and owing to the heavy rainfall, the rugged topography is higly affected by leaching, 30% of total arable land is under terraced farming which experiences severe soil erosion and mass movement leaving bare rocks pioneered by rugged scree lacking humus contents and thus casts the local inhabitants in dejection due to their own mal-practices and apathy towar dsland.

One- third of total estimated mineral resources (3500 million tons) lie in Singhbhum. The entire region is enriched in mineral resources as building stone, iron-ore, Copper deposits, bauxite and kyanite and Kolhan scries consisting unmetamorphosed shales, asbertos, lime-stone and conglomerates. TISCO and ISCO are authorised companies to excavate minerals at Noamundi, Pansira buru, Gua and Badam pahar. Haphzard open mining and unfilled pits cause devastation of vegetative cloak and the renunciated mineral remnants pollute the air and have posed threat for the settlement of adivasis living in the lap of nature from centuries,

Vegetation and Forests—Recklessly depleted components

Zerophyte shrubs and grasses in Deo, Chheria and Banki basins and dense forest canopy is found in the western parts, Dalma foot hills, Kharsanwan, Saraikela and Gamharia regions. Barbaric fashion of natural exploitation Occurs where the best timbers of paisal, tun, karam, shisham, Jamun, sal

(table—2) and trees yielding lac (kusum, palas and bair) and mahua yielding fragrant sweet flowers, unrotten wood thickly covered platean tracts have been recklessly exterminated, removal of natural vegetation in kharsan Wan, karaikela and Goilkera anchals has resulted the severe soil erosion.

Though these forests have come in government control by enactment of Bihar Private Forest Act (1946) and more is being done for their conservation and developmet by enhancing afforestation and plantation of rooted grasses but the chronological observations reveal that inspite of development initiatives the forert density is continuovsly declining (42% area is under forest cover as against of 54% in pre-independence period).

Eable—2

Tree species	Local nrmes	Use in	Agricultural/social forestsy			
1—Terminalia tomentosa	Jamun	Fu.	Ti	—	—	
2—Adina cardifia	Karam	Fu.	Ti	—	—	Abbreviation
3—Pterocarpus marsupium	Paisal	Fu.	Ti	—	—	Fu.=Fuel
4—Shorea robusta	Sal	Eu.	Ti	—	—	Ti,=Timber
5—Dyosphrus melanoxylon	Kend	Fu.	Ti	—	—	Fd=Fodder
6—Butea monosperma	palas	Eu.	Ti	Fz	—	Fz=Fertilizer
7—Calibrookia opposite folia	Shrubs	Fu.	Ti	—	—	
8—Wood fordia frutieosa		Fu.	Ti	—	—	
9—Imperata cylindrica	Grasses,	Fd.	—	Fz	—	
10—Pitalidium barlocioides		Fd.	—	Fz	—	

Air, Water and land—Moderately polluted elements

Air pollution has been accomplished through the pollutiou of gascs (Co_2) sulpher compounds water vapour, waste heat and methyle bromide) renunciated from chemical combustion from vehicular movement and wastes from factories (Jamshedpur, Chaibasa, and Rairangpur) which have raised respiratory diseases in Chotanagpur region (Karan, p. p: 1977).

Biological pollutants, infusion of excess energy and enterprising urbanisation have polluted the surface Water used by adivasis. Urban premises mark its higher percentage in Water and air than the rural surroundings.

The land inherits pollution through erosion, atmospheric disturbances, deforestation, overgrazing, forest fires, Channel manipulation, blasting of relief barriers rnd dynamiting the mining querries. The existing modifications in the environment have become the basic concern in a consideration to ecological affinity

Environmental Management--Integrated approach

Occasional occurence of natural Vagaries and human mal practices have cautioned natural scientists to look into causes, explain their effects and chalk-out some plans.

1. Existing big rivers have ample water supply throughout the year hence the erection of water reservoirs, earthen dams, and irrigation sites can eradicate the problems of soil erosion, abusive inundation and drinking water scarcity.

2. Industrial waste and chemical combustion need careful discharge by neutralizing their harmful elements.

3, General awareness for afforestation and permanent and Cheap alternative for fuel for adivasis.

4, Policies of land acquisition and proper Way of rehabilitation be implemented for those who become Prey to their lands when such schemes; dam sites, sancturies and industrial complexes are established.

5. Social awareness for environmental preservation be introduced among local inhabitants with a dictum that "A healthy mind needs a healthy body that thrives in the healthy environment."

REFERENCES

1. Arvill (1967) : Man and Environment. p. 229
2. Karan, p. p (1977) : Perception of Env. Pollution in chota nagpur National Geog. Vol. 12. P. 17—24·
3, Singh, S. R (1983) : Geomorphology of Kharkai Basin p. 62 (unpublished thesis) R. U. Bareilly
4, Kharkai bandh "Ek Samchhipt Parichaya" Jan. 1982 K B P Icha, Chaibasa.

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 101–105
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१, पृ० १०१–१०५

कालिदास वर्णित सरल एवं देवदारु वृक्ष

भवानीदत्त कांडपाल
संस्कृत विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अगस्त्यमुनि

सारांश

कालिदास के अनेक प्रसिद्ध टीकाकारों ने उनके काव्य में वर्णित सरल और देवदारु के वृक्षों को एक दूसरे का पर्यात माना है। प्रस्तुत शोधपत्र में इस धारणा का खंडन करते हुए यह सिद्ध किया गया है कि 'सरल' चीड़ का तथा देवदारु देवदार का पर्याय है।

ABSTRACT

'Sarala' and 'Devdaru' trees, depicted in the poetry of kalidasa, have been mistaken as synonyms by Certain renowned critics of kalidasa. In the present paper the writer has tried to show that 'Saral1' is the pinus-longipolia and 'Devdaru' is cedrus-deodara,

संस्कृत के कवि सम्राट कालिदास ने अपनी प्रसिद्ध कृतियों-रघुवंश, कुमार-सम्भव ओर मेघदूत में हिमालय की वनस्पतियों का चित्रण करते समय सरल एवं देवदारु नामों का प्रयोग किया है। उनकी रचनाओं के प्रमुख टीकाकारों ने इन दोनों नामों को एक ही वनस्पति का पर्याय स्वीकार किया है। प्रसिद्ध संस्कृत टीकाकार मल्लिनाथ ने अपनी प्रमाणिक टीका संजीवनी में "सरलानां देवदारुद्रुमाणाम्" कहकर सरल का अर्थ देवदारु किया है। उन्हीं के अनुकरण पर डा० शिवराम शास्त्री ने मेघदूत की हिन्दी टीका में सरल का अर्थ देवदार लिखा है[1] पण्डित सीताराम चतुर्वेदी[2] पन्डित प्रद्युम्न पान्डेय[3] आदि टीकाकारों ने भी सरलद्रुम का अर्थ देवदार वृक्ष किया है। काव्य तीर्थ नारायण आचार्य ने भी अमरकोष की टिप्पणी में सरलद्रुम का यही देवदार अर्थ दिया है।४

इसके विपरीत इस लेख में आगे की जा रही छानबीन से यह निष्कर्ष निकलता है कि कालिदास वर्णित सरल और देवदारु अलग-अलग वनस्पतियाँ हैं। टीकाकारों द्वारा सरल को देवदारु समझ बैठने की भ्रान्ति का कारण एवं उसका समाधान प्रस्तुत करने के साथ-साथ

नीचे सरल के देवदार से भिन्न चीड़ वृक्ष होने के सम्बन्ध में भी कुछ प्रमाण दिये जा रहे हैं—

१—रघु दिग्विजय प्रसंग में महाकवि ने सरल वृक्षों का हिमालय पर्वत पर उल्लेख करते हुए कहा है—

सरलासक्त मातङ्गग्रैवेयस्फुरितत्विषः ।
आसन्नोषधय्यो नेतुर्नक्तमस्नेहदीपिका ।। [रघु० ४।७५]

यहाँ सरल वृक्षों की चर्चा हिमालय के उस समतल भाग में की गई है जहाँ हाथी विचरण कर सकते हैं। इसी हिमालय क्षेत्र में महाकवि ने देवदारु द्रुमों का भी उल्लेख किया है[५] इसका कारण यह है कि दोनों हिमालय प्रदेश की वनस्पतियाँ हैं। हिमालय क्षेत्र में देवदार (Cedrus-deodara) से भिन्न चीड़ की दो प्रजातियाँ पायी जाती हैं—

१—पाइनस लॉंगीफोलिया (Pinus-longifolia)

२—पाइनस एक्सेलसा (Pinus-excelsa)

इनमें पाइनस लॉंगीफोलिया को "चीड़" तथा पाइनस एक्सेल्सा को "केल" नाम से जाना जाता है। चीड़ का स्वाभाविक विकास क्षेत्र हिमालय में लगभग २००० से ६५०० फिट की ऊँचाई वाला भाग है तथा देवदार का स्वाभाविक विकास क्षेत्र लगभग ७००० से ८५०० फिट ऊँचाई वाला भाग है।

चीड़ की केल नामक प्रजाति देवदार के ही विकास क्षेत्र में पायी जाती है।[६] इसलिए महाकवि द्वारा एक ही हिमालय क्षेत्र में सरल और देवदारु का उल्लेख किया जाना दोनों के एक ही वनस्पति होने के प्रमाण नहीं हैं।

२—महाकवि ने सरल एवं देवदारु वृक्षों से बहने वाले विशेष द्रव का उल्लेख करते समय सरल-वर्णन-प्रसंग में छाल उलट जाने पर तने से बहने वाले क्षीर की ओर संकेत किया है।[७] वस्तुतः चीड़ की जड़ों में कवकमूलता अर्थात जड़ों की नोक पर जाली जैसी बाढ़ अधिक होने से इसका वृक्ष पर्याप्त नाइट्रोजन, फासफोरस एवं पोटास एकत्र करके तने में अपने रेजिन अर्थात लीसा अधिक तैयार कर लेता है। अतः थोड़ी सी छाल कट जाने पर तने से यह लीसा टपकने लगता है। विशेष रूप से यह रेजिन चीड़ की पाइनस लोंगीफोलिया नामक प्रजाति में अधिक पाया जाता है। आजकल चीड़ के तने में घाव करके इस लीसे को पर्याप्त मात्रा में एकत्रित किया जाता है तथा उसे लीसा फैक्ट्रियों में संशोधित करके उससे तारपीन का तेल, विरोजा आदि तैयार किया जाता है। दूसरी ओर देवदारु वृक्षों में इस द्रव की मात्रा अत्यल्प होती है फिर भी नये कोपलों के टूटने पर स्वल्प द्रव टपक जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रत्यक्ष दर्शन के कारण महाकवि इस तथ्य से अवगत थे। इसीलिए उन्होंने सरल की तने की रगड़ से तथा देवदारु के नवपल्लव से बहने वाले क्षीर का उल्लेख किया है।

३—सरलद्रुम के क्षीर से निकलने वाली रुचिर गन्ध का वर्णन करते हुए महाकवि ने कहा है—

कपोलकन्डूःकरिभिर्विनेतुं विघट्टितानां सरलद्रुमाणाम् ।
यत्र स्रुत क्षीरतया प्रसूतः सानूनि गन्धः सुरभीकरोति ।।[८]

इस प्रकार देवदारुद्रुमों का वर्णन करते समय भी "भित्वा सद्यः किसलयपुटान् देवदारुद्रुमाणां ये तत्क्षीरस्रुतिसुरभयो दक्षिणेन प्रवृत्ता।"[९] आदि कहकर कवि ने उसके क्षीर से निकलने वाली सुमधुर गन्ध की चर्चा की है। वास्तव में इन दोनों वनस्पतियों के काष्ठ एवं द्रव से यह रुचिर गन्ध निकलने के कारण महाकवि ने दोनों के वर्णन प्रसंगों में इस सुगन्ध की चर्चा की है। अमरकोष में भी यद्यपि देवदारु और सरल दोनों के लिए एक ही पूतिकाष्ठ नाम का प्रयोग किया गया है तथापि दोनों का उल्लेख अलग-अलग किया है।[१०] यह अलग-अलग उल्लेख दोनों की पृथकता को बताने के लिए ही किया गया प्रतीत होता है।

४—चीड़ के प्रचुर तनों वाले गढ़वाल और कुमायूं क्षेत्र की स्थानीय भाषाओं में आज भी चीड़ को "सल" या सलु नाम से जाना जाता है जो सरल का ही अपभ्रंश है। चीड़ हिन्दी नाम भी सरल के "चीताद्रु" संस्कृत पर्याय का ही अपभ्रंश है।

वनोषधि चन्द्रोदय के अनुसार चीड़ का बंगला भाषा में 'सरल गच्छा' तथा काश्मीरी में 'साला' नाम है।[११] इन सभी नामों का उद्‌भव संस्कृत के "सरल" नाम से ही हुआ है। यह तथ्य भी चीड़ वनस्पति को ही सरलद्रुम सिद्ध करता है।

५—महाकवि ने सरलद्रुमों के संघर्षण से उत्पन्न होने वाली अग्नि का वर्णन करते हुए कहा है—

तं जेद्‌वायो सरति सरलस्कन्धसंघट्टजन्मा।
बाधेतोल्काक्षपित चमरीबालभारो दवाग्नि। [मेघ० १।७५]

तनों के संघर्षण से उत्पन्न होने वाली इस दवाग्नि का उल्लेख सरल के प्रसंग में तो किया गया है किन्तु देवदारु के प्रसंग में कहीं नहीं किया गया है। इसका कारण यह है कि चीड़ का ४०-५० मीटर ऊँचा तना मूल से बहुत ऊँचाई तक शाखारहित एवं लगभग समान मोटाई वाला होने से सूख जाने पर जब आँधी से टूटकर दूसरे वृक्ष से टकराता है तो संघर्षण से जंगल में आग लगने की बहुत अधिक सम्भावना रहती है, परन्तु देवदार का तना अपेक्षाकृत कम ऊँचाई से ही शाखायुक्त होने तथा मूल से सिरे की ओर धीरे-धीरे पतला होते जाने से जब टूटता भी है तो प्रायः सिरे से छोटे-छोटे टुकड़ों में भिन्न-भिन्न समय में टूटने से अग्नि प्रसार की सम्भावना नहीं रहती है। यह तथ्य भी उन्हें पृथक् वनस्पति सिद्ध करता है।

६—सरल और देवदारु दोनों एक ही पाइनेसी (Pinaceae) परिवार की वनस्पतियाँ होने से दोनों में यद्यपि अन्य भी अनेक समानताएँ हैं परन्तु दोनों की बाह्याकृतियों में पर्याप्त भिन्नता है। दोनों की पत्तियाँ सूच्याकार, नुकीली तथा त्रिदलीय होती हैं. किन्तु देवदार की पत्तियाँ ३-४ सेमी० लम्बी होती हैं, जबकि चीड़ की पत्तियाँ विभिन्न प्रजातियों में १०-१५ सेमी० से २०-२५ सेमी० तक लम्बी होती हैं। दोनों में फूल और फल के स्थान पर अलग-अलग नर और मादा शंकु निकलते हैं परन्तु सरल के नर और मादा शंकु देवदार की अपेक्षा काफी बड़े होते हैं। दोनों के नर शंकुओं में परागकोषों को धारण करने वाले अनेक बीजाण्ड-मणं लगे होते हैं तथा मादा शंकु काष्ठीय होते हैं। जो अनेक काष्ठीय शल्कपत्रों से बने होते हैं। इन शल्कपत्रों के भीतर शंकु के साथ पंखयुक्त बीज जुड़े रहते हैं परन्तु सरल के बीजाण्डमणं आदि अवयव भी देवदारु के इन्हीं अवयवों की अपेक्षा बड़े होते हैं।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि कालिदास वर्णित देवदारु और सरल वृक्षों में पर्याप्त समानता होने पर भी ये दोनों एक ही वनस्पति के पर्यायवाची नहीं हैं। चीड़ वृक्ष ही कवि-वर्णित सरलद्रुम है। यद्यपि काव्यानन्दलोकबिहारी कवि को वृक्ष की जाति-प्रजाति से कुछ लेना-देना नहीं रहता है, तथा चीड़ की वनस्पति जगत में पाइनस लोंगीफोलिया (Pinus logifolia) नाम से प्रसिद्ध प्रजाति के तने के बहुत ऊँचाई तक शाखा रहित एवं सरल होने, इसी प्रजाति में संघर्षण से अग्नि उत्पन्न होने की अधिक सम्भावना रहने एवं स्थानीय भाषाओं में इसी के लिए आज भी सरल से उत्पन्न "सल" आदि नामों का प्रयोग होने से इसी को कालिदास वर्णित सरलद्रुम मानना अधिक तर्कसंगत है।

१—मेघदूत-मल्लिनाथ कृत संजीवनी टीका एवं शिवराज शास्त्री कृत हिन्दी टीका, साहित्य भन्डार सुभाष बाजार, मेरठ, संस्करण १९६७, पृष्ठ १२२।

२—कालिदास ग्रन्थावली-पं० सीताराम चतुर्वेदी, भारत प्रकाशन मन्दिर अलीगढ़, तृतीय संस्करण १९६२, पृष्ठ ४९, २३२ एवं ४०५

३—कुमारसम्भव-व्याख्याकार पं० प्रद्युम्न पाण्डेय, चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी—१ संस्करण १९७०, पृ० ३

४—अमरकोष, अमरसिंह, सम्पादक-नारायणराम आचार्य, निर्णय सागर मुद्रणालय बम्बई—२ द्वादश संस्करण १९५०, पृ० ३७

५—रघु० २/३६, ४/७६, कुमा० १/१५, १/५४, ३/४४, ६/५१, मेघ० २/५० [श्लोक संख्या सर्वत्र कालिदास ग्रन्थावली, सम्पादक-पन्डित सीताराम चतुर्वेदी, भारत प्रकाशन मन्दिर अलीगढ़ के तृतीय संस्करण १९६२ के अनुसार दी जा रही है।]

6. Forest Flora-B. k. Gupta, 23-A, New Cannaught Place Dehra Dun, ed 1979, ages 515-18

७. कुमा० १/९, १/१५, मेघ० २/५०

८. कुमा० १/९

९. मेघ० २/५०

१०. क–भद्रदारुद्रुकिलिमं पीतदारु च दारु च ।

पूतिकाष्ठं च सप्तस्युर्देवदारुव्यथद्वयोः ॥

अमरकोष २/५/५३

ख–पीतद्रुः सरल; पूतिकाष्ठं च ।

अमरकोष २/५/५९

११. वनौषधि चन्द्रोदय-श्री चन्द्रराज भन्डारी, ज्ञान मन्दिर भानपुर इन्दौर, संस्करण १९५३.

—

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1, P. 106-108
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-१, पृ० १०६-१०८

PLANNING FOR HOUSING

FARHAT HUSAIN AND S. N. PANDEY
Department of Commerce, Govt. Degree College, Lalitpur

सारांश

आवास मनुष्य की मौलिक आवश्यकताओं में से एक है। सातवीं पंच-वर्षीय योजना में पहली बार इस समस्या को मान्यता दी गयी है। योजना के प्रस्तावों को प्रभावपूर्ण ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। साथ ही निजी क्षेत्र को इस प्रकार प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है कि निजी बचतें मकानों के निर्माण की ओर प्रवाहित होने लगें।

ABSTRACT

Housing is one of the basic needs of human life. It is for the first time that Seventh Five year Plan has recognized the problem. There is a need to implement proposals of the plan effectively. Private sector should also to be encouraged so that private savings are diverted to construction of houses.

In fulfilling the basic needs of the population, housing ranks next only to food and clothing in importance. A certain minimum standard of housing is essential for healthy and civilised existence. The development of housing, therefore, must enjoy high priorty in a poor society such as ours, where housing amenities are far below the minimum standard that have been internationally accepted.[1]

It is perhaps for the first time in Indian planning that problem of housing has been duly recognised in the draft Seventh Five Year Plan. The area was hither to neglected. Earlier plans focussed mainly on sufficiency in food grains, industrial productions etc, Due importance was never given to the shortage of residential buildings. The result is that millions of people do not have a roof on the head.

As per the estimates of the National Building Organisation, housing shortage in 1981 was around 21 million dwelling units out of which 16 million in rural areas and 5 million in urban areas, which goes up to 24.7 million units (18.8 million in rural areas and 5.9 million in urban areas) in 1985. Additional housing requirements have been estimated at 16.2 million units during 7th plan period. Various acts and laws are in the way of housing activity. "While government has adopted numerous liberalisation policies to boost industrial production and encourage exports and bring about adoption of modern technology any encouragement has been given to encourage housing actvity, in the coutry. In the long term fiscal policy anounced by the Finance Minister, Government is silent with regard to housing programme"[2]

The magnitude of the problem is rather gigantic and needs a meaningful and systematic way to tackle it. All the sectors-public, private and Cooperative-should implement schemes to cope with the shortage of houses. Importance of private corporate and household sector has been recognized in the Seventh Plan. The estimated outlay in the five year period from private sector would be around Rr. 29,000 crores, while from public sector around Rs. 2,500 crores.[3] The Ministry of Urban Devlopment said in a recent note-"major part of the investment in housing has been coming from private sector"4

Some suggestions to improve the situation, are given below :—

1. Ministry of Urban Development has suggested to declare housing as an industry to ensure increased flow of financial resources in the sector. The Ministry's another suggestion is to set up a development council for housing industry and to f loat a national housing bank".[5]

2. Planning Commission has very rightly suggested to strengthening of the existing institution like housing and urban development Corporation, creation of new institutions like housing corporations and building societies and also the expansion of the Housing Finance Corporation Limited.

3. It is desirable for the Government to consider setting up a "Housing Commission" to assess the nation's current housing finance and also the various laws gov erning housing.[6]

4. It is also imperative that a widespread system, of housing finance was considered urgently since the present institutional framework can not cope with the problem effectively.

5. To encourage investment of private savings in construction following suggestions are worth mentioning :—

(a) Income derived for first few years from newly constructed housing, should be exempted from tax.

(b) Some incentives must be given for exempting investments made in new constructions.

(c) Construction companies engaged in the construction of group housing and multistoreyed residential apartments should also qualify for reliefs under section 80 H H and 80 I of Income-Tax Act.

(d) Rules regarding titles of flats and apartments, should be laid down/ modified particularly in metropolitan areas, For this, A Bill has been introduced in the budget session of 1986 of the Parliament, which is a welcoming step taken by the Government.

(e) Even, if, the person is not doing to live or use himself the newly constructed accomodation, his capital gains should be exempted, derived from such property.

6. Various Rent Control Acts enforced in various states should be suitably amended so as to encourage people to contruct houses for rental purposes.

7. Fiscal incentives should also be given to salaried persons to construct their own houses.

If the backlog in housing was to be reduced to any significant extent, it would be necessary to remove obstacles in the way of housing activity. The private sector should be enabled to take more interest by way of certain fiscal and financial incentives.

REFERENCES

1. Draft Seventh Five Year Plan 1985-90,
2. Ansal Sushil, Government's indefference towards Housing, economics Times, Feb. 20, 1986 P-4.
3. Document, Seventh Five Year Plan.
4. The Economic Times, New Delhi, Feb, 25, 1986, P-4.
5. Ibid, P-4
6. Venkatachalan M. P. Housing Development, Economic Times, Feb. 20, 1986.

—

Jour. U. P. govt. College Acad. Soc. 1985-86, Vol. 1. P. 109-116
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६ खंड-१, पृ० १०९-११६

स्वतन्त्र भारत में कृषि उत्पादकता—एक मूल्यांकन

जे० आर० गुप्ता

वाणिज्य विभाग, राजकीय पी० जी० कालेज, ऋषिकेश (देहरादून)

सारांश

प्रस्तुत लेख में स्वतन्त्रता के बाद भारतीय कृषि की उत्पादकता में जो परिवर्तन आंया है उसका विश्लेषण उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया गया है। फसली ढांचे में परिवर्तन, भूमि प्रयोग में परिवर्तन तथा विश्व के अन्य राष्ट्रों की तुलना में कृषि उत्पादकता कम है। इस सम्बन्ध में सुधार हेतु जो कदम उठाने की जरूरत है इनका भी विश्लेषण किया गया है।

ABSTRACT

In this article, the productivity of agriculture in India has been analysed on the basis of datas. The productivity of land improved under plans in India. But it is low when we compare it with other countries such as Canada, U. S. S. R., Japan and France. Therefore it is necessary for our country to improve the productivity of agriculture for the welfare of the nation.

भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास वास्तव में कुल ५७५९३६ गाँवों के विकास पर निर्भर करता है जहां देश की लगभग ८० प्र०श० जनसंख्या निवास करती है। ग्रामों के औद्योगिक ढांचे में परिवर्तन आवश्यक है तभी वहाँ के उपभोग स्तर, जीवन स्तर, और कल्याण में सुधार किया जा सकता है। कृषि पर हमारे देश की ६६ प्र०श० जनसंख्या निर्भर करती है जबकि जापान में २१ प्र०श०, फ्रांस में १४ प्र०श०, कनाडा में ८ प्र०श०, आस्ट्रेलिया में ८ प्र०श० तथा ब्रिटेन में ३ प्र०श० कृषि पर जनसंख्या का दबाव है।५ इसके अलावा कुल राष्ट्रीय उत्पादन में कृषि का भाग १९८३-८४ में भारत में लगभग ४० प्र०श० था जबकि जापान में १० प्र० श०, फ्रांस में ६ प्र० श०, आस्ट्रेलिया में ९ प्र०श० तथा ब्रिटेन में ३ प्र०श० है।

अतः स्पष्ट है कि अन्य राष्ट्रों की तुलना में भारतीय कृषि के विकास की परम आवश्यकता है। हालांकि नियोजन काल में बहुत कुछ कार्य कृषि विकास हेतु किए गए हैं, औद्यो-

गिक ढांचे में परिवर्तन आया है जिससे सकल राष्ट्रीय उत्पादन में कृषि उत्पादन का भाग कम हुआ है जैसे—१९५०-५१ में ५४ प्र०श०, १९६०-६१ में ५३ प्र०श०, १९७०-७१ में ४७ प्र०श०, १९७८-७९ में ४२ प्र०श० तथा १९८३-८४ में लगभग ४० प्र०श० भाग था। कृषि की क्रियाएँ प्रकृति की दया पर निर्भर करती हैं इसलिये कृषि पर से निर्भरता कम करके उद्योगों की ओर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। क्योंकि सातवीं योजनाकाल १९८५-८९ के बीच में कृषि क्षेत्र में रोजगार ३·५ प्र०श० प्रतिवर्ष की दर से बढ़ेगा जबकि गैर कृषि क्षेत्र में रोजगार की वृद्धि दर ४·५ प्र०श० प्रतिवर्ष होगी। इसी प्रकार सकल उत्पादन मूल्य वृद्धि दर कृषि क्षेत्र में २·५ प्र०श० प्रतिवर्ष होगी और गैर कृषि क्षेत्र में ६·४ प्र०श० प्रतिवर्ष। छठीं योजना में रोजगार कृषि क्षेत्र में ४·३ प्र०श० प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा है। जबकि सातवीं योजना में रोजगार वृद्धि दर ३·५ प्र०श० की होगी इसलिये कुछ अर्थशास्त्रियों ने इसे "कर्मरहित विकास" की संज्ञा दी है।[1] (दि इकानामिक टाइम्स १८ अप्रैल, १९८६) इसके बाद भोजन के लिए खाद्यान्न का उत्पादन कृषि द्वारा ही सम्भव है तथा उद्योगों के लिए कच्चा माल कृषि से ही मिलता है अतः कृषि का विकास भी आवश्यक है जो कृषि भूमि की उत्पादकता पर निर्भर करता है। कृषि उत्पादकता की पूर्ण जानकारी के लिए कृषि हेतु प्रयुक्त भूमि की मात्रा विभिन्न फसलों का बदलता हुआ क्षेत्रफल तथा प्रति हेक्टेयर उत्पादन, सरकार की नीतियों का उत्पादन पर प्रभाव एवं आवश्यक सुझाओं की व्याख्या यहाँ पर की जा रही है।

भूमि प्रयोग—

कृषि उत्पादकता की विस्तृत व्याख्या के लिये भूमि के विभिन्न प्रयोगों की विस्तृत व्याख्या तालिका सं० १ में की गई है। विवरण से स्पष्ट है कि १९५०-६१ में वनों का क्षेत्रफल ४०५ लाख हेक्टेयर हो गया। स्पष्ट है कि वनों से देश को अनेक लाभ होते हैं। उद्योगों के लिये कच्चा माल तथा भूमि कटाव को रोकता है। इसलिये देश में वन क्षेत्र में विस्तार किया गया है। खेती योग्य बंजर भूमि १९५०-५१ में २२९ लाख हेक्टेयर थी जो १९८३-८४ में १७१ लाख हेक्टेयर रह गई है। अर्थात इस भूमि का प्रयोग कृषि कार्यों में किया गया है। वृक्ष तथा बागों में कमी आई है। शुद्ध बोया क्षेत्रफल १९५०-५१ में ११८७ लाख हेक्टेयर था वह बढ़कर १९८३-८४ में १४५० लाख हेक्टेयर हो गया। इसी प्रकार इसी अवधि में सिंचित क्षेत्रफल २२६ लाख हेक्टेयर से ६२० लाख हेक्टेयर हो गया है।[1] स्पष्ट है कि भूमि प्रयोग ढांचे में लगातार परिवर्तन से उत्पादकता पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिसका विवरण तालिका सं० ३ में दिया गया है। कृषि हेतु बोए गए क्षेत्रफल में वृद्धि के कारण राष्ट्रीय स्तर पर कृषि तथा ग्रामीण विकास को छठीं योजना में अधिक महत्व दिया गया था इसीलिए इस योजना में सार्वजनिक क्षेत्र में १२५३९ करोड़ रुपये की व्यवस्था इस मद के लिए की गई थी जबकि योजना में केवल ४२१८ करोड़ रुपये ही इस मद पर व्यय किए गए थे।

तालिका सं० १

भूमि प्रयोग विवरण — दस लाख हेक्टेयर में

विवरण	वर्ष १९५०-५१	१९६०-६१	१९७३-७४	१९८३-८४
ग्रामीण खातों के अनुसार				
क्षेत्र	२८४·३	२९८·५	३०४·१	३०६·२
वन क्षेत्र	४०·५	५४·१	६५·७	६७·८
कृषि कार्य के लिए अनुपलब्ध	४७·५	५०·८	४१·२	३८·५
परती भूमि के अलावा				
बिना जोती भूमि	४९·४	३७·६	३४·०	३२·६
खेती योग्य बंजर	२२·९	१९·२	१७·१	१७·१
स्थाई चारागाह	६·७	१४·०	१२·८	१२·४
वृक्ष तथा बाग	१९·८	४·४	४·१	३·८
परती भूमि	२८·१	२२·८	२०·१	२४·०
शुद्ध बोया क्षेत्र	१२८·७	१३३·०	१४३·१	१४५·०
सकल बोया क्षेत्र	१३१·९	१५२·८	१६९·९	१६८·२
सकल सिंचित क्षेत्र	२२·६	२८·०	४०·३	६२·०

स्रोत—संकलित भारतीय अर्थव्यवस्था सम्बन्धी आधारभूत आंकड़े १९७८ द्वारा केन्द्रीय सांख्यकीय संगठन भारत सरकार तथा योजना जनवरी, फरवरी, १९८६, दि इकनामिक टाइम्स, २६ फरवरी १९८६ इन्डिया १९८४

मुख्य फसलें तथा क्षेत्रफल—

वर्तमान समय में भारत के विभिन्न राज्यों तथा केन्द्र शासित क्षेत्रों में मुख्य फसलें धान, गेहूँ, ज्वार, बाजरा, मक्का, गन्ना, तिलहन, कपास, जूट, आलू, चना, अरहर तथा चाय है। इन फसलों के अलावा कुछ क्षेत्रों में सोयाबीन, मटर, रागी, पपीता, केला, तम्बाकू, सांवा, सनई, कोदों, उर्द, मूँग, अफीम, नारियल, अलसी, मोठ तथा रेंडी की फसलें भी बोई जाती हैं। कुछ प्रान्तों, में रबी, खरीफ के अलावा जायद गर्मी की फसल जिसमें ककड़ी, खीरा, तरबूज, लौकी, सब्जी आदि की खेती भी होती है। योजना काल में फसल चक्र में परिवर्तन आया है। खाद्यान्नों की फसलों के स्थान पर वाणिज्यक फसलों के क्षेत्र में वृद्धि हुई है। किसान उत्पादन बढ़ाने के लिए बहुफसली ढांचे का प्रयोग कर रहा है। क्षेत्रफल का विवरण तालिका सं० २ में दिया गया है। फसली क्षेत्र में परिवर्तन के मुख्य कारण स्थान विशेष में सिंचन सुविधाओं का विस्तार, अच्छे बीजों की उपलब्धता, विपणन सुविधाओं की व्यवस्था, उपज की खपत, कीटनाशक दवाओं की सुविधा, खाद के प्रयोग की उचित जानकारी आदि है।

राष्ट्रीय कृषि के फसल चक्र में परिवर्तन करने एवं कृषि को आधुनिक बनाने के लिये देश में १९ कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। राष्ट्रीय कृषि अनुसन्धान परिषद

१९२९ में स्थापित किया गया था। उसका पुनर्गठन करके उसके अधीन ३३ केन्द्रीय शोध संस्थान, ३ राष्ट्रीय शोध केन्द्र, ५ परियोजना निदेशालय तथा २३ राष्ट्रीय अनुसन्धान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।[१०] इस संस्थाओं में उत्पादन विधि फसल चक्रों, फसल किस्मों, नवीन यन्त्रों, बीजों तथा सिंचन सुविधाओं आदि के सम्बन्ध में लगातार उत्पादन बढ़ाने के लिए शोध कार्य किए जा रहे हैं। देश के विभिन्न भागों के किसानों को नवीन तकनीकों एवं मशीनों का ज्ञान कराने के लिए प्रति वर्ष किसान मेलों का आयोजन किया जाता है। शुष्क खेती की वैज्ञानिक विधियों का विकास किया गया है। ऊसर जमीन के प्रयोग में सफलता प्राप्त की गई है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि बदलते समय में भूमि का अधिक सदुपयोग करके राष्ट्रीय उत्पादन मे और अधिक वृद्धि सम्भव है।

तालिका सं० २

फसलों का बदलता हुआ क्षेत्रफल (हजार हेक्टेयर में)

फसल का नाम	वर्ष				
	१९५०-५१	६०-६१	७०-७१	८०-८१	८२-८३
चावल	३०८१०	३४१२८	३७५९२	४०१५२	३७७९४
गेहूँ	९७४६	१२९२७	१८२४१	२२२९७	२३१५१
मोटे अनाज	३७६७५	४४९६३	४५९५०	४१७८०	३९९८६
चना	७५७०	९२७६	७८९९	६५८४	७२२५
दालें	१९०९१	२३५६३	२२५३४	२२४५७	२२५८८
खाद्यान्न योग	९७३२१	११५५६१	१२४३१६	१२६६६७	१२३३१८
मूंगफली	४४९४	६४६३	७३२६	६३०१	७३४५
तिलहन	१०८२७	१३७८०	१५४१८	१५५५७	१६६४७
गन्ना	१७०७	२४१५	२६१५	२६६७	३२६५
कपास	५८८२	७६१०	७६०५	७८२३	८०७४
जूट तथा मेस्था	५७३	९०१	१०७६	१३००	१०२४
तम्बाकू	३५७	४०१	४४७	४५२	१५०
ज्वार	५४९५	९८१४	१७३७४	१५८०९	
बाजरा	२५९५	३२८३	१२९१३	११६५७	—
मक्का	१७२९	४०८०	५८५२	६००५	—
जौ	२३७०	२८१९	२५५५	१८०७	—

स्रोत—संकलित इन्डिया १९८४ पृ० २४४ तथा करेन्सी एन्ड फाइनेन्स रिपोर्ट १९८२-८३ का वाल्यूम २, पृ० १९

मुख्य फसलों की उत्पादकता—

फसलों के क्षेत्रफल में कृषक उत्पादकता के आधार पर परिवर्तन करता है। फसल की उत्पादकता भूमि के क्षेत्रफल तथा उस पर उत्पादन की मात्रा के द्वारा भौतिक रूप में निर्धारित

होती है। व्यावहारिक जगत में भौतिक मात्रा के साथ ही फसल का मूल्य भी ध्यान में रखा जाना आवश्यक होता है। क्योंकि उसी से कृषक का कुल आगम तथा कल्याण निर्धारित होता है। योजनाकाल में विभिन्न फसलों की उत्पादकता में परिवर्तन हुआ है जिसका विवरण तालिका सं० ३ में दिया गया है। उत्पादकता प्रति हेक्टेयर कुन्टल में दिखाई गई है। तालिका से स्पष्ट होता है कि चावल में उत्पादकता १९५०-५१ में ६.७ कुन्टल प्रति हेक्टेयर थी जो बढ़कर १९८४-८५ में १५.२ कुन्टल हो गई है। इसमें और अधिक वृद्धि के लिए १९८५ में एक विशेष चावल उत्पादन कार्यक्रम असम, बंगाल, उड़ीसा, बिहार, पूर्वी उ० प्र० तथा पूर्वी म० प्र० में प्रारम्भ किया गया है। सरकार ने इसके लिए २६ करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इसी अवधि में गेहूँ की उत्पादकता ६.६ कुन्टल प्रति हेक्टेयर से १७.५ कुन्टल हो गई है। इस वृद्धि में हरित क्रान्ति का ४१ प्र०श० तथा खाद का ७० प्र०श० योगदान है।

तालिका सं० ३

प्रमुख फसलों की उत्पादकता प्रति हेक्टेयर कुन्टल में—

फसलें	वर्ष						
	१९५०-५१	५५-५६	६०-६१	७३-७४	७८-७९	८१-८२	८४-८५
चावल	६.७	८.७	१०.१	११.५	१३.४	१३.०	१५.२
गेहूँ	६.६	७.१	८.५	११.७	१५.७	१६.९	१७.५
ज्वार	३.५	३.९	५.३	५.४	७.२	७.३	७.५
बाजरा	२.९	३.०	२.९	५.४	४.९	४.७	५.२
मक्का	५.५	७.०	९.३	९.६	१०.८	११.६	१०.९
जौ	७.६	८.२	८.८	९.०	११.६	११.५	—
चना	४.८	५.५	६.७	५.३	७.४	५.८	८.८
अन्य दालें	४.४	४.८	५.४	४.३	५.२	४.४	—
मूँगफली	७.८	७.५	७.५	८.४	८.५	५.४	—
कपास	०.९	०.९	१.३	१.४	१.७	१ ६	१.८९
जूट	१०.४	१०.८	११.८	१४.१	१३.१	१४.४	११.८
गन्ना	३३४.२	३२७.८	४५५.५	५११.६	५०१.६	५८३.०	५८३.०
तम्बाकू	७.३	७.४	७.७	१०.०	११.०	११.७	....
आलू	६९.२	६६.४	७२.५	८९.५	१२८.०	१३४.०	....
केला	१ ७.५	१२३.४	१३५.७	१४२.२	....	...	....
चाय	८.८	९.०	९.७	१३.१	१३.७	१४.१	....

स्रोत—भारतीय अर्थव्यवस्था सम्बन्धी आधारभूत आंकड़े १९७८ द्वारा केन्द्रीय सांख्यकीय संगठन योजना मन्त्रालय भारत सरकार तथा करेन्सी एन्ड फाइनेन्स रिपोर्ट ८२-८३ वाल्यूम २, पृ० १९, इन्डिया १९७४ पृ० २४४ए दि इकानामिक टाइम्स २६ फरवरी १९८६ दैनिक

हिन्दुस्तान इसी अवधि में ज्वार ३·५ कुन्टल से ७·५ कुन्टल, बाजरा २·६ कुन्टल से ५·२ कुन्टल तथा मक्का ५·५ कुन्टल से १०·६ कुन्टल, चना ४·८ कुन्टल से ८·८ कुन्टल, कपास ०·६ कुन्टल से १·८६ कुन्टल, जूट १०·४ कुन्टल से ११·८ कुन्टल, गन्ना ३३४·२ कुन्टल से ५८३ कुन्टल उत्पादकता प्रति हेक्टेयर हो गयी है। उत्पादकता वृद्धि नियोजन काल में अधिक हुई है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन किए गए हैं। जैसे भू-स्वामित्व व्यवस्था में सुधार जमींदारी प्रथा का उन्मूलन, लगान निर्धारण, सिंचाई के साधनों एवं सुविधाओं में वृद्धि, १९६३ में राष्ट्रीय बीज निगम की स्थापना, १७ राज्यों में एग्रो इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन की स्थापना, कृषि फार्म निगम की १९६९ में स्थापना, कृषि हेतु विद्युत सुविधाओं के विस्तार के लिये विद्युतीकरण निगम की १९६९ में स्थापना, हरितक्रान्ति योजना के अन्तर्गत उन्नत किस्म के बीज, खाद, नवीन यन्त्र कीट नाशक दवाओं आदि का विकास, साख विस्तार के लिए २० बैंकों का राष्ट्रीयकरण, १९७५ में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं का विस्तार, कृषि विपणन हेतु मन्डी समितिओं का गठन, राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण बैंक की राष्ट्रीय स्तर पर अधिक साख के लिये १२ जुलाई १९८२ को स्थापना, मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना आदि ऐसे कार्य हैं जो कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायता कर रहे हैं। इन सुविधाओं के कारण भारतीय राष्ट्रीय आय १९५०-५१ में ९५३० करोड़ थी[२] जो बढ़कर १९८४-८५ में १९९९५९ करोड़ रुपये हो गयी तथा प्रतिव्यक्ति आय २६६·५ रुपयों से बढ़कर २३४:·८० हो गई है।[३] इसी अवधि में राष्ट्रीय पूंजी निर्माण की दर ६·८ से बढ़कर १७·४ प्र०श० हो गई है। कृषि विकास की वार्षिक दर १९५०-५१ में ०·५ प्र०श० थी वह बढ़कर १९७४ में २·१८ प्र०श० तथा १९८३-८४ में लगभग ४ प्र०श० हो गई है। सातवीं योजना में यह दर ४ प्र०श० अनुमानित की गई है।[४]

कृषि कार्यो एवं क्षेत्रों में विकास

कृषि क्षेत्रफल में विस्तार, मशीनीकरण प्रविधियों में सुधार के कारण कृषि कार्यों में निम्न प्रकार परिवर्तन हुआ है जो विकास के संकेतक हैं—

विवरण	१९५०-५२	१९८४-८५
१…खाद्यान्न उत्पादन	५२८ लाख टन	१५३६ लाख टन
२… उर्वरक प्रयोग	६९००० टन	९३ लाख मी० टन
३…. अधिक उपज के बीज का क्षेत्रफल	१५ लाख हे०	५६० लाख हे०
४… बहुफसली कार्यक्रम ७०-७१ में	४० लाख हे०	५६० लाख हे०
५…. सिंचाई के लिये विद्युत पम्पसेट संख्या	२००००	५२० लाख
६….. ट्रेक्टर मांग ७०-७१ में	४००००	२·५० लाख
७… सकल सिंचित क्षेत्र	२२६ लाख हे०	१६२० लाख हे०

कृषकों की फसल बाढ़, सूखे, ओलावृष्टि आदि से नष्ट हो जाती है। इस जोखिम से सुरक्षित रखने के लिये १९८५ में फसल बीमा योजना १६ राज्यों तथा एक केन्द्र शासित

प्रदेश में लागू की गई है। इस विवरण से स्पष्ट है कि भारतीय कृषि में सुधार हो रहा है, लेकिन जब हम राष्ट्रीय उत्पादकता की तुलना अन्य राष्ट्रों से करते हैं तो ज्ञात होता है कि भारतीय कृषि की उत्पादकता बहुत ही कम है। जैसे भारत में चावल की उत्पादकता १५.२ कुन्टल प्रति हेक्टेयर जबकि जापान में ४८ कुन्टल, गन्ने की उत्पादकता भारत में ५८३ कुन्टल, जबकि हवाई मे १९६३, आस्ट्रेलिया में ६७४ कुन्टल, आलू की उत्पादकता भारत में १३४ कुन्टल, फ्रांस में १७६ कुन्टल, जापान में १७४, कनाडा में १६० कुन्टल प्रति हेक्टेयर है। इस निम्न उत्पादकता के कारण भारतीय किसानों का जीवन स्तर अन्य देशों के किसानों से निम्न है। इसमें सुधार के लिये निम्नांकित कार्यों में परिवर्तन एवं सुधार की आवश्यकता है।

१. कृषि में उत्पादन बढ़ाने के लिए नवीन यन्त्रों, तकनीकों का ग्रामीणों तक पहुँचाना एवं उसके संचालन के लिए समयानुसार सलाहकारी सुविधाओं का प्रबन्ध होना चाहिये।

२. साख सुविधाओं का देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा अन्य बैंकों की शाखाओं द्वारा जाल अवश्य बिछाया गया है लेकिन देश के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे बिहार, उड़ीसा, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में साख उचित समय पर नहीं मिलती है और कृषकों की फसलें नष्ट ही जाती हैं। (२३-४-८६ नवभारत टाइम्स) अतः गरीब किसानों, मध्यम वर्गीय किसानों के लिये पर्याप्त साख की व्यवस्था आवश्यक है।

३. सामाजिक, धार्मिक जो पुरानी प्रथाएँ हैं उनमें परिवर्तन के लिये समाज में कुछ संस्थाओं का गठन किया जाय जो देश में इस कार्य को पूर्ण करें।

४. प्राकृतिक तत्व जैसे सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि एवं अन्य कारणों से जो फसल नष्ट हो जाती है उसकी पूर्ति हेतु फसल बीमा योजना १९८५ से १६ राज्यों एवं केन्द्र शासित क्षेत्र की धान, गेहूँ, बाजरा, दलहन एवं तिलहन फसलों पर लागू की गई है।[६] योजना फरवरी १९८६। इसका विस्तार सभी राज्यों तथा अन्य महत्वपूर्ण फसलों में भी किया जाना चाहिये।

५. फसल की हानि का उचित भुगतान उचित समय में किसानों को हो जाय इसकी व्यवहारिक व्यवस्था पर ध्यान रखना भी आवश्यक है अन्यथा बीमा संस्थाओं के कर्मचारी ही कृषकों का माल हड़प ले जायेंगे।

६. कृषि आदाय तत्व (बीज, खाद, नवीन यन्त्र, कीटनाशक दवाएं) कृषकों को समयानुसार पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलते केवल बड़े किसान अधिकारियों से मिलकर इसका लाभ उठाते हैं, इसमें परिवर्तन की जरूरत है जिससे सीमान्त कृषक, मध्यमवर्गीय कृषक तथा बटाईदारों को लाभ हो सके।

७. सिंचाई सुविधाओं का विस्तार केवल कुल बोये गए क्षेत्रफल के ३० प्र०श० तक ही हुआ है। शेष में सिंचाई का कोई प्रवन्ध नहीं है। इसके लिये सिंचन सुविधाओं में और वृद्धि की जाय।

इसके साथ ही सिंचाई विभाग के कर्मचारी (ट्यूबवेल आपरेटर) समय पर छुट्टी ले लेते हैं या ट्यूबवेल बन्द कर गायब रहते हैं। इसमें भी सुधार किया जाय।

८. कृषि विकास की नीतियों का निर्धारण अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जाकर किसानों से सम्पर्क करके करना चाहिये।

९. अभिनव उपायों द्वारा जिसमें अधिक पूँजी लगाने की आवश्यकता नहीं है, जैसे मल एवं नालियों के पानी का सावधानी पूर्वक प्रयोग करके तथा विज्ञान एवं टेकनालाजी के सार्थक प्रयोग से कृषि उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है।

१०. कृषि पर आधारित उद्योगों का ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक विस्तार किया जाय जिससे ग्रामीण एवं शहरी बेकार लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

११. गाँवों को अनुसंधानशालाओं से सीधे जोड़ा जाय।

१२. नवीन यान्त्रिकी को भारतीय परिवेश के अनुसार फिट किया जाना चाहिये।

१३. ग्रामीण क्षेत्र में नवीन उद्यमियों का विकास किया जाय ताकि वे गाँव में ही प्राप्त कच्चे माल पर आधारित उद्योगों को खोलें एवं ऐसे साधनों का विकास करें जिसकी उन्हें आवश्यकता हो।

इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र को वांछित प्रगति के स्तर पर लाने के लिए समुचित वैज्ञानिक तथा तकनीकी सेवाओं, सरकारी नीतियों एवं शासन तन्त्र को एक साथ मितव्ययिता के साथ समायोजित करने की सख्त जरूरत है। जब देश में कृषि, ग्रामीण उद्योग तथा ग्रामीणों की त्रिवेणी का समन्वित विकास किया जायेगा तो निर्माण एवं विकास क्रिया का ऐसा महास्रोत उत्पन्न होगा जिससे प्रगति, स्वावलम्बन, पूर्ण रोजगार तथा समृद्धि की धाराएँ फूट निकलेंगी।

अतः कृषि भूमि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी की नवीन व्यूह रचना के अलावा कोई उपाय नहीं है। क्योंकि भूमि सीमित है। इसी के द्वारा देश की भूख, अभाव, बेरोजगारी तथा पिछड़ेपन जैसी भयंकर समस्याओं से लोगों का उद्धार किया जा सकता है।

सन्दर्भ

१. योजना, योजना मन्त्रालय भारत सरकार, फरवरी १९८६
२. दि इन्डियन इकानमी द्वारा पी० चौधरी पृ० ६०
३. दि इकनामिक टाइम्स २६ फरवारी १९८६
४. "योजना" फरवरी १९८६, योजना मन्त्रालय, भारत सरकार
५. कुलश्रेष्ठ आर० एस०, औद्योगिक अर्थशास्त्र
६. योजना, फरवरी १९८६
७. भारतीय अर्थव्यवस्था सम्बन्धी आधारभूत आँकड़े १९७८ द्वारा केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन योजना मन्त्रालय भारत सरकार
८. करेन्सी एन्ड फाइनेन्स रिपोर्ट १९८२-८३ वाल्यूम २, पृ० १९
९. दि इकनामिक टाइम्स १८ अप्रैल १९८६
१०. इन्डिया १९८४ पृ० २४४-२५५

———

शोधपत्रिका

उत्तर प्रदेश राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी

JOURNAL

UTTAR PRADESH GOVT. COLLEGES ACADEMIC SOCIETY

खंड २, अंक २, वर्ष १९८५
VOL. 2, No. 2, 1985

इलाहाबाद
ALLAHABAD

शोध–पत्रिका

उत्तर प्रदेश राजकीय महाविद्यालय एकेडेमिक सोसाइटी

अंक २, १९८५

JOURNAL

Uttar Pradesh Govt. College Academic Society

Vol. 2, 1985

विषय सूची

CONTENTS

CHEMISTRY

1. A search for the natural hypoglycamic principle, Chromatographic examination of stem bark of Ficus Religiosa Linn. 117
   R. K. Baslas & Roohi Agha
2. Equation of State and Evaluation of Isothermal compressibility of Liquid metals at their melting points. 120
   C. V. Chaturvedi and P. Thakur
3. Thermal Conductivities of Some Polar Non Polar binary Gas Mixtures. 124
   S. R. Prajapati

PHYSICS

4. Adsorption studies & diffusion equation. 127
   S. K. Dabral, S. K. Khare and V. N. Sharma
5. U. V. Lasersonde for optical Detection of the Meteoric Dustcloud. 130
   M. K. Gupta, S. K. Khare and V. N. Sharma
6. Model for the Lattice Dynamics of HCP Metals. 133
   S. P. Singh

MATHEMATICS

7. Ishikawa Iteration Process for a Pair of Nonliner Maps. 136
   S. L. Singh and R. Mall
8. Fixed Points of Nonself Mappings in Probabilistic Metric Spaces. 139
   S. L. Singh and B. D. Pant

BOTANY

9. Seed Mycoflora and its role in Pre and Post Emergence of Echinochloa Frumentacea (ROXB) Link.
D. N. Joshi and R. S. Adhikari 143

10. Effect of a Synthetic Bioregulant on Flowering, fruiting & yield in Bitter Gourd. (Momordica Charantia. L)
Umesh Prakash Saxena 147

ZOOLOGY

11. Seasonal Histomorphological Studies on Thyroid of a Fresh Water Teleost : Channa punctatus.
Dhirendra Kumar and D. K. Singh 151

12. Effect of Magnesium treatment of some haematological values of Noemacheilus Montanus.
S. N. Bhatt 156

ENGLISH

13. The Parallel Urge : E. A. Robinson's Theory of Poetry. 160
B. D. Joshi

14. Social awareness and Humanitarianism in the Novels of Charles Dickens and Premchand : A Comparative Study 164
M. Ram

PSYCHOLOGY

15. Effects of Sympathy on Severity of Punishment assigned by Male and Female Jurors. 170
K. K. Angira

POLITICAL SCIENCE

16. The new international economic order and non-alignment. 177
Ashok Kumar Singh

17. १६वीं शताब्दी के भारतीय पुनर्जागरण आंदोलनों का कुमाऊँ में प्रभाव तथा प्रतिक्रिया 182
मदन मोहन करगेती

HISTORY

18. "The attitude of Lord Willingdon (1931-36) towards the Indian National Movement." 189
Rajiva Mohan

ECONOMICS

19. Marketable Surplus at farmer's Level (A study of Azamgarh Distt. of Eastern U. P.) 193
Haridwar

20. L. I. C.'s Role as a financial intermediary in Resource mobilisation & Development in India. 198
R. A. Sharma

GEOGRAPHY

21. A Technique and Methodology for an Analysis of out Migration Problem. 202
G. S. Lal

22. A Geographical Study of Soil erosion and conservation in the Hazari-Bagh Plateau. : Bihar 206
Onkar Prasad

SOCIOLOGY

23. ग्रामीण समुदाय में सामाजिक कुलकेन्द्रों की भूमिका 210
राम अधीन शुक्ल

MILITARY SCIENCE

24. नाभिकीय शीतलहर 216
उदयवीर सिंह जैवार

HINDI

25. स्वामी हित हरिवंश के काव्य में मुरली 220
लवकुश मिश्र

26. राष्ट्रीय चेतना का उपेक्षित स्वर : कमल साहित्यालंकार 225
हरिप्रसाद मौर्य

EDUCATION

27. स्नातक स्तर पर सतत् आंतरिक मूल्यांकन 229
आनन्द कुमार श्रीवास्तव

COMMERCE

28. Industrial Sickness in India. 235
S. N. Singh, M. P. Agarwal

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1985-86, Vol. 2, P. 117-119.
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-२, पृ० ११७-११९

A search for the natural hypoglycamic principle, Chromatographic examination of stem bark of Ficus religiosa Linn.

R. K. Baslas & Roohi Agha
Department of Chemistry, Govt. Raza P. G. College, Rampur.

सारांश

फाईक्स रेलिगोसा (कुल-यूरटिकेसी) भारत में हर जगह पाया जाता है। वृक्ष के सभी भाग आयुर्वेदिक दवाओं में विभिन्न रोगों में काम आते हैं। वृक्ष की छाल मधुमेह नामक रोग में दी जाती है। छाल के कॉलम क्रोमेटोग्राफिक तथा स्पेक्ट्रो-स्कोपिक आँकड़ों के परीक्षण द्वारा निम्न तत्व निकले हैं।

बीटा-एमाइरिन ऐसिटेट, बीटा-साइटोस्टेरोल, ल्यूपोल तथा जेनथैटोकसिन। बीटा- साइटोइस्टेरोल के अतिरिक्त सभी तत्व इस जाति में पहली बार निकाले गये हैं।

ABSTRACT

Ficus religiosa (Family-urticaceae) is a large glabrous tree growing wild and also cultivated throughout India. The bark of the tree is used in the treatment of diabetes mellitus. Following constituents have been separated by column chromatography and identified by Co-TLC with their authentic samples and spectroscopic data. β-amyrin acetate, β-sitosterol, Lupeol and Xanthotoxin Except β-sitosterol all the constituents are being reported for the first time in this species.

INTRODUCTION

Ficus religiosa linn (Family Urticaceae) is a large glabrous tree growing wild and also cultivated throughout India. All the parts of the tree are bitter, acrid, cooling and used in Ayurvedic System of Medicine for various disorders.

The bark of the tree is used in the treatment of diabetes mellitus and locally as an astringent on ulcers and inflammations.

EXPERIMENTAL

Investigation of the Stem bark :

The stem bark of the plant were collected in the month of April. The stem bark were dried in shade and powdered in grinder. Airdried stem bark (1 Kg) were extracted with petroleum ether (60–80°). The extract obtained was concentrated under reduced pressure to form resinous semisolid mass obtained from pet-ether extract was partioned with ethanol to separate it into ethanol soluble and ethanol insoluble (Petroleum ether soluble) fraction.

i. Examination of ethanol insoluble Fraction 'A'.

The preliminary screening for finding out different chemical constituents was carried out on silica gel coated TLC plates. The plates were developed in different solvent systems and sprayed by Libermann Burchard reagent the best results obtained in n-heptane : benzene : ethyl alcohol (50 : 50 : 2). In this system four spots having Rf 86·38, 18 and 09 were obtained. This mixture was separated by column chromatography in the above system.

The two compounds have been separated and identified as,

β-Amyrin acetate : The compound has *h Rf* value 38' in n-heptane : benzene : ethylalc (50 : 50 : 2) in 234°C molecular formula $C_{32} H_{52} O_2$ alkaline hydrohysis it gave B-amyrin (m. p. 196°C) and acetic acid (B. P. 116°C) in equimolar ratio. IR, cm^{-1} (KBr) 3600 (— CH), 2960, 2880 (C-H stretch) 1650 (C=C stretching) 1465 (C — CH_3 asmetric bonding) 1040 — (C — O stretching 890) (C—H bonding vibrations of gem-disubstituted olefenic group).

PMR (90 MH_2 ; $CHCl_3$) showed signals at 5·2 (M. IH), 4·5 (m. IH), 2·01 (S , 3H)

MS m/e at 426 (Mt)

β-Sitosterol : The compound has Rf value 13[2] in benzene : Chloroform (9 : 1) m. p.–136–7° ($CHCL_3$; MeOH) acetate (Ac 20/Pyr) m. p. 124–5°.

Molecular formula $C_{20}\ H_{50}\ O$

IR Cm^{-1} (KBr) – 3440, 1053 (equatorial OH gp)

834 & 797 (trisubstituted olofinic linkage)

ii Examination of ethanol soluble Fraction B :—

The preliminary screening for finding out different chemical constitutents was carried out on silicagel coated TLC plates. The plates were developed in different solvent systems and sprayed by antimoney trichloride. The best result obtained in benzene Chloroform (9 : 1) in which three spots of Rf value 32, 26 and 13 were obtained. The mixture was separated by column chromatography in the above system. The two compounds have been separated and identified as —

Lupeol:— It has Rf value 26[2] in benzene Chloroform (9 : 1) m. p. 214 – 16, $C_{30}\ H_{50}\ O$ (α) 28° + 28·9 in $CHCL_3$ acety derivative 211 – 12° and benzoyl derivative 254 – 6 identical (mmp TLC and IR) with an authentic sample.

Xanthotoxin:— It has Rf value 38 in benzene pet-ether (1 : 1) m. p.– 146 – 48°C identifical (mmp TLC and IR) with an authentic sample.

RESULTS AND DISCUSSION

The present investigation led to the isolation and identification of β-amyrin acetate, β-Sitosterol, lupeol and Xanthotoxin. Except β-Sitosterol all the constituents are being reported for the first time in this species.

REFERENCES

Salvador P. Hammer R. H., Jour, Phar m. Sci. 954-7, 61-1972.

Mustafa Abu E. A., Tawiz-El B. A. and Fayez M. B. E. Phytochem 1964, Vol 3, 701-703.

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1985-86, Vol. 2, P. 120–123.
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-२, पृ० १२०–१२३

Equation of state and Evaluation of Isothermal compressibility of liquid Metals at their Melting Points.

C. V. Chaturvedi and P. Thakur
Department of Chemistry, K. N. Govt. Postgraduate College, Gyanpur (Varanasi).

सारांश

कार्नाहन-स्टार्लिग इम्वोशन ऑफ़ स्टेट का प्रयोग करके आसोथर्मल कम्प्रेसिबिलिटी (β_T) की गणना आठ लिमिवड मेटल के लिए उनके क्वथनांक पर की गई। इस समीकरण को अणुओं के डाइमीटर से व्युत्पन्न किया गया। इस पैरामीटर की गणना सरफेस-टेंसन तथा क्रिटिकल ताप के राकडे से आंगुणित किया गया। इसकी व्युत्पत्ति लिनार्डजोन्स पोटेंसिल के आधार पर की गई।

ABSTRACT

The isothermal compressibility (β_T) is evaluated for eight liquid metals at their melting points with the help of Carhanan-Starling equation of state simply by knowing the diameter of the molecule. The latter parameter is computed by a semi-empirical method consisting of surface tension and critical temperature data which has been derived on the basis of Lennard-Jones potential.

INTRODUCTION

On the basis of existing theories of liquid state such as free volume theory, hypernetted-chain theory, significant structure theory and Born-Green Theory, several thermodynamical quantities have been evaluated theoretically by number of investigators [1] to [5]. Recently [6], [7] & [8] on the basis of radial distribution function

theory of liquid state, we have evaluted the acoustical and thermodynamic parameters of several representative types of liquids. In the present communication on the basis of this theory we have evaluated the isothermal compressibility of liquid metals.

CALCULATION OF β_T AND α

Monte-Carlo and molecular dynamics studies have greatly improved our understanding of fluid thermodynamics during the last two decades. Exact equation of state and radial distribution function for all densities is available for the hard spheres in the form of Carahan-Starling [9] equation of state as.

$$\left[\frac{PV}{NKT}\right]_{HS} = \frac{1+y+y^2-y^3}{(1-y)^3} \qquad (1)$$

where y is dimensionless density $=1/6\ \pi\ \rho a^3$, a being the diameter of hard-spheres, ρ is the number density $=N/V$, P=pressure, V=molar volume, k is Boltzman constant and N is Avogadro's number.

The isothermal compressibility β_T defined as

$$\beta_T = \frac{1}{V}\left[\frac{\partial V}{\partial T}\right]_\rho$$

may be obtained by equation (1) as

$$\beta_T = -\frac{V}{RT}\ \frac{(1-y)^4}{(1+4y+4y^2-4y^3+y^4)} \qquad (2)$$

Thus isothermal compressibility may be evaluated by knowing molecular diameter of liquid metals. Recently [6] we have derived a semi empirical expression for the molecules model in terms of surface tension and critical temperature.

$$a^{5/2} = \frac{V}{7{\cdot}210\quad 10^{19}}\ \frac{(\quad)^{1/4}}{(T_c)} \qquad (3)$$

Where is surface tension, T_c is critical temperature and other terms have their usual meaning.

RESULTS AND DISCUSSION

The calculated values of β_T for liquid metals from equation (2) are presented in table 1. The important parameter needed for the evaluation of β_T is diameter of hard sphere fluids. Diameters of the liquid metals Na, K & Rb at melting points are calculated from equation (3) The value of surface-tension and critical temp. needed for calculation were taken from various sources [10], [11]. The values of the diameter obtained due to this calculation is found to be in fair agreement with

the literature values, since our calculated values are lower in comparison to others so we have utilized these values for the calculation of β_T for liquid metals Na, K Rb. The isothermal compressibility of Zn, Ga, Cd and In were calculated by using Mayer's [12] values of diameter, since it is lower in comparison to other values [13], [14] & [15].

The isothermal compressibility thus evaluated is obtained to be fair agreement with experimental values [16] which shows the validity of Carnahan-Starling equation of state even for fluids of higher densities.

TABLE—1

Comparison of computed and Experimental values of β_T for liquid metals.

Liquid metal	Temp. at M.P.	Molar Volume	Diameter a 10^8 cm		Isothermal β_T 10^{12}	comp. cm²/dyne
	OK	cc/mol	Present calc eq (3)	Ref. 12	From eq (2)	Expt. Ref. 16
Zn	693	9·199	—	2·52	2·775	2·4
Ga	303	11·245	—	2·79	2·508	2·4
Cd	594	14·016	—	2·87	3·644	3·2
In	429	16·403	—	3·10	3·868	3·2
Tl	575	18·104	—	3·17	3·846	4·1
Na	371	24·722	3·274	—	22·775	21·0
K	337	46·826	4·019	—	52·128	40·2
Rb	312	57·953	4·429	—	50·581	49·1

REFERENCES

1. (a) Beer, S. Z., Liquid metals-Chemistry and Physics (Marcel Dekker, New York) [1972], 186.

   (b) Lennard-Jones, J. E. and Cornor, J., Trans. Faraday Soc. 36 [1940], 1156.

2. Reiss, H., Frisch, H. L. and Lebowitz, J. L., J. Chem, Phys. 32 [1960], 119.

3. (a) Eyring, H. and Ree, T., Proc. Natun. Acad. Sci., 47 [1962], 526.

   (b) Eyring, H. and Marchi, R. P., J. Chem. Educ. 40 [1963], 562.

4. Born, M. and Green, H. S., Proc. R. Soc. A 188 [1846], 10.

5. Hirschfelder, J. O., Curtiss, C. F. and Bird, R. B. Molecular Theory of gasses and liquids, John Willey & Sons Inc. New York [1954].

6. Chaturvedi, C. V. and Pratap, S,, Acustica 3, [1979] (43) 227-229.

7. Chaturvedi, C. V. and Pratap, S., Acustica 4, [1979] (44) 2´0-263.

8. Chaturvedi, C. V. Chaturvedi G. D. and Pant N, Z. Phys. Cheime lupzig 264 (1983) 3, 8 513–524.

9. Carnahan, N. F. and Starling, K. E,, J. Chem. Phys. 51 [1969], 635.

10. Hand book of chemistry and Physics (The Chemical Rubber Company Cleveland Ohio USA) 585h ed. [1977-78] F.-25.

11. Gopala Rao, R. V. and Joardar, R. N., Ind. J. Pure & Appl. Phys. 15 [1977], 599.

12. Mayer, S. W., J. Phys. Chem. 67 [1963], 2160.

13. Gopala Rao, R. V., Ind. J, Pure and Appl. Phys. 13 [1975], 495.

14. Proptopapas, P. Hans, Anderson, C. and Parlen, N.A.D.J. Chem, Phys. 59 [1973], 15.

15. Gupta Ranajit Sen & Guha Asit, Ind. J. Chem. 13 [1975], 921.

16. Kleppa, O. J.. J. Chem. Phys. 18 [1950], 1331.

●

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1985-86, Vol. 2, P. 124–126
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-२ पृ० १२४–१२६

Thermal Conductivities Of Some Polar-Non-Polar Binary Gas Mixtures.

S. R. PRAJAPATI
Department of Chemistry, Govt. P. G. College, Hamirpur.

सारांश

(कार्बन डाइआक्साइड तथा सल्फर डाइआक्साइड, मैथेन तथा सल्फर डाइआक्साइड, नाइट्रस-आँक्साइड तथा सल्फर डाइआक्साइड, अमोनियां तथा नाइट्रसआक्साइड, मैथेन तथा अमोनियां, आर्गन तथा सल्फर डाइआक्साइड एवं अमोनियां तथा आर्गन नामक युग्म गैस मिश्रणों की थर्मल कन्डक्टीविटीस की गणना 50 तथा 100 डिग्री सैन्टीग्रेड पर संशोधित वासिलजेवा इक्वेसन से संशोधित लिन्डसेक्रोमेब तथा मांसोन-सक्सेना इक्वेशन्स के योग से की गई है। इन युग्मों की थर्मल कन्डक्टीविटीस की गणना के लिये गम्भीर-सक्सेना इक्वेसन का भी उपयोग किया गया है। उपर्युक्त विधियों से प्राप्त मान ए० ओ० एस० मैकजेक तथा पी० ग्रे के प्रयोगात्मक मानों के समान ही आते हैं।)

ABSTRACT

The thermal conductivities of binary gas mixtures, viz., CO_2+SO_2, CH_4+SO_2, N_2O+SO_2, NH_3+N_2O, CH_4+NH_3, $Ar+SO_2$ & NH_3+Ar have been calculated at 50 and 100° C from modified Wassiljewà equation in conjunction with modified Lindsay—Bromlay and Mason-Saxena equations. Gambhir-Saxena equation has also been utilized for these systems. These methods render values in good agreement with the experimental values of A. O. S. Maczek and P. Gray.

INTRODUCTION AND THEORY

Wassiljewa equation[1] describes, successfully, the thermal conductivities of binary gas mixtures, as

$$\lambda = \frac{\lambda_i}{1 + A_{ij} \frac{X_j}{X_i}} + \frac{\lambda_j}{1 + A_{ji} \frac{X_i}{X_j}} \qquad ...(1)$$

where λ and λ_i are the thermal conductivities of mixture and the pure gas component i aud A_{ij}. one of the Wassiljewa coefficients—

Sriwastava and Saxena suggested the following modification to equation (1) for better results.

$$\lambda = \frac{\lambda_i}{1 + A_{ij} \frac{X_j}{X_i}} + \frac{\lambda_j}{1 + A_{ji} \frac{X_i}{X_j}} = \frac{C\,(\lambda_i . \lambda_j)^{1/2}}{\left(1 + A_{ij} \frac{X_j}{X_i}\right) \left(1 + A_{ji} \frac{X_i}{X_j}\right]} \qquad ...(2)$$

where C is a constant which can be calculated if the experimental value of thermal conductivity of the mixture at one composition is known.

Pandey and Prajapati[3-6] have suggested the following modified Lindsay-Bromley and Mason-Saxena equations for thermal conductivities of binary gas systems.

$$A_{ij} = \frac{1}{4} \left[1 + \left\{ \frac{\lambda_i}{\lambda_j} \left[\frac{M_i}{M_j}\right]^{1/4} \frac{\frac{4}{15} Cv_j + \frac{3}{5} R_j}{\frac{4}{15} Cv_i + \frac{3}{5} R_i} \right\}^{y_2} \right]^2 \frac{T + S_{ij}}{T + S_{ij}} \qquad ...(3)$$

and

इससे पहले कि यह नाभिकीय शीतलहर चले, नाभिकीय युद्ध की रोकथाम की जाये। दोनों ही महाशक्तियों को परमाणु-अस्त्र-परिसीमन की वार्ता फिर से प्रारम्भ करवाने के लिए सम्पूर्ण मानव जाति को प्रयत्न करना चाहिए; क्योंकि यह व्यक्ति-विशेष या एक देश की समस्या नहीं है, सम्पूर्ण मानव जाति की सुरक्षा का प्रश्न है। शांति की हिफाजत के लिए, तथा नाभिकीय शीतलहर से बचने के लिए प्रत्येक मानव को संघर्ष करना चाहिए क्योंकि संगठित शान्ति प्रयासों में ही हमारी सुरक्षा निहित है। नाभिकीय विनाश की रोकथाम करने के लिए भूमण्डल पर समस्त देशों की जोरदार संयुक्त कार्यवाही की आवश्यकता है। भारत 1947 से ही शान्ति के लिए संघर्ष करता आ रहा है, लेकिन अब हमारा लक्ष्य नाभिकीय युद्ध को रोकना, तनाव-शैथिल्य और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना होना चाहिए। भारत की ही तरह अन्य राष्ट्रों को भी शान्ति, मैत्री तथा सहयोग पर बल देना चाहिए। शान्ति मानव जाति के लिए आवश्यक है; और आज शान्ति के ध्येय के लिए संयुक्त संघर्ष न किया गया तो हम अपने विनाश की भूमिका में प्रमुख भागीदार होंगे। जब इस विनाशकारी लीला का नृत्य होगा; उस समय हम कुछ नहीं कर सकेंगें।

इस नाभिकीय शीतलहर से बचने की एक मात्र आशा किरण है कि मानव अपनी सद्बुद्धि और विवेक से "नाभिकीय युद्ध की तैयारी को रोकने" तथा "शान्ति के ध्येय के लिए संघर्ष करे।"

संदर्भ

1—डॉ० लल्लन जी सिंह; राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रतिरक्षा पृष्ठ-137

2—अमर उजाला-बरेली; क्या यूरोप तीसरे विश्व युद्ध का रणक्षेत्र बनेगा--प्रो० हरिदत्त वेदालंकार (लेख) 19 फरवरी 1984

3—अमर उजाला-बरेली; 27 अक्टूबर 1983

4—अमर उजाला-बरेली; क्या यूरोप तीसरे विश्व युद्ध का रणक्षेत्र बनेगा--प्रो० हरिदत्त वेदालंकार -19 फरवरी 1984

5—युवक दर्पण : सोवियत समाचार साप्ताहिक; नाभिकीय युद्ध के बाद दुनिया की क्या हालत होगी—इलेक्ट्रोनिक कम्प्यूटर का अनुमान 31 अगस्त 1984

Jour. U. P. Govt. Acad. Soc. 1985-86, Vol. 2, P. 220-224
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-२, पृ० २२०-२२४

स्वामी हित हरिवंश के काव्य में मुरली

लवकुश मिश्र
प्रवक्ता हिन्दी विभाग, राजकीय महाविद्यालय, पिथौरागढ़

सारांश

राधा वल्लभ सम्प्रदाय के संस्थापक स्वामी हित हरिवंश (१६वीं शती) मुरली के अवतार माने जाते हैं। उनके काव्य में मुरली को श्री कृष्ण की चिर संगिनी तथा भक्तों की भक्ति भावना में अभिवृद्धि करने वाला माना गया है। मुरली ध्वनि, चराचर को मुग्ध करती हुई श्री कृष्ण प्राप्ति में सहायक होती है।

ABSTRACT

Swami Hitharivanasha (16th century), founder of Radha vallabh cult, is called the incarnation of Lord Krishna's flute. In his poetry the flute is depicted as constant associate of Lord Krishna which creates and increases devotion in the devotees of Lord Krishna. Its sound enchants the whole creation and helps in the realization of the Lord.

स्वामी हितहरिवंश जी प्रसिद्ध कृष्ण-भक्त थे। राधावल्लभ सम्प्रदाय के संस्थापक के रूप में उनकी ख्याति है। वे कृष्ण की वंशी अथवा मुरली का अवतार माने जाते हैं। सम्प्रदाय के संस्थापक को मुरली का रूप मानने की भावना से ही, यह अनुमान हो जाता है कि इस सम्प्रदाय के भक्त-कवि, मुरली को भक्ति-भावना का उद्गम स्रोत स्वीकार करते हैं।[1] जिस प्रकार मुरली-ध्वनि के द्वारा गोपियों को यह ज्ञात हो जाता था कि कृष्ण कहाँ अवस्थित है, तथा वे उसी ध्वनि-मार्ग का अनुसरण करके कृष्ण तक जा पहुँचती थीं, मुरली-ध्वनि ही उन्हें कृष्ण की ओर आकृष्ट करती थी; उसी प्रकार हितहरिवंश जी ने कृष्ण-प्राप्ति के मार्ग का निर्देश करते हुए, जन समुदाय को इस मार्ग पर चलाने एवं आकर्षित करने के लिए, राधावल्लभ सम्प्रदाय की स्थापना की। हितहरिवंश जी ने वंशी का चित्रण भक्ति के उद्गम स्रोत तथा कृष्ण की परम

अनुरागिणी के रूप में किया है। उनके शिष्यों तथा इस सम्प्रदाय के अन्य अनेक परवर्ती कवियों ने हितहरिवंश जी की वंशी को उक्त विशिष्टताओं से युक्त पाया। यही कारण है कि परवर्ती कवियों ने हितहरिवंश जी को वंशी का अवतार मान लिया तथा गुरु रूप में अधिष्ठित होने के कारण वंशी के वर्णन में विशिष्ट रुचि ली।

'जुगुल विलास' के प्रारम्भ में ही हितहरिवंश जी मुरली की महानता का वर्णन करते हैं।[2] वह मुरली कितनी महान है जो नित्य श्रीकृष्ण जी के अधरामृत का पान किया करती है। मुरली की महानता का ही एक लक्षण है कि वह श्री कृष्ण जी के सान्निध्य में निरन्तर वास करती है और यही मुरलिका श्रीकृष्ण जी के गोप्य रस को अभिव्यक्त करने में समर्थ है। गुप्त रस की महिमा को प्रकट करने का श्रेय मुरली को ही प्राप्त है। मुरली अत्यधिक रसपूर्ण है, जिसके कारण वह अपनी ध्वनि का श्रवण करने वाले प्राणियों में भी रसप्राकट्य कर देती है। इस प्रकार वह भक्ति रस की उत्पत्ति का मूल उत्स है।

हितहरिवंश जी ने मुरली का चित्रण उद्दीपक के रूप में भी किया है।[3] श्रीकृष्ण जी वृन्दावन के रमणीय वातावरण से प्रेरित होकर मुरलिका वादन करते हैं। उस कर्णप्रिय एवं भावपूर्ण ध्वनि का श्रवण कर गोपियाँ अकस्मात् श्रीकृष्ण जी से मिलने के लिए व्याकुल हो जाती हैं। उस समय उन्हें केवल श्रीकृष्ण से मिलने का ही ध्यान रह जाता है। वे आत्मविस्मृत, श्रीकृष्ण के पास दौड़ती हुई चल देती हैं। उस अवस्था में उनके हृदय में काम-भावना का आधिक्य होता है, वे स्वयं को मनसिज-ताप से दग्ध होता हुआ अनुभव करती हैं। परन्तु श्रीकृष्ण स्वरूप की विलक्षणता देखिए। श्रीकृष्ण की त्रिभंगी मुद्रा का दर्शन करते ही गोपियों के मनसिज-ताप का निवारण हो जाता है। वे श्रीकृष्ण के अद्भुत रूप का दर्शन करके काम-भावना से शून्य हो जाती हैं।

मुरली ध्वनि के अद्भुत प्रभाव का भी वर्णन श्री हितहरिवंश जी ने किया है।[4] मुरली रस का स्रोत है तथा श्रीकृष्ण के निरन्तर सान्निध्य में रहती हुई, अद्भुत लक्षणों से युक्त है। मुरली ध्वनि सुनकर वनवासी जीव भी आत्मविस्मृत होकर मुरली-ध्वनि की ओर ही केन्द्रित हो जाते हैं। श्रीकृष्ण के समीप पहुँचकर वनवासी पशु विलक्षण आभा से युक्त वृन्दावन विहारी श्रीकृष्ण के दर्शन करते हैं। श्रीकृष्ण के कुंचित केश उनके मुखमण्डल के चतुर्दिक फैले हुए हैं, उनके इस आकर्षक मुखारविन्द का दर्शन करके पशु भी अत्यधिक प्रभावित हो जाते हैं, परन्तु उनके पास इस प्रभाव की अभिव्यक्ति का कोई माध्यम नहीं है। वाणी-विहीन होने के कारण वे मात्र दर्शन करके ही संतुष्ट हो जाते हैं, भावाभिव्यंजन नहीं कर पाते।

श्री हितहरिवंश जी ने विविध उत्सवों के अवसर पर भी श्रीकृष्ण द्वारा मुरली वादन का उल्लेख किया है।[5] इन अवसरों पर मुरली हर्ष की अभिव्यक्ति हेतु बजायी जाती है। होलिकोत्सव पर श्रीकृष्ण तथा गोपियाँ एक दूसरे पर रंग डाल रहे हैं। इस अवसर पर वातावरण को और भी अधिक रससिक्त बनाने के लिए गोपियाँ मृदंग, डफ आदि वाद्य बजा रही हैं तथा श्रीकृष्ण जी मुरली वादन कर रहे हैं। मुरली इस समय श्रीकृष्ण के अन्तस्तल में निहित हर्ष की अभिव्यक्ति करती है और यह ध्वनि गोपियों के लिए अतिशय आनन्द-प्रदायिनी सिद्ध होती है।

सिद्ध योगी तथा मुनि जो संसार से अनासक्त होकर ईश्वर चिन्तन में, समाधि लगाकर निमग्न थे, भी मुरली वादन के समय, उसके प्रभाव के परिणामस्वरूप, समाधिस्थ नहीं रह पाते। उनकी समाधि इस

आकर्षक ध्वनि को सुनकर सहसा भंग हो जाती है ।[6] श्री हितहरिवंश जी इस रूप में मुरली का वर्णन करके उसके अद्भुत स्वरूप की प्रतिष्ठा करना चाहते है, साथ ही उन सामान्य सांसारिक व्यक्तियों को—जो मुरली को मात्र उद्दीपक के रूप में मानते हैं—यह संदेश देना चाहते हैं कि मुरली केवल गोपियों को ही आकृष्ट नहीं करती, वरन् मुनियों को भी आकर्षित करती है । मुरली-ध्वनि का आकर्षण वासनाजन्य नहीं है, अपितु उसमें अद्भुत प्रभाव निहित है । यही कारण है कि ईश्वर-चिन्तन में निमग्न सिद्ध मुनि भी स्वयं को इस ओर आकर्षित पाते हैं ।

मुरली-ध्वनि के अद्भुत प्रभाव तथा उसकी अनिर्वचनीयता की अभिव्यक्ति करने वाला एक पद प्रस्तुत है :—

मैं जु मोहन सुन्वों वेणु गोपाल को ।।
व्योम मुनि यान सुर-नारि विथकित भई ।
कहत नहिं बनत कछु भेद यति ताल को ।।
स्रवन कुण्डल दुरित रुरत कुन्तल ललित ।
रुचिर कस्तूरि चन्दन तिलक भाल को ।।
चंद गति मंद भई निरखि छवि काम मई ।
देखि हरिवंश हित वेष नंदलाल को ।।[7]

वस्तुतः श्रीकृष्ण की मुरली परस्पर विरोधी प्रतीत होने वाली, विविध विशेषताओं से युक्त है । उसकी ध्वनि जहाँ एक ओर गोपियों को आकर्षित करती है तथा उनमें काम-भावना की अभिवृद्धि करती है, वहीं दूसरी ओर सिद्ध मुनियों को भी आकृष्ट करती है और उनके मन में भक्ति-भावना का अभिवर्धन करती है । मुरली-ध्वनि दिव्य है, जो व्यक्ति जिस भाव से उसका श्रवण करता है उस व्यक्ति में उसी भाव की वृद्धि मुरली ध्वनि करती है ।

वंशी-वादन सम्बन्धी यह पद प्रस्तुत है,[8] जिसमें यमुना पुलिन के सुरम्य वातावरण में श्रीकृष्ण वंशी बजा रहे हैं :—

वेनु बसंत रहत वृन्दावन, पुलिन पवित्र सुभग यमुना तट ।
सदा बसंत रहत वृन्दावन, पुलिन पवित्र सुभग यमुना तट ।
जलतट क्रीट मकराकृत कुण्डल, मुख अरविंद भँवर मानों ।
दसंनन कुंद कली छवि लज्जित, सज्जित कनक समान पीतपट ।
मुनि मन ध्यान धरत नहिं पावत, करत विनोद संग बालक भट ।
दास अनन्य भजन रस कारन, हित हरिवंश प्रगट लीला नट ।

मुरली राधा-कृष्ण के मध्य क्रीड़ा और हासविलास का भी माध्यम है । इस रूप में भी श्री हितहरिवंश जी ने मुरली का चित्रण किया है ।[9] श्रीकृष्ण एकाकी बैठे मुरली वादन कर रहे हैं, गपियाँ और राधा उन्हें देखती हैं । राधा के मन में यह उत्कट लालसा है कि श्रीकृष्ण उनके पास आयें, परन्तु उन्हें बुलाने की कोई युक्ति उन्हें नहीं सूझती । अनायास उन्हें एक उपाय ध्यान में आता है । राधा अपनी सखियों के साथ

श्रीकृष्ण के पास जाती हैं और उनकी मुरली छल से छीन लेती हैं। मुरली लाकर राधा श्रीकृष्ण का अनुकरण करके, उन्हीं के समान त्रिभंगी मुद्रा में विराजमान होकर, मंद-मंद स्वर में मुरली वादन करने लगती हैं। मुरली ध्वनि सुनकर सभी गोपियाँ राधा को घेरकर बैठ जाती हैं, तथा बार-बार तालियाँ बजाकर अपने हर्ष की अभिव्यंजना करती हैं और साथ ही उच्च स्वर में घोषणा भी करती जाती हैं कि जैसी मुरली राधा बजा रही है, वैसी श्रीकृष्ण कभी बजा ही नहीं सकते हैं। श्रीकृष्ण अपनी मुरली छीने जाने के कारण तथा गोपियों की उच्च ध्वनि से आकर्षित होकर उसी स्थान पर आ पहुँचते हैं, जहाँ राधा और गोपियां बैठी हुई हैं। इस प्रकार राधा का मंतव्य सिद्ध हो जाता है। वे श्रीकृष्ण को अपने समीप पाकर हर्ष से उल्लसित हो उठती हैं, मुरली ही उनके उद्देश्य सिद्धि में सहायिका होती है।

परम रसिक श्रीकृष्ण राधिका जी का नाम अहर्निश, जागते-सोते, तो स्मरण करते ही रहते हैं, मुरली के माध्यम से भी उन्हीं का नाम पुकारते हैं। प्रस्तुत पद में रमणीय शब्दों में कवि ने इसी का वर्णन किया है।[10]

काहे को मान बढ़ावत है, बालक मृग लोचन।
हाँस डरन कछु कहि न सकत, इक बात सकोचन।
मत्त मुरलि अन्तर तव गावत
जागत सैन तवाकृति सोचन।
हित हरिवंश महा मोहन पिय,
आतुर यह विरहज दुख मोचन।

श्री हितहरिवंश जी के मुरली विषयक पदों का विश्लेषण करने के पश्चात् इसके स्वरूप के विषय में निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं :—

(1) मुरली श्रीकृष्ण की चिरसंगिनी है, जिसके मध्यम से वे अपनी प्रिया गोपियों का आह्वान करते हैं।

(2) मुरली-ध्वनि मुनि-सिद्धों में भक्ति- भावना की अभिवृद्धि करती है।

(3) मुरली श्रीकृष्ण तक पहुँचाने में उसी प्रकार सहायिका सिद्ध होती है जैसे गुरु शिष्य को ईश्वर तक पहुँचाने में सहायक होता है।

(4) मुरली ध्वनि का प्रभाव चराचर एवं त्रिभुवनव्यापी है।

वैसे तो मुरली का अनेकविध वर्णन कवि ने किया है, जिनके आधार पर उपर्युक्त निष्कर्ष निकाले गये हैं, परन्तु वस्तुतः मुरली का आध्यात्मिक पक्ष ही प्रधान है। देखने में तो यह मुरली कामवर्द्धक एवं मनसिज-कारी है, परन्तु वस्तुतः यह 'मनसिज ताप निवारी' है, जिसकी घोषणा कवि अनेक स्थानों पर करता है। मुरली-ध्वनि वस्तुतः ईश्वर के आह्वान का प्रतीक है जो भक्त को अपने सुकृतों तथा उत्कट भक्ति के परिणाम-स्वरूप, अनेक जन्मों की साधना के पश्चात् प्राप्त होता है। भला यह 'काम' से सम्बद्ध कैसे हो सकती है, 'काम' का वहाँ काम ही क्या ? वह स्थिति तो परमानन्द की स्थिति है। अतः मुरली श्री हितहरिवंश जी के शब्दों में 'करत रतिराज के ताप को नासु री' ही हैं।[11]

संदर्भ

1. विजयेन्द्र स्नातक; राधा बल्लभ संप्रदाय; सिद्धान्त और साहित्य ।
2. हितहरिवंश, जुगल विलास श्री मयाशंकर याज्ञिक हस्त लेख संग्रह, काशीनागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी, छंद सं० 3
3. हितहरिवंश; फुटकर पद, श्री मयाशंकर याज्ञिक हस्तलेख संग्रह, पृ० 45
4. हितहरिवंश; पद संग्रह, हस्तलिखित प्रति, काशी नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, छंद सं० 8, 15,
5. वही, छंद सं० 46,47
6. वही, छंद सं 49
7. हितहरिवंश, श्री हित स्फुटवाणी, पद सं० 13
8. हितहरिवंश; श्री हित चौरासी, पद सं० 64
9. हितहरिवंश; पदावली, हस्त लिखित प्रति, का. ना. प्र. स. छंद सं० 18,
10. हितहरिवंश; श्री हित चौरासी, पद सं० 74,
11. लवकुशमिश्र, हिन्दी कृष्ण काव्य में मुरली एवं रास का स्वरूप, पृ० 298

Jour. U. P. Govt. Acad. Soc., 1985-86, Vol. 2 P. 225-228
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड २, पृ० २२५-२२८

राष्ट्रचेतना का उपेक्षित स्वर : कमल साहित्यालंकार

हरि प्रसाद मौर्य
राजकीय महाविद्यालय, चौबट्टाखाल,

सारांश

गढ़वाल के अनेक साहित्यकारों का हिन्दी साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान है। कमल साहित्यालंकार ने भी हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं की अनेक कृतियाँ दी हैं। उनमें राष्ट्रीय चेतना का स्वर प्रमुख है। उनकी गणना कभी निराला, दिनकर और सुभद्रा कुमारी चौहान के साथ होती थी। यदि उनकी उपेक्षा न हुई होती तो आज हिन्दी साहित्य में उनका महत्वपूर्ण होता।

ABSTRACT

Many writers of Garhwal have got an important place in Hindi literature. Kamal Sahityalankara is also one of them. His works are full of the feeling of Nationality. Once upon a time he was placed with Nirala, Subhadra Kumari and Dinkar ; but to day he is a forgotten and neglected writer. Here is an attempt to revaluate his works.

गढ़वाल की सुरम्य भूमि के अनेक रत्नों ने हिन्दी साहित्य को अपनी प्रतिभा के आलोक से आलोकित किया है। डॉ० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल और श्री रमा प्रसाद घिल्डियाल पहाड़ी को विस्मृत नहीं किया जा सकता। डॉ० बड़थ्वाल समीक्षा एवं शोध के क्षेत्र में अपने समय के अग्रणी विद्वान थे। श्री रमा प्रसाद घिल्डियाल 'पहाड़ी' की कलम अब मौन है फिर भी मनोवैज्ञानिक कहानियों के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। काव्य के क्षेत्र में भी यदि उपेक्षा का शिकार न हुए होते तो गढ़वाल के गौरव, कवि कमल साहित्यालंकार सम्पूर्ण हिन्दी जगत को अपनी काव्य प्रतिभा की प्रभा दीप्ति प्रदान करने की क्षमता रखते हैं। प्रख्यात समीक्षक डॉ० गोविन्द त्रिगुणायत ने लिखा है—"सौन्दर्य प्रिय कमल जी बहुमुखी

प्रतिभा के सरल कवि हैं। आप एक विस्तृत साहित्य के सृष्टा हैं। दो दर्जन के आस पास पुस्तकें मेरे देखने में आई हैं। आपने नाटक, उपन्यास, आलोचना आदि सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से चमत्कृत करने का प्रयास किया है। आपकी राष्ट्रीय कविताएँ भी बहुत प्रभावोत्पादक हैं।"[1]

कमल जी के काव्य में राष्ट्रीय चेतना का स्वर उतना ही तीव्र है जितना कि 'दिनकर', 'नवीन', या सुभद्रा कुमारी चौहान के काव्य में। यदि हिन्दी के समीक्षकों ने आपकी उपेक्षा न की होती तो आज हमारे राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम की एक और कहानी हमारे सामने होती। कुछ समीक्षकों एवं कवियों की दृष्टि कभी-कभी कमल जी के काव्य पर गई है परन्तु उन्हें उनका वांछित स्थान प्राप्त नहीं हो सका। उनकी कविताओं का मूल्यांकन करते हुए श्री बाल कृष्ण शर्मा 'नवीन' ने लिखा है—"कमल साहित्यालंकार अपनी साहित्यिक रचनाओं में जितने सरस और रूपायत हैं उतने ही तीव्र, उग्र और ओजस्वी राष्ट्रीय कविताओं में भी हैं। इनकी रचनाओं में अनुप्रास के साथ ही साथ भाव व्यंजना भी माधुर्मित है। ये हिन्दी काव्य के निष्ठावान, उत्साही और विश्वासयुक्त साधकों में हैं।"[2] कमल जी आज भी साधनारत हैं। उन्हें हिन्दी समीक्षा से कोई शिकायत नहीं है, शिकायत है गढ़वाली विद्वानों से—"यद्यपि हिन्दी के प्रवर विद्वानों ने अवश्य मेरे काव्य साहित्य ही नहीं कहानी और नाट्य विधाओं में भी अर्थ गाम्भीर्य, सौन्दर्य निरूपण, भाव सौन्दर्य, भाषा सौष्ठव, उच्च कल्पना आदि का उल्लेख करके समय समय पर मुझे बताया है, अपनी पुस्तकों में भी लिखा है। गढ़वाली कई विद्वानों तक मेरी पुस्तकें पहुँची भी हैं, किन्तु जिन पुस्तकों पर मुझे पुरस्कार मिलते रहे उनके गुण-दोष तक किसी गढ़वाली ने मुझे नहीं बताये। इसका अर्थ चाहे समझ में न आना हो, चाहे मेरे और मेरे साहित्य के प्रति उपेक्षा हो लेकिन कुछ अनदेखी बात अवश्य है।"[3] यही 'अनदेखी बात' हिन्दी में भी है किन्तु यह कमल जी की विनम्रता है कि उन्होंने शिकायत नहीं की। आपकी उपेक्षा से व्यथित होकर श्री त्रिलोकचन्द पपनै ने 'कमल साहित्यालंकार' नामक एक परिचयात्मक पुस्तक 1982 में प्रकाशित की थी। श्री पपनै ने आपकी रचनाओं का उल्लेख करते हुए लिखा है—"हिन्दी तथा गढ़वाली के कवि कमल जी ने हिन्दी में ही अब तक लगभग 70 पुस्तकें लिखी हैं। गढ़वाली में लिखी पुस्तकें इनसे अलग हैं। इनमें कविता 18, कहानी 8, नाटक 16, उपन्यास 7, समालोचना 2 और अन्य लगभग 10 हैं।"[4] इतनी सामग्री तो शोध कार्य के लिए भी पर्याप्त है फिर भी कमल जी के साहित्य पर कोई समीक्षात्मक कृति उपलब्ध नहीं है।

श्री कमल साहित्यालंकार का जन्म गढ़वाल की सुरम्य पर्वत शृंखलाओं से घिरे ग्राम हली, पट्टी तलाई, परगना चौंदकोट, जिला पौड़ी गढ़वाल में 15 मई सन् 1909 को हुआ था। आपका पूर्णनाम श्री बलीराम घनश्याम 'कमल' साहित्यालंकार है। आपके पिता स्व० गौरीदत्त घनश्याला एवं माता श्रीमती समुद्रा देवी थीं। आपका बचपन पहाड़ पर ही बीता इसीलिए पन्त जी की तरह आपकी रचनाओं में भी प्रकृति प्रेम सहज ही दिखाई देता है। आपकी रचनाएँ 14 वर्ष की अवस्था में ही प्रकाशित होने लगी थीं। आपकी प्रारम्भिक रचनाओं पर छायावादी प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है—

"सन्ध्या की श्यामल पलकों से
ढ़क जाती जब रजनी भीमा,
तब है प्रिय धन स्मृति तुम्हारी
बन जाती मुझको सुख सीमा।"[5]

कमल जी की उपरोक्त कविता 'चाँद' में प्रकाशित हुई थी। 'चाँद' में ही प्रसाद जी की कविताएँ भी प्रकाशित होती थीं। कमल जी पर उस स्वाभाविक रूप से प्रसाद जी प्रभाव भी पड़ा होगा। प्रसाद जी ने 'आँसू' में लिखा था--

"थक जाती थी सुख रजनी
मुख-चन्द्र हृदय में होता,
श्रम सीकर सदृश नखत से
अम्बर पट भीगा होता।'[6]

कमल जी का 'माधुरी' में प्रकाशित एक गीत आज भी कभी-कभी सुनाई देता है। प्रसिद्ध गायक हेमन्त कुमार ने इस गीत को स्वर दिया है।

"माझी दूर किनारा
प्यास लगी हैं पिया न जाये
सागर का जल खारा।"[7]

कमल जी सन् 1924 में क्वेटा चले गये थे। वहाँ आप 1947 तक रहे। स्व० मुकुन्दी लाल बैरिस्टर ने इस संदर्भ में लिखा है--"सन् 1918 के आस पास गढ़वाली युवक अक्सर भाग कर क्वेटा की छावनी में नौकरी की तलाश में जाया करते थे और शुरू में घरेलू नौकरी पेट पालने के लिए करने लगते थे और धीरे-धीरे आगे बढ़ते थे। कोई चपरासी बन जाते थे, कोई चौकीदार बन जाते थे--जो पढ़े लिखे गढ़वाली युवक मेधावी होते थे वे दफ्तरों में क्लर्क बन जाते थे। इसका एक बड़ा दीप्ति मान उदाहरण श्री बलीराम घनश्याला 'कमल' साहित्यालंकार हैं जो गाँव में आठ वर्ष की अवस्था से कविता करने लगे थे और क्वेटा में अपने इस व्यसन को और बढ़ाते गये और अब गढ़वाल के उच्चकोटि के कवि हैं जिन्होंने काव्य में कई रचनाएँ की हैं। वे क्वेटा में सरकारी नौकरी में भी उच्च पद पर पहुँच गये थे और विभाजन के बाद जब वे संयुक्त प्रान्त में लौट आए तो लखनऊ में पं० गोविन्द बल्लभ पन्त मुख्य मंत्री जी ने उनकी विद्वता और कविताओं का बड़ा आदर किया और सरकार में एक बहुत बड़ा उच्च पद दिया।"[8] कमल जी ने क्वेटा में साहित्य साधना के साथ-साथ समाज सेवा भी की। सन् 1955 के भूकम्प के समय आपने भूकम्प पीड़ितों के सहायतार्थ जो कार्य किया उसकी मुक्त कण्ठ से सर्वत्र सराहना की गई थी। क्वेटा में आपने 'जमुना', 'कल्यूर', 'रणमणी', 'कर्त्तव्य-बोध' 'संगिनी', 'क्रान्ति दीप', 'वीणा की झंकार', 'इन्द्रिका'' 'सुहागरात' आदि की रचना की। संगिनी और 'क्रांति दीप' को पंजाब सरकार ने 1942 में क्रमशः दस और आठ हजार रुपयों के पुरस्कारों से सम्मानित किया था।

कमल जी की गणना क्वेटा से लौटने के बाद राष्ट्रीय कवियों में होने थी--"हिन्दी के राष्ट्रीय कवियों का एक वर्ग क्रान्ति का सन्देश देने का अनवरत प्रयास करता आया है। इस वर्ग के प्रमुख कवि निराला, सुभद्रा कुमारी चौहान, सोहन लाल द्विवेदी, उदय शंकर भट्ट, बाल कृष्ण शर्मा नवीन, श्याम नारायण पाण्डे, दिनकर, सुधीन्द्र, श्याम लाल पार्षद, कमल साहित्यालंकार, ईश कुमार आदि हैं।"[9] आश्चर्य है कि जिस कवि की गणना कभी निराला, दिनकर, नवीन ओर सुभद्रा कुमारी चौहान के साथ की गई थी उससे आज हिन्दी संसार अनभिज्ञ है। इसी कवि ने सन् 1982 में क्वेटा से पुकारा था--

"सुप्त देश के सुप्त सिंह उठ देश देवता तुझे पुकारे ।
जाति, धर्म, संस्कृति रक्षक उठ देख चतुर्दिक लगी आग है,
बाहर भीतर जल जंगल में अरे हुई स्वातन्त्र्य माँग है,
समय बना है आज भिखारी, अलख जगाता हाथ पसारे ।" [10]

कमल जी के काव्य में हिन्दी काव्य की समस्त प्रवृत्तियाँ दिखाई देती हैं किन्तु राष्ट्रीय चेतना का स्वर उनमें प्रमुख है । उन्होंने छायावादी युग में लेखन आरम्भ किया था और आज भी लिख रहे हैं। उनकी कविताओं की प्रगति शीलता भी आरोपित नहीं है––

"कहीं फावड़ा गैंती के स्वर,
खेतों में हल बैल चले,
मार हथौड़ा तोड़ें पत्थर,
कहीं लौह फौलाद गले,
कहीं बोझ ढोते हम सिर पर
सोते पत्थर ढेलों में
शिल्पी और कृषक हलवाहे
मेरे सब अपने जन हैं ।" [11]

संदर्भ

1. गोविन्द त्रिगुणयात: शास्त्रीय समीक्षा के सिद्धांत, पृ० 149-50
2. त्रिलोकचंद्र पपनै: कमल साहित्यालंकार, पृ० 40
3. बद्रीनाथ विश्वंभरम्: श्री कमल साहित्यालंकार, पृ० 3
4. त्रि० चं० पपनै: कमल साहित्यालंकार, पृ० 14
5. वही, पृ० 14,
6. जय शंकर प्रसाद, आँसू, पृ० 10
7. त्रि० चं० पपनै: कमल साहित्यालंकार, पृ० 14,
8. गो० त्रि०, शास्त्रीय समीक्षा के सिद्धांत, पृ० 149, 50
9. गढ़ गौरव (पत्रिका), 15 फ़रवरी 1981, पृ० 9,
10. कमल साहित्यालंकार, क्रान्ति दीप पृ० 1
11. वही पृ० 31,

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1985-86, Vol. 2, P. 229-234
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड २, पृ० २२९-२३४

स्नातक स्तर पर सतत आन्तरिक मूल्यांकन

आनन्द कुमार श्रीवास्तव
वनस्पति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय, ऋषिकेश

सारांश

किसी भी छात्र के एक सत्र में मूल्यांकन को अधिक से अधिक वस्तुनिष्ठ बनाने के लिये यह आवश्यक है कि छात्र के पूरे सत्र के शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन कई भागों में किया जाय। इस शोध पत्र में यह कार्य छात्र के दक्षता, क्षमता एवं आचरण से सम्बन्धित सम्भावित शिक्षण परिणामों के आधार पर निष्पादित किया गया है। मूल्यांकन के छः मुख्य घटकों को चयनित किया गया है। मूल्यांकन की प्रतिकृति (१) परीक्षा की आवृति (२) प्रश्नों की संख्या (३) परीक्षा की अवधि (४) शिक्षण सत्र में परीक्षा की कुल संख्या एवं (५) परीक्षा का कुल प्रतिशत भाग के आधार पर अभिकल्पित है।

ABSTRACT

In order to evaluate a student in a session as objectively as possible, it is essential to evaluate the student's academic performance of a session into many parts. In this paper this task is performed on the basis of the outcomes of learning related to the skills, abilities and behaviour of the student. In this reference, six major components of internal assessment are selected. The pattern of assessment is designed on the basis of (1) frequency of the test (2) Number of question (3) duration of the test (4) total number of test during the academic year and (5) percent weightages alloted to the test.

भूमिका :

वर्तमान समय में अधिकांश विश्वविद्यालयों में छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन सत्र के अन्त में मुख्यतः छात्र की स्मरण शक्ति पर आधारित होता है, तथा छात्र की अन्य सभी योग्यताएं उपेक्षित रह जाती हैं। आन्तरिक मूल्यांकन शिक्षा के वर्तमान तीनों क्षेत्रों शिक्षण, ज्ञान प्राप्ति तथा परीक्षा के एकीकरण में महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी छात्र के एक सत्र के मूल्यांकन को अधिक से अधिक वस्तुनिष्ठ बनाने के लिये यह आवश्यक होगा कि छात्र के पूरे पाठ्यक्रम का मूल्यांकन कई भागों में किया जाय। सतत् आन्तरिक मूल्यांकन एक अर्थ में छात्र के बारे में अधिक से अधिक सूचनायें प्राप्त करने का साधारण उपाय है। इसका मुख्य प्रयोजन छात्र की उन निपुणताओं की परीक्षा करना है, जो सत्र के अन्त में ली गयी लिखित परीक्षा में मूल्यांकित नहीं हो पातीं। आन्तरिक मूल्यांकन आन्तरिक इस अर्थ में होता है कि यह छात्र के अपने ही शिक्षक द्वारा होता है तथा इसमें कोई बाह्य अभिकरण प्रयुक्त नहीं होता।[1] सतत आन्तरिक मूल्यांकन करने वाला प्राध्यापक अपने छात्र में, उसकी शिक्षा के निर्धारित लक्ष्यों के प्रसंग में विभिन्न निपुणताओं एवं विवेक के विकास के संकेतों की निरन्तर अपेक्षा करता है।[5] इस प्रक्रिया में उसे छात्र के विकास की गति का पूरा अभिज्ञान रहता है।

इसमें कोई सन्देह नहीं कि बाह्य-अन्त-परीक्षा भी आन्तरिक मूल्यांकन के समान ही महत्वपूर्ण है। बाह्य अन्त-परीक्षा एक सर्वमान्य स्वतन्त्र प्रणाली है, जो सभी छात्रों के एक साथ मूल्यांकन हेतु समान मानदण्ड प्रदान करता है, साथ ही यह शिक्षक तथा छात्र के व्यक्तिगत सम्बन्धों से भी अप्रभावित रहता है।[6] परन्तु अन्त-बाह्य-परीक्षा कार्य के परिणाम तक ही सीमित रहती है, इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है कि कार्य कैसे सम्पन्न हुआ तथा इसकी गति कैसी थी। इसके अतिरिक्त इस प्रणाली में प्रशासनिक कारक भी बहुत प्रभाव डालते हैं।

चूंकि सतत् आन्तरिक मूल्यांकन कई अवसरों पर होता है इसलिए इसकी असफलता की सम्भावना बहुत कम होती है, साथ ही समय-समय पर मूल्यांकित होते रहने के कारण छात्र अपने पाठ्यक्रमों के पूरा करने तथा अपनी बौद्धिक योग्यताओं को विकसित करने में समक्ष रहता है। दूसरी ओर सतत् आन्तरिक मूल्यांकन से कभी-कभी शिक्षक तथा छात्रों के सम्बन्धों में कटुता आने की सम्भावना रहती है तथा इससे अलग-अलग विद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के छात्रों के स्तर की तुलना में भी कठिनाई होती है।[3] इसके अतिरिक्त इस प्रणाली में नियोक्ता परीक्षा की प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर भी सन्देह कर सकता है।

मूल आधार :

सतत आन्तरिक मूल्यांकन का उद्देश्य यदि शिक्षक को स्पष्ट न हो तो इस बात का भय रहता है कि वह छात्र के पूर्ण मूल्यांकन के समय छात्र के "व्यक्तिगत चरित्र" को उसकी प्रतिभा के अन्तर्गत मान लें। यहां प्रतिभा का अर्थ "शिक्षण के उन परिणामों" (आउट कम्स आफ लर्निङ्ग) के सन्दर्भ में सोचना होगा जो शिक्षा के किन्ही विशिष्ट उद्देश्यों हेतु निर्दिष्ट है।

विभिन्न शिक्षा शास्त्रियों [1,4,7] ने निम्नलिखित "शिक्षण परिणाम" बताये हैं :—

1. ज्ञान--1 विशिष्ट अभिज्ञान, पुनरावृत्ति स्मरण आदि ।
2. विस्तृतीकरण--1 अनुवाद, व्याख्या, परिचालन ।
3. उपयोग
4. विश्लेषण
5. संश्लेषण
6. मूल्यांकन
7. आरेखण, चित्रांकन
8. उपकरण संचालन
9. सामाजिक प्रतिभा
10. अभिरुचि
11. सृजनात्मकता

उपर्युक्त के मूल्यांकन हेतु निम्नलिखित घटकों को मानदण्ड बनाया जा सकता है :[2,5,7]

1. प्रश्नोत्तरी--1 घोषित, अघोषित ।
2. लिखित परीक्षा--1 वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तर, दीर्घ उत्तर ।
3. नियत कार्य–1 कक्षा, गृह ।
4. प्रायोगिक, प्रोजेक्ट 1 प्रायोजना 1-1 व्यक्तिगत, सामूहिक ।
5. परिसंवाद, शोध / फील्ड वर्क, सामूहिक परिचर्चा
6. व्यक्तिगत गुण

अभिकल्पन

सारणी—1 : विभिन्न घटको हेतु परीक्षा की आवृत्ति, प्रश्नों की संख्या, परीक्षा की अवधि, शिक्षण सत्र में परीक्षा की कुल संख्या, परीक्षा का प्रतिशत भाग का अभिकल्पन

क्र० सं० घटक	परीक्षा की आवृत्ति	प्रश्नों की संख्या	परीक्षा की अवधि मिनट	शिक्षण सत्र में परीक्षा की कुल संख्या	परीक्षा का प्रतिशत भाग
1—प्रश्नोत्तरी					
अ—घोषित	प्रति 4 पाठ की समाप्ति पर	5	10	15	5

1	2	3	4	5	6
ब—अधोषित	प्रति 4 पाठ की समाप्ति पर	5	10	15	5
2—लिखित परीक्षा					
अ—वस्तुनिष्ठ	प्रति 4 पाठ की समाप्ति पर	10	15	8	10
ब—लघु उत्तरी	प्रति 4 पाठ की समाप्ति पर	10	20	8	10
स—दीर्घ उत्तरी	प्रति 10 पाठ की समप्ति पर	5	35	5	15
3—नियत कार्य					
अ—कक्षा	प्रति 4 पाठ की समाप्ति पर	1-2	20	8	5
ब—गृह	प्रति 4 पाठ की समाप्ति पर	1-2	--	16	5
4—प्रोजेक्ट/प्रायोगिकी					
अ—व्यक्तिगत प्रोजेक्ट	प्रति 4 माह	1	--	2	8
ब—सामूहिक प्रोजेक्ट	प्रति 4 माह	1	—	2	4
स—प्रायोगिक	प्रति 15 दिन	1	30	8	8
5—परिसंवाद, शोध आदि					
अ—परिसंवाद	प्रति 4 माह	1	20	2	4
ब—सामूहिक परिचर्चा	प्रति माह	1	30	8	3
स—शोध/फील्ड वर्क	प्रति सत्र	–	—	1	3
6—व्यक्तिगत गुण	—	–	--	–	15

सारणी/2 : घोषित, अघोषित प्रश्नोत्तरी; वस्तु निष्ठ एवं लघु उत्तरी लिखित परीक्षाओं हेतु अंक तालिका का अभिकल्पन

क्र० सं०	परीक्षा संख्या	प्राप्तांक	ग्रेड
1	1		
2	2		

साधणी—3 : दीर्घ उत्तरपरीक्षा, कक्षा एवं गृह नियत कार्यों हेतु अंक तालिका का अभिकल्पन

क्र० सं०	प्राप्तांक					योग	ग्रेड
	गुण	गति	विधि	परिशुद्धता	मौलिकता		
1							
2							

सारणी—4 व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रायोजना (प्रोजेक्ट) हेतु अंक तालिका का अभिकल्पन

क्र० सं०	प्रायोजना सं०	प्राप्तांक			योग	ग्रेड
		अभिकल्पन	प्रस्तुतीकरण	व्यक्तिगत विकास		
1	1					
2	2					

साराणी—5 : प्रायोगिक शोध एवं फील्ड वर्क हेतु अंक तालिका का अभिकल्पन

क्र० सं०	प्रयोग सं०	प्राप्तांक					योग	ग्रेड
		सामान्य दृष्टिकोण	तकनीकी	परिशुद्धता	व्याख्या	निष्कर्ष		
1	1							
2	2							

सारणी--6 : सामूहिक परिचर्चा एवं परिसंवाद हेतु अंक तालिका का अभिकल्पन

क्र० सं०	प्राप्तांक			योग	ग्रेड
	विषयवस्तु	व्याख्या	प्रस्तुतीकरण		

सारणी--7 : व्यक्ति गुण हेतु अंक तालिका का अभिकल्पन

क्र० सं०	व्यक्तिगत गुण	प्राप्तांक 5	4	3	2	1
1--	अच्छे छात्र, अध्यापक एवं साहित्य की प्रशंसा					
2--	गृहकार्य, प्रायोगिक तथा परीक्षा हेतु तत्पर					
3—	विषय के प्रत्येक विवरण की सूक्ष्मता से परख					
4--	निष्कर्ष के पूर्व निराकरण के प्रत्येक पक्ष की परख					
5--	अन्यायसंगत प्रस्ताव को स्वीकार न करना					
6--	समस्याओं को पूर्ण समाधान के पश्चात् ही छोड़ना					
7--	व्याख्यान के प्रति एकाग्रता					
8--	किसी भी कार्य के निष्पादन में रुचि					
9--	नियमितता					
10--	परिश्रम					
11--	सूत्रपात					
12--	मौलिकता					

संदर्भ

1. Duggal, S. L. : System of internal assessment in education. *University*, 1968, 6(11), 14-18.
2. Julka, Satya Pal : Examination Reforms I. Internal assessment, *Univ. Affairs*, 1976 (3), 6–7.
3. Mann, S, S. : Critique of internal assessment system. *Progress of Education*, 1969 43 (2) 412-12.
4. Natarajan, V. : Instructional objectives in the teaching of surveying, 1970, *Technician Teacher*.
5. Natarajan, V. : Monograph on internal assessment for Universities, 1977, Association of Indian Universities, Delhi.
6. Raina, T.N. : Relationship between external examination and internal assessment – *Teacher Edudation* 1953, 8 (1), 25-38.
7. Trivedi, N. H. : Internal assessment *Educational Review* 1960, 75 (2), 25-27.

Jour. U. P. Govt. College Acad. Soc., 1985-86, Vol. 2, P. 235-242
उ० प्र० राज० महा० एकेड० सोसाइटी शोध पत्रिका १९८५-८६, खंड-२, पृ० २३५-२४२

Industrial Sickness In India

Shiv Nayak Singh, Mahavir Prasad Agrawal
Department of Commerce, Govt. P. G. College, Rishikesh

सारांश

औद्योगिक रुग्णता आज भारत की एक प्रमुख औद्योगिक समस्या है। यह न केवल स्वस्थ्य औद्योगिक विकास एवं अर्थ व्यवस्था को ही पंगु बना रही हैं वरन् भावी उद्योगपतियों, साहसियों के विकासशील एवं प्रेरणात्मक दृष्टिकोण को भी आघात पहुँचा रही है। रुग्णता क्या है? इसे कैसे पहचाना जाये ताकि समय पर इलाज हो सके, की संक्षिप्त विवेचना "निधि प्रवाह अनुपात" के आधार पर प्रस्तुत है।

ABSTRACT

To-day, industriral sickness is an alarming industrial pro: blem of India. It is not only crippling the healthy base of industrial development and economy of the country but is also retarding the spirit of initiative and developmental out-look of prospective enterp reneure. What is sickness? How can it be diagnosed, is briefly discussed in this article on the basis of " Fund Flow Ratios".

INTRODUCTION :

To-day, India is facing a number of proclems on social and economic fronts The problem of industrial sickness is the most burning problem of to-day as well as of tomorrow of modern India. The problem is Socio-economic in character. The magnitude of the problem is constantly advancing and is causing grave social and economic dangers. This problemetic situation has infused the idea among the national planners, academicians, managers of the sick units, heads of the term lending financial institutions, commercial banks, practicing professionals etc. to

assemble together and ponder over the issue. The problem of industrial sickness is very grave in the present set up of the Indian economy. This chaotic situation calls for immediate and projected cures, recipes and remedies in order to prevent the loss in production, employment opportunities, physical assets, saving, recycling of funds, imported and indigenous technology, the generation of social wealth and state revenue etc. Industrial sickness is not only crippling the healthy base of industrial development, social fabric and economic system of the country but is also retarding the spirit of initiative and developmental outlook of the prospective entrepreneurs. In brief, never before has sickness in industries–large, medium and small. affected the economy so adversely as it is now affecting.

CONCEPT OF INDUSTRIAL SICKNESS :

The developed countries of the world are dealing with the phenomenon of 'Corporate Bankruptcies'or 'Corporate Insolvencies'. India has coined its own terminology of 'Industrial Sickness'. Industrial sickness is a blanket term. It has not been defined as yet in the sense of gradation of sickness. However, Reserve Bank of India and the study Team of State Bank of India have made an endeavour in this sphere. The R.B.I. has defined the concept of industrial sickness from functional financial point of view and has also tried to unveil the reasons of the sickness. The base adopted by R.B.I. is :-

1. Cash loss before allowing depreciation for atleast three consecutive years.
2. Imbalance in financial structure caused by —
   (a) Worsening current Ratio

   $$\text{Current Ratio} = \frac{\text{Total Current Assets}}{\text{Total Current liabilities}}$$

   (b) worsening debt—equity Ratio

   $$\text{Debt Equity Ratio} = \frac{\text{Net Worth}}{\text{Total external liabilities}}$$

Similarly, the study Team of S. B. I. has defined Industrial sickness in its own way. According to its criteria the unit is said to be sick, :—

(i) When it fails to generate internal fund and surpluses on a continuous basis,

(ii) When it depends for its survival on frequent external funds and assistance.

(iii) When it incurs continuing cash losses for atleast three consecutive years.

According to another school of thought only those units may be deemeed as sick where a major part of their equity share capital and reserves is wiped out by way of continuing cash losses. All these concepts reveal the basic symptoms of industrial sickness caused by continuing cash losses and consequently the inability of the sick units to honour their business commitments, their dependence for survival on external help of technological, managerial and financial character. Basically the concept of industrial sickness exhibits the deteriorating operational efficiency of the industrial units—large, medium or small, which is caused by a number of internal, external or combind factors. On the basis of Break-even Analysis a unit is said to be sick when it is operating at less than break-even point. Similarly on the basis of fund flow Analysis a unit touches the peak of sickness when the value of its profitability as well as liquidity is zero or negative. All these notions merely indicate the symptoms of sickness of a unit. The criteria adopted and the definition envisaged by R. B. I. merely helps us in categorising units as sick or insolvent and non-sick or viable, but does not help us in understanding the gradation of sickness. The various phases of gradation of sickness which may occur in any unit large, medium or small, are :-

1. Peak of viability, healthiness or well being starts of the unit.
1. Stage when the unit is normally healthy.
3. Stage when the process of sickness starts in the unit.
4. Stage when the unit if neither sick nor viable.
5. Stage when unit continues to be sick.
6. Stage when unit coutinues to be sick but improving.
7. Peak of sickness or the plight when the unit is very near to complete collapse or insolvancy.
8. Trap of sickness.

ROLE OF FLUND FLOW RATIO:

We can very well solve the above problems with the help of Fund Flow Ratio. Two parameters namely profitability and liquidity may be chosen to calculate the pR (profitability Ratio) and LR (Liquidity Ratio) with the help of F. F. R. (Fund Flow Ratio) For the purpose of this analysis GOFG (Gross Operating Fund Generation) may be taken as profit before Tax plus non cash charges such as depreciation, diminuition and wastage in the value of assets, prepaid and outstanding expenses, accrued incomes, obsolete irrecoverable assets and receipts, appropriation of earned profit, increase/ decrease in the value of fixed assets on account of revaluation and fixed assets written off. This may be taken as the prime indicator for measuring total profitability of the organisation. In practice, the whole amount of

profit is not released as cash and the huge amout is exhausted due to the payment of income tax and purchase of noncash current assets. Thus the NOCG (Net Operating Cash Generation) may be ascertained by deducting income tax plus investment in non-cash current assets such as stock and debtors etc. out of the GOFG. This may be taken as the prime indicator of liquidity of the organisation. Now we can very well calculate the Profitability Ratio and Liquidity Ratio with the help of GOFG and NOCG as shown below :—

1. $PR = \frac{GOFG}{NOCG}$ 2. $LR = \frac{NOCG}{GOFG}$

We may denote P. R. and L. R. by A and B respectively. The following frame work may be evolved with the help of these two parameters by categorising both profitability and liquidity as High, Medium and Low or lack of profitability and liquidity.

ANALYSIS FRAMEWORK

Profitability (A)	Liquidity (B)	High B_1	Medium B_2	Low or lack or liquidily B_2
High A_1		Peak of viability	Normal Healthiness	Starting of Latent sickness
		Unit is poised for growth and development	Normal operations	Business is expanding
		A_1 B_1	A_1 B_2	A_1 A_2
		Interpretation L=p=1 L>1 P>1	Interpretiation P= or>1 L > 0 or <1	Interpretation P=1 or>1 L < 0 or L=0 Needs watch and timely control

Medium A_2	Starting of Latent sickness Working capital squeeze or idle cash A_2 B_1 Interpretation $L=1$ or >1 $P<1$ or >0 Needs watch and timely control	Neither sick nor viable Unstable operations. A_2 B_2 Interpretation $P>0$ but <1 $L>0$ but <1 Needs watch and timely control	Sick but Reviving Over trading A_2 B_2 Interpretation $P>0$ but <1 $L<0$ but $L=0$ Needs watch and timely control
Low or Lack of profitability A_2	Continuance of sickness Under trading liquidation may take place A_2 B_1 Interpretation $P=0$ or $P<0$ $L=1$ or >1 Needs watch and timely control	Sick but reviving Contracting business A_2 B_2 Interpretation $P<0$ $L>0$ but <1 Needs watch & timely control	Peak of sickness Continuing cash losses are being financed by exter nal borrowing A_2 B_2 Interpretation $P=0$ or <0 $L=0$ or <0 Ripe for complete closure or collapse

DETAILED INTERPRETATION OF THE ABOVE FRAME-WORK

The above frame-work analysis involves the interpretation of positive as well as negative values of profitability and Liquidity Ratio.

1. **Peak of Viability** : A_1 B_1 exhibits the peak of viability, healthiness and well being state of the industrial concern. In this case the positive values of profitability and liquidity ratio are always one or greater than one. The concern is poised for rapid growth and development.

1. **Normal Healthiness** : A_1 B_2 states the normal healthiness of the enterprise. Thus, the profitability/ratio is always one or greater than zero or smaller than one. The Liquidity Ratio ranges between zero and one.

3, **Starting of Latent Sickness** : A_1 B_3 denotes the stage when sickness starts in the concern. The positive value of Profitability Ratio is one or greater than one but the value of Liquidity Ratio is zero or negative. Similarly A_2 B_1 also indicates the beginning of sickness because the liquidity is high but the Profitability is medium. Thus LR is always positive and either one but greater than one. The PR is always smaller than one but greater than zero. In other words, the PR ranges betwean zero and one. Both these stages show latent and inherent-sickness.

4. **Units Neither Sick nor Viable :** A_2 B_2 indicates the state where the positive values of PR and LR are between zero and one and exhibits the unstable operations.
5. **Unit continues to be sick**:- A_3 B_1 indicates the stage when unit continues to be sick, because the positive value of LR is either one or greater than one but the value of PR is always zero or negative. The unit may go into liquidation because the Liquidity is high but the Profitability is negative. This may be a case of under trading.

6. **Unit continues to be sick but improving or reviving**:- A_2 B_3 indicates the stage when unit continues to be sick but reviving. The positive value of PR is greater than zero but the value of LR is always negative. The unit may resort to overr trading in order to escape out of the sickness. But it is not useful strategy or remedy to cure sickness.

Similarly A_3 B_2 also exhibits the stage when unit continues to be sick but reviving on account of contracting business. But it is not healthy cure to eradicate sickness because the positive value of LR is greater than zero but smaller than one and the value of PR is negative. Both these stages show manifest sickness

7. **Peak of Sickness**: A_3B_3 denotes the peak of sickness or the stage when the values of profitability and Liqudiity Ratio are negative. This is the stage when sick unit starts to finance its continuing cash losses out of borrowed funds obtained from creditors, commercial banks and term-lending financial institutions. There is no generation of internal funds and unit depends frequently on external funds for its survival. In the absence of external help the unit may not exist or survive. In reality, the plight of such an industrial unit is very near to complete collapse and insolvency.

8. **Trap of sickness**: The trap of sickness may be denoted by A_2 B_3, A_3B_2 and A_3 B_3 in the above frame work. The unit faces an acute financial crisis when it is within the trap of sickness.

PRACTICAL UTILITY OF THIS ANALYSIS

The analysis helps us in numerous ways and is of universal utility. It reveals the following positive points:-

1. The Chief Accountants of the sick unit can very well identify, detect, prevent and cure the incipient sickness.
2. They can sense the latent nature of inhernt sickness, manifest sickness, temporary sickness and permanent sickness and can take timely suitable action to prevent and cure it.
3. This appoach helps us in identifying, analysing, measuring and forecasting the gradation of sickness.
4. This approch may be applied at micro, macro or meso level to study this burning problem of industrial sickness.
5. This model can also function as an early warning system for the management to investigate the internal and external or combined forces which are causing sickness in the concern.
6. This approach can make the management alert to take timely suitable actions. It is a well known proverb that stitch in time saves nine or prevention is better than cure. Thus, timely actions are curative, constructive and preventive in character and can help to detect and prevent this incipient sickness.
7. This model can also help the private and public sector banks, and all India level of term-lending financial institutions in granting and advancing loans and credit to sick unit when they actually need it on the basis of viability. These term-lending financial institutions should re-orient their roles as investor, as financing agency, and as a development agency. What is needed today is the more participative and purposeful role to encourage the diversified industrial development of various sectors of the economy.

9. This model can also assist the Technical Consultancy Organisations of the country in making judicious use of the services. These services should be given to repair and reprimand the latent sickness and temporary sickness first and permanent sickness afterwards.

9. This analysis frame-work can also help the healthy unit in amalgamating the sick units U/S 72 A of I. T. Act, 1961.

10. The units which are badly trapped in sickness should be nationalised, sustained or be allowed a mercy killing is a matter of grave concern. The above analysis can help the Government to take a right and corrective stand regarding

these issues. What I personally feel and very strongly feel is that huge social cost is involved in both the cases either sustaining the sick units or reviving the sick units.

11. This ratio analysis has also its own limitations. But we can make horizental and vertical applications of these ratios. Thus, it can help the corporate law-makers, national planners, economic, fiscal and monetary policy makers. and tax authorities to frame policies which are conducive for reviving sick units and strengthening the healthy base for rapid economic development and social reformation.

12. This analysis also necessitates the idea of imparting training to new entrepreneurs who are daring to step in socially and economically backward regions of the country. The training courses should embrace the knowledge of Industrial Engineering, Social & Human Engineering, Legal Enginecring, Management Engineering, Financial Engineering and Socio-economic feasible studies.

REFERENCES

1. Chakraborty, S. K & Sen, P. K., Industrial Sickness & Revival in India, U. P. 248-254

2. Gupta, K. R., Issues in Indian Industry, P. 18
3. Sharma, H. L., Industrial Sickness, PP. 1-10